SUNDAY
रायपुर, रविवार, 5 जनवरी 2025
वर्ष - 66 | अंक -260 | पृष्ठ - 12 |
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन बना रहा बांध, सिंचाई व बिजली परियोजना प्रभावित होंगी : कांग्रेस पृष्ठ 2
मड़ई नवा बछर नवा घर पृष्ठ 6
पंत की अर्द्धशतक तूफानी पारी सिडनी टेस्ट रोमांचक मोड़ पर
बुमराह के बिना 200 का स्कोर बचाना मुश्किल : सुनील गावस्कर पृष्ठ 8
देश विदेश
इजरायल ने गाजा को फिर बनाया निशाना, 24 की मौत
गाजा में जंग थमने की जगी उम्मीद
इजरायल को 8 अरब डॉलर के हथियार बेचने की योजना पृष्ठ 7

# पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**बीजापुर/जगदलपुर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। जिला बीजापुर के पत्रकार साथी मुकेश चंद्राकर के 1 जनवरी की रात के लगभग 8.30 बजे से अपने घर से लापता होने के संदर्भ में उनके बड़े भाई युकेश चंद्राकर ने थाना कोतवाली बीजापुर में 2 जनवरी के रात्रि 7.30 बजे सूचना दी। सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली बीजापुर में गुम इंसान क्रमांक 01/2025 दर्ज कर जांच में लिया गया।



पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा पत्रकार मुकेश चंद्राकर पिता स्व. चेन्ना चंद्राकर उम्र 32 वर्ष निवासी बासागुड़ा हाल पुजारीपारा बीजापुर के लापता होने की सूचना मिलने पर तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक युलैंडन यार्क के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली बीजापुर निरीक्षक दुर्गेश शर्मा समेत अन्य अधिकारियों की 3 टीम का गठन गुम इंसान पतासाजी हेतु की गई। जांच के दौरान मुकेश चंद्राकर के रिश्तेदार, मीडिया साथियों से मुकेश चंद्राकर के गुम होने के सबंध में पूछताछ किया गया, साथ ही पूछताछ पर संदेह में आए व्यक्तियों की सीडीआर एवं लोकेशन लिये गये। मृतक के लास्ट लोकेशन के आधार पर 2 जनवरी के रात में ही चट्टान पारा स्थित ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के बाड़ा के सभी रूम को खुलवाकर चेक किया गया। शेष पृष्ठ 7



## एसआईटी टीम 3 से 4 हफ्तों में सौंपेगी रिपोर्ट : विजय शर्मा



**रायपुर।** पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड मामले में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि एस आई टी जांच की घोषणा हो चुकी है। टीम पुरे मामले की जांच कर रही है। जो 3 से 4 हफ्तों में रिपोर्ट सौंपेगी। उन्होंने कहा कि मुकेश चंद्राकर के साथ जो हुआ है, भयानक है, दर्दनाक है, बहुत गलत हुआ है। मैं सुबह सेविंग करते हुए फ्रेश होते अक्सर बस्तर शेष पृष्ठ 7 पर



## अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़

पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या के विरोध में नगरवासियों और पत्रकारों का आक्रोश चरम पर है। हत्या के विरोध में बीजापुर नगर स्वस्फूर्त बंद रहा, और अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान पूरे नगर में सन्नाटा पसरा रहा। मुख्यमार्ग पर पत्रकारों ने सांकेतिक चक्का जाम कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## पत्रकार के दोषियों को बख्शा नही जाएगा : मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस हत्याकांड में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस मयंक गुर्जर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। फारेंसिक टीम साइंटिफिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना की जांच कर रही है। अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके द्वारा किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने शेष पृष्ठ 7 पर

## आरोपी ठेकेदार के ठिकानों पर चला बुलडोजर



पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्याकांड मामले में पुलिस प्रशासन ने बड़ा एक्शन लिया। हत्या के मुख्य आरोपी ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के ठिकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की है। मौके पर वन विभाग के अफसर समेत एसडीएम और राजस्व अमला मौजूद रहे। हत्यारों की गिरफ्तारी के बाद अब आरोपी ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के अवैध कब्जे पर बुल्डोजर चलाया गया है।

**5 एकड़ भूमि पर किया था अवैध कब्जा–** मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी ठेकेदार ने गंगालूर मार्ग पर कंस्ट्रक्शन के नाम पर 5 एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। आपको बता दें कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने बीजापुर जिले के मिरतुर इलाके एक सड़क निर्माण की स्टोरी अपने संस्थान के लिए बनाई थी। जिसके बाद सरकार ने सड़क पर बड़ी जांच बैठाकर कार्यवाही भी की थी।

## किसान नेता राकेश टिकैत की चेतावनी

# अब दिल्ली में घुसेंगे नहीं, चौतरफा घेरेंगे

**फतेहाबाद**, 4 जनवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के फतेहाबाद में शनिवार को किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसानों के धरने से केंद्र सरकार को फायदा हो रहा है। साथ ही इस आंदोलन से पंजाब सरकार को नुकसान हो रहा है और सड़कें बंद होने से सिख समुदाय परेशान है। उन्होंने कहा कि इसलिए केंद्र सरकार नहीं चाहती कि खनौरी बॉर्डर का धरना अभी खत्म हो।



फतेहाबाद के टोहाना में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें संयुक्त किसान मोर्चा के बड़े नेता पहुंचे और किसान आंदोलन को लेकर मंथन किया गया इस बैठक में किसान नेता राकेश टिकैत, जोगेंद्र सिंह उगराहा, हरियाणा के किसान नेता जोगिंदर नैन सहित कई बड़े किसान नेता शामिल हुए। इस महापंचायत में राकेश टिकैत ने किसानों को संबोधित किया और कहा कि इस बार जब किसान आंदोलन होगा तो किसान दिल्ली की ओर कूच करेंगे। लेकिन दिल्ली को अंदर से घेरने की बजाय केएमपी को घेरा जाएगा। ताकि दिल्ली चारों ओर से जाम हो सके। फिलहाल आंदोलन का समय निर्धारित नहीं किया गया है। इसको लेकर किसानों की पंचायत जारी रहेगी।

## सार संक्षेप

### जाति के नाम पर जहर फैलाने की साजिश को विफल करें:मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों के विकास से ही विकसित भारत का निर्माण होने का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। श्री मोदी ने नाबार्ड द्वारा यहां आयोजित चार दिवसीय ग्रामीण भारत महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि गांव की पहचान में सद्भाव और प्रेम होता है लेकिन कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

### वैज्ञानिक आर चिदंबरम का 88 वर्ष की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** पोखरण परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाने वाले देश के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार को निधन हो गया है। उन्होंने 88 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चिदंबरम ने शनिवार तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर मुंबई के जसलोक अस्पताल में अंतिम सांस ली। चिदंबरम का जन्म 11 नवंबर, 1936 को चेन्नई में हुआ था। उन्हें भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम में अहम भूमिका के लिए जाना जाता है।

### कड़ाके की ठंड व घने कोहरे ने थामी रफ्तार

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी समेत पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। दिल्ली-एनसीआर में शनिवार तड़के से ही घना कोहरा छाया हुआ है।

# शिक्षा पर ज्यादा पैसा खर्च करने की जरूरत : राहुल

**नई दिल्ली**, 4 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शिक्षा को समाज के हर व्यक्ति का अधिकार बताते हुए कहा है कि सरकार को निजीकरण पर ध्यान देने की बजाए शिक्षा पर ज्यादा खर्च करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सरकारी संस्थानों को मजबूत बनाने की जरूरत है और इस पर सरकार को ज्यादा पैसा खर्च करना चाहिए ताकि शिक्षा को बढ़ावा मिले और इसके स्तर को और बेहतर बनाया जा सके।



■ राहुल गांधी ने आईआईटी मद्रास के छात्रों से की बात

राहुल गांधी ने कहा मेरा मानना है कि किसी भी सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अपने लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी देना है। इसे निजीकरण और वित्तीय प्रोत्साहनों के माध्यम से हासिल नहीं किया जा सकता। हमें शिक्षा और सरकारी संस्थानों को मजबूत बनाने पर बहुत अधिक पैसा खर्च करने की आवश्यकता है।

राहुल गांधी ने एक वीडियो पोस्ट कर कहा, "मुझे हाल ही में आईआईटी मद्रास के कुछ प्रतिभाशाली युवाओं से बात करने का सौभाग्य मिला। साथ में, हमने जानने का प्रयास किया कि सफलता का वास्तव में क्या मतलब है।" उन्होंने कहा, 'हमने भारत के भविष्य को आकार देने में अनुसंधान और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका तथा एक ऐसे उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर चर्चा की जो निष्पक्षता, नवाचार और सभी के लिए अवसर को महत्व देता है।'

## दिल्ली विधानसभा चुनाव : भाजपा के 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

# केजरीवाल के खिलाफ लड़ेंगे प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने शनिवार को अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। बीजेपी ने 29 उम्मीदवारों को टिकट दिया है।

बीजेपी ने कालकाजी विधानसभा सीट से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को मैदान में उतारा है, जबकि नई दिल्ली विधानसभा सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को टिकट दिया है। नई दिल्ली सीट से ही कांग्रेस ने पूर्व सीएम शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को अपना उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए कैलाश गहलोत को बिजवासन विधानसभा सीट से टिकट दिया है।

■ आतिशी के खिलाफ पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को उतारा

बीजेपी की लिस्ट में आदर्श नगर विधानसभा से राजकुमार भाटिया, बादली से दीपक चौधरी, रिठाला से कुलवंत राणा, नागलोई जाट से मनोज शौकीन, मंगोलपुरी (एससी) से राजकुमार चौहान, रोहिणी से विजेंद्र गुप्ता, शालीमार बाग से रेखा गुप्ता, मॉडल टाउन से अशोक गोयल, करोल शेष पृष्ठ 7 पर

# सेना का ट्रक खाई में गिरा, 4 जवानों की मौत

**जम्मू**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा इलाके में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां पर शनिवार को भारतीय सेना का एक वाहन खाई में गिर गया, जिसमें चार जवानों की मौत हो गई है। हादसे में 2 जवानों के घायल होने की भी सूचना हैं, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पतार लेकर जाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर जिले में एसके पायन के पास सेना का एक वाहन सकड़ से फिसलकर खाई में गिर गया।

इस हादसे में किसी भी प्रकार के आतंकी एंगल के होने की बात अब तक सामने नहीं आई है। हादसे के सही कारण का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। बांदीपोरा हादसे पर एलजी मनोज सिन्हा ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से गहरा दुख हुआ है। राष्ट्र उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए बहुत आभारी है।


## 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान' अभियान का पोस्टर जारी

**नई दिल्ली**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी संविधान विरोधी है और वह बाबा साहब अंबेडकर और महात्मा गांधी का अपमान करती है इसलिए कांग्रेस देश के हर जिले में चौपाल लगाकर देशवासियों को बताएगी कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कैसे गांधी जी और अंबेडकर का अपमान करती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 17 दिसंबर को संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने भीम राव बाबा साहेब अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। हमें उम्मीद थी कि गृह मंत्री माफी मांगेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे लेकिन श्री मोदी ने गृह मंत्री का साथ दिया और अंबेडकर के अपमान में साझेदार बने। बेलगावी की बैठक में भी यह मुद्दा उठा और तय किया गया कि पूरे देश में हम 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान' अभियान की शुरुआत करेंगे।

■ पूरे देश में अभियान चलाएगी कांग्रेस

## 'नमो भारत' कॉरिडोर का दिल्ली रूट आज से होगा शुरू

**गाजियाबाद**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे अतिरिक्त खंड का उद्घाटन करेंगे। इस उद्घाटन के साथ नमो भारत ट्रेनों का दिल्ली में आगमन होगा। अभी फिलहाल साहिबाबाद और मेरठ साउथ के बीच 9 स्टेशनों के साथ कॉरिडोर का 42 किलोमीटर लंबा हिस्सा यात्रियों के लिए ऑपरेशनल है। इस उद्घाटन के साथ, नमो भारत कॉरिडोर का परिचालित खंड 55 किलोमीटर तक विस्तारित हो जाएगा, इसमें कुल 11 स्टेशन होंगे। उद्घाटन के बाद रविवार शाम 5 बजे से नमो भारत ट्रेन हर 15 मिनट के अंतराल पर यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। दिल्ली से मेरठ की दिशा में पहले परिचालित स्टेशन, न्यू अशोक नगर स्टेशन, से मेरठ साउथ तक का किराया स्टैंडर्ड कोच के लिए 150 रुपये और प्रीमियम कोच के लिए 225 रुपये है। इस सेक्शन पर परिचालन शुरू होने से मेरठ शहर अब नमो भारत ट्रेन के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सीधे जुड़ गया है। इससे यात्रा में लगने वाला समय एक तिहाई कम हो जाएगा, जिससे यात्री न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक सिर्फ 40 मिनट में यात्रा कर सकेंगे।





## अंतरिक्ष में भेजा गया लोबिया 4 दिन में अंकुरित, नई अंतरिक्ष जीव विज्ञान तकनीक का अनावरण किया

# इसरो को अंतरिक्ष में फसल उगाने जैसी तकनीक पर सफलता मिली

**चेन्नई, 4 जनवरी (एजेंसियां)। अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में फसल उगाने और रोबोटिक वॉक जैसी तकनीकों पर सफलता पायी है। दोनों ही वैज्ञानिक प्रयोगों का उपयोग करके 31 दिसंबर, 2024 को स्पैडेक्स अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी मिशन के हिस्से के रूप में पीएसएलवी-सी 60 पर पीओईएम -4 के भाग के रूप में लॉन्च किया गया।**

*इसरो ने कहा कि पीओईएम-4 पर चलने वाले रोबोटिक हाथ का प्रदर्शन अंतरिक्ष रोबोटिक्स में मेक इन इंडिया का एक गौरवपूर्ण मील का पत्थर है। एजेंसी ने कहा कि वैज्ञानिक प्रयोग क्रॉप्स का उपयोग करते हुए, इसरो ने फसलों की खेती करके नई अंतरिक्ष जीव विज्ञान तकनीक का अनावरण किया। पीएसएलवी-सी 60 चौथे चरण पर पीओईएम-4 के हिस्से के रूप में भेजे गए 24 वैज्ञानिक प्रयोगों में से एक का उपयोग करते हुये, लोबिया के बीज रिकॉर्ड चार दिनों में अंकुरित हुए और जल्द ही पत्तियां आने की उम्मीद है।*



*इस प्रयोग का उद्देश्य, यह समझना था कि शून्य गुरुत्वाकर्षण में पौधे कैसे उगते हैं और उनका विकास किस प्रकार होता है। इससे अंतरिक्ष में दीर्घकालिक मिशनों के लिए आत्मनिर्भरता बढ़ सकती है, जैसे कि मंगल या चांद पर मानव बस्तियाँ स्थापित करना। एजेंसी के अनुसार, 31 दिसंबर को लॉन्च के बाद, सात दिनों में अंकुर निकलने की उम्मीद थी, लेकिन यह चार दिनों में हुआ।* शेष पृष्ठ 7 पर

# देश

उवाच

"सिर्फ एक ही शर्त पर यह आंदोलन वापस लिया जाएगा, जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बच्चों से मिलेंगे उनकी बातों को सुनेंगे और बच्चे खुद तय करेंगे कि उन्हें आगे क्या करना है। बच्चों का निर्णय मुझे स्वीकार होगा।

–प्रशांत किशोर,जन सुराज के सूत्रधार



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 17.0 | 09.0 |
| मुंबई | 28.0 | 22.0 |
| कोलकाता | 22.0 | 13.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 24.0 |

# ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन बना रहा बांध, सिंचाई व बिजली परियोजना प्रभावित होंगी : कांग्रेस

■ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर सबसे बड़ा बांध बनाने जा रहा है। इसे लेकर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता ने 21 सेकंड के वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कई सवाल पूछे हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन द्वारा बांध बनाए जाने से पूर्वोत्तर राज्यों की सिंचाई और बिजली परियोजना प्रभावित होंगी। विदेश मंत्रालय कुछ कहता है और केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी कुछ कहते हैं। मैं समझता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी को देश की सेना पर भरोसा करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज लद्दाख में चीन ने हमारी भूमि पर दो काउंटी बना रहा है। यही स्थिति अरुणाचल प्रदेश में भी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने चीन के होटन प्रीफेक्चर में दो नई काउंटियों की स्थापना से संबंधित घोषणा देखी है। इन तथाकथित काउंटियों के अधिकार क्षेत्र के कुछ हिस्से भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आते हैं। विदेश मंत्रालय के



विदेश मंत्रालय कुछ कहता है और केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री मोदी कुछ कहते हैं : प्रमोद तिवारी

प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस इलाके में भारतीय क्षेत्र पर अवैध चीनी कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। नई काउंटियों के निर्माण से न तो इस क्षेत्र पर हमारी संप्रभुता के बारे में भारत की दीर्घकालिक और सुसंगत स्थिति पर कोई असर पड़ेगा और न ही चीन के अवैध–जबरन कब्जे को वैधता मिलेगी। हमने कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से चीनी पक्ष के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। बता दें कि चीन तिब्बत पठार के पूर्वी हिस्से में दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने जा रहा रहा है। यह बांध यारलुंग त्सांगपो नदी पर बनेगा, जो भारत में अरुणाचल प्रदेश की ओर मुड़ती है। चीन की इस परियोजना पर विदेश मामलों के विशेषज्ञ रोबिंदर सचदेवा का कहना है कि यारलुंग त्सांगपो नदी के बांध पर भारत की नजर है, जिसे हम भारत में ब्रह्मपुत्र कहते हैं। यह एक बहुत बड़ी परियोजना है, और इसका पर्यावरण, मिट्टी और अरुणाचल व असम को मिलने वाले पानी पर बड़ा असर पड़ेगा। यह बांध इतना विशाल है कि इसकी लागत 140 बिलियन डॉलर हो सकती है। इस तरह का बांध भारत के लिए कई समस्याएं पैदा कर सकता है। एक तो यह कि चीन पानी के प्रवाह को नियंत्रित कर सकता है, जिससे हमें पीने और खेती के लिए कम पानी मिल सकता है। दूसरी बात, इससे मिट्टी और भूभाग पर भी असर पड़ सकता है। विदेश मामलों के विशेष सचदेवा ने इस दौरान हॉटन प्रांत में चीन द्वारा बनाई गई दो नई काउंटियों की भी बात की। उन्होंने कहा कि इससे चीन अक्साई चिन क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। हॉटन में पहले से 7 काउंटियां थीं और अब दो और जोड़ दी गई हैं। हर काउंटी की अपनी प्रशासनिक राजधानी होगी। यह साफ है कि चीन अपनी पकड़ और बुनियादी ढांचे को बढ़ा रहा है। इससे यह भी पता चलता है कि चीन भारत के साथ अपने संबंध सुधारने के लिए तैयार नहीं है। भारत के प्रति चीन का कुल मिलाकर रवैया यह है कि वे इस संघर्ष को स्थिर रखना चाहते हैं और इसे बढ़ाते रहना चाहते हैं।

## भारतीय भूमि पर हो रहे कब्जे को लेकर दृढ़ता से कदम उठाना होगा : कांग्रेस

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कह कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार को भारत की सेनाओं पर विश्वास करना होगा और भारत की भूमि पर हो रहे कब्जे को लेकर दृढ़ता और मजबूती से कदम उठाना होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले हफ्ते, चीन ने भारत की सीमा से लगे झिंजियांग प्रांत में दो नए काउंटी बनाने की घोषणा की थी। होटन प्रीफेक्चर में बनने वाली हेआन काउंटी और हेकांग काउंटी, अक्साई चीन के कुछ हिस्सों को कवर करती हैं, जो लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश का हिस्सा है जिस पर 1950 के दशक से चीन ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। इस पर भारत की ओर से सख्त ऐतराज जताया गया है।

## सिद्दारमैया ने नेतृत्व परिवर्तन से किया इनकार

**बेंगलुरु,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने राज्य के नेतृत्व में किसी भी तरह के बदलाव या मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावना से साफ इनकार किया है। उनके इस बयान से राजनीतिक हलकों में चल रही अफवाहों पर भी विराम लग गया है। राज्य के लोक निर्माण मंत्री सतीश जरकीहोली द्वारा गुरुवार को आयोजित रात्रिभोज के बाद नेतृत्व में बदलाव की अटकलें तेज हो गई थीं, जिसमें सिद्दारमैया और उनके कई कैबिनेट सहयोगी भी शामिल हुए थे। शुक्रवार रात को ही मुख्यमंत्री ने हालांकि, स्पष्ट किया कि यह सभा एक सामाजिक भोज से ज्यादा कुछ नहीं थी और यह राजनीतिक चर्चा या निर्णय लेने का मंच नहीं था। जब मुख्यमंत्री पद या मंत्रिमंडल में संभावित बदलाव की अफवाहों के बारे में पूछा गया, तो सिद्दारमैया ने इन दावों को झूठा करार दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह निराधार अटकलें हैं। इन रिपोर्टों में कोई सच्चाई नहीं है। अटकलें कांग्रेस नेतृत्व में संभावित बदलावों को लेकर भी फैलीं, खास तौर पर राज्य अध्यक्ष के पद को लेकर, जिस पर पिछले पांच सालों से उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार का कब्जा है। इन अफवाहों को उसी तरह खारिज कर दिया और इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की चर्चाएं केवल अनावश्यक अटकलों का नतीजा हैं। लोग जितना चाहें उतना अटकलें लगा सकते हैं, लेकिन इन दावों में कोई दम नहीं है। अगर आप डिनर पर हमारी मुलाकात को एक मीटिंग के तौर पर अटकलें लगाते हैं तो मैं क्या कर सकता हूं।



## दुबारा सकुशल संपन्न हुई बीपीएससी पीटी की परीक्षा



■ परीक्षा में करीब छह हजार अभ्यर्थी हुए शामिल
■ पीटी के लिए कुल चार लाख 83 हजार अभ्यर्थियों ने किया था आवेदन

**पटना,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) रद्द करने की मांग को लेकर जारी आंदोलन के बीच आयोग ने दावा किया कि पटना के बापू केंद्र पर शनिवार को दुबारा हुई परीक्षा में करीब 6000 अभ्यर्थी शामिल हुए। आयोग ने शनिवार को बताया कि 13 दिसम्बर 2024 को संपन्न हुई 70वीं पीटी के लिए कुल चार लाख 83 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से तीन लाख 24 हजार 298 छात्र परीक्षा में बैठे। उसने बताया कि पटना के बापू परीक्षा केंद्र पर 13 दिसम्बर को असामाजिक तत्वों के उपद्रव के कारण परीक्षा बाधित हुई, जिसको ध्यान में रखते हुए केवल इस केंद्र की परीक्षा को रद्द किया गया था।

इस केंद्र के लिए पुनर्परीक्षा की तिथि 4 जनवरी 2025 निर्धारित की गई थी। आयोग ने बताया कि शनिवार को इस केंद्र पर आयोजित पुनर्परीक्षा के लिए 12 हजार 12 अभ्यर्थियों में से आठ हजार 111 छात्रों ने बीपीएससी की वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया तथा करीब 6000 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा खत्म होने के बाद छात्रों ने परीक्षा के पैटर्न और केंद्रों की व्यवस्था के बारे में बात की। पटना के रहने वाले धनजंय ने कहा कि एग्जाम कैसा गया, इसके बारे में बताना थोड़ा मुश्किल है। क्योंकि सभी सवालों को कोई नहीं कर पाता है। बीपीएससी से मेरा व्यक्तिगत अनुरोध है कि सवालों की संख्या 150 से घटाकर 100 किया जाए। वहीं, सवालों को थोड़ा एनालेटिकल बनाया जाए। उन्होंने बताया कि इस बार की व्यवस्था पिछली बार से बहुत बेहतर थी। बीपीएससी को सेंटर पर ध्यान देना चाहिए। जितनी बार भी आरोप लगता है, उसके बाद आम नागरिक के मन में सवाल उठते हैं। मोतिहारी के निवासी एवं पटना में रहकर तैयारी करने वाले बलिराम शाह ने बताया कि पेपर बहुत अच्छा गया। उम्मीद है कि प्रीलिम्स हो जाना चाहिए।

## सार संक्षेप

### बारामूला में दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने शनिवार को एक महिला सहित दो कथित तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उरी में बेला क्रॉसिंग बोनियार में एक जांच चौकी पर एक संदिग्ध को रोका गया और तलाशी के दौरान उसके पास से 50 ग्राम चरस बरामद किया गया।

### कार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक कार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर के विजयनगर थाना क्षेत्र के एसबीआई चौक पर शुक्रवार रात एक कार ने एक अन्य कार को टक्कर मारने के बाद मौके से गुजर रहे कुछ लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में जिले के माढ़ोताल क्षेत्र के बर्फानी नगर निवासी मुन्नी बाई और रवि शंकर की मौत हो गई, जबकि रविशंकर दुबे, आनंद, दीपा शुक्ला, मुन्नी बाई, वैशाली नामदेव और मोहित शर्मा घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### खड़गे से मिले झारखंड के मंत्री इरफान अंसारी

**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री झारखण्ड सरकार डॉ. इरफान अंसारी ने शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से आत्मीय भेंट की। दोनों के बीच यह मुलाकात लगभग आधे घंटे तक चली जिसमें झारखण्ड में कांग्रेस पार्टी के संगठन सशक्तिकरण एवं संबंधित मंत्रालय की योजनाओं से झारखण्ड की जनता को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के विषय में चर्चा हुई। खड़गे ने डॉ. अंसारी की हौसलाफजाई करते हुए कहा कि वो जामताड़ा से लगातार तीसरी बार विधायक बने क्योंकि उन्होंने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा जनसेवा को आत्मसात कर सदैव जनता की सेवा की है।

### मणिपुर के राज्यपाल ने की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने शनिवार को राज्य में समग्र सुरक्षा स्थिति की व्यापक समीक्षा की। भल्ला ने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया और पूरे राज्य में सुरक्षा तंत्र और इसकी व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने राज्य के पुलिस महानिदेशक को लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया और सेना और अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों से राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को अपना पूरा सहयोग देने का आग्रह किया।

## अक्षय सचदेवा को सिक्किम के नए डीजीपी की कमान

**गंगटोक,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अक्षय सचदेवा को सिक्किम का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी अक्षय सचदेवा इससे पहले विशेष डीजीपी, कानून एवं व्यवस्था के पद पर कार्यरत थे और अब वे निवर्तमान डीजीपी एके सिंह का स्थान लेंगे। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आईपीएस अक्षय सचदेवा को सिक्किम के पुलिस महानिदेशक के रूप में पदोन्नति पर हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा, सार्वजनिक सेवा के प्रति उनका समर्पण सिक्किम को और अधिक प्रगति की ओर ले जाने की उनकी क्षमता में विश्वास जगाता है। मैं इस महत्वपूर्ण भूमिका में उनकी सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा मैं इस अवसर पर निवर्तमान डीजीपी एके सिंह के प्रति उनकी उत्कृष्ट और समर्पित सेवा के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। सिक्किम के कल्याण में उनके अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मैं उनके सुखद, स्वस्थ और संपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन की कामना करता हूं। इससे पहले मुख्यमंत्री तमांग ने ताशीडिंग (लासो) स्थित पूर्व मंत्री थुटोप भूटिया के आवास का दौरा किया और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार और मित्रों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की तथा इस कठिन समय में उनके लिए संवेदना व्यक्त की। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।



# प्रवासी भारतीय दिवस को लेकर ओडिशा ने कसी कमर

**भुवनेश्वर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। ओडिशा सरकार आगामी प्रवासी भारतीय दिवस की सफलता सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। विभिन्न विभाग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तैयारियों को सक्रिय रूप से साझा कर रहे हैं। इस हाई-प्रोफाइल एनआरआई कार्यक्रम में भाग लेने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों पर एक स्थायी छाप छोड़ने के लिए, राज्य सरकार ने व्यापक व्यवस्था की है। उद्योग विभाग ने राज्य के प्रमुखों और अन्य प्रमुख प्रशासनिक और राजनयिक अधिकारियों सहित वीवीआईपी प्रतिनिधियों की सहायता के लिए ओडिशा प्रशासनिक सेवा (ओएएस) कैडर के 70 वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया है। ये अधिकारी जनवरी से विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को संभालने के लिए एक प्रशिक्षण सत्र से गुजरेंगे, जिसका संचालन विदेश मंत्रालय की एक टीम करेगी। सम्मेलन 8 जनवरी को युवा प्रवासी भारतीय दिवस के साथ शुरू होगा। अगले दिन, 9 जनवरी को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का उद्घाटन करेंगे। इन कार्यक्रमों में रात्रि पिस्सू बाजार, आदिवासी मेला, खाद्य महोत्सव, राजरानी संगीत समारोह, मुक्तेश्वर नृत्य महोत्सव और एकाम्र महोत्सव शामिल हैं, जो सभी एनआरआई दिवस समारोह के साथ मेल खाते हैं। भुवनेश्वर को पारंपरिक चित्रों और आधुनिक प्रकाश व्यवस्था के साथ एक सांस्कृतिक शोकेस में बदल दिया गया है, जो इसकी कला और शिल्प कौशल का जश्न मनाता है। इस आयोजन के दौरान एक अनूठी हथकरघा वॉकथॉन भी होगी, जिसमें मॉडल पारंपरिक ओडिसी हथकरघा का प्रदर्शन करेंगे, जो राज्य की समृद्ध वस्त्र विरासत को प्रस्तुत करेगा। सम्मेलन की तैयारी में, पर्यटन विभाग ने मलेशिया में भारतीय उच्चायोग कार्यालय के सहयोग से मलेशिया के प्रतिनिधियों के लिए एक स्थल परिचय यात्रा की मेजबानी की। विभाग ने तीन दिवसीय आयोजन के दौरान वरिष्ठ राजनयिक कर्मचारियों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को राज्य की पर्यटन क्षमता दिखाने के लिए धौली में अशोकन अवशेष, पुरी जगन्नाथ मंदिर और कोणार्क मंदिर जैसे 31 पर्यटन स्थलों की पहचान की है। पंजीकरण में उछाल आयोजन की आधिकारिक वेबसाइट पर अब तक कुल 3,000 एनआरआई द्वारा पंजीकरण किया गया है। इस आयोजन के लिए पंजीकरण अनुरोध मुख्य रूप से दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के भारतीय निवासियों से आए हैं, इसके बाद खाड़ी देशों और यूरोप से आए हैं, जिसमें 50 से अधिक देशों के प्रतिभागियों ने इस द्विवार्षिक आयोजन में रुचि दिखाई है।



■ नौ जनवरी को आयोजित समारोह का उद्घाटन करेंगे मोदी
■ ओडिशा प्रशासनिक सेवा कैडर के 70 वरिष्ठ अधिकारियों को किया तैनात

### राष्ट्रपति मुर्मू के भाषण से होगा समारोह का समापन

सम्मेलन का समापन 10 जनवरी को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार समारोह के साथ होगा, जहां अध्यक्ष द्रौपदी मुर्मू अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगी और समापन भाषण देंगी। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू का स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम की भव्यता सुनिश्चित करने के लिए, राज्य सरकार ने नवम्बर 2024 में पेश किए गए अनुपूरक बजट में 125 करोड़ रुपए आबंटित किए हैं। यह धनराशि भुवनेश्वर नगर निगम, भुवनेश्वर विकास प्राधिकरण और अन्य राज्य विभागों द्वारा नियोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का समर्थन करती है।

## तमिलनाडु के एक निजी पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, छह श्रमिकों की गई जान

**विरुधुनगर,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु के विरुधनगर के अप्पानाइकेनपट्टी गांव में शनिवार को एक निजी पटाखा फैक्ट्री में हुए शक्तिशाली विस्फोट होने से छह श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार साईनाथ फायरवर्क्स फैक्ट्री में जब श्रमिक फैंसी किस्म के पटाखे बनाने के लिए अत्यधिक ज्वलनशील रसायनों को मिला रहे थे तभी जोरदार विस्फोट हुआ। शक्तिशाली विस्फोटों की एक श्रृंखला ने चार गोदाम को तहस–नहस कर दिया, जहां तैयार पटाखों और रसायनों का एक बड़ा भंडार था। सूचना मिलने के बाद सत्तूर से तमिलनाडु अग्निशमन और बचाव सेवा विभाग के कर्मी फैक्ट्री पहुंचे और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मीनाक्षी सुंदरम, शिवकुमार, कामराज, वेलमुरुगन, कन्नन और नागराज के रूप में हुई है। यह पता लगाने के लिए बचाव अभियान अभी भी जारी है कि मलबे के नीचे कोई और श्रमिक दबा तो नहीं है। मलबे में फंसे शवों को दो घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए विरुधुनगर सरकारी अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रसायनों को रखते समय घर्षण के कारण आग लगी।



■ अत्यधिक ज्वलनशील रसायनों को मिलाने के दौरान हुआ हादसा

### स्टालिन ने की चार लाख की सहायता देने की घोषणा


तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने शनिवार को राज्य के दक्षिणी विरुधुनगर जिले के कोट्टैयूर गांव में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मारे गए छह लोगों के परिजनों को चार–चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। स्टालिन ने यहां एक बयान में मदुरै राजाजी सरकारी अस्पताल में इलाज करा रहे घायल व्यक्ति मोहम्मद सुदीन को एक लाख रुपए की सहायता देने की भी घोषणा की। उन्होंने अस्पताल अधिकारियों को घायल सुदीन को बेहतर उपचार प्रदान करने का भी निर्देश दिया।

## कथिर आनंद से जुड़े ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

**वेल्लोर,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार तड़के डीएमके सांसद कथिर आनंद से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी जारी रखा, इसमें उनका एक इंजीनियरिंग कॉलेज भी शामिल है। शुक्रवार सुबह सात बजे शुरू हुई छापेमारी शनिवार दूसरे दिन भी जारी रही। वेल्लोर से सांसद कथिर आनंद के स्वामित्व वाले कट्पडी के क्रिश्चियनपेट स्थित किंग्स्टन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग पर छापेमारी में 18 से अधिक ईडी अधिकारी शामिल थे। गत शुक्रवार की रात अधिकारियों ने कॉलेज के लॉकर से कथित तौर पर बेहिसाबी नकदी जब्त की, जिसे भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों को सौंप दिया गया और उसे सुरक्षा के बीच ले जाया गया। ईडी के अधिकारी अपनी जांच के तहत कॉलेज से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। ईडी ने डीएमके महासचिव और तमिलनाडु के मंत्री एस. दुरईमुरुगन और उनके बेटे कथिर आनंद के गांधी नगर, काटपाडी स्थित आवास पर भी तलाशी अभियान चलाया। यह ऑपरेशन शुक्रवार दोपहर 2 बजे शुरू हुआ और 11 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद शनिवार सुबह 1:35 बजे समाप्त हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, तलाशी के दौरान अधिकारियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, इसमें दुरईमुरुगन के घर के बंद कमरे तक पहुंचना भी शामिल था।

## तमिलनाडु में 2025 का पहला जल्लीकट्टू आयोजन शुरू

**पुडुकोट्टई,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु में पारंपरिक उत्साह के साथ वर्ष 2025 का पहला 'जल्लीकट्टू (बैलों को काबू में करना) आयोजन शनिवार सुबह पुदुकोट्टई जिले के थाचानकुरिची गांव में शुरू हुआ। कानून मंत्री एस.रेगुपति और पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री वी. मेयनाथन ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। मदुरै, थेनी, शिवगंगा, तिरुचिरापल्ली, अरियालुर, तंजावुर और पुदुकोट्टई जिलों से करीब 600 खूंखार बैल को ला जाता है और दिन भर चलने वाले इस कार्यक्रम में 300 बैल प्रशिक्षकों ने भाग लिया। जल्लीकट्टू क्षेत्र में बैलों को छकाने वाले क्षेत्र में एम्बुलेंस के साथ एक मेडिकल टीम तैनात की गई है। आयोजन में बैलों को काबू करने में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बैलों के मालिकों को मोटरसाइकिल, घरेलू उपकरण, साइकिल, टेलीविजन सेट और अन्य सामान जैसे पुरस्कार दिए जाएंगे। सुरक्षा के लिए मैदान में करीब 300 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इस बीच, कार्यक्रम शुरू होने के तुरंत बाद दो समूहों के लोगों के बीच किसी बात को लेकर बहस और हाथापाई हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें अलग किया।



■ कानून मंत्री एस.रेगुपति ने कार्यक्रम को दिखाई हरी झंडी

उपलब्धि | बीआरओ प्रोजेक्ट विजयक व यातायात ग्रामीण अधिकारियों के प्रयासों का दिखा असर

# श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर जनवरी में भी सरपट दौड़ रही जिंदगी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। आपको यह जानकारी हैरानगी होगी कि इस बार 434 किमी लंबा श्रीनगर-लेह राजमार्ग जनवरी में भी खुला हुआ है। अतीत में यह छह महीनों के लिए जब बंद हो जाता था तो लेह के लोगों का जीवन दुश्वार हो जाता था। यह पूरी तरह से सच है कि जोजिला दर्रे पर बर्फबारी और माइनस 20 से माइनस 26 डिग्री सेल्सियस के बीच के चरम तापमान के बावजूद, रणनीतिक श्रीनगर–लेह राजमार्ग जनवरी के दौरान यातायात के लिए खुला हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) प्रोजेक्ट विजयक और यातायात ग्रामीण अधिकारियों के अथक प्रयासों को दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बीआरओ और यातायात कर्मियों के सहयोगात्मक प्रयासों ने इस सर्दियों में राजमार्ग की पहुंच सुनिश्चित की है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ऐतिहासिक रूप से, राजमार्ग कठोर सर्दियों के दौरान कई महीनों के लिए बंद रहता था, जिससे अक्सर लद्दाख क्षेत्र जम्मू और कश्मीर के बाकी हिस्सों से अलग हो जाता था।

जानकारी के लिए जनवरी 2017 में, सोनमर्ग, जोजिला दर्रा, द्रास और मीनमर्ग जैसे प्रमुख बिंदुओं पर भारी बर्फबारी के बाद राजमार्ग को बंद कर दिया गया था, जिसे मई में ही फिर से खोला गया था। हालांकि, हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं। वर्ष 2022 में, सड़क दिसम्बर तक खुली रही, जबकि 2023 में, इसे केवल एक महीने के लिए बंद किया गया था। पिछले साल, राजमार्ग केवल दो महीनों के लिए बंद रहा था, जो सर्दियों में बेहतर कनेक्टिविटी की ओर रुझान का संकेत देता है। इस वर्ष की सफलता एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, क्योंकि राजमार्ग चालू है, यात्रियों और स्थानीय लोगों द्वारा समान रूप से मनाया जाने वाला एक कारनामा साबित हो रहा है। एसएसपी ट्रैफिक ग्रामीण, रविंदर पाल सिंह अपनी टीम के साथ परिचालन की देखरेख कर रहे हैं, वाहनों की सुरक्षा और सुचारू मार्ग सुनिश्चित कर रहे हैं। यात्रियों को सहायता प्रदान करने के लिए यातायात पुलिस की टीमें तैनात हैं, जबकि गंदरबल पुलिस भी हमेशा सड़क की स्थिति की निगरानी कर रही है। बीआरओ और प्रोजेक्ट विजयक ने भारी बर्फबारी, हिमस्खलन के खतरों और जोजिला दर्रा, जीरो पाइंट, कैप्टन मोड़ और शैतानी नाला जैसे प्रमुख स्थानों पर बर्फ के ढेर सहित कई चुनौतियों पर काबू पाया है। उन्नत मशीनरी और कुशल जनशक्ति का उपयोग करके, उन्होंने कठोर सर्दियों की परिस्थितियों में राजमार्ग की उपयोगिता सुनिश्चित की है। हालांकि इस राजमार्ग पर निर्भरता खत्म करने के लिए लद्दाख और करगिल के लोगों के लिए साल भर संपर्क सुनिश्चित करने के लिए, केंद्र सरकार जोजिला सुरंग का निर्माण कर रही है।



■ अतीत में यह छह महीनों के लिए हो जाता था बंद

# साहित्य

कहानी

# सर्कस



■ कमलेश्वर

सर्कस तो आपने जरूर देखा होगा। उसमें तरह-तरह के ख़तरनाक और दिल दहलाने वाले करतब दिखाए जाते हैं। शायद आपने वह बेमिसाल खेल भी देखा हो, जिसमें लकड़ी का एक बड़ा चक ?का घूमता हुआ आता है। उसी के साथ एक छरहरे बदन की बेहद खूबसूरत लड़की आती है। फिर एक कलाकार अपने हाथों में तेज-चमकदार छप्पन छुरियाँ लेकर आता है! दिखाता है। फिर छुरियाँ पास रखी मेज पर रख देता है और लाउडस्पीकर पर आवाज़ आती है-साहिबानो! इस दिलकश ख़तरनाक खेल का नाम है-छप्पन छुरी! दर्शकों में से भी आवाज आ ही जाती है-वाह! क ?या नाम है...लड़की भी तो छप्पन छुरी है!

तभी म्यूजिक बजने लगता है।-दर्शकों में से किसी मनचले को बुलाया जाता है। उस मनचले से पुरुष कलाकार की आँखों पर पट्टी बँधवाई जाती है ताकि वह कुछ देख न सके। फिर म्यूजिक तेज़ होता है। लकड़ी का गोलाकार चक ?का घूमने लगता है। वह छरहरी खूबसूरत लड़की उस चक ?के पर गड़ी दो खूटियों का सहारा लेकर, बल खाकर चिपक जाती है। असली खेल शुरू हो जाता है। म्यूजिक और तेज़ हो जाता है। आँखों पर बँधी पट्टी वाला वह पुरुष कलाकार मेज पर रखी आठ-दस छुरियाँ टटोलकर उठाता है। उन्हें माथे से लगाकर इबादत के अन्दाज में चूमता है। गोलाकार चक ?का घूमना शुरू करता है। चकके पर चिपकी वह ख़मदार कमर वाली लड़की भी साथ-साथ घूमती है।

पुरुष कलाकार पहली छुरी फेंकता है। वह लड़की के जिस्म के पास चक ?के में धँस जाती है। चक ?का चलता रहता है। और फिर म्यूजिक के बैंग के साथ एक छुरी आती है और उस खूबसूरत लड़की के बदन के ख़मों के मुताबिक धँसती जाती है। चक ?के की रफ्तार के साथ चमचमाती छुरियों के आने और धँसने की रफ्तार भी बढ़ती जाती है। दर्शकों की साँस रुकी-सी रह जाती है।

फिर छप्पन छुरियों का यह खतरनाक खेल समाप्त होता है। और सर्कस का तम्बू तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठता है। वह लड़की चक्के से बेदाग उतरती है। पुरुष कलाकार अपनी पट्टी खोलकर उसे आगोश में लेता है। फिर वे दोनों सर झुका कर दर्शकों को धन्यवाद देते हैं और तालियों के संगीत पर वहाँ से दौड़ते हुए नेपथ्य में चले जाते हैं।

दूसरा करतब शुरू हो जाता है। पर यहाँ कुछ दूसरा ही हुआ। वह छरहरी खूबसूरत लड़की उस पुरुष कलाकार की बीवी थी। वह दिलोजान से अपनी बीवी को प्यार करता था। पर कुछ ऐसा हुआ कि उसकी बीवी बेवफा हो गई। कलाकार ने अपने प्यार की दुहाई दी। बड़ी मिन्?नतें कीं। लेकिन वह नहीं मानी...वो रास्ता बदलकर चलती रही। कलाकार उदास-निराश और आधा पागल हो गया। पर सर्कस का छप्पन छुरी वाला खेल बदस्तूर चलता रहा!

आख़िर एक रोज़ एक दोस्त ने कलाकार को राय दी कि बीवी की बेवफ़ाई बर्दाश्त करने के बजाय वह एक छुरी गलत फेंक कर बेवफाई का यह खेल खत्म क ?यों नहीं कर देता?

कलाकार सोचता रहा। खेल तो बदस्तूर जारी था। कई दिन उसने दोस्त की बात पर अमल करने के इरादे से छुरी गलत तरीके से फेंकने की कोशिश की, लेकिन नहीं फेंक पाया। और जिन्दगी के साथ-साथ सर्कस का यह ख़तरनाक खेल भी चलता रहा।

आखिर दोस्त ने एक दिन कह ही दिया-तू बुजदिल है! गलत छुरी फेंक कर बेवफाई का बदला नहीं ले सका!

तो कलाकार ने सोचते हुए कहा-क्या करूँ दोस्त! मैं अपनी उँगलियों को जुम्बिश देकर किसी भी दिन उसके कलेजे को चीर कर बदला ले सकता था, लेकिन इन उँगलियों ने जो हुनर सीखा है...उसने ऐसा नहीं करने दिया!

---

## फ़ैज़ अहमद फ़ैज़

दोनों जहान तेरी मोहब्बत में हार के
वो जा रहा है कोई शब-ए-ग़म गुज़ार के

वीराँ है मय-कदा ख़ुम-ओ-साग़र उदास हैं
तुम क्या गए कि रूठ गए दिन बहार के

इक फ़ुर्सत-ए-गुनाह मिली वो भी चार दिन
देखे हैं हम ने हौसले पर्वरदिगार के

दुनिया ने तेरी याद से बेगाना कर दिया
तुझ से भी दिल-फ़रेब हैं ग़म रोज़गार के

भूले से मुस्कुरा तो दिए थे वो आज %फ़ैज़%
मत पूछ वलवले दिल-ए-ना-कर्दा-कार के

---

## रोज़ाना बदलता है बहुत कुछ

■ लीलाधर जगूड़ी



खिड़की से तालाब दिख रहा है धुँधाया आसमान
लगता है आज सूरज दिखेगा नहीं

पहले देखे कई दिनों की वजह से जानता हूँ
कि जो जैसा दिखता है वैसा निकलता नहीं
और जो जैसा दिखाया जाता है आख़िर वैसा होता नहीं

जो जैसा न हो उसे वैसा दिखाओ तो कहते हैं
आनंददायक ही नहीं मज़ेदार भी है
जितने को तितना दिखाओ तो कहेंगे मज़ा नहीं आया
ऐसे में असली होना भी कितना नीरस हो जाना होता है

व्यक्ति हो या आसमान रोज़ाना बदलता है बहुत कुछ
जो बदल जाता है वह कैसे रह पाएगा एक जैसा
देखना फिर सोचना फिर पाने न पाने की जगह और कुछ पा लेना
बदलता रहता है मनुष्य को
असली होने के लिए भी बदलते रहना पड़ता है
परिवर्तन भी पलायन जैसा दिखने लगता है

कितना लाचार और छोटा होता जा रहा है वह
ज्ञान से सींच-सूँचकर मरने से बचा रहा है ईर्ष्या को
किताबों से बाँच-बूँचकर
नकल में स्याही पोतता जा रहा है ज़िंदगी पर
कुछेक शब्दों को ही वाक्यों में फेरता जा रहा है
तालाब जैसे धुँधाये आसमान में
न खेने लायक पानी न दम साधने लायक किनारा है
पहले देखे ऐसे कई नज़ारों की वजह से जानता हूँ
कि जो जैसा दिखता है आख़िर वैसा निकलता नहीं ।

---

व्यंग्य

# उम्मीद के शेषनाग पर टिकी दुनिया

■ विनोद कुमार विक्की



कुछ लोगों की धारणा है कि पृथ्वी सत्य पर टिकी हुई है तो कुछ लोग मानते हैं कि नेकी पर टिकी हुई है। इसी तरह अध्यात्म का मानना है कि पृथ्वी शेषनाग पर टिकी हुई है, जबकि लव बर्डस का मानना है कि ढाई आखर के शब्द प्रेम(प्यार) से पृथ्वी का अस्तित्व कायम है। कुछ इसी तरह हमारे पड़ोसी जुम्मन चचा का मानना है कि पृथ्वी या दुनिया कायम है तो सिर्फ और सिर्फ साढ़े तीन आखर के शब्द 'उम्मीद' पर।

वैसे प्रेम और उम्मीद का आपस में कोई घनिष्ठ संबंध है नहीं, किन्तु जुम्मन चचा का व्यक्तिगत अनुभव कहता है कि भिन्न-भिन्न प्रकृति के कारण प्रेम और उम्मीद के बीच सौतेला रिलेशनशिप अवश्य है। जुम्मन चचा के अनुसार प्रेम जहाँ नि:स्वार्थ की बुनियाद पर केन्द्रित होता है, तो उम्मीद की इमारत स्वार्थ के सीमेंट-बालू पर। प्रेम का संबंध दिल से होता है, तो उम्मीद का नैसर्गिक रिश्ता दिमाग से। प्रेम हर किसी से नहीं किया जा सकता है, किंतु उम्मीद हर किसी से किया जाता है। इसमें अतिशयोक्ति नहीं कि डूबता हुआ इंसान तिनके से भी उम्मीद पाल लेता है।

**वैसे प्रेम और उम्मीद का आपस में कोई घनिष्ठ संबंध है नहीं, किन्तु जुम्मन चचा का व्यक्तिगत अनुभव कहता है कि भिन्न-भिन्न प्रकृति के कारण प्रेम और उम्मीद के बीच सौतेला रिलेशनशिप अवश्य है। जुम्मन चचा के अनुसार प्रेम जहाँ नि:स्वार्थ की बुनियाद पर केन्द्रित होता है, तो उम्मीद की इमारत स्वार्थ के सीमेंट-बालू पर।**

हमारे गाँव से जब रामखेलावन भैया टाइप दिहाड़ी मजदूर धन अर्जन को दिल्ली, हरियाणा पलायन करता है, तो मुहल्ले के ढेर सारे बेचन,छोटन,पप्पू,सकलदेव आदि के मन मस्तिष्क में उम्मीद का लेड बल्ब स्वत: भुकभुकाने लगता है कि %मजदूरी के लिए गया रामखेलावन जब परदेश में सेटल हो जाएगा, तब वहां उन लोगों की रोजी-रोटी के लिए भी जुगाड़ फीट करवा देगा।'

इसी प्रकार परिवार का जब कोई दसवीं कक्षा पास अभ्यर्थी प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा चतुर्थवर्गीय सरकारी नौकरी हासिल कर लेता है, तो परिवार के अन्य पढ़े लिखे भाई भतीजा में उम्मीद का भेपर लाइट प्रदीप्त हो जाता है कि अब जोड़-जुगाड़ से उन लोगों को भी सरकारी नौकरी क्षेत्र में सेटिंग करवा दी जाएगी! इतना ही नहीं साल भर ताना मारने वाले एवं धुक-धुक लालटेन की तरह ईर्ष्या से जलने वाले रामभरोस चच्चा, दीना चच्चा टाइप पड़ोसी भी उम्मीद पाल कर बधाई देने के लिए पहुंच जाते हैं। फिर काफी उम्मीद से अपनी उम्मीद को प्रकट करते हैं 'बेटा जरा हमारे पप्पू का भी ध्यान रखते हुए कहीं व्यवस्था कर देना...फर्स्ट क्लास इंटर पास है। बिना काम काज के भर दिन बेताल के तरह बौखता फिरता है...तुम तो सरकारी बाबू बन गए। चाह लोगे तो इसको भी कहीं नौकरी-वौकरी दिला ही दोगे।'

सास अथवा पति के तानों से त्राहिमाम पाँच बेटियों की अम्मा भी उम्मीद से (बेटा की उम्मीद में छठी बार पेट से) होती हैं, और जनसंख्या वृद्धि में अतुलनीय योगदान देती रहती हैं।

राजनीति भी उम्मीद पर टिकी हुई है। चुनाव के दौरान नेताजी को जनता से और चुनाव के बाद अगले पांच साल तक जनता नेताजी से उम्मीद लगाए रहते हैं। फोकट का अनाज, पानी,बिजली की उम्मीद में जनता किसी भी गधा को नेता बना सकता है। मंत्रालय की उम्मीद में विधायक और सांसद पार्टी-पार्टी कूदते रहते हैं। शांति की उम्मीद में ही भारत पड़ोसी मुल्कों से मेल-जोल,बातचीत का असफल प्रयास करता रहता है। इसी प्रकार भारत में पलने-बढ़ने वाले तथा भारत को ही गरियाने वाले जयचंद के वंशज पप्पा पाकिस्तान तथा चचा चीन से उम्मीद लगाए बैठे है। निर्भया कांड पर कैंडल मार्च,धरना प्रदर्शन, शांतिमार्च भी इस उम्मीद पर किया जाता है कि आगे फिर किसी बेटी बहन के साथ ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी। उम्मीद का रिसाइकल भी होता है अर्थात कई बार टूटने के बाद भी उम्मीद फिर से कायम हो जाती है।


कुल मिला कर देखा जाय तो जुम्मन चचा का अनुभव निन्यानबे प्रतिशत सही भी प्रतीत होता है।अब आप पूछेंगे एक प्रतिशत कम क्यों ! तो भैया एक प्रतिशत ऐसे लोग भी हैं,जो उम्मीद का दामन छोड़ कर आत्मनिर्भरता का चोला पहनने में विश्वास रखते हैं।

---

# कहानी हमारी-तुम्हारी

■ विजय गर्ग

एक धन सम्पन्न व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ रहता था।
पर कालचक्र के प्रभाव से धीरे धीरे वह कंगाल हो गया।
उस की पत्नी ने कहा कि सम्पन्नता के दिनों में तो राजा के यहाँ आपका अच्छा आना जाना था।
क्या विपन्नता में वे हमारी मदद नहीं करेंगे जैसे श्रीकृष्ण ने सुदामा की की थी?
पत्नी के कहने से वह भी सुदामा की तरह राजा के पास गया।
द्वारपाल ने राजा को संदेश दिया कि एक निर्धन व्यक्ति आपसे मिलना चाहता है और स्वयं को आपका मित्र बताता है।
राजा भी श्रीकृष्ण की तरह मित्र का नाम सुनते ही दौड़े चले आए और मित्र को इस हाल में
देखकर द्रवित होकर बोले कि मित्र बताओ, मैं तुम्हारी क्या सहायता कर सकता हूँ?
मित्र ने सकुचाते हुए अपना हाल कह सुनाया।
चलो, मै तुम्हें अपने रत्नों के खजाने में ले चलता हूँ।
वहां से जी भरकर अपनी जेब में रत्न भर कर ले जाना।
पर तुम्हें केवल 3 घंटे का समय ही मिलेगा।
यदि उससे अधिक समय लोगे तो तुम्हें खाली हाथ बाहर आना पड़ेगा।
ठीक है, चलो।
वह व्यक्ति रत्नों का भंडार और उनसे निकलने वाले प्रकाश की चकाचौंध देखकर हैरान हो गया।
पर समय सीमा को देखते हुए उसने भरपूर रत्न अपनी जेब में भर लिए।
वह बाहर आने लगा तो उसने देखा कि दरवाजे के पास रत्नों से बने छोटे छोटे खिलौने रखे
थे जो बटन दबाने पर तरह तरह के खेल दिखाते थे।
उसने सोचा कि अभी तो समय बाकी है, क्यों न थोड़ी देर इनसे खेल लिया जाए?
पर यह क्या?
वह तो खिलौनों के साथ खेलने में इतना मग्न हो गया कि समय का भान ही नहीं रहा।
उसी समय घंटी बजी जो समय सीमा समाप्त होने का संकेत था और वह निराश होकर *खाली
हाथ* ही बाहर आ गया।
राजा ने कहा- मित्र, निराश होने की आवश्यकता नहीं है।
चलो, मैं तुम्हें अपने स्वर्ण के खजाने में ले चलता हूँ।
वहां से जी भरकर सोना अपने थैले में भर कर ले जाना।
पर समय सीमा का ध्यान रखना।
ठीक है।
उसने देखा कि वह कक्ष भी सुनहरे प्रकाश से जगमगा रहा था।
उसने शीघ्रता से अपने थैले में सोना भरना प्रारम्भ कर दिया।
तभी उसकी नजर एक घोड़े पर पड़ी जिसे सोने की काठी से सजाया गया था।
अरे! यह तो वही घोड़ा है जिस पर बैठ कर मैं राजा साहब के साथ घूमने जाया करता था।
वह उस घोड़े के निकट गया, उस पर हाथ फिराया और कुछ समय के लिए उस पर सवारी



करने की इच्छा से उस पर बैठ गया।
पर यह क्या?
समय सीमा समाप्त हो गई और वह अभी तक सवारी का आनन्द ही ले रहा था।
उसी समय घंटी बजी जो समय सीमा समाप्त होने का संकेत था और वह घोर निराश होकर
खाली हाथ ही बाहर आ गया।
राजा ने कहा- मित्र, निराश होने की आवश्यकता नहीं है।
चलो, मैं तुम्हें अपने रजत के खजाने में ले चलता हूँ।
वहां से जी भरकर चाँदी अपने ढोल में भर कर ले जाना।
पर समय सीमा का ध्यान अवश्य रखना।
ठीक है।
उसने देखा कि वह कक्ष भी चाँदी की धवल आभा से शोभायमान था।
उसने अपने ढोल में चाँदी भरनी आरम्भ कर दी।
इस बार उसने तय किया कि वह समय सीमा से पहले कक्ष से बाहर आ जाएगा।
पर समय तो अभी बहुत बाकी था।
दरवाजे के पास चाँदी से बना एक छल्ला टंगा हुआ था।
साथ ही एक नोटिस लिखा हुआ था कि इसे छूने पर उलझने का डर है।
यदि उलझ भी जाओ तो दोनों हाथों से सुलझाने की चेष्टा बिल्कुल न करना।
उसने सोचा कि ऐसी उलझने वाली बात तो कोई दिखाई नहीं देती।
बहुत कीमती होगा तभी बचाव के लिए लिख दिया होगा।
देखते हैं कि क्या माजरा है?
बस! फिर क्या था।
हाथ लगाते ही वह तो ऐसा उलझा कि पहले तो एक हाथ से सुलझाने की कोशिश करता रहा।
जब सफलता न मिली तो दोनों हाथों से सुलझाने लगा।
पर सुलझा न सका और उसी समय घंटी बजी जो समय सीमा समाप्त होने का संकेत था और
वह निराश होकर खाली हाथ ही बाहर आ गया।
राजा ने कहा- मित्र, *कोई बात नहीं*।
निराश होने की आवश्यकता नहीं है।
अभी तांबे का खजाना बाकी है।
चलो, मैं तुम्हें अपने तांबे के खजाने में ले चलता हूँ।
वहां से जी भरकर तांबा अपने बोरे में भर कर ले जाना।
पर समय सीमा का ध्यान रखना।
ठीक है।
मैं तो जेब में रत्न भरने आया था और बोरे में तांबा भरने की नौबत आ गई।
थोड़े तांबे से तो काम नहीं चलेगा।
उसने कई बोरे तांबे के भर लिए।
भरते भरते उसकी कमर दुखने लगी लेकिन फिर भी वह काम में लगा रहा।
विवश होकर उसने आसपास सहायता के लिए देखा।
एक पलंग बिछा हुआ दिखाई दिया।
उस पर सुस्ताने के लिए थोड़ी देर लेटा तो नींद आ गई और अंत में वहाँ से भी खाली हाथ
बाहर निकाल दिया गया।
क्या इसी प्रकार हम भी अपने जीवन में अपने साथ कुछ नहीं ले जा पाएंगे?
बचपन खिलौनों के साथ खेलने में, जवानी विवाह के आकर्षण में और गृहस्थी की उलझन में
बिता दी।
बुढ़ापे में जब कमर दुखने लगी तो पलंग के सिवा कुछ दिखा नहीं।
समय सीमा समाप्त होने की घंटी बजने वाली है।
सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब

## हाना

सागर म बइठ के पियासे मरना।

सागर म कतेक पानी रहिथे फेर ओकर तीर म बइठे मनखे ह पियासे रहि जाथे। वइसने मनखे के तीर म कतको जिनिस रहिथे फेर कंजूसी करथे तेकर बर ये हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. छंदझ्या-छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई - छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी- छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना- छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी-छदना
6. छंदल- छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवड्या- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा- छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

# बसंत ऋतु ठौर खोजत हे

बसंत ऋतु सर्दी अउ गर्मी के मौसम के बीच के संक्रमण काल आये। दिन बड़े हो जाथे अउ रात छोटे हो जाथे, तापमान कम हो जाथे, फूल खिले ल लग जथे। हवा में वसंत ऋतु के गर्म हवा शुरु हो होथे। वसंत मार्च ले शुरू होके मई या जून तक रहिथे।

वसंत ऋतु हमर भारत देश क छः मुख्य ऋतु में के एक ऋतु आये। ये करीब करीब फरवरी के आखरी म या मार्च महिना के शुरुआत म शुरू होथे। ये ह मई महिना तक चलथे। अइसे माने जाथे के माघ महीना क शुक्ल पंचमी ले वसंत ऋतु के शुरुआत होथे। फाल्गुन

अउ चैत्र मास वसंत ऋतु के माने गे हावय मतलब बसंत ह ये दू महिना प्रकृति म घूमत रहिथे। फाल्गुन बछर के आखरी महिना आये अउ चैत्र ह पहिला। ये प्रकार से हिंदू पंचांग के बछर के अंत अउ शुरुआत वसंत में ही होथे। ये ऋतु आथे त आसमान साफ अउ मौसम सुहावना हो जाथे। सर्दी के जूड़ जूड़ हवा ह धीरे-धीरे हल्का गर्म होय ले रग जथे। मौसम म गर्माहट के मस्ती आ जथे। पक्षिमन के चहचहाहट चारोडाहर हवा म गूंजे ले लग जथे । प्रकृति घलो अपन नींद ले जागथे अउ पेड़-पौधे उपर नवा नवा पाना डारा अउ फूल आये ले लग जथे। सुप्तावस्था म परे जीव मन जागे ले लग जथें। सांप बिच्छू मेचका मन अटिवात बाहिर आथें। रंग-बिरंगा फूल खिलके चारो डाहर वातावरण ल महकाथे। चारो डाहर सरसों के फूल खिल जथे अउ खेत मन पींवरा लुगरा पहिर के सज जथें।

वसंत ऋतु के सबले महत्वपूर्ण तिहार आये बसंत पंचमी के तिहार जेन ह ज्ञान, कला अउ संगीत के देवी, सरस्वती माता के सम्मान म मनाये जाथे। ये दिन, लोगन पीला रंग के कपड़ा पहिरथें, काबर के ये ह सरसों के खेतों के खिल के महके के अउ वसंत के आये के प्रतीक आये। विद्यार्थीमन सरस्वती के पूजा करके प्रार्थना करथें अउ ओखर वेदी उपर अपन संगीत वाद्ययंत्र, किताब अउ कलम चढ़ाथें। अइसे माने जाथे के ये दिन देवी के आशीर्वाद लेय ले मनखे के ज्ञान अउ रचनात्मक क्षमता म वृद्धि होथे। नृत्य संगीत के कार्यक्रम होथे। जगह जगह उत्सव मनाये जाथे। चारो डाहर.पींवरा ही पींवरा रंग दिखाई देथे। किसान मन ये मौसम म अपन दूसर फसल के बोनी शुरू कर देथे, अनुकूल मौसम के कारण फसल के विकास तेजी से होथे। खेत ह हरियर.हरियर दिखे ले धर लेथे।बसंत ऋतु के आये ले लोगन के जीवन म ताजगी आ जथे। एक बेर फेर जाये के ईच्छा उठ जथे। ठंड अउ निराशाजनक जाड़ ल सहन करे के बाद, वसंत के गर्मी अउ सुंदरता ह आत्मा ल ऊपर उठाथे। मन म आशा के किरण जागृत होथे। मनखे मन ये सुहावना मौसम के अधिक से अधिक लाभ उठाये.बर बाहिर घूमे बर जाथें। प्रकृति के सुंदरता के मजा लेय बर पिकनिक, क्रिकेट मैच के मजा लेथें। प्रकृति की सैर करे बर बाहिर घूमेबर जाथें।

आज बसंत कब अइस पता नइ चलय। लोगन घर म टी वी म मस्त रहिथें। भइगे गमला के फूल दिखगे, मौसम म गरमाहट आ गे। समझ गें के मोसम बदल गे। आज न तो लइकामन तितली के पाछू भागंय अउ न पक्षी मन के आवाज के मजा लेवंय। बसंत घलो सोचथे के कोन मेर मैं रुकंव? गमला म कब तक रहिहुं, बड़े पेड़ हावय फेर रद्दा तीर म। फूल के पेड़ नंदावत हावय शो के पेड़ बाढ़त हावय। शहर म बसंत बस घूमत रहि जथे। एक ठऊर तो होना जिंहा रूक के मनखे मन के भाव ल देख सकय। डऊर खोजत खोजत कई बछर होगे। बंद करव पर्यवरण के नाश बलावव एक बेर फेर बसंत आये।

**-सुधा वर्मा**

# नवा बछर नवा घर

**राधे हर वापिस जाए बर खड़े होगिस। त भोले ह बोलिस - ठीक हे भाई, अपन घर समझ के आवत-जावत रहिबे। भोले के बात हर आगी म घींव डारे कस काम करीस। राधे फट पड़ीस -भोले भाई, अब तोर घर हर घर कहां रही गे हे ? अरे ! तोर घर म तो लोग लइका,सियान सामरथ के रहे ठिकाना नीए। मोला तो अइसे लागत हे कि तोर घर हर घर नहीं चिड़ियाघर बनगे हावय।**

कहिनी

गांव ल छोंड़ के कई बछर पहिली महानगर बम्बई म जा बसे अपन एक झिन धनवान मितान प्रदीप भोले के न्योता पा के राधेलाल हर नवां बछर के पहिली दिन बम्बई हबरे रहिस। उहां मितान के नवा बने जबड़ बंगला ल देख के राधे ल गरब होवत रहिस। बंगला म नौकर- चाकर गाड़ी- घोड़ा के भरमार रहिस।

बंगला भीतर कांच के बने बड़े-बड़े एक्वेरियम म महंगी- महंगी रंग-रंग के मछरी तऊंरत रहिन। बड़े जनिक पिंजरा म धंधाए किसिम किसिम के चिरई मन चीं चीं करत रहिन। एती ओति बड़े बड़े भोकन्डा कुकुर,चेपटा मुंहू के कुकुर, सादा झबरा कुकुर के संग म गद्दीदार सोफासेट म सुतत करिया, सादा बिलई तको दिखिन।

राधेलाल हर देखिस कि धनवान मितान भोले अउ ओखर घरगोंसाईन ह मछरी, कुकुर,बिलई अउ चिरई मन ल मया देखावत कूद-कूद के दाना-पानी देवत हें। जेला देख के ओहर बोलिस- भोले भाई, तुंहर दयालुता अउ जीव जंतु मन बर मया ल देख-देख के मोर मन ह गदगद होगे हे जी, फेर तुमन के लोग लइका कय झन हें? कहां-कहां हावयं? एको झन दिखत नीएं?

राधेलाल के सवाल के जवाब भोले के घरगोंसाईन हर हांसत-हांसत दीस- अरे! का बताबे राधे भइया, दू झिन लइका हावयं,फेर हमन ओमन खातिर थोरको समय नी निकाल पावन। ते पाए के दूनो लइका के देखरेख बर अलग-अलग दू झिन आयाबाई राखे हावन। उही मन ह लइका मन ल बगीचा म कोनो मेर खेलावत- खववावत होहीं।

अइसन जवाब सुनके राधे हर भक्क खा गे। सन्न रही गे। तभे एक ठिन झबरा कुकुर ल अपन तीर म ओधत देख के राधे हर ओला झटक दीस अउ दूरे दूरे चिल्लाइस। जेला देख के भोले ह खलखला के हांसत बोलिस- अरे,ओला चमका झन राधे भाई। हमर लइका बरोबर आए। काहिं नी करे ओहर।

अतका कहत भोले ह ओ झबरा कुकुर ल अपन कोरा म बइठार के पुचकारत चूमे लागिस। तेन ल देखते साथ राधे के तन मन म आगी लग गे। अपन मन ल मड़ावत ओहर बोलिस -अच्छा.. अच्छा..। बने बात हे। फेर लइका अउ कुकुर एके थोरे हो जाहीं जी। भोले भाई ए तो बता बाबूजी कहां हे? ओहू हर दिखत नीए?

राधे के ए सवाल ल सुन के भोले थोरिक सकपकागे अउ कोरा म बइठारे कुकुर ल भुइयां म उतारत बोलिस -अरे यार, मां के मरे के पाछु बाबूजी ल अकेलापन हर दिन रात चाबय। भांय भांय करत घर म ओखर बेरा नी कटत रहिस। ते पाए के हमन बाबूजी ल 'वृद्ध आश्रम' म भेज देहे हन। उहां ओहर बढ़िया हावय।

तभे भोले जी के घर के कमेलहिन ह चाय पानी ले के आइस। फेर भोले के घर के हालचाल, आचार बिचार ल देख सुन के राधे के मन ह भारी होगे रहिस। उहां थोर को देर रूके के मन नी होवत रहिस। ते पाए के बहाना बनावत राधे बोलिस- भोले भाई,आज मंगलवार के मोर तो निरजला उपास हावय। में कुछु खावंव पीववं नहीं। मोला अब बिदा दव। राधे के हाव-भाव ल देखत भोले अउ ओखर घरगोंसाईन ल अंदाजा लगगे कि घर के हाल चाल हर राधे ल पोसावत नीए।

राधे हर वापिस जाए बर खड़े होगिस। त भोले ह बोलिस - ठीक हे भाई, अपन घर समझ के आवत-जावत रहिबे। भोले के बात हर आगी म घीवं डारे कस काम करीस। राधे फट पड़ीस -भोले भाई, अब तोर घर हर घर कहां रही गे हे? अरे! तोर घर म तो लोग लइका,सियान सामरथ के रहे ठिकाना नीए। मोला तो अइसे लागत हे कि तोर घर हर घर नहीं चिड़ियाघर बनगे हावय। भोले भाई,जेन दिन घर अउ चिड़ियाघर म फरक ल समझ जाबे तेन दिन तोर घर म आहूं,खाहूं-पीहूं।

राधे के गोठ अऊ दुत्कार ल सुन के भोले के आंखी खुलगे। ओहर राधे ल पोटारत बोलिस- भाई मोर मति पलट गे रहिस। चेथी कोति गए मोर आंखी ल आघु म लान के खोल देहे हस।अभीचे बाबूजी ल बृद्ध आश्रम ले आनहूं। संग म तहूं हर चल। नवा बछर म नवा घर म बाबूजी के चरण हर पर जाही।

राधे अउ भोले दूनो झन बाबूजी ल लेहे बर चल दीन। तभे भोले के घरगोंसाईन हर तको घर के अंगना म चऊंक पूरत, दिया बारत नवा बछर के नवा रद्दा ल संवारे बर, ओमा रेंगे बर भिड़गे।

**विजय मिश्रा 'अमित'**
**पोऑ- सुंदर नगर रायपुर**

## नवा बछर के बधाई

कोठी डोली खेत कोठार
परछी ओसारी घर दुवार
अन धन ले छलकत रहय
हिरदे सबके कुलकत रहय
लागे सुघ्घर अऊ सुखदाई
नवा बछर के सबला बधाई।

धरती हरियर तब मन हरियर
सोंच सुंदर आत्मा फरियर
नवा बछर के नवा बात
तन भर कपड़ा पेट भर भात
अब कोन्हो झन पिछवाई
नवा बछर के सबला बधाई।

सब झन बर कुरिया डांड़ा
जाड़ म झन कांपे हाड़ा
बैरी घाम अऊ पानी म
सुख पावय जिनगानी म
उदिम अइसन करन रे भाई
नवा बछर के सबला बधाई।

भटकावत हवय भेद भरम
प्रेम बिगन बिरथा धरम
तोर देवता तोर अंतस म
जान समझ बनाले करम
बात कमती काम सवाई
नवा बछर के सबला बधाई।

**-गजानंद प्रसाद देवांगन, छुरा**

# छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि अउ प्राचीन काल के इतिहास

छत्तीसगढ़ के प्राचीन इतिहास अउ ऐतिहासिक पृष्ठभूमि ल पांच भाग म समझ सकत हन जेमे प्रागैतिहासिक काल, वैदिक काल, बुद्ध काल, मौर्य सात वाहन काल अउ गुप्त काल हवय।

प्रागैतिहासिक काल : लोगन मन ये बखत म कोनो भी घटना होवय ओला लिखित रूप म प्रमान नई रखत रहिस, राज्य के बहुत जगह म इतिहास के जानकारी मिले रहिस। लोगन मन गुफा अउ कुंदरा मन म रहत रहिस, अउ पखरा म लिखय चित्र घलो बनावय, ये काल म बहुत अंकन औजार के संग स्मारक घलो मिले हवय।

राज्य के अलग-अलग जगा म मिले सैल चित्र:जोगीमारा गुफा - सरगुजा के तीर रामगढ़ के पहाड़ म हवय, इहां के चित्र मन गेरुआ रंग हे जेमे पसु, चिरई चिरगुन, पेड़-पौधा के चित्र मन समाजिक जिनगी ल दिखावत हवय।

सिन्घनपुर रायगढ़: लाली रंग के चित्रकारी दिखथे जेमा आदमी मन सिकार करत अउ मनखे मन के चित्र ल सीधा डंडा कस अउ निसयनी जइसन दिखाय हे। इहां के चित्र म सैलाछ्य अउ उत्तर पाषाण लघुकृत पाषाण युग के औजार घलो मिले हवय।

कबरा पहाड़ : रायगढ़ के कबरा पहाड़ म घलो लाली रंग म घिरिया, मगरमच्छ, हिरन जईसे बहुत अकन पसु मन के चित्र संग एके लाईन म मनखे मन के चित्र ल उकेरे गे हवय।

नव पाषाण युग: राजनांदगांव के बोनटीला म चितवाडोंगरी अउ रायगढ़ के टेरम नांव के जगा म नव पाषाण युगीन के हथौड़ी मिले हे जेला दुर्ग के अरजुनी म सुरक्छित रखे गे हवय।

महापासान स्मारक : दुर्ग के तीर करहीभदर, सोरर अउ चिरचारी गांव म पाषाण युग के घेरा बियारा के अवसेस मिले हवय जेमा मृत सरीर ल दफनाय बर उपयोग करय। जेला महापाषाण स्मारक कहे जाथे।

कास्ठ स्तम्भ: बस्तर इलाका म सहीद जवान के सम्मान बर लकड़ी के बनाय स्तम्भ मिले हे। ये मन मसेनार डिलामिली चित्रकूट किलेपाल चिंगेनार जगह ले स्मारक मिले हवय।

वैदिक काल: वैदिक सभ्यता ल दू भाग म समझे जा सकत हन, रिग्वैदिक काल (1500-1000 ई.पू.) अउ उत्तरवेदिक काल (1000-600 ई.पू.) तक माने गे हवय। रिग्वैदिक काल म छत्तीसगढ़ के कोनो प्रमान नई मिले हे अउ उत्तरवैदिक काल के साहित्य म नर्मदा के उल्लेख रेवा नदी के रूप म मिले हवय। उत्तर वैदिक काल म रामायन महाभारत अउ पुरान मन म छत्तीसगढ़ के जानकारी बनेच विस्तार म मिलथे। रामायन काल समय म विंध्य पर्वत के दक्छिन म कोसल नांव के राजा रहिन, रामायन ग्रंथ म पता चलथे। भारत ह दू भाग म बंटे रहिस, ऊपर ल दक्छिन कोसल अउ खाल्हे ल उत्तर कोसल के नांव से जानय। दक्छिन म छत्तीसगढ़ के हिस्सा आवय, इहां के राजा रहिन भानुमंत अउ ओकर बेटी कौशल्या, राजा दशरथ ले कौशल्या के बिहाव बाद ओकर बेटा राम होईस। भानुमंत के देहांत बाद सबो राजपाठ राजा दशरथ ल मिलगे, इही सब प्रमान ले पता चलथे छत्तीसगढ़ ल पहली दक्छिन कोसल कहे जाय।

बुद्ध काल ( छठवीं सताब्दी ईसा पूर्व) : चीनी यात्री हेनसांग के भारत भ्रमन के अवदान सतक ग्रंथ के अनुसार इहां सिरपुर हा दक्छिन कोसल क्षेत्र म आवय अउ इहां महात्मा बुद्ध हा आय रहिस जेकर प्रमान सिरपुर खुदाई म मिले पुरातत्व अवसेस से होथे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्छन के हिसाब ले सिरपुर ह भारत के सब ले बड़े स्थान हरे, नालंदा म 4 बुद्ध विहार मिले हे जबकि सिरपुर म 10 बुद्ध विहार हवय जेमा 6-6 फुट के बुद्ध प्रतिमा मिले हे। 2003 के खुदाई म 22 शिव 5 विष्णु मंदिर 10 बुद्ध विहार अउ जैन मंदिर मिले हे, छठवीं सातवीं सताब्दी के बजार, नहानी खोली तको मिले हवय। बौद्ध जैन मूर्ति मन शिव, विष्णु अउ देवी के रूप ले मिलते-जुलते हवय।

मौर्यकालीन अउ सातवाहन काल: मौर्यकालीन लेख मन ले पता चलथे के ये क्षेत्र म मौर्य मन राज करत रहिस, बुद्ध काल म येहा नंदवंशी ओकर बाद मौर्यवंसी के नियंत्रन म रहिस। हेनसांग के सोध विवरन म सरगुजा के सीताबेंगरा गुफा अउ जोगीमारा गुफा के मौर्यकालीन लेख मन म येकर जानकारी स्पस्ट हवय। ये छेत्र म मौर्यकालीन समय के सिक्का, पक्का ईटा अउ करिया रंग वाला बर्तन के अवसेस घलो मिले हवय। बिलासपुर म सातवाहन कालीन सिक्का मिले हे, जिहा मौर्य के बाद पैठन महारास्ट के सातवाहन वंस के सासन रहिस। हेनसांग के अनुसार दार्सनिक नागार्जुन हा दक्छिन कोसल राजधानी के तीर म निवास करत रहिस, येकर बाद मेघवंशीय मन के जगा म कब्जा कर ले रहिस। सातवाहन के बाद वाकाटाको आईस, वाकाटाको के सासक प्रवरसेन प्रथम हा दक्छिन कोसल के पूरा छेत्र म अपन अधिकार जमा लिस। भारत के प्रसिद्ध कवि कालिदास हा उही समय म इही जगा म रहय।

गुप्तकाल: गुप्त सम्राट के दरबारी कवि हीरसेन के प्रयाग प्रसस्ति पत्र म समुद्रगुप्त दक्छिन भारत के धर्म विजय अभियान के उल्लेख हवय। ये अभियान के बखत समुद्रगुप्त ह दक्छिन कोसल के सासक महेन्द्र अउ महाकंतार बस्तर छेत्र के सासक व्याघ्रराज ल हरा दे रहिस तेकर बावजूद ये छेत्र ल गुप्त साम्राज्य म मिला नई पाईस। दुर्ग के बानबरद अउ रायपुर के आरंग म गुप्त कालीन सिक्का मिले हे, ओ बखत इहां के क्षेत्रिय सासक मन गुप्तवंस ल स्वीकार कर ले रहिस।

**देवेन्द्रकुमार लहरी,**
**छात्र एम ए छत्तीसगढ़ी, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय, रायपुर**

# महतारी भाखा

कहिनी

कोन गांव जावत हस काकी? ए दुलारी काकी...! तैं मोला नइ चिन्हत हस का ओ...? आशा ह बस म बइठे गांव के एक झिन माई लोगिन ल हुत करिस।

-अई... तोर अवाज ह तो आशा सरिक लागत हे ओ नोनी। दुलारी हर आशा डहर मुंह करिस।

-हव...हव... आशा हरवं ओ।

-कइसे मुंह-कान ल चमचम ले बांध ले हस दई? आंखी भर जुगुर-जुगुर चिमनी कस बरत हे। दुलारी ह गोठियात-गोठियात हाँस डारिस।

-का करबे काकी, अब्बड़ धुर्रा-फुदकी के मारे मुंह-कान हर कइसे हो जाथे। तहूं बांध ले कर न काकी। आशा बने समझाए अस बोलिस।

तभेच अइ देखत हस येला। नानपन म धुर्रा म घोलंड-घोलंड के खेले हे तेला, भुलागे बाई जी ह। तीर म बइठे दूसर माई लोगिन ल अंखियात दुलारी ह बोलिस।

-टार वो काकी, तोला समझई बेकार हे। आशा ह खिड़की कोती मुंह कर लिस।

-आशा ये आशा.. अइ रिसा गेस का बेटी? मैं तो अइसने ठट्ठा करत रहेंव ओ। तैं कहां जावत हस बेटी बता? दुलारी काकी ह आशा ल पूछिस।

-मैं ह बालोद जावत हंव काकी; अउ तैं हा? अइ महूं उहें काम हे ते पाय के जावत हंव।

थोरिक देर बाद कॉलेज पढ़इया चार-पांच झन नोनी मन बस म चढ़ीन। कंडेक्टर ल बोलिस- भैया, हम लोगों को कॉलेज के पास उतार देना। दुलारी काकी के बगल वाला सीट खाली रिहिस, तेन म एक झन नोनी ह बइठिस। दुलारी अउ आशा आगू-पीछू वाले सीट म बइठे रहयं।

-समारू बबा घर के बहू के किस्सा नइ सुनई आवत हे या आशा बनेच दिन होगे। दुलारी बोलिस।

-हव काकी! जब ले मोर आंगनबाड़ी म नौकरी लगे हे तब ले काखरो घर के बारे म ध्यान नइ देवत हंव। आशा बोलिस।

-अइ तोर नौकरी लग गे या! बने झंऊहाङ्झंऊहा बधई हो बेटी। दूधो नहाओ पूतो फलो। दुलारी ह मुस्कावत आशा ल हिरदय के भितरी ले आशीष देवत बोलिस।

-काला दूधो नहाबे काकी? चाहा बर नोहर होगे हे तेन ह। आशा बोलिस- काकी सुन न ओ...।

-काय बेटी? दुलारी बोलिस।

-तहूं ह चारी-चुगली म धियान मत दे कर काकी। बने राम भजन ल करे कर। जिनगी के का ठिकाना, आज नीचे कल ऊपर जाना।

-बने बोलत हस बेटी। अब मोरो मन ह राम भजन म रहिथे। लोटा भर जल ल भोलेनाथ म चघा देथों। जादा एती-तेती नइ जाववं। मोरो कनिहा ह ढील होगे हे न, सियान सामरत मनखे। दुलारी ल थोरिक हाँसी आगे।

**तुमन ह जेन धरती म रहत हो, पढ़त-लिखत हो, अरे! तुमन जेकर कोरा म खेलत हो ओखरे अपमान करत हो। आज के युवा पीढ़ी अभी ले अइसे करही त कइसे हमर छत्तीसगढ़ ह आगू बढ़ही? तुमन नइ बोलना चाहत हो त झन बोलव; फेर अपन महतारी भाखा के अपमान तो झन करव। सुनव बेटी हो हम सब ल गर्व होना चाही कि हमन छत्तीसगढ़िया हरन।**

-अइसे-वइसे... हाथ ल लमा-लमा के दूनों झन दुलारी अउ आशा गोठियात रिहिन। बस म बइठे मनखे मन, कोनों सुन के मजा लेवत राहय, कोनों कंझावत राहयं।

तभेच, -ओहो...! कब आएगा ये कॉलेज? तंग आ गई हूं मैं इन देहाती-गंवार लोगों की बातें सुन-सुन कर। जब से बस में बैठी हूं। इनका मुंह बंद ही नहीं हो रहा है। पता नहीं जिमी कांदा खाके आए हैं, लग रहा है। मुंह बनावत एक झन नोनी तमतमागे।

-अई तैं कोन होथस नोनी हमन ल चुप करइया? गोठियाबोन नहीं का, बिक्कट दिन बाद मिले हन तेन ह? नइ सुनना हे बात ल, कान ल तोप ले। अपन जगा ले उठत दुलारी जोरदरहा आवाज म बोलिस।

-नोनी किहिस-नॉनसेंस!

दुलारी आग बबूला होगे अंग्रेजी ल सुन के। ये नोनी तैं चुप राह, समझे। कोन ल सेंस नइ हे बोलत हस। हमन ह देहाती हरन? हां! हम हरन देहाती, काबर कि हम छत्तीसगढ़िया हरन। आशा घलो दुलारी काकी के साथ दे लगिस।

-आशा बोलिस-काकर पास सेंस नइ हे? हमन ह छत्तीसगढ़ी बोलत हन त, का तोर अंग्रेजी भाखा ल नइ समझबो? हाथ ल लमा-लमा के बोले ल लगगे।

-मैं ह अपन जमाना के पांचवीं पास हंव नोनी। दुलारी बोलिस- कम झन समझ तैं मोला। तैं विदेश म जनमे हस का, बता? सब के सब तमाशा देखे ल लग गे।

एक झन टूरी ह अपन सहेली ल चुप करावत बोलिस- अरे यार तू शांत हो जा। इन डोकरी लोगों के मुंह लगना बेकार है। फेर कहां चुप होही वो टूरी ह। झगरहीन बानी के दिखत रिहिस तेन ह। आजकल के लोग-लइका मन एक कनी अंग्रेजी स्कूल म पढ़ लेथे त अपन आप ल अंग्रेज के रिश्तेदार समझे ल लगथे। अपन बोली भाखा ल बोले म लजाथें। दुलारी बोलिस।

-हव... हव... हम लोगों को आपकी ये देहाती भाषा बिलकुल भी पसंद नहीं है। अंगरी देखावत फट ले जम्मों टूरी मन हुंकारू दे लगिन। धीरे-धीरे बात बनेच बढ़गे अउ बढ़ही काबर नहीं; आखिर अपन छत्तीसगढ़ महतारी के मान-सम्मान के बात हरै।

थोरिक देर बाद आशा बड़ प्रेम ले समझा के बोलिस- देखव बेटी हो...न हमन तुमन ल जानत हन, न तुमन हमन ल। फेर मोर काकी ह गुस्सा वोला देहाती बोले हव, अनपढ़ बोले हव ओखर कारन नइ होइस।

तुमन ह जेन धरती म रहत हो, पढ़त-लिखत हो, अरे! तुमन जेकर कोरा म खेलत हो ओखरे अपमान करत हो। आज के युवा पीढ़ी अभी ले अइसे करही त कइसे हमर छत्तीसगढ़ ह आगू बढ़ही? तुमन नइ बोलना चाहत हो त झन बोलव; फेर अपन महतारी भाखा के अपमान तो झन करव। सुनव बेटी हो हम सब ल गर्व होना चाही कि हमन छत्तीसगढ़िया हरन।

छत्तीसगढ़ महतारी के कोरा म पलत, बढ़त हन। छत्तीसगढ़ हमर सब ले पहली महतारी हरय जेन ह अपन कोरा म जगा दे हे। सबले बड़का बात, तुमन जेन कॉलेज म जाथव अलग-अलग राज के मन घलो पढ़े बर आवत होहीं। का ओमन ह छुट्टी होय के बाद अपन भाखा ल नइ बोलैं? का फोन म अपन महतारी-बाप संग अपन भाखा नइ बोलैं? बेटी हो.. हमन कतका किस्मत वाले हन जेन अपन राज ल महतारी बोलथन।

-दूसर राज ल दूसर देश ल महतारी, बाबू या कका बोलत सुने हव, हे कोनों जवाब? अमेरिका ल तुमन अमेरिका पिता है, बोलत सुने हव, बतावव? बोलत खानी दुलारी के आंखी ह डबडबा गे। अंचरा म आंसू पोंछत चुप होगे।

बस के जम्मों यात्री मन ये शब्द ल सुन के दुलारी अउ आशा बर ताली बजाए लगिन। एक झन दंपत्ति बस म बइठे-बइठे गोठ बात ल सुनत रिहिन तेन म के आदमी बोलिस। वाह काकी! सभी उदाहरण सुना था; फेर अइसन अपन महतारी भाखा बर पहली बार सुन रहा हूं। मैं आप मन ल बताना चाहता हूं कि हमन ल छत्तीसगढ़ी बोलने नहीं आता है, हम लोग गुजरात से छत्तीसगढ़ भ्रमण के लिए आए हैं। फेर थोड़ा-थोड़ा समझ में जरूर आता है। बिटिया हो, तुमन ल काकी की बातों का बुरा न मानते हुए इनकी बातों को जीवन म उतारना चाही। बेचारा गुजराती दंपत्ति टूटे-फूटे भाखा म छत्तीसगढ़ी के कुछ वाक्य बोले के प्रयास करत रिहिन। ये सुन के लइका मन अकबका गे। जइसे सबो झन ल सांप सूंघ गे। गुजराती सियान-सियानीन मन खड़े हो के छत्तीसगढ़ महतारी के जयगान करे लगगें।

ओखर संगे-संग बस म बइठे मनखे मन घलो महतारी भाखा के जय बोले लगिन। आज कल लइका मन जेन, अपन भाखा बोले बर लजाथें, ओमन ल बने सबक मिल गे।

बस ड्राइवर हर, पों...पों... बजावत बोलिस कॉलेज आगे, चलो-चलो। नोनी मन आशा अउ दुलारी ले माफी माँगत पांव पर के बस ले उतर गिन।

**-प्रिया देवांगन 'प्रियू'**
**राजिम - गरियाबंद**

# चौरा मा गोंदा रसिया मोर बारी म पताल रे चौरा मा गोंदा...

हमर छत्तीसगढ़ के जब बात आथे त,इहा के लोक गीत,लोक नृत्य अउ इहां के संस्कृति ह बरबस ही सुरता आ जाथे। जिहां के लोक गीत म ओ गुरतुर मिठास हे जेहा मन म मदरस घोर देथे अउ मात्र एक विधा नही, इहां जतका भी गीत के शैली हे, जइसे के कर्मा, ददरिया, सुआ, पंडवानी, पंथी, भरथरी आदि। ए सबो विधा म मिठास हे जेला सुन के हमर पांव हर अपनेच-अपन थिरकना शुरु कर देथे अउ कहूं हमर पारम्परिक वाद्ययंत्र म सुने बर मिलथे त फेर का कहना। झूल-झूल के नाचना भी हमन शुरु कर देथन। ए हर आए हमर छत्तीसगढ़ी लोक-गीत।

जेमा हमर संस्कृति के पहिचान हे,जेमा हमर राज के पहिचान हे,जेमा हमर लोक जीवन के संदेश हे। जेमा हमर पुरखा के उद्‌गार हे। इही प्रकार से इहां के लोक नृत्य हे जेहर अपन एक अलग पहिचान कराथे। जइसे गीत वइसे नृत्य अउ वइसनहे वेश-भूषा अउ जइसे गीत हावे वइसनहे उंकर नृत्य और वइसनहे उंकर वादन। ए हर आए हमर पारम्परिक गीत-नृत्य।

अइसन दुर्लभ संजोग, अउ अइसे संगीत के सुर-ताल आवाज धुन कि इहां रस के बौछार हो जाथे। जेमा जमो सुनइया मन सुन के मंत्रमुग्ध हो जाथें। हमर छत्तीसगढ़ के लोक-गीत के एक ठन अउ खास बात ए हावय कि इहां किसम-किसम के गायन शैली अउ विधा तो हावय एकर अलावा इहां प्रकृति के हिसाब से गीत नृत्य के सिरजन होय हे अउ फेर काबर नई होही? हमर सम्यक जीवन हर तो प्रकृति से ही संचालित हे। जेकर प्रभाव हर हमर लोक-जीवन म फरी-फरी झलक जाथे।

अउ जब गीत,नृत्य के बात आथे त हमर छत्तीसगढ़ के महान लोक गायक लक्ष्मन मस्तूरिया,कविता वासनिक,रजनी रजक,अलका चंद्राकर,ममता चंद्राकर ल भला कईसे भूल सकत हन जेमन के गीत म फूल के सुघराई,अउ मधुर महक,जंगल के हरियाली,नदिया-नरवा के कलकल सुरताल,खेती- किसानी बखरी-बारी के पावन माटी,अउ गरीब- कमइया-किसान के अमृत पसीना हावय।

इही सब गीत म उजागर होथे जब-जब प्रकृति म किसम-किसम के फुल हर फूलथे।चाहे ओहर मोंगरा हो,कचनार हो,गोंदा हो लाली गुलाली हो या फेर आमा के मउर अउ परसा के फूल। कातिक, अघहन अउ पूस के महीना जब आथे त इही फूल म एक ठन फूल दिखथे जेला गोंदा फूल कहे जाथे। जेकर सुघराई हर गांव-गली-खोर, मुहल्ला,बखरी-बारी,घर-अंगना, द्वार म झमाझम पिंयर-पिंयर फूल म माच जाथे अउ इही फूल से प्रभावित हो के हमर लोक गायक मन म मया-प्रीत के भाव हर भर जाथे अउ एक ले बढ़ के एक गीत के रचना कर डारथें अउ फेर बरबस ही मस्तुरिया जी हर गा उठथे जेकर गाय से गोंदा फूल के बगिया हर पांच परगट हो जाथे।

चौंरा मा गोंदा,चौंरा मा गोंदा रसिया
मोर बारी म पताल रे चौंरा मा गोंदा
लाली गुलाली रंग छिंचत अइबे
राजा मोर छिंचत अइबे
लाली गुलाली रंग छिंचत अइबे
राजा मोर छिंचत अइबे
छिंचत अइबे रसिया
मैं रइथव छेंव पारा म पूछत अइबे
पूछत अइबे रसिया
मैं रइथव छेंव पारा म पूछत अइबे
चौंरा मा गोंदा...।

इही प्रकार के एक गीत सुने बर मिलिस जेहर अब्बड़ प्रसिद्ध होईस जेमा सास-बहू के सुंदर उलाहना,शिकायत,अउ देवर,पति के मधुर प्रेम हे। जेला महान गीतकार प्रसून जोशी हर लिखिस अउ रेखा भारद्वाज हर ए प्रकार से गाइस-

सास गारी देवे, देवरजी संझा लेवे
ससुराल गेंदा फूल...
सैयां छेड़ देवे, ननद चुटकी लेवे
ससुराल गेंदा फूल...
सास गारी देवे, देवर जी संझा लेवे
ससुराल गेंदा फूल...
छोड़ा बाबुल का अंगना,भावे डेरा पिया का हो...०

इही प्रकार से हमर लोक गायक गोरे लाल बर्मन हर ए सुन्दर सिंगार गीत गाके मन के अथाह प्रीत ल अपन भाव म अइसे साकार करिस-

नई रह सकंव ओ तोर बिन
मयारूक गोंदा फूल,
झिन जाबे मोला तयं छोंड के।।

इही प्रकार से एक ठन गीत म सुने ल मिलथे जेमा नायक हर नायिका के सुघराई ल देख के भा जाथे-

ए ओ गोंदा फूल
मोर मन ल संगी तय भा गय न
हाय ओ गोंदा फूल।।

ए प्रकार से हमर लोक गीतकार,गायक-गायिका कवि साहित्यकार मन गोंदा फूल के सुघराई ल देख के किसम-किसम के गीत लिखिन अउ गाईन भी। जेमा उन्मुक्त मया-प्रीत,जीवन के आनंद, उत्साह देखे ल मिलथे। जिहां हमर छत्तीसगढ़ के लोक-रंग, लोक-गाथा, लोक-गीत, लोक-संस्कृति, इहां के बोली भाखा हर गोंदा फूल म उजागर होथे। एला देख के बरबस ही मोर मन ह बोल पारथे-

चाउर गोंदा छतनारी हावय
चक-चक ले मन ल भावय
तन मन म प्रीत-राग जगावय
गोरी के सुरता हर आ जावय।
पिंवर केसरिया रंग गोंदा के
जइसे हरदी चन्दन ल चढ़ाए
नावा दुल्हनिया जइसे लागय
सुग्घर सोला-सिंगारी सजाए।

**-अशोक पटेल 'आशु',**
**तुस्मा, शिवरीनारायण**

# देश विदेश

## ईरान परमाणु कार्यक्रम पर पश्चिमी देशों के साथ बातचीत करने को तैयार

**तेहरान,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अगर पश्चिमी देश किसी नए समझौते पर पहुंचते हैं तो ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर पश्चिमी देशों के साथ तुरंत रचनात्मक बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। इससे पहले ईरान के उप विदेश मंत्री काज़म ग़रीबाबादी ने कहा कि परमाणु समझौते के समापन के मुद्दे पर ईरान और यूरोप के बीच परामर्श का एक नया दौर 13 जनवरी को होगा। इरना ने चीन के सीसीटीवी के साथ एक साक्षात्कार में श्री अराघची के हवाले से कहा कि हम अभी भी अपने परमाणु कार्यक्रम के संबंध में बिना देरी किए रचनात्मक बातचीत करने के लिए तैयार हैं। बातचीत का उद्देश्य एक समझौते पर पहुंचना है।

# इजरायल ने गाजा को फिर बनाया निशाना, 24 की मौत

**गाजा,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। इजरायल ने एक बार फिर गाजा को निशाना बनाया है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने गाजा पट्टी पर हमले किए, जिसमें 24 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इसके साथ ही इजरायली सेना ने चेतावनी दी कि वह उत्तरी गाजा में एक अस्पताल पर बमबारी करेगी। गाजा के नागरिक सुरक्षा ने एक बयान में कहा कि गाजा शहर के पूर्व में स्थित अल-सैयद अली इलाके में शुक्रवार को हवाई हमले किए गए, जिसमें चार बच्चों और एक महिला सहित सात लोगों की मौत हो गई।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, इससे पहले गाजा शहर के पश्चिम में



■ इजरायली सेना ने दी उत्तरी गाजा में एक अस्पताल पर बमबारी करने की चेतावनी

अल-शिफा अस्पताल के एंट्री गेट के पास हुए हवाई हमले में पांच लोगों की मौत हो गई और कुछ घायल हो गए थे।

इस बीच, अल-अहली अरब अस्पताल ने पुष्टि की कि उसे गाजा शहर के पश्चिम में अल-नस्र स्ट्रीट पर हवाई हमले में मारे गए पांच लोगों के शव मिले हैं। पैरामेडिक्स ने बताया कि अल-जैतून और अल-सबरा इलाकों में हवाई हमलों के बाद मेडिकल टीमों ने तीन बच्चों सहित पांच और शव बरामद किए। इसके अलावा मध्य गाजा में दो लोगों की मौत उस समय हुई, जब एक इजरायली हमले ने अल-जावीदा शहर में एक नागरिक कार को निशाना बनाया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि शवों को डेर अल-बलाह के अल-अक्सा अस्पताल ले जाया गया।

इस बीच, उत्तरी गाजा में अल-अवदा अस्पताल ने कहा कि उसे इजरायली सेना से तुरंत खाली करने या बमबारी का सामना करने की चेतावनी मिली है। अस्पताल ने अपने परिसर के आसपास गोलाबारी की भी सूचना दी है। हालांकि, इजरायली सेना ने इन घटनाओं पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। लेकिन, उसने शुक्रवार को कहा कि इजरायली वायु सेना ने कमांड सेंटर और नियंत्रण सुविधाओं सहित 40 से अधिक हमास के ठिकानों पर हमला किया था।

दरअसल, ये हमले 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के घातक हमले के बाद गाजा में इजरायल की ओर से चलाए गए सैन्य अभियान का हिस्सा हैं।

## गाजा में जंग थमने की जगी उम्मीद

**गाजा।** गाजा पट्टी में पूर्ण युद्धविराम हासिल करने के मकसद से कतर की राजधानी दोहा में इजरायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता फिर से शुरू हो गई है। फिलिस्तीनी ग्रुप ने आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि की है। हमास ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि कतर की राजधानी दोहा में अप्रत्यक्ष वार्ता फिर से शुरू हो रही है। हम एक ऐसे समझौते की दिशा में काम करना जारी रखेंगे जो हमारे लोगों की आकांक्षाओं और लक्ष्यों को पूरा करेगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया कि वार्ता के नवीनतम दौर में व्यापक और स्थायी युद्धविराम हासिल करने, गाजा से इजरायली सेना की वापसी और विस्थापित फिलिस्तीनियों की उनके घरों में सुरक्षित और जल्द वापसी पर हमारा ध्यान केंद्रित रहेगा। इससे पहले इजरायल ने गुरुवार को कहा कि उसने युद्धविराम वार्ता के लिए दोहा में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में पुष्टि की थी कि मोसाद, शिन बेट और आईडीएफ (इजरायल रक्षा बल) के पेशेवर अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल वार्ता जारी रखने के लिए दोहा की यात्रा करेगा। इस सप्ताह की शुरुआत में, इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने दावा किया था कि हमास ने एक हफ्ते के युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा है।



■ दोहा में इजरायल व हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता फिर से शुरू

## इजरायल को 8 अरब डॉलर के हथियार बेचने की योजना



**वाशिंगटन।** जो बाइडेन प्रशासन इजरायल के लिए 8 अरब डॉलर के हथियार सौदे का प्रस्ताव रखा है। इसमें हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और 500 पाउंड (226.79 किलो) के भारी बम शामिल हैं। बाइडेन प्रशासन ने अनौपचारिक रूप से अमेरिकी कांग्रेस को इजरायल के साथ प्रस्तावित 8 बिलियन डॉलर के हथियार डील की सूचना दी है। द टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक एक्सियोस ने दो स्रोतों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। इस डील में लड़ाकू जेट और हमलावर हेलीकॉप्टरों के लिए गोला-बारूद के साथ-साथ तोपखाने के गोले भी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक डील का कुछ हिस्सा मौजूदा अमेरिकी स्टॉक से पूरा किया जा सकता है, लेकिन ज्यादातर को पूरा होने में एक साल या उससे ज्यादा का समय लगेगा। यह संभवत: बाइडेन प्रशासन की ओर से इजरायल के लिए स्वीकृत होने वाली आखिरी हथियार-डील होगी।इस सौदे के लिए प्रतिनिधि सभा और सीनेट समितियों की मंजूरी जरूरी है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 5 जनवरी, 2025 पौष शुक्ल पक्ष 6

### राशिफल

मेष - आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक रूप से यश और कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यापार में स्थिति अनुकूल रहेगी। आपके काम की उचित प्रशंसा होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काम भी सरलता से संपन्न होंगे। आर्थिक लाभ होगा।

मिथुन - विरोधियों और अधिकारियों के साथ आज किसी भी तरह से वाद-विवाद में ना पड़ें। आनंद- प्रमोद से सम्बंधित वस्तुओं को खरीदने में अधिक खर्च हो सकता है। व्यापार के क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्क - आज नेगेटिव विचार आपको घेरे रखेंगे। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार होने से शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको सताएगी। दोपहर के बाद विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

सिंह - स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न और आनंदित रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने- फिरने की योजना बनाएंगे और आनंददायी प्रवास भी कर पाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगी।

कन्या - आप के स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी। काम की सफलता से मानसिक रूप से आप प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में भी वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

तुला - लेखनकार्य और साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। किसी चर्चा में भाग ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपने टैलेंट की बदौलत कुछ अच्छा काम कर पाएंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज किसी बात को लेकर जिद्दी ना बने रहें। अपने इमोशन पर नियंत्रण रखें। वित्तीय मामलों में लाभ की आशा रख सकते हैं। वस्त्र-आभूषण एवं सौंदर्य प्रसाधनों के मामले में खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

धनु - आज मन की कोई चिंता दूर होने से आप काफी हलकापन महसूस करेंगे। परिजनों के साथ किसी खास पारिवारिक चर्चा में भाग ले सकते हैं। मित्रों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी और विरोधी के समक्ष विजय होगी।

मकर - आज धार्मिक विचारों के साथ-साथ धार्मिक कामों पर धन खर्च होगा। अधिक वाद-विवाद से परिवार का वातावरण सौहार्दपूर्ण नहीं रहेगा। ऑफिस में काम में मन नहीं लगेगा। दोपहर के बाद आप का मन चिंता से मुक्त रहेगा।

कुंभ - आज सांसारिक विषयों की बजाए आध्यात्मिक विषयों की तरफ आप का झुकाव अधिक रहेगा।किसी नेगेटिव भावनाओं को महत्व न देकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का प्रयत्न करें।

मीन - धन के लेन-देन, उगाही या निवेश करते समय आज सावधानी रखें। किसी के भी काम में जल्दबाज़ी करने से विघ्न आ सकता है। कोर्ट कचहरी की बातों में संभलकर चलने की सलाह आपको दी जाती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

### आज का इतिहास

1592-भारत का मुग़ल बादशाह शाहजहाँ का जन्म।
1659-खाजवाह की लड़ाई में औरंगज़ेब ने शाह शुजा को हराया।
1671-छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुग़लों से सल्हर क्षेत्र को अपने कब्जे में किया।
1890-अपने समय के जानेमाने अधिवक्ता ज्ञानेन्द्र मोहन टैगोर का निधन।
1893-भारतीय धर्मगुरु परमहंस योगानन्द का जन्म।
1900-आयरलैंड के राष्ट्रवादी नेता जॉन एडवर्ड रेडमोंड ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया।
1941-प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी मंसूर अली ख़ान पटौदी का जन्म।
1955-पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का जन्म।
1957-केंद्रीय ब्रिकी कर अधिनियम प्रभाव में आया।
1970-चीन के यून्नान प्रांत में रिक्टर पैमाने पर 7.7 तीव्रता वाले भूकंप से 15000 लोगों की मौत।
1982-हिन्दी फ़िल्म संगीतकार, गायक और निर्माता-निर्देशक सी. रामचन्द्र का निधन।
1986-भारतीय मॉडल और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का जन्म।
1990-भारतीय फ़िल्म निर्देशक तथा निर्माता रमेश बहल का निधन।
1993-क़रीब 85,000 टन कच्चा तेल ले जा रहा एक तेल टैंकर शेटलैंड द्वीप के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।
1994-भारतीय महिला निशानेबाज़ अंजुम मौदगिल का जन्म।
1999-विक्टर जॉय वे पेरू के प्रधानमंत्री मनोनीत किये गए। आस्ट्रेलिया के कप्तान मार्क टेलर द्वारा 157 कैच पकड़कर विश्व रिकार्ड की स्थापना।
2002-दक्षेस शिखर सम्मेलन काठमाण्डू में शुरू, उद्घाटन सत्र में पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने भारत के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाया पर भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा- 'भरोसे के लायक़ नहीं।'

## अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में पहली बार 6 भारतीय मूल के नेताओं ने ली शपथ

**वाशिंगटन,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय अमेरिकियों के लिए शुक्रवार का दिन खास रहा। समुदाय के 6 नेताओं ने प्रतिनिधि सभा के सदस्यों के रूप में शपथ ली। कांग्रेस के निचले सदन के लिए यह भारतीय अमेरिकियों का अब तक सबसे बड़ा शपथ ग्रहण था। शपथ लेने वालों में कांग्रेस सदस्य डॉ. अमी बेरा सबसे वरिष्ठ हैं। उन्होंने कैलिफोर्निया के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के प्रतिनिधि के रूप में लगातार सातवीं बार शपथ ली। बेरा ने सदन के पटल से सभी छह भारतीय अमेरिकी कांग्रेसियों की एक तस्वीर भी पोस्ट की।

वर्जीनिया के 10वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले सुभाष सुब्रमण्यन प्रतिनिधि सभा के सदस्य बनने वाले सबसे



■ शपथ लेने वालों में कांग्रेस सदस्य डॉ. अमी बेरा सबसे वरिष्ठ

नए भारतीय अमेरिकी हैं। उन्होंने इस अवसर पर अपने परिवार और हाउस स्पीकर माइक जॉनसन के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। सभी छह भारतीय अमेरिकी सांसद डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं और उन्होंने सदन के स्पीकर पद के लिए चुनाव में सदन के अल्पसंख्यक नेता हकीम जेफ्रीज को वोट दिया। हालांकि रिपब्लिकन माइक जॉनसन को सदन का अध्यक्ष चुना गया।

## इक्वाडोर ने की सात प्रांतों में आपातकाल की घोषणा

**क्विटो,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। इक्वाडोर के राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ ने बढ़ती आंतरिक अशांति और सशस्त्र संघर्ष के बीच शुक्रवार को सात प्रांतों तथा तीन नगर पालिकाओं में 60 दिनों के आपातकाल की घोषणा की।



प्रभावित प्रांतों में गुआयास, लॉस रियोस, मनाबी, सांता एलेना, एल ओरो, ओरेलाना, सुकुम्बियोस के साथ-साथ क्विटो, ला ट्रोनकल और कैमिलो पोंस एनरिकेज़ के मेट्रोपॉलिटन जिले शामिल हैं। नोबोआ ने बढ़ती अपराध दर और संगठित सशस्त्र समूहों की बढ़ती मौजूदगी को आपातकाल के मुख्य कारणों के रूप में उद्धृत किया, जिसका उद्देश्य हिंसा को रोकना और सार्वजनिक व्यवस्था को बहाल करने के लिए तैनात सैन्य तथा पुलिस बलों का समर्थन करना है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की हत्या...**

तकनीकी साक्ष्य एवं पूछताछ के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अलग-अलग जगहों पर खोजबीन की गई

3 जनवरी को मुकेश चंद्राकर के सकुशल पतासाजी के हरसंभव प्रयास किये गये, अनहोनी के आशंका को भापते हुऐ सुरेश चंद्राकर के बाड़ा में बैडमिंटन कोर्ट में नये फ्लोरिंग हुए सेप्टीक टैंक को देखकर हालात से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुऐ दोपहर लगभग 2.30 बजे तहसीलदार एवं एफएसएल टीम की मौजुदगी में नये फ्लोरिंग स्थान को जेसीबी की मदद से तोड़कर पुराने संरचना में से टैंक के ढक्कन को खोला गया।

सेप्टीक टेंक का ढक्कन खोलने पर टेंक से 1 पुरूष का शव दिखा जिसके हाथ में बने टेटू से शव का शिनाख्त गुम इंसान पत्रकार मुकेश चन्द्राकर के रूप में हुई।

फॉरेंसिक टीम द्वारा शव पंचनाम के दौरान प्रथम दृष्टया से पाया गया मृतक की सिर, पीठ, पेट एवं सीने में कठोर एवं ठोस हथियार से वार कर किया गया था । शव पंचनामा के पश्चात 4 जनवरी को पोस्टमार्टम कार्यवाही की गई ।

प्रकरण में थाना बीजापुर में अपराध क्रमांक 01/2025, बीएनएस की धारा 103, 238, 61, 3(5) के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

इस दौरान 3 जनवरी को घटना के संदेही को पकड़ने हेतु गठित एक टीम को रायपुर के लिए भेजा गया। घटना के संदेही रितेश चंद्राकर को रायपुर एयरपोर्ट से पकड़ा गया एवं घटना के अन्य संदेही महेन्द्र रामटेके (सुपरवाईजर) एवं दिनेश चंद्राकर को बीजापुर से पकड़ा गया।

घटना के आरोपी रितेश चन्द्रकार, महेन्द्र रामटेके (सुपरवाईजर) एवं दिनेश चंद्राकर से पूछताछ की जा रही है एवं घटना में प्रयुक्त आलाजरब की बरामदगी की कार्यवाही की जा रही है।

घटना के आरोपी ठेकेदार सुरेश चंद्राकर को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीम बनाकर घेराबंदी की जा रही है ।

अभी तक की पूछताछ और जांच में यह बातें खुलकर आई है कि पत्रकार स्व. मुकेश चंद्राकर और रितेश चंद्राकर रिश्ते में भाई लगते थे तथा पारिवारिक एवं सामाजिक विषयों को लेकर आपस में बातचीत होते रहती थी। घटना 1 जनवरी की रात को लगभग 8 बजे मृतक स्व. मुकेश चंद्राकर एवं आरोपी रितेश चंद्राकर के बीच मोबाईल पर बातचीत हुई । तत्पश्चात मृतक स्व. मुकेश चन्द्रकार एवं आरोपी रितेश चंद्राकर बीजापुर की चट्टान पारा स्थित ठेकेदार सुरेश चन्द्रकार के बाड़े में पहुंचे तथा रात्रि भोजन करने लगे । इसी दौरान आरोपी रितेश चंद्राकर द्वारा मृतक स्व. मुकेश चन्द्रकार से पारिवारिक सबंध होने के बावजूद हमारे कामधाम में सहयोग की बजाय बाधा डालने की बात को लेकर बहस हुई । इस दौरान आरोपी रितेश चंद्राकर द्वारा सुनियोजित तरीके से बाड़े में उपस्थित उनके सुपरवाईजर महेन्द्र रामटेके के साथ मिलकर मुकेश चंद्राकर के सिर, छाती, पेट एवं पीठ पर लोहे के रॉड से वार किया । दोनो आरोपियों के द्वारा किये गये हमले से मुकेश चन्द्रकार की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । मृत्यु के पश्चात उसके शव को ठीकाने लगाने के उद्देश्य से शरीर को पास के सेप्टीक टेंक में डाल दिया एवं उसे स्लेब के ढक्कन से बंद कर दिया ।

तत्पश्चात आरोपी रितेश चंद्राकर द्वारा अपने बड़े भाई दिनेश चंद्राकर जो जगदलपुर में अपने बड़े भाई सुरेश चंद्राकर एवं अन्य परिजनों के साथ मौजुद थे, उनसे संपर्क कर घटना के बारे में जानकारी देकर बोदली की ओर रवाना हुए । इस दौरान दिनेश चंद्राकर द्वारा तुरंत जगदलपुर से निकलकर बोदली पहुंचे । रितेश चंद्राकर, महेन्द्र रामटेके एवं दिनेश चंद्राकर की मुलाकात बोदली में हुई तथा घटना के सबंधित साक्ष्यों को मिटाने हेतु साजिश रचा गया ।

आरोपी रितेश चंद्राकर, महेन्द्र रामटेके एवं दिनेश चन्द्राकर द्वारा प्रयुक्त हथियार एवं मृतक के मोबाईल को ठीकाने लगाने के लिए अलग-अलग जगह गये । उसके बाद रितेश चन्दाकर द्वारा अपने बड़े भाई दिनेश चंद्राकर को सेप्टीक टेंक को प्लास्टर करने हेतु बताकर अपने बड़े भाई ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के वाहन से रायपुर के लिए रवाना हो गया । तत्पश्चात रितेश चंद्राकर द्वारा 2 जनवरी के शाम को रायपुर से नई दिल्ली के लिए चले गये ।

2 जनवरी के सुबह दिनेश चन्दाकर द्वारा चट्टान पारा स्थित सुरेश चन्द्राकर के बाड़े में स्थित घटनास्थल में सेप्टीक टेंक (जहां पर मृतक मुकेश चन्द्रकार के शव को हत्या के पश्चात छुपाया गया) की सिमेंट फ्लोरिंग नये सिरे से की । प्रकरण में अब तक कुल तीन आरेपी 1. रितेश चन्द्रकार, 2. दिनेश चन्द्रकार एवं 3. महेन्द्र रामटेके को पुलिस द्वारा गिरफ्तार की जाकर अग्रिम पूछताछ की जा रही है ।

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, द्वारा पत्रकार साथी स्व. मुकेश चन्द्रकार के हत्या के प्रकरण में जिला बीजापुर के कोतवाली थाना में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 01/2025 की अग्रिम विवेचना हेतु मयंक गुर्जर, अति पुलिस अधीक्षक, बीजापुर के नेतृत्व में गठित की गई 11 सदस्यीय एसआईटी टीम को सौंपा गया है ।

प्रकरण के फरार आरोपी ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर की गिरफ्तारी हेतु पृथक-पृथक से 4 पुलिस टीम उनकी संभावित इलाके पर घेराबंदी की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, जगदलपुर सुंदरराज पी द्वारा बताया गया कि- पत्रकार स्व. मुकेश चन्द्राकर की हत्या के प्रकरण में शामिल किसी भी आरोपी बख्शा नही जायेगा । जांच हेतु गठित एसआईटी टीम द्वारा साईटिफिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर विवेचना कर जल्द से जल्द न्यायालय में अभियोजन हेतु चार्ज रिपोर्ट प्रस्तुत की जावेगी ।

**एसआईटी टीम 3 से 4 हफ्तों में ...**

जक्शन देखता था। मुकेश बहुत अंदर जाकर खबर लाते थे, उनसे अक्सर चर्चा होती थी।नक्सली क्या चाहते है, कैसे मुख्य धारा से जोड़ा जाए। इसको लेकर अक्सर बात होती थी।

उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता सुरेश चंद्राकर के रिश्तेदार को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में सुरेश चंद्राकर मुख्य सरगना है। इसमें तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एस आई टी की घोषणा हो चुकी है और जांच की जा रही है। आरोपियों के अकाउंट को सील किया जा रहा है।साथ ही तीन खातों को होल्ड भी कर लिया गया है।तीन से चार सप्ताह में पूरी कार्रवाई पूरी हो जाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने मृतक पत्रकार के परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस संबंध में चर्चा हो गई है।मृतक पत्रकार मुकेश चंद्राकर के परिवार को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया गया है।

उन्होंने कहा कि सुरेश चंद्राकर कांग्रेस का पदाधिकारी है।कांग्रेस ने उसे जिले का प्रभारी बनाया है। कांग्रेस के नेता लगातार इन सारी बातों में संलिप्त नजर आते हैं। कांग्रेस ने ठान लिया है, कुछ भी कर के ये साबित करना है कि विष्णुदेव की सरकार में ज़्यादा क्राइम हो रहा है।

**पत्रकार के दोषियों को ...**

कहा कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के निर्देश दिए गए हैं। हमारी सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाएगी और पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पत्रकारों की स्वतंत्रता और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है।

**केजरीवाल के खिलाफ...**

बाग (एससी) से दुष्यंत कुमार गौतम, पटेल नगर (एससी) से राजेंद्र कुमार आनंद और राजौरी गार्डन से सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा के नाम हैं। इसके अलावा जनकपुरी विधानसभा सीट से आशीष सूद, बिजवासन से कैलाश गहलोत, नई दिल्ली से प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, जंगपुरा से सरदार तरविंदर सिंह मारवाह, मालवीय नगर से सतीश उपाध्याय, आरके पुरम से अनिल शर्मा, महरौली से गजेंद्र यादव, छतरपुर से करतार सिंह तंवर, अंबेडकर नगर (एससी) से खुशीराम चुनार, कालकाजी से रमेश बिधूड़ी, बदरपुर से नारायण दत्त शर्मा, पटपड़गंज से रविंद्र सिंह नेगी, विश्वास नगर से ओम प्रकाश शर्मा, कृष्णा नगर से अनिल गोयल, गांधीनगर से सरदार अरविंद सिंह लवली, सीमापुरी (एससी) से कुमारी रिंकू, रोहतास नगर से जितेंदर महाजन और गोहाना से अजय महावर को उम्मीदवार बनाया गया है।

इसरो को अंतरिक्ष में ...पीएसएलवी-सी60 को नए साल की पूर्व संध्या पर दो स्पैडेक्स उपग्रहों चार्जर और टारगेट के साथ लॉन्च किया गया था, दोनों का वजन 220 किलोग्राम था, जिसका उद्देश्य अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करना था।

**अंतरिक्ष कार्यक्रम को और उन्नत बनाने में मदद करेगा**

इसरो ने कहा कि दोनों उपग्रहों की डॉकिंग सात जनवरी की सुबह होगी। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष में जीवन अंकुरित होता है! पीएसएलवी-सी60, पीओईएम-4 पर वीएसएससी के क्रॉप्स (कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज) प्रयोग ने चार दिनों में लोबिया के बीजों को सफलतापूर्वक अंकुरित किया। इन उपलब्धियों से इसरो की अंतरिक्ष विज्ञान में तकनीकी क्षमता का एक और उदाहरण सामने आया है, जो भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को और अधिक उन्नत बनाने में मदद करेगा।

### सुडोकू 6786


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | | 8 | 1 | 5 |
| | | | 5 | | | | | |
| 1 | | 4 | 6 | | | | | 2 |
| | 1 | 2 | | | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | | 3 |
| 8 | | | | | | 1 | 4 | |
| 2 | | | | | 4 | 5 | | 8 |
| | | | | | 3 | | | |
| 5 | 8 | 1 | | | | 3 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### वर्ग पहेली 6786



**बायें से दायें:-**

१.दिखाई देता हुआ
४. बहुत ही मशहूर
६. पैदायशी अंधा
७. जोड़ा, जो दो की संख्या में हो
८. नीरस, फीका, बेमजा
१०. बंधन कड़ा करना, कसकर बांधना
११. कर या शुल्क का अतिरिक्त भार जो विशेष परिस्थितियों में किसी पर डाला जाए
१३. निदा, जुगुप्सा
१४. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
१५. जिस पर असर पड़ा हो
१७. (के) स्थान पर, बदले में (उर्दू)
१९. इम्तहान, गुण-दोष योग्यता आदि जानने के लिए किया गया काम
२१. मिलाने वाला, जोड़ने वाला
२२. राहगीरों को लूटने का काम (उर्दू)
२४. अदालत

**ऊपर से नीचे:-**

१. शिव, धृतराष्ट्र का एक पुत्र, दृढ़ता पूर्वक अस्त्र चलाने वाला
२. श्रीकृष्ण
३. चंद्रमा
४. गोश या खराबी का दूर होना
५. सैनिक
९. जिसे नृत्य करना पसंद हो, मोर
११. हैरानी, अचरज
१२. विभक्त, भाग किया हुआ
१३. साहित्य सम्मान (उर्दू)
१४. दस से बारह वर्ष की कन्या कुंआरी कन्या, दुर्गा
१५. प्रतिद्वंद्वी, शत्रु, विरोधी
१६. वह विषाक्त कन्या जिसके संसर्ग करने से मृत्यु हो जाती है
१८. उचित, ठीक (उर्दू)
१९. प्रारंभ, शुरुआत
२०. जड़ी-बूटी या खनिजों का रासायनिक विधि से बनाया गया नमक
२३. जो ऊपर न हो,अधो

### वर्ग पहेली-6785

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | न | मा | न | स | | प | द | चि | न्ह |
| ड़ | | त | | म | र्या | दा | | ना | |
| म | द्धि | म | | य | | र्प | | ब | हु |
| ति | | | | पा | षा | ण | | | न |
| | बु | ल | बु | ल | | | इं | का | र |
| | ला | | लं | | हा | द | सा | | मं |
| क | वा | य | द | | ज | | न | क | द |
| र्ज | | म | | व | त | न | | च्छ | |
| दा | न | व | | णि | | व | नो | प | ज |
| र | | रा | म | ज | न | नी | | | ल्द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### दुनिया को जानें

## अगले 5 वर्षों में कैंसर दवाओं में होगा सबसे बड़ा इनोवेशन

**नई दिल्ली,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया कि इम्यूनो-ऑन्कोलॉजी (आईओ) दवाएं, यानी कैंसर की इम्यून चिकित्सा, अगले पांच वर्षों में चिकित्सा क्षेत्र में सबसे बड़ा इनोवेशन बन सकती हैं। यह रिपोर्ट ग्लोबलडाटा द्वारा जारी की गई है, जो 128 फार्मा उद्योग के पेशेवरों के सर्वे पर आधारित है। रिपोर्ट के अनुसार, इम्यूनोथेरेपी के क्षेत्र में प्रगति कैंसर के इलाज के तरीकों को पूरी तरह बदलने वाली है। इसमें चेकपॉइंट इनहिबिटर, सीएआर-टी सेल थेरेपी और कैंसर वैक्सीन जैसी नई तकनीकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

ग्लोबलडाटा के हेल्थकेयर डिवीजन के वरिष्ठ निदेशक उर्टे जैकीमाविसियुटे ने कहा कि यह उपचार 'अधिक प्रभावी और व्यक्तिगत' होंगे। वह मानते हैं कि कैंसर के इलाज में अधिक प्रभावी दवाओं की आवश्यकता है और इम्यूनो-ऑन्कोलॉजी इसमें मदद करेगा। जैकीमाविसियुटे के अनुसार, यह क्षेत्र लगातार आगे बढ़ेगा क्योंकि कई प्रकार के कैंसर में अभी भी प्रभावी उपचारों की कमी है। इसके अलावा, मोटापा-रोधी दवाएं भी एक प्रमुख नवाचार क्षेत्र मानी गई हैं।

# खेल जगत

## आसान नहीं है सिडनी की पिच, मैच पूरी तरह खुला है : प्रसिद्ध कृष्णा

**सिडनी।** भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का मानना है कि सिडनी की असामान्य उछाल वाली पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है और मैच अभी पूरी तरह खुला हुआ है। गौरतलब है कि गावस्कर बार्डर ट्राफी की मौजूदा सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में भारत ने शनिवार को मेजबान टीम के खिलाफ न सिर्फ पहली पारी में चार रन की बढ़त हासिल की बल्कि दूसरी पारी में रिषभ पंत (61) की धुआंधार पारी की मदद से अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 141 रन बना लिये। इस तरह भारत की कुल बढ़त अब 145 रन की हो चुकी है मगर रनो के लिहाज से अभी भी भारत को काफी बल्लेबाजी करनी होगी। इसके बावजूद प्रसिद्ध कृष्णा भारत की अब तक मिली बढ़त को चुनौतीपूर्ण मानते है। दिन के खेल की समाप्ति के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होने कहा कि सिडनी में पिच से मिल रही असामान्य उछाल में बल्लेबाजी करना चुनौती भरा है।



# पंत की अर्द्धशतक तूफानी पारी सिडनी टेस्ट रोमांचक मोड़ पर

■ भारत की कुल बढ़त 145 रन, दूसरी पारी में चार विकेट बाकी
■ भारत के लिए पीठ की जकड़न से कप्तान बुमराह का फिट होना जरूरी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। जसप्रीत बुमराह के पीठ में जकड़न के चलते लंच के बाद एक ओवर फेंक मैदान से बाहर जाने के बावजूद तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और नीतिश रेड्डी की त्रिमूर्ति के गेंदबाजी इकाई के रूप शानदार धारदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 181 रन पर समेट महज चार रन की बढ़त लेने के बाद ऋषभ पंत के भारत के लिए मात्र 29 गेंद में टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे तेज अर्द्धशतक से दूसरी पारी में छह विकेट पर 141 रन बना भारत ने अपनी कुल बढ़त 145 रन कर सिडनी में बार्डर गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें व आखिरी क्रिकेट को शनिवार को दूसरे दिन खासा रोमांचक बना दिया। तब रवींद्र जडेजा 39 गेंद खेल एक चौके की मदद से आठ और वाशिंगटन सुंदर 17 गेंद खेल कर छह रन बना क्रीज पर थे। ऋषभ पंत ने पांचवें बल्लेबाज के रूप में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर विकेटकीपर कैरी को कैच थमाने से पहले तूफानी अंदाज में 33 गेद खेल,चार छक्कों, छह चौकों की मदद से 61 रन बनाए। ऋषभ पंत की उनके आक्रामक तेवरों के लिए संजय मांजरेकर और सुनील गावसकर जैसे भारत के पूर्व टेस्ट क्रिकेट भले आलोचना करें लेकिन एक बार फिर दिखाया उनका आक्रमण ही उनका रक्षण है और वह जवाबी हमला बोल अपने दम टेस्ट में मैच का रुख बदलने का दम रखते हैं। भारत के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह खुद पांचवें टेस्ट ये बाहर हुए हैं और वह अभी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं ले रहे हैं। भारत के लिए अपने कप्तान जसप्रीत बुमराह की फिटनेस इस टेस्ट में निर्णायक साबित हो सकती है। भारत के दूसरी पारी में चार विकेट बाकी हैं और सिडनी की तेज गेंदबाजों की मुफीद पिच पर भारत ने यदि अपनी कुल बढ़त 200 कर ली थी तो फिर ऑस्ट्रेलिया के लिए इसे दूसरी पारी में हासिल करना खासा मुश्किल हो सकता है बशर्ते बुमराह गेंदबाजी के लिए फिट हों।

दूसरे दिन ऑस्ट्रलिया के पहली पारी में नौ भारत के दूसरी पारी में छह विकेट सहित कुल 15 विकेट गिरे। भारत की दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने अब तक 42 रन देकर चार विकेट चटकाए हैं। कप्तान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के सुबह मरनस लबुशेन (2) को विकेटकीपर के ऋषभ पंत के हाथों कैच करा उसका स्कोर दो विकेट पर 15 कर दिया । बुमराह के पीठ में जकड़न के चलते लंच के एक ओवर बाद मैदान से हटने के बाद भारत के तेज गेदबाजों ने मोहम्मद सिराज (3/51), प्रसिद्ध कृष्णा (3/42) और नीतिश रेड्डी (2/32) ने गेंदबाजी इकाई के रूप में धारदार गेंदबाजी कर ऑस्ट्रेलियाकी पहली पारी चायकाल के समय 51 ओवर में 181 रन पर समेट कर अपनी टीम को अपनी टीम को पहली पारी में चार रन की बढ़त दिलाई। ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने टेस्ट करियर का आगाज करने बियू वेबस्टर (57 रन, 105 , 5 चौके) ने नौवें बल्लेबाज के रूप में प्रसिद्ध कृष्णा की उम्मीद से ज्यादा उछली गेंद को आधे अधूरे मन से पुश कर गली में यशस्वी जायसवाल को कैच थमाने से पहले स्टीव स्मिथ (33 रन, 57 गेंद, एक छक्का, चार चौके) के साथ पांचवें विकेट के लिए 57 और अलेक्स कैरी (21 रन, 36 गेंद, चार चौके) के साथ छठे विकेट के लिए 41रन की भागीदारी कर उसे भारत की पहली पारी के लगभग करीब पहुंचाने में मदद की।

केएल राहुल (13 रन, 20 गेंद, 2 चौके) और यशस्वी जायसवाल (22 रन, 35 गेंद, चार चौके ) की सलामी जोड़ी ने भारत की दूसरी पारी का तेज आगाज कर 42 रन जोड़े लेकिन इसके बाद पांच रन के भीतर इन दोनों को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने आउट कर भारत की दूसरी पारी बिखेर दी। केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज बोलैंड की गिरने के बाद सीम से भीतर आती गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि यशस्वी ने उनकी ऑफ स्टंप पर गिर भीतर आती गेंद को खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए और भारत ने दो विकेट 47 रन पर खो दिए।

# बुमराह के बिना 200 का स्कोर बचाना मुश्किल : सुनील गावस्कर



■ अगर बुमराह फिट हैं तो 145-150 रन काफी हो सकते हैं लेकिन बुमराह फिट नहीं हैं तो 200 के आसपास रन काफी नहीं : गावस्कर

**सिडनी,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल के बाद 145 रनों की बढ़त हासिल कर ली है, ऐसे में इस बात को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं कि क्या भारत के कप्तान और मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रविवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के पांचवें और अंतिम टेस्ट के संभवत: अंतिम दिन के खेल में हिस्सा ले पाएंगे। बुमराह टीम के डॉक्टर और एक सुरक्षा अधिकारी के साथ स्टेडियम से बाहर निकले, जैसा कि लाइव प्रसारण में दिखाया गया। लंच ब्रेक के बाद तेज गेंदबाज ने सिर्फ एक ओवर फेंका, जिसमें उनकी गति कम थी और दूसरे दिन दूसरे सत्र के दौरान विराट कोहली के साथ संक्षिप्त चर्चा के बाद वह मैदान से चले गए। बाद में उन्हें स्कैन के बाद ड्रेसिंग रूम में लौटते हुए दिखाया गया। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि बुमराह की वापसी टीम के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि टीम के पास केवल चार विकेट बचे हैं और अगर 31 वर्षीय बुमराह तीसरे दिन गेंदबाजी नहीं करते हैं तो 200 रन की बढ़त भी सुरक्षित नहीं हो सकती है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि देखिए, अगर भारत 40 रन और बनाता है या 185 रन बनाता है तो उनके पास अच्छा मौका है, लेकिन यह सब जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर निर्भर करता है। अगर जसप्रीत बुमराह फिट हैं तो 145-150 रन काफी हो सकते हैं। लेकिन अगर बुमराह फिट नहीं हैं तो 200 के आसपास का स्कोर भी काफी नहीं हो सकता है। प्रसिद्ध कृष्णा ने दिन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुष्टि की कि पीठ में ऐंठन के बाद उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया था और उन्होंने कहा कि मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है और बुमराह के स्वास्थ्य पर अपडेट जारी करेगी, लेकिन उन्होंने इस बारे में कोई निश्चित जवाब नहीं दिया कि सीरीज में सबसे ज्यादा 32 विकेट लेने वाले बुमराह तीसरे दिन गेंदबाजी कर पाएंगे या नहीं। गावस्कर ने आगे कहा कि बुमराह की उपलब्धता पर गोपनीयता बनाए रखने का भारत का फैसला सही था। जो बात जो मुझे पसंद आई वह यह थी कि जब वह स्कैन के बाद वापस आया, तो जाहिर तौर पर इसमें काफी समय लगा क्योंकि अस्पताल थोड़ा दूर है, लेकिन वह अच्छी स्थिति में दिख रहा था और उसकी बॉडी लैंग्वेज ऐसी थी कि ऑस्ट्रेलियाई टीम को कोई संकेत नहीं मिला और गोपनीयता बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण ह क्योंकि, सामरिक रूप से आप यह घोषणा नहीं करना चाहते हैं कि बुमराह गेंदबाजी के लिए उपलब्ध होगा या नहीं, और भले ही वह उपलब्ध न हो और यह खबर विपक्षी ड्रेसिंग रूम में चली जाए क्योंकि अब तक ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने उसका मुकाबला करने का कोई तरीका नहीं निकाला है, उन्हें नहीं पता कि उन्हें आक्रमण करना चाहिए, बचाव करना चाहिए या उन्हें फ्रंट-फुट पर चाहिए। उन्होंने कह कि इसलिए इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए गोपनीयता बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

# कोहली ने सब कुछ आजमा लिया, लेकिन अब खुद पर संदेह : संजय मांजरेकर



■ नौ पारियों में यह आठवां मौका था जब कोहली एक ही कमजोरी का शिकार हुए

**नई दिल्ली,** 4 जनवरी (एजेंजियां) भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन कोहली के आउट होने के बाद ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर विराट कोहली के संघर्ष पर टिप्पणी की। कोहली के बार-बार एक ही तरह के आक्रमण के सामने आउट होने से उनके फॉर्म पर सवाल उठने लगे हैं और मांजरेकर ने कहा कि बल्लेबाज अब इस स्पष्ट कमजोरी पर काबू पाने के लिए हर संभव कोशिश करने के बावजूद खुद पर संदेह से जूझ रहा है। कोहली को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने सीरीज में चौथी बार आउट किया। बोलैंड द्वारा ऑफ स्टंप के बाहर के चैनल को लगातार निशाना बनाने के कारण कोहली के बल्ले से लगी गेंद एक बार फिर स्लिप कॉर्डन में चली गई। नौ पारियों में यह आठवां मौका था जब कोहली एक ही कमजोरी का शिकार हुए, जिससे उनके खेल में बार-बार होने वाली समस्या उजागर हुई। स्टार स्पोटर्स पर बोलते हुए मांजरेकर ने आउट होने का विश्लेषण किया और कोहली के बल्लेबाजी रुख में महत्वपूर्ण बदलाव की ओर इशारा किया। कई सालों में पहली बार कोहली अपनी कमजोरी से निपटने के लिए क्रीज के अंदर बल्लेबाजी कर रहे थे। मेरा मतलब है, वह पीछे चले गए हैं और बल्लेबाजी क्रीज के अंदर हैं। विराट कोहली के लिए ऐसा करना बहुत ही दुर्लभ बात है। आप जानते हैं, विराट कोहली को आगे बढ़ते हुए बल्लेबाजी क्रीज से बाहर निकलना पसंद है। उन्होंने अपनी क्षमताओं के अनुसार सब कुछ करने की कोशिश की है और इस बार उन्होंने बल्लेबाजी क्रीज के अंदर रहने की कोशिश की, लेकिन नतीजा वही रहा। मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि आप क्या करते हैं? और मार्क (निकोलस) ने एक अच्छी बात कही है कि अब उनके पास जो कुछ हुआ है और हर पारी के अंत में एक जैसा होने के बारे में स्पष्ट आत्म-संदेह है। मांजरेकर ने अन्य महान क्रिकेटरों से तुलना की और स्वीकार किया कि दिग्गज भी मंदी से गुजरते हैं, लेकिन शायद ही कभी इतने लगातार और पहचाने जाने वाले तरीके से। उन्होंने कहा कि बहुत से महान खिलाड़ी खराब फॉर्म से गुजरे हैं, लेकिन इस तरह नहीं कि वे एक खास शॉट पर आउट हो गए और महान खिलाड़ी कोई रास्ता नहीं खोज पाए।अगर आप विराट कोहली के आउट होने को देखते हैं तो मैं एक और बात कहना चाहता हूं। कई बार ऐसा हुआ कि वह ऑफ के बाहर की गेंदों को छोड़ने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन कई सालों के बाद मार्क और साइमन, आप देख सकते हैं कि वह बल्लेबाजी क्रीज के अंदर काफी अंदर तक पहुंच गए हैं। आरआर/

# सेंथिल कुमार करेंगे आईटीएफ जे300 टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी

**नई दिल्ली,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के शीर्ष जूनियर खिलाड़ी सेंथिल कुमार छह जनवरी से यहां शुरू हो रही आईटीएफ जे300 प्रतियोगिता में पुरुष टीम की कमान संभालेंगे जबकि लड़कियों की अगुवाई माया राजेश्वरन रेवती करेंगी। पिछले सत्र में आईटीएफ जूनियर सर्किट पर कई टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाले सेंथिल के अलावा भारत के शीर्ष पांच खिलाड़ियों में शामिल हितेश चौहान (तीसरी रैंकिंग), अर्णव पापरकर (चौथी रैंकिंग) और वरूण वर्मा (पांचवीं रैंकिंग) भी लड़कों के वर्ग के मुख्य ड्रॉ में हिस्सा लेंगे डीएलटीए परिसर में खेले जाने वाले टूर्नामेंट में दुनिया के 87वें नंबर के निकता बिलोजेर्त्सेव और तुकी के दुनिया के 111वें नंबर के खिलाड़ी हेदर केम गोकपिनर भी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे जबकि लड़कियों के वर्ग में घरेलू खिलाड़ियों के अलावा बुल्गारिया की दुनिया की 51वें नंबर की खिलाड़ी योआना कोन्सटेनटिनोवा, दुनिया की 71वें नंबर की खिलाड़ी फ्रांस की एलिजाह इनिसान और उनकी हमवतन डेपहनी एमपेत्सी पेरिकार्ड (73) आकर्षक का केंद्र होंगी।

# हरभजन लीजेंड 90 लीग में हरियाणा ग्लेडिएटर्स के लिए जादू बिखेरेंगे

**नई दिल्ली,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। भारत के पूर्व स्पिनर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हरभजन सिंह आगामी लीजेंड 90 लीग में हरियाणा ग्लेडिएटर्स का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो फरवरी 2025 में खेली जानी है। 103 टेस्ट और 236 वनडे खेलने वाले हरभजन अपने बेजोड़ अनुभव और कौशल के साथ ग्लेडिएटर्स को इस अभिनव टूर्नामेंट में देखने लायक टीम बनाएंगे।



हरियाणा ग्लेडिएटर्स लाइनअप में हरभजन के साथ पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बेन डंक, श्रीलंकाई ऑलराउंडर असेला गुणरत्ने और गेंदबाज पवन सुयाल शामिल होंगे। भारतीय खिलाड़ी अनुरीत सिंह और प्रवीण गुप्ता भी हरियाणा ग्लेडिएटर्स की टीम में शामिल होंगे, जिससे यह तेज गति वाले 90 गेंदों वाले क्रिकेट में एक मजबूत टीम बन जाएगी। हरियाणा ग्लेडिएटर्स फ्रैंचाइज़ी का स्वामित्व शुभ इंफ्रा के पास है, जो उत्कृष्टता और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध एक प्रमुख रियल एस्टेट फर्म है। टीम के बारे में बात करते हुए शुभ इंफ्रा के निदेशक हरीश गर्ग ने कहा कि हरियाणा ग्लेडिएटर्स साहस, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के मूल्यों पर बनी टीम है। हरभजन सिंह की अगुआई में प्रतिभाशाली टीम के साथ, हमें लीजेंड 90 लीग में मजबूत छाप छोड़ने का पूरा भरोसा है। पिछले महीने, हरियाणा ग्लेडिएटर्स ने टीम का लोगो जारी किया था, जो साहस, शक्ति और लचीलेपन का प्रतीक दहाड़ते हुए शेर का एक शानदार चित्रण है। लीजेंड 90 एक रोमांचक क्रिकेट टूर्नामेंट है जो पूर्व खिलाड़ियों को एक अभिनव और तेज़ गति वाले 90-गेंद प्रारूप में एकजुट करता है। यह अनूठी लीग क्रिकेट के बेहतरीन आइकन का जश्न मनाती है, जो उन्हें एक बार फिर से उस गौरव और उत्साह को फिर से जीने के लिए मैदान पर वापस लाती है, जिसे उन्होंने कभी बनाया था।

## सार संक्षेप

### बोलैंड के प्रदर्शन से हम हैरान नहीं हैं : मैकडोनाल्ड

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड शनिवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर भारत के खिलाफ चल रहे पांचवें टेस्ट में अपने तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के आठ विकेट लेने से हैरान नहीं हैं। पांच मैचों की श्रृंखला का अपना तीसरा टेस्ट खेल रहे बोलैंड ने भारत की पहली पारी में 4-31 के बाद 4-42 के आंकड़े के साथ वापसी की। उनके प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन स्टंप्स तक भारत को 141/6 पर रोक दिया। मुख्य कोच ने, स्कॉटी के प्रदर्शन से हम हैरान नहीं हैं। जब भी वह खेलता है, वह अपना काम बखूबी करता है। मैकडोनाल्ड ने कहा कि लंबाई पर लगातार गेंद को दोनों तरफ घुमाने की उनकी क्षमता, विशेष रूप से इस (एससीजी) सतह पर, मुश्किल साबित हो रही है।वह हमेशा एक वास्तविक विचार स्कॉटी है, और हर बार जब वह ऑस्ट्रेलियाई रंगों में पिच करता है, तो वह अच्छा प्रदर्शन करता है। हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास जोश हेज़लवुड, (पैट) कमिंस और (मिशेल) स्टार्क और बोलैंड जैसे चार तेज गेंदबाज हैं।

### उज्बेकिस्तान के खिलाफ भारत ने हार से की शुरुआत

**लखनऊ।** मेजबान भारत की यूथ अंडर-18 और जूनियर अंडर-20 टीम ने शुक्रवार को आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल (कांटिनेंटल फेज-एशिया) में हार के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। यूथ अंडर-18 में भारतीय टीम संघर्षपूर्ण मुकाबले में उज्बेकिस्तान से 34-47 से हार गयी जबकि जूनियर अंडर-20 टीम को उज्बेकिस्तान के खिलाफ 36-46 से हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को मैच पूर्व निर्धारित समय से एक घंटा पहले खेले जायेंगे। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में उज्बेकिस्तान अंडर-20 मध्यांतर तक 19-17 से आगे थी। राखत जोल्दास्बाएव ने सबसे ज्यादा 11 गोल किए। रज्जबॉय शारिपोव व ज़ोरिकोव उमिडज़ोन ने 7-7 गोल दागे। भारत की ओर से अजय मोयाल ने सर्वाधिक 12 जबकि जसप्रीत सिंह व मनदीप ने 7-7 गोल किए।इससे पहले यूथ अंडर-18 में उज्बेकिस्तान ने भारत को 47-34 से हराया। मैच में मेहमान टीम ने मध्यांतर तक 23-17 से बढ़त बना ली थी।

# न तो हटाया गया और न ही संन्यास ले रहा हूं : रोहित

**सिडनी,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पांचवें और निर्णायक टेस्ट मैच के लिए टीम से बाहर होने के बाद चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि वह न तो हटाये गये हैं और न ही उनका सन्यास का कोई इरादा है। अपने टेस्ट क्रिकेट भविष्य के बारे में रोहित ने शनिवार को एक साक्षात्कार के दौरान यह बातें कहीं। भारतीय कप्तान ने दृढ़ता से कहा कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की उनकी कोई योजना नहीं है। आस्ट्रेलियाा के खिलाफ पांचवें एवं निर्णायक टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय टीम से रोहित को बाहर किए जाने से ड्रेसिंग रूम में संभावित तनाव के बारे में मीडिया में अटकलें लगने लगीं थी जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर द्वारा मैच के लिए रोहित की उपलब्धता की पुष्टि करने से इंकार करने से इन अटकलों को हवा मिली थी। रोहित ने कहा कि उनका टीम से हटना पूरी तरह से स्वैच्छिक था और टीम की जरुरतों के मुताबिक था। उन्होंने कहा कि यह संन्यास का फैसला नहीं है। मैं इस खेल से दूर नहीं जा रहा हूं। ऐसे महत्वपूर्ण मैच के लिए टीम को इन-फॉर्म खिलाड़ियों की जरूरत थी। उन्होंने भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि मैं अब से दो महीने या पांच महीने बाद रन बनाऊंगा। मेरा मानना है कि चीजें बदल जाएंगी, लेकिन साथ ही, मुझे यथार्थवादी होना होगा। रोहित ने आलोचकों को सीधा जवाब देते हुए कहा कि बाहरी राय उनके करियर के फैसले तय नहीं करेगी। कमेंटरी बॉक्स में बैठे लोग या हाथ में लैपटॉप लेकर लिखने वाले लोग यह तय नहीं करेंगे कि मेरी जिंदगी कैसे गुजरेगी।

# ओडिशा एफसी पर एफसी गोवा का चार का वार



**भुवनेश्वर,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। एफसी गोवा ने ओडिशा एफसी के खिलाफ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में अपना अपराजित प्रदर्शन जारी रखा है, जब गौर्स ने शनिवार को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गए आईएसएल 2024-25 मुकाबले में मेजबान ओडिशा एफसी को 4-2 से हरा दिया। एफसी गोवा की जीत में 23 वर्षीय मिडफील्डर ब्राइसन फर्नांडेज ने 8वें व 53वें, राइट-विंगर उदांता सिंह ने 45+2वें और ओडिशा एफसी के राइट-बैक अमेय रानावाडे (आत्मघाती गोल) ने 56वें मिनट में गोल किए। आज गौर्स की शानदार जीत से स्पेनिश कोच मैनोलो मार्क्वेज निश्चित रूप से प्रसन्न होंगे। एफसी गोवा 13 मैचों में सात जीत, चार ड्रा और दो हार से 25 अंक लेकर तालिका में फिर से तीसरे स्थान पर आ गई है। वहीं, जगरनॉट्स के खराब डिफेंसिव प्रदर्शन के कारण मिली हार से स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा जरूर नाखुश होंगे। ओडिशा एफसी 14 मैचों में पांच जीत, पांच ड्रा और चार हार से 20 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर बनी हुई है। मैच का पहला गोल 8वें मिनट में आया, जब 23 वर्षीय मिडफील्डर ब्राइसन फर्नांडेज ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। अपने बॉक्स के अंदर स्पेनिश फॉरवर्ड इकर गुआरोटक्सेना के कब्जे से ओडिशा के सेनेगली सेंटर-बैक मुर्तदा फॉल ने गेंद जरूर छीनी लेकिन वह इसे कब्जे में नहीं रख पाए और रिबाउंड पर ब्राइसन ने करारा राइट फुटर शॉट लगाकर गेंद को राइट कॉर्नर के अंदर गोल जाल में उलझा दिया जबकि गोलकीपर अमरिंदर सिंह के पास बचाव का कोई मौका नहीं था। 29वें मिनट में मोरोक्कन मिडफील्डर अहमद जाहौह ने पेनल्टी किक पर गोल करके ओडिशा एफसी को 1-1 की बराबरी दिला दी।

# चांगला ब्लास्टर्स और शम वोल्व्स की पहले दिन दमदार शुरुआत





■ जेमोटुप ने गोल की शुरुआत की, इसके बाद तुनातुप ने लगातार दो गोल कर एक मजबूत बढ़त बनाई

**लेह, 4 जनवरी,** (एजेंसियां)। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 के एक्शन से भरपूर पहले दिन चांगला ब्लास्टर्स ने यूनाइटेड नुबरा को 6-2 से हराया, जिसमें ओपदमा एम के शानदार दो गोलों का योगदान रहा। इसके बाद शम वोल्व्स ने मरीयल स्पावो को 4-1 से हराया, जिसमें उर्गन का शानदार प्रदर्शन और दो गोल प्रमुख रहे। दूसरे दिन के कार्यक्रम में भव्य उद्घाटन समारोह होगा, जिसमें ट्रॉफी और जर्सी का अनावरण, स्केट शार्पनिंग मशीन का हैंडओवर, पक ड्रॉप समारोह और बहुत ही प्रतीक्षित मैच होगा, जिसमें कांग सिंग्स (गत चैंपियन) और शकर चिक्तान रॉयल की टीमें आमने-सामने होंगी। चांगला ब्लास्टर्स, जो इस खेल में विजिटिंग टीम के रूप में आए थे, ने पहले ही मिनटों में आक्रामकता से मैच की गति निर्धारित की, पहले पीरियड में चार गोल करते हुए एक मात्र गोल यूनाइटेड नुबरा से हुआ। जेमोटुप ने गोल की शुरुआत की, इसके बाद तुनातुप ने लगातार दो गोल कर एक मजबूत बढ़त बनाई। फिर त्सेवांग टी ने चौथा गोल कर चांगला ब्लास्टर्स की स्थिति मजबूत कर दी। यूनाइटेड नुबरा का एकमात्र जवाब ओपदमा एम द्वारा था, जो एक गोल के साथ स्कोर को 4-1 कर गए, लेकिन खेल के रुख को नहीं बदल सके। दूसरे पीरियड में यूनाइटेड नुबरा ने अपनी रक्षा को मजबूत किया और चांगला ब्लास्टर्स को गोल करने से रोका, लेकिन वे खुद भी कोई गोल करने में सफल नहीं हो पाए। इस पीरियड का अंत गोलरहित हुआ और स्कोर चांगला ब्लास्टर्स के पक्ष में 4-1 रहा। तीसरे और अंतिम पीरियड में चांगला ब्लास्टर्स ने फिर से अपना दबदबा दिखाया, डॉर्जी एम और आंगचुक डब्ल्यू ने गोल करके टीम की बढ़त को बढ़ाया। यूनाइटेड नुबरा के तामिम आर ने एक गोल किया, लेकिन यह उनकी टीम के लिए वापसी की उम्मीद नहीं जगा सका। अंतत: चांगला ब्लास्टर्स ने 6-2 के स्कोर से शानदार जीत दर्ज की।रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग का दूसरा सीजन लेह के नवांग डॉर्जी स्टोबडन (एनडीएस) स्टेडियम में 4 जनवरी 2025 से 13 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस साल के लीग का उद्देश्य पहले संस्करण की सफलता को बढ़ाना है, जिसमें कुल 6000 दर्शक शामिल हुए थे, और एक बार फिर स्थानीय टैलेंट को एकजुट करना है। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग 2025 में कुल 30 मैच खेले जाएंगे - जिसमें से 23 पुरुषों के मैच और 7 महिलाओं के मैच होंगे, जो 10 दिनों में खेले जाएंगे।

# फ्रिट्ज गॉफ ने चेकिया को हराकर यूएसए को फाइनल में पहुंचाया

**सिडनी,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। कोको गॉफ़ ने कैरोलिन मुचोवा पर एकल में व्यापक जीत दर्ज की, जबकि टेलर फ्रिट्ज को टॉमस माचैक के अचानक रिटायर होने का फायदा मिला, जिससे यूनाइटेड स्टेट्स ने चेकिया पर 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली और शनिवार को यूनाइटेड कप मिक्स्ड-टीम टेनिस टूर्नामेंट के फ़ाइनल में जगह बना ली। गॉफ़ ने मुचोवा के खिलाफ व्यापक जीत के साथ चेकिया के खिलाफ अपने देश के सेमीफाइनल मुकाबले की शुरुआत की, माचैक फ्रिट्ज के खिलाफ अपने देश के लिए मुक़ाबला बराबर करने की शानदार स्थिति में थे। लेकिन 7-6(4), 5-3 पर मैच के लिए सर्विस करने से, एटीपी रैंकिंग में 25वें नंबर के खिलाड़ी ने दुनिया के चौथे नंबर के फ्रिट्ज़ से लगातार तीन गेम गंवा दिए और फिर ऐंठन और बाएं घुटने के दर्द के कारण अचानक रिटायर हो गए।



यूनाइटेड स्टेट्स अब रविवार को फाइनल में इगा स्वीयाटेक और ह्यूबर्ट हर्काज सहित पोलैंड की टीम से भिड़ेगा। चेकिया पुरुष एकल जीतने के लिए तैयार दिख रहा था, लेकिन टॉमस माचैक के चोटिल होने के कारण चीजें बिगड़ गईं।

## सुडोकू 6786 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 3 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 |
| 3 | 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 |
| 7 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 3.33 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.70 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.49 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.47 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.78 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| जोमैटो | 4.27 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 2.46 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.23 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 2.15 प्रतिशत |
| टीसीएस | 2.03 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 79,383 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 95,700 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 85.08 | 85.10 |
| पौड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6950-7050 |
| दाल चना | 7950-8050 |
| मसूर काली | 7450-7550 |
| उड़द दाल | 9700-9800 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 9650-9750 |

# [ अर्थ जगत ]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## ईपीएफओ ने शुरू की केंद्रीकृत पेंशन प्रणाली

**नई दिल्ली,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। श्रम मंत्रालय के अनुसार, ईपीएफओ ने देशभर में अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में सेंट्रलाइज्ड पेंशन पेमेंट्स सिस्टम (सीपीपीएस) का रोलआउट पूरा कर लिया है, जिससे 68 लाख से अधिक पेंशन पाने वालों को लाभ मिलेगा।

मंत्रालय द्वारा हाल ही में दी गई जानकारी के अनुसार, सेंट्रलाइज्ड पेंशन पेमेंट्स सिस्टम पुराने पेंशन वितरण सिस्टम से अलग एक विकेंद्रीकृत सिस्टम है। इस नए सिस्टम के तहत ईपीएफओ का प्रत्येक क्षेत्रीय/क्षेत्रीय कार्यालय केवल 3 से 4 बैंक के साथ अलग-अलग समझौतों को बनाए रखेगा। इस नए सिस्टम के साथ लाभार्थियों को सुविधा मिलेगी कि वे किसी भी बैंक से पेंशन निकाल सकेंगे। साथ ही पेंशन शुरू होने के समय वेरिफिकेशन के लिए लाभार्थी को बैंक जाने की जरूरत नहीं होगी और राशि जारी होने के तुरंत बाद जमा कर दिया जाएगा।

मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जनवरी 2025 से सीपीपीएस पूरे भारत में पेंशन का वितरण सुनिश्चित करेगा और पेंशन पेमेंट ऑर्डर (पीपीओ) को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में ट्रांसफर करने की जरूरत नहीं होगी।



डॉ. मनसुख मांडविया

■ 68 लाख सदस्यों को मिलेगा फायदा

■ किसी भी बैंक से पेंशन निकाल सकेंगे लाभार्थी

सरकार द्वारा उठाया जा रहा यह कदम उन पेंशनभोगियों के लिए राहत भरा होगा, जो रिटायरमेंट के बाद अपने होमटाउन चले जाते हैं और वहीं, आगे का जीवन गुजर-बसर करते हैं। सफल क्रियान्वयन की घोषणा करते हुए केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में सीपीपीएस का पूर्ण पैमाने पर कार्यान्वयन एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह परिवर्तनकारी पहल पेंशनभोगियों को देश में कहीं भी, किसी भी बैंक, किसी भी शाखा से अपनी पेंशन को सहजता से प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। सीपीपीएस का पहला पायलट प्रोजेक्ट पिछले साल अक्टूबर में करनाल, जम्मू और श्रीनगर क्षेत्रीय कार्यालयों में पूरा हो गया था, जिसमें 49,000 से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को लगभग 11 करोड़ रुपए का पेंशन वितरित किया गया था।

### राज्यों को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप का लाभ उठाना चाहिए : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यों को ग्रीन लॉजिस्टिक्स के उपयोग का मंत्र दिया है। केंद्रीय मंत्री ने राज्यों को क्षेत्रीय और शहर-स्तरीय लॉजिस्टिक्स योजनाओं के साथ कनेक्टिविटी और निवेश बढ़ाने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को तवज्जो दिए, जाने की सलाह दी। ग्रीन लॉजिस्टिक्स, कार्यबल समावेशिता (वर्कफोर्स इनक्लूसिविटी) और केंद्र सरकार की परियोजनाओं को बढ़ावा देने के उपायों के कार्यान्वयन पर जोर देते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भविष्य में अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी नई तकनीकों को अपनाना महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए स्किल डेवलपमेंट पर भी जोर दिया, जहां उन्होंने लॉजिस्टिक्स ईज एक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (एलईएडीएस) 2024 रिपोर्ट लॉन्च की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश को जेंडर इंक्लूसिविटी (सभी को समान अवसर) पर काम करना चाहिए और इस क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना चाहिए।

## एसबीआई ने लांच की दो नई डिपॉजिट स्कीम



**नई दिल्ली,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। देश के सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर बैंक एसबीआई ने अपने ग्राहकों के लिए दो नई डिपॉजिट स्कीम, 'हर घर लखपति' और 'एसबीआई पैट्रन्स' की घोषणा की है।

एसबीआई को 'डिपॉजिट' में लगभग 23 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। इन इनोवेटिव पेशकश के साथ बैंक 'इनोवेशन को प्राथमिकता' देने की ओर अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**एसबीआई की 'डिपॉजिट' में लगभग 23 प्रतिशत है बाजार की हिस्सेदारी**

हर घर लखपति एक प्री-कैलकुलेट रिकरिंग डिपॉजिट स्कीम है, जिसे ग्राहकों के लिए 1,00,000 और इसके मल्टीपल में सेविंग करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रोडक्ट के साथ ग्राहक अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए योजना और बचत पर ध्यान दे सकते हैं।

एसबीआई की यह योजना 18 वर्ष से कम उम्र के आयु वर्ग के लिए भी पेश की गई है, ताकि यह वर्ग भी अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग और सेविंग पर छोटी उम्र से ही काम कर सके।

एसबीआई ने 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष टर्म डिपॉजिट स्कीम एसबीआई पैट्रन्स भी शुरू की है।

इस प्रोडक्ट के साथ बैंक बढ़ी हुई ब्याज दरें ऑफर कर रहा है। बैंक की यह स्कीम मौजूदा और नए टर्म डिपॉजिट ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्ध है।

भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष सीएस सेट्टी ने कहा कि हमारा उद्देश्य गोल-ओरिएंटेड डिपॉजिट प्रोडक्ट बनाना है, जो न केवल वित्तीय रिटर्न को बढ़ाए बल्कि हमारे ग्राहकों की आकांक्षाओं के अनुरूप भी हो। हम पारंपरिक बैंकिंग को और अधिक समावेशी (इनक्लूसिव) और प्रभावशाली बनाने के लिए इसे फिर से परिभाषित कर रहे हैं।

## जनवरी-नवंबर में अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 64.5 मिलियन यात्रियों ने की यात्रा

**नई दिल्ली,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, जनवरी-नवंबर 2024 की अवधि में शेड्यूल भारतीय और विदेशी ऑपरेटरों द्वारा अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर कुल 64.5 मिलियन यात्रियों को ले जाया गया। 2023 में समान अवधि में 58 मिलियन यात्रियों ने हवाई सफर किया था, जो 2024 में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल 64.5 मिलियन यात्रियों में से 29.8 मिलियन यात्रियों को भारतीय ऑपरेटरों द्वारा ले जाया गया था, जबकि 34.7 मिलियन यात्रियों को विदेशी ऑपरेटरों द्वारा ले जाया गया था।



नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा साझा किए गए पहले के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-नवंबर की अवधि में घरेलू एयरलाइंस ने कुल 1.02 मिलियन उड़ानें संचालित कीं, जिनमें कुल 146.4 मिलियन यात्री सवार थे। पिछले वर्ष 2023 (जनवरी-नवंबर) के दौरान 0.97 मिलियन उड़ानों में कुल 138.2 मिलियन शेड्यूल यात्री सवार थे।

## अप्रैल-नवम्बर में भारत का कॉफी निर्यात रिकॉर्ड 1 बिलियन डॉलर के पार

**नई दिल्ली,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-नवंबर के दौरान भारत के कॉफी निर्यात में उछाल दर्ज हुआ। भारत का कॉफी निर्यात 8 महीने की अवधि के दौरान रिकॉर्ड 1 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है।

निर्यात के मूल्य में उछाल 'रोबस्टा कॉफी' की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि और यूरोपीय यूनियन के नए डिफोरेस्टेशन रेगुलेशन से पहले स्टॉकिंग के कारण दर्ज हुआ। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में 'रोबस्टा कॉफी' की अधिक मांग के कारण 2023-24 में पूरे वर्ष के लिए भारत का कॉफी निर्यात 12.22 प्रतिशत बढ़कर 1.28 बिलियन डॉलर हो गया। देश ने 2022-23 में 1.14 बिलियन डॉलर मूल्य की कॉफी का निर्यात किया। भारत के कॉफी निर्यात के प्रमुख बाजारों में इटली, रूस, यूएई, जर्मनी और तुर्की शामिल हैं।



■ भारत अरेबिका और रोबस्टा कॉफी का करता है उत्पादन

■ भारत के कॉफी निर्यात के प्रमुख बाजारों में इटली, रूस, यूएई, जर्मनी व तुर्की शामिल

भारत 2022-2023 के दौरान दुनिया का आठवां सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक बन गया। भारतीय कॉफी अपनी उच्च गुणवत्ता के कारण दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कॉफी में से एक है और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रीमियम पर है। भारत दो प्रकार की कॉफी अरेबिका और रोबस्टा का उत्पादन करता है। अपने हल्के सुगंधित स्वाद के कारण अरेबिका का रोबस्टा कॉफी से ज्यादा बाजार मूल्य है। रोबस्टा कॉफी का इस्तेमाल इसके स्ट्रॉन्ग फ्लेवर के कारण अलग-अलग मिश्रण बनाने में किया जाता है। रोबस्टा की भारतीय कॉफी के कुल उत्पादन में 72 प्रतिशत हिस्सेदारी है। भारत को वैश्विक स्तर पर रोबस्टा कॉफी का पांचवां सबसे बड़ा उत्पादक माना जाता है। यह उद्योग भारत में 2 मिलियन से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है।

**सार संक्षेप**

### भारत में ऑफिस लीजिंग वॉल्यूम रिकॉर्ड 89 मिलियन वर्ग फीट पर पहुंचा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत के ऑफिस सेक्टर में 2024 में टॉप आठ शहरों में ग्रॉस लीजिंग वॉल्यूम (जीएलवी) में 89 मिलियन वर्ग फीट (एमएसएफ) की बढ़ोतरी देखी गई है। ग्लोबल कमर्शियल रियल एस्टेट सर्विस फर्म कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सेक्टर में दर्ज किया गया अब तक का सबसे अधिक ग्रॉस लीजिंग वॉल्यूम है, जो 2023 के पीक से 14 मिलियन वर्ग फीट अधिक है और इसमें 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ग्रॉस लीजिंग वॉल्यूम में नए टेक-अप, कॉरपोरेट्स द्वारा ओपन मार्केट रिन्यूअल और प्री-लीजिंग शामिल हैं। यह ओवरऑल मार्केट एक्टिविटी का संकेत है। शहरों की बात की जाए तो, बेंगलुरु ने 29 प्रतिशत जीएलवी (25.93 मिलियन वर्ग फीट) के साथ बढ़त हासिल की।

## एयर इंडिया लखनऊ से बैंकॉक व भुवनेश्वर के लिए संचालित करेंगी सीधी उड़ान

**लखनऊ,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। चौधरी चरण सिंह अन्तराष्ट्रीय हवाई अड्डा (सीसीएसआईए) जिसका प्रबंधन अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) द्वारा किया जाता है, जो वैश्विक रूप से विविधीकृत अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज की एक सहायक कंपनी है, लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को क्रमश: बैंकॉक (सुवर्णभूमि) (बीबीके) और भुवनेश्वर (बीबीआई) के लिए एक अन्तराष्ट्रीय और एक घरेलू उड़ान शुरू करेगा। दोनों उड़ानें एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित की जाएंगी। यह उड़ानें सप्ताह में तीन बार मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को बोइंग 737 मैक्स विमान के साथ 186 यात्रियों की क्षमता होगी। यह नया विकास यात्रियों को लखनऊ से बेजोड़ सुविधा प्रदान करेगा, जिससे यात्रा पहले से कहीं अधिक आसान और सुलभ हो जाएगी।

एलकेओ (11:40 घंटे)- बीकेके (15:30 घंटे), बीकेके (16:30 घंटे) - एलकेओ (20:55 घंटे), बीबीआई (07:55 घंटे) - एलकेओ (09:40 घंटे), एलकेओ (11:15 घंटे) - बीबीआई (13:05 घंटे), लखनऊ हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि दो नई उड़ानें लखनऊ एयरपोर्ट के घरेलू और अन्तराष्ट्रीय यात्रियों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने पर जोर दें

### 2024 होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के लिए रहा शानदार

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने शनिवार को जानकारी दी कि 2024 में कंपनी की कुल बिक्री 58,01,498 यूनिट रही, जो 2023 की तुलना में 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। इसमें पिछले साल की 52,92,976 यूनिट की घरेलू बिक्री और 5,08,522 यूनिट का निर्यात शामिल है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि दिसंबर महीने में कुल बिक्री 3,08,083 यूनिट रही।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MANJULATA D/O LATE DASHRATH resident of VILLAGE BAISKIMUDA, POST-MUKDEGA, BLOCK-LAILUNGA, DISTT- RAIGARH (C.G.) have changed my old name MANJULATA D/O LATE DASHRATH so in future I should be recognized by my new name that is MANJULATA DHURIA W/O HITENDRA KUMAR DHURIA in all Government and other documents.

**MANJULATA DHURIA**
New Address :- House No. -, 33 , Village - basantpur , Post office - bagbahar , Tehsil -, Bagbahar , District -, Jashpur (Chhattisgarh) 496220

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम बोरियाकला प.ह.नं. 78
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 31.12.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कुमारू डहरिया पिता स्व. सुखनंदन डहरिया वार्ड नंबर 12 बोरियाकला तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम बोरियाकला में पूर्व में पदस्थ कोटवार श्रीमती गंगाबाई सायतोडे की मृत्यु हो चुकी है, जिसके कारण कोटवार का पद रिक्त है, उनके कोई आश्रित परिवार भी नहीं है। आवेदक उनके स्थान पर कोटवार का कार्य करने हेतु इच्छुक हूं। ग्राम पंचायत द्वारा भी आवेदक को श्रीमती गंगाबाई सायतोड़े के स्थान पर कोटवार का कार्य करने हेतु अनुशंसा की गई है। अत: श्रीमती गंगा बाई सायतोड़े के स्थान पर कोटवार नियुक्त करने आवेदक का निवेदन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 15.01.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00088 बीरगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440720600056

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00088 के अंतर्गत ग्राम बीरगांव के वर्तमान भूमिस्वामी ना.बा. संदीप कुमार पिता वली रामेश्वर प्रसाद पिता/पति-पिता मनीराम वर्मा पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 120/2 0.0080 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संदीप कुमार पिता/पति रामेश्वर प्रसाद पता बिरगांव रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23.01.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार धरसींवा

**शपथ पत्र**

मै, उदित सरन भटनागर उम्र 21 वर्ष पिता श्री प्रभात स्वरूप भटनागर निवासी सिविल लाईन रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ :-

1. यह कि, मेरा पूरा व वास्तविक नाम उदित सरन भटनागर (UDIT SARAN BHATNAGAR) है तथा मेरी सही एवं वास्तविक जन्म तिथी- 12.09.2003 है जो कि मेरे नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य समस्त शासकीय, एवं शैक्षणिक रिकार्ड में दर्ज है।
2. यह कि, मेरी माता श्रीमती आभा भटनागर के द्वारा मेरे जन्म के उपरांत आई.सी.आई.सी.आई. प्रोडेसियल लाईफ इंश्योंरस में एक बीमा पॉलिसी क्रमांक 01100812 मेरे नाम से बतौर वली माता की हैसियत से लिया गया है जिसमें जुटिवश मेरी जन्म तिथी-12.09.2004 तथा मेरा घरेलू नाम दुष्यंत भटनागर (DUSHYANT BHATNAGAR) अंकित करा दिया गया है।
3. यह कि, इस प्रकार उदित सरन भटनागर (UDIT SARAN) एवं दुष्यंत भटनागर (DUSHYANT BHATNAGAR) दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे स्वयं के नाम होने तथा भविष्य में मुझे एकमात्र रूप से उदित सरन भटनागर व जन्म तिथी 12.09.2003 होने को मान्य एवं स्वीकार किये जाने तथा प्रचलन में रखे जाने हेतु यह शपथ पत्र उक्त कथनों के सत्यता में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BHAVIKA SANGTANI D/O CHANDRABHAN SANGTANI resident of QTR .D-213/214, SECTOR.4, DEVENDRA NAGAR, RAIPUR 492001 (C.G.) have changed my old name BHAVIKA SANGTANI D/O CHANDRABHAN SANGTANI so in future I should be recognized by my new name that is BHAVIKA KHEMANI W/O KRISHNA KHEMANI in all Government and other documents.

**BHAVIKA KHEMANI**
QTR .D-213/214, SECTOR.4, DEVENDRA NAGAR, RAIPUR 492001 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AYUSH SINGHAL S/O KAILASH CHAND SINGHAL resident of H.NO. 653/3 TALAB MARG CHOUBEY COLONY RAIPUR (C.G.) have changed my old name AYUSH SINGHAL S/O KAILASH CHAND SINGHAL so in future I should be recognized by my new name that is AAYUSH SINGHAL S/O KAILASH CHAND AGRAWAL in all Government and other documents.

**AAYUSH SINGHAL**
H.NO. 653/3 TALAB MARG CHOUBEY COLONY RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KAILASH CHAND SINGHAL S/O GOPIRAM AGRAWAL resident of H.NO. 653/3 TALAB MARG CHOUBEY COLONY RAIPUR (C.G.) have changed my old name KAILASH CHAND SINGHAL S/O GOPIRAM AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is KAILASH CHAND AGRAWAL S/O GOPIRAM AGRAWAL in all Government and other documents.

**KAILASH CHAND AGRAWAL**
H.NO. 653/3 TALAB MARG CHOUBEY COLONY RAIPUR (C.G.)

**कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक**
**जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायपुर ( छत्तीसगढ़ )**
**उद्योग भवन, तृतीय तल, रिंग रोड नं0-01, रायपुर**
फ़ोन नं. 0771-2436450, Email ID: dticraipur@gmail.com
**आम-सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर (छ.ग.) द्वारा औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा, फेस-2, जिला-रायपुर में पृथक-पृथक भूखण्ड क्रमांक 19/20 एवं 19/23, रकबा 19,368 वर्गफीट (0.44 एकड) एवं भूखण्ड क्रमांक 19/22, 19/21, 13/1 एवं 13/8. रकबा 38,736 वर्गफीट (0.89 एकड़) भूमि का आबंटन उत्पाद FLY ASH BRICKS उद्योग हेतु पृथक-पृथक 83 वर्ष एवं 89 वर्ष की लीज पर पट्टाभिलेख के माध्यम से मेसर्स बोधिसत्व इण्डस्ट्रीज द्वारा प्रोपराईटर श्री उत्कर्ष देव, पिता श्री आर. के. सुखदेव, निवासी एच.आई.जी.-1/2 सेक्टर-02 दीनदयाल उपाध्याय नगर, पासपोर्ट ऑफिस के पास, रायपुर (छ.ग.) को आबंटित किया जाकर, पट्टाभिलेख निष्पादन पृथक-पृथक दिनांक 24/07/2006, संशोधित लीज डीड दिनांक 22/12/2009 एवं 09/03/2022 तथा पट्टाभिलेख निष्पादन दिनांक 12.12.2012 एवं संशोधित डीड दिनांक 09/03/2022 को निष्पादित किया गया।

श्री उत्कर्ष देव द्वारा अपने स्वास्थगत कारणों से उनके रक्त संबंधी यथा सहमतिदाता क्रमांक (1) श्रीमती कल्पना सुखदेवे, पति श्री आर.के. सुखदेवे (2) श्री प्रांजल देव, पिता श्री आर.के. सुखदेवे द्वारा औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा, फेस-2, रायपुर के भूखण्ड क्रमांक 19/20 एवं 19/23, रकबा 19,368 वर्गफीट (0.44 एकड) 1,800 वर्गमीटर (0.18 हेक्टेयर) एवं भूखण्ड क्रमांक 19/22, 19/21, 13/1 एवं 13/8, रकबा 38,736 वर्गफीट (0.89 एकड़) 3,600 वर्गमीटर (0.36 हेक्टेयर) को श्री रमेश कुमार सुखदेवे, पिता स्व. श्री जे.आर. सुखदेवे के नाम पट्टाभिलेख में दर्ज कराने एवं भूमि अंतरण/ हस्तांतरण किये जाने हेतु उत्तराधिकारी के रूप में लिखित सहमति एवं नोटराइज्ड शपथ पत्र दिनांक 18.11.2024 के द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

प्रकरण में उक्त इकाई के स्वामित्व में रक्त संबंधी अंतरण/ हस्तांतरण की कार्यवाही किया जाना है, जिसके परिप्रेक्ष्य में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, द्वारा संपत्ति का स्वामित्व (उत्तराधिकारी) "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि तथा भवन प्रबंधन नियम-2015" के प्रावधानों के अंतर्गत मूल आबंटी द्वारा किये गये नामांकन के आधार पर रक्त संबंधी में **श्री रमेश कुमार सुखदेवे, पिता स्व. श्री जे.आर. सुखदेव** प्रोपराइटर मेसर्स बोधिसत्व इण्डस्ट्रीज के नाम पर हस्तांतरण हेतु आदेश पारित किया जाना है एवं उक्त संपत्ति को **श्री रमेश कुमार सुखदेवे, पिता स्व. श्री जे.आर. सुखदेवे** प्रोपराइटर मेसर्स बोधिसत्व इण्डस्ट्रीज, औद्योगिक क्षेत्र-सिलतरा, फेस-2, रायपुर के नाम संशोधन लीज डीड का निष्पादन किया जाना है।

यदि उक्त इकाई की संपत्ति के रक्त संबंधी अंतरण/ हस्तांतरण/संव्यवहार एवं नाम परिवर्तन के संबंध में संबंधित परिवार के किसी वैध उत्तराधिकारी / किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर लिखित आपत्ति मय पुष्ट दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति अवैधानिक एवं शून्य होगी।

दिनांक /12/2024

( सी. केरकेन्टा )
मुख्य महाप्रबंधक, व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार**

क्रमांक/वाचक/तह./2024
मंदिर हसौद, दिनांक 03.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार गुप्ता पिता लखन लाल गुप्ता, निवासी रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम धनसूली प.ह.नं.-02, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 277/9 शामिल 277/8 रकबा 1500 वर्गफुट अर्थात 0.01394 हे. भूमि को आवेदक ने विक्रेता अजय झांझरी पिता सुरेश झांझरी से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 12.06.2008 के द्वारा क्रय किया गया है जिसका विधिवत नामांतरण कराकर अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किया गया है जो ऑनलाईन बी-1 में रकबा 0.0100 हे. अर्थात लगभग 1000 वर्गफुट भूमि दर्ज किया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के रकबा को सुधार कर रकबा 1500 वर्गफुट अर्थात लगभग 0.01394 हे. भूमि दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसको अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग द्वारा बिन्द्रवार प्रतिवेदन इस न्यायालय से चाहा गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 09.01.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 03.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-01 आम सूचना**

जारी दिनांक 02.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रायपुर राज देवांगन कल्याण समाज रायपुर अध्यक्ष श्री चोवाराम देवांगन पिता.. निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम रायपुरा पटवारी हल्का नंबर 57 राजस्व निरीक्षक मंडल-01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 281/84 रकबा 0.4050 हे. का सीमांकन न्यायालय तहीलदार/अतिरिक्त/नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 10.12.2024 के परिपालन में दिनांक 08.01.2025 को समय 1 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत हैं।

अत: उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथि में पटवारी हल्का नंबर 57 के रायपुरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा-आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-01

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202501110200004/
अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम शंकर नगर, प.ह.नं. 110/63
रायपुर, दिनांक 02.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री रजनीश गुप्ता पिता स्व. फूलचंद गुप्ता, श्रीमती भूमिका गुप्ता पति श्री रजनीश गुप्ता दोनों निवासी चौबे कॉलोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम शंकर नगर प.ह.नं. 110/63 तहसील व जिला रायपुर में स्थित आवासीय परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 717/3, 718/3, 717/9, 718/9 का भाग रकबा 1600 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्री प्रेमसुभाष सक्सेना पिता श्री पी.बी.एल. सक्सेना निवासी ढेबर पिंक सिटी खम्हारडीह शंकर नगर रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 30.05.2017 के माध्यम से प्राप्त कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदकगण का निवेदन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 17.01.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 109/47
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 02.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विद्याशंकर शुक्ला पिता स्व. श्री उमाशंकर शुक्ला निवासी नव दुर्गा चौक राजा तालाब पंडरीतराई रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के पिता स्व. उमाशंकर शुक्ला पिता स्व.हरिशंकर शुक्ला के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 109/47 रा.नि.मं. रायपुर-तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 156 का भाग, शीट नंबर 05, प्लाट नंबर 24/7 रकबा 1637 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। आवेदक के पिता उमाशंकर शुक्ला द्वारा उपरोक्त भूमि को विक्रेता मानिक लाल गुप्ता वल्द बाबूलाल गुप्ता से क्रय किया है। आवेदक के पिता उमाशंकर शुक्ला द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि को अपने जीवन काल में अपनी धर्मपत्नि श्रीमती भगवती देवी शुक्ला पति स्व. उमाशंकर शुक्ला के नाम से हस्तलिखित इच्छा पत्र वसीयतनामा दिनांक 15.10.1967 को निष्पादित किया है। तदउपरांत आवेदक की माता श्रीमती भगवती देवी शुक्ला पति स्व. उमाशंकर शुक्ला द्वारा अपने दोनो पुत्रों के नाम से 01 विद्याशंकर शुक्ला एवं राजकुमार शुक्ला के नाम से पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 02.11.1993 को निष्पादित कर बराबर-बराबर रकबों में 1637-1637 वर्गफुट को प्रदान किया है। जिसमें से एक पुत्र राजकुमार शुक्ला पिता स्व. उमाशंकर शुक्ला द्वारा अपने हिस्से की भूमि को किसी अन्य व्यक्ति के पास विक्रय किया जा चुका है, शेष रकबा 1637 वर्गफुट भूमि वर्तमान में आवेदक के कब्जा है जिस पर दाखिल काबिज होकर उपयोग उपभोग कर रहे है। आवेदक के पिता स्व. उमाशंकर शुक्ला की मृत्यु दिनांक 31.03.1980 को एवं माता श्रीमी भगवती देवी शुक्ला की मृत्यु हो चुकी है। अत: वसीयतनामा के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.01.2025 को होगी। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16.01.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 02.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील मंदिर हसौद प.ह.नं. 00015 खुटेरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440203600001

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00015 के अंतर्गत ग्राम खुटेरी के वर्तमान भूमिस्वामी चन्देलाल पिता/पति मेहत्तर पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 202 0.0300, 209/1 0.2800, 251 0.7100, 352 0.0300, 132 0.0800, 146 0.0500 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता देवेन्द्र बंजारे पिता/पति दशरथ बंजारे पता ग्राम खुटेरी, गोढ़ी, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर, भूषण कुर्रे पिता/पति स्व. चंदेलाल कुर्रे पता ग्राम खुटेरी, गोढ़ी, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर, धनेन्द्र बंजारे पिता/पति दशरथ बंजारे पता ग्राम खुटेरी, गोढ़ी, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर, पार्वती कुर्रे पिता/पति स्व. चंदेलाल कुर्रे पता ग्राम खुटेरी, गोढ़ी, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर, रामेश्वरी कुर्रे पिता/पति स्व. शिव कुमार कुर्रे पता ग्राम खुटेरी, गोढ़ी, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर, मनीष कुर्रे पिता/पति स्व. शिव कुमार कुर्रे पता ग्राम खुटेरी, गोढ़ी, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर, नीलकमल कुर्रे, पिता/पति स्व. शिव कुमार कुर्रे पता ग्राम खुटेरी गोढ़ी, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर, तिलक बंजारे पिता/पति दशरथ बंजारे पता ग्राम खुटेरी गोढ़ी, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर, किरण नेहरू पिता/पति स्व. शिव कुमार कुर्रे पता ग्राम खुटेरी गोढ़ी तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.01.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, मंदिर हसौद

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल खोरपा तहसील अभनपुर, जिला रायपुर आम सूचना**

जारी दिनांक 27.12.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालाजी इंफ्रा प्रा.लिमि. द्वारा डायरेक्टर श्री जे.पी. अग्रवाल पिता स्व. श्री भगवान दास अग्रवाल निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम कोलर प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर जिसका खसरा नंबर 132/29 रकबा 0.235 हे. भूमि का सीमांकन/नक्शा बटांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार खोरपा के आदेश के परिपालन में दिनांक 07.01.2025 को समय 11 बजे पश्चात मेरे द्वारा रखा गया है।

उक्त बटांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथि को ग्राम कोलर स्थित पटवारी कार्यालय में मय दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक खोरपा ( अभनपुर )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा**

**क्रमांक 16781/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 12.12.2024**

प्राधिकरण की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास (हीरापुर) योजनांतर्गत फ्लैट क्रमांक जी-209 (प्रथम तल) क्षेत्रफल 290 वर्गफुट पर श्रीमती संध्या गुप्ता पति स्व. प्रमोद गुप्ता पता-फ्लैट क्रमांक- जी-209 (प्रथम तल) आर.डी.ए. कॉलोनी हीरापुर, रायपुर छ.ग. को आबंटित हैं। आबंटिती के द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक .... को जारी।

सहायक राजस्व अधिकारी
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

## दिल्ली में फिल्म प्रोजेक्ट 'थामा' की शूटिंग करेंगे आयुष्मान खुराना

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना हॉली डे मूड से बाहर निकल काम पर लौटने को तैयार हैं। जल्द वो अपकमिंग प्रोजेक्ट 'थामा' की शूटिंग में व्यस्त दिखेंगे। फिल्म का ये दूसरा शेड्यूल है। आयुष्मान अगले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी में शूटिंग शुरू करेंगे, जो जनवरी के फर्स्ट हाफ तक चलेगी। फिल्म 'थामा' एक 'खूनी प्रेम कहानी' पर आधारित बताई जा रही है। यह मैडॉक की ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के अलावा परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी हैं। इस फिल्म को 'मुंज्या' फेम आदित्य सरपोतदार डायरेक्ट कर रहे है और इसे नीरेन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फुलारा ने लिखा है। इसके अलावा दिनेश विजन और अमर कौशिक इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है।

# ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के लक्षण कोविड जैसे, होम्योपैथी दवाएं कारगर



**नई दिल्ली,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। चार साल बाद एक बार फिर एक खतरनाक वायरस दुनिया में दहशत पैदा कर रहा है। इस वायरस का कनेक्शन भी चीन से है ऐसा कहा जाने लगा है। सांसों पर आफत का सबब बनने वाले वायरल का नाम एचएमपीवी (ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस) है। भारत में भी लोग डरे हुए हैं। कोरोना का दौर याद आने लगा है। उस दौर में वैकल्पिक या भारत की प्राचीन चिकित्सा प्रणाली ने लोगों की काफी मदद की थी तो क्या किसी भी विषम स्थिति में वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली होम्योपैथी कारगर साबित हो सकती है?

इसे लेकर होमियो एमिगो दिल्ली में वरिष्ठ होम्योपैथिक डॉक्टर और क्लस्टर हेड डॉ. आकांक्षा द्विवेदी ने बताया कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस, जिसे एचएमपीवी के नाम से भी जाना जाता है एक प्रकार का सामान्य श्वसन वायरस है। जो सभी उम्र के लोगों में फैल सकता है। इस वायरस का ज्यादा असर बुजुर्गों और छोटे बच्चों पर होने की आशंका है। वायरस से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में अगर आप आते हैं तो आप भी इस वायरस से संक्रमित हो सकते हैं। इसके कुछ आम से लक्षण हैं। जैसे नाक बहना, गले में खराश, सिरदर्द, थकान, खांसी, बुखार या फिर ठंड लगने लगती है। होम्योपैथ डॉ. द्विवेदी के मुताबिक ये आम से लक्षण आगे चलकर बड़ी आफत का सबब बन सकते हैं। फेफड़े प्रभावित हो सकते हैं। सांस लेने में दिक्कत होती है घरघराहट सुनाई जाती है, अस्थमा संबंधी परेशानियां बढ़ जाती हैं, सांस फूलने लगती है, थकान बढ़ जाती है, बच्चों की

- नाक बहना, गले में खराश, सिरदर्द, थकान, खांसी, बुखार जैसे लक्षण
- हर्बल सामग्रियों से बनाई गई दवा का कोई साइड इफेक्ट भी नहीं

छाती का संक्रमण घातक साबित हो सकता है।

इस वायरस से निपटने के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं, होम्योपैथी भी ऐसा ही है। डॉक्टर कहती हैं 'लक्षण दिखें तभी होम्योपैथिक दवाएं ले सकते हैं। सभी जानते हैं हर्बल सामग्रियों से बनाई जाती हैं और इनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता। होम्योपैथी की दवाई अंगों का खास ख्याल रखती हैं उनको नुकसान न पहुंचने देती। इससे होता ये है कि रोग ज्यादा बढ़ता नहीं है।' सलाह एक ही है कि किसी भी परिस्थिति में स्टेरॉयड और ब्रोन्कोडायलेटर्स पर निर्भरता कम करें। आमतौर पर श्वसन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोग इनका धड़ल्ले से उपयोग करते हैं। ये न्यूनतम दुष्प्रभावों के साथ प्राकृतिक और समग्र उपचार प्रदान करता है। होम्योपैथिक दवाएं लंग वॉल्यूम कैपिसिटी को बढ़ा सकती हैं। डॉ. द्विवेदी होम्योपैथी के व्यक्तिगत अप्रोच की बात करती हैं। कहती है होम्योपैथ मरीज की हिस्ट्री समझता है। सबकी बॉडी और रिएक्शन अलग होता है, ऐसी स्थिति में होम्योपैथ किसी भी रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट (श्वसन पथ) इंफेक्शन या बीमारी से पीड़ित रोगी को राहत या स्थायी इलाज देने के लिए मौजूदा लक्षणों को समझ बूझकर दवाएं देता है।

# फ्रेंच महिला अयोध्या पुलिस की कार्यशैली से प्रभावित, की तारीफ

**अयोध्या,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। यूरोपीय देश फ्रांस से भारत घूमने आई एक फ्रेंच महिला अयोध्या में नवनिर्मित भगवान श्री राम के मंदिर में दर्शन पहुंची। यहां पहुंचने पर पुलिस की कार्यकुशलता ने फ्रेंच महिला को बड़ा प्रभावित किया। इस बात का जिक्र महिला ने अयोध्या पुलिस द्वारा जारी वीडियो में किया।

अयोध्या पुलिस ने महिला का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किया। इसमें अयोध्या पुलिस ने कैप्शन दिया कि अतिथि देवो भव! फ्रांस से अयोध्या दर्शन करने आईं महिला पर्यटक द्वारा अयोध्या पुलिस एवं प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था, विशेषकर पुलिसकर्मियों की विनम्रता, पेशेवर दक्षता एवं सुरक्षा व्यवस्था की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।


अयोध्या पुलिस श्रद्धालुओं की सेवा में सदैव तत्पर है। फ्रेंच




महिला ने वीडियो में कहा कि मैं अयोध्या में पुलिस की कार्यकुशलता और स्वागत से बहुत प्रभावित हूं। एक विदेशी होने के नाते, भारत यात्रा करना और खासकर एक अकेली महिला के रूप में यात्रा करना बहुत खास अनुभव हो रहा है। मेरे लिए, इसने भारत में मेरे अनुभव को पूरी तरह से बदल दिया। मुझे सुरक्षित, आरामदायक महसूस हुआ और आपकी संस्कृति के हर पहलू को समझने का मौका मिला। पुलिस बहुत ही विनम्र, दयालु थी, और उन्हें संस्कृति और इतिहास का गहरा ज्ञान था। मेरे लिए, यह भारत के बारे में मेरी धारणा को पूरी तरह से बदलने वाला अनुभव था। मैं बहुत-बहुत आभारी हूं। इसके अलावा, यह बहुत ही प्रभावशाली था, क्योंकि मैं साइकिल से आई थी। मैंने बस अपने नेपाल पुलिस मित्र को व्हाट्सएप पर एक संदेश भेजा और कुछ ही घंटों में उन्होंने मुझसे संपर्क किया, और मुझे एक ऐसे व्यक्ति से मिलवाया जो अंग्रेजी बोलता था, जो बहुत सारी सांस्कृतिक जानकारी रखता था, और जिसने मेरे सभी सवालों के जवाब दिए, और जहां मैं सुरक्षित रह सकती थी। मुझे भारत में इससे बेहतर स्वागत की उम्मीद नहीं थी।

## संगीत की दुनिया में प्रसिद्ध सितार वादक थे अब्दुल हलीम जाफर खां

**नई दिल्ली,** 4 जनवरी (आईएएनएस)। संगीत की दुनिया में %सितार का जादूगर% के नाम से पहचाने जाने वाले अब्दुल हलीम जाफर खां की आज पुण्यतिथि है। प्रसिद्ध सितार वादक अब्दुल हलीम जाफर खां का 4 जनवरी, 2017 को मुंबई में निधन हो गया था। खान इंदौर घराने के कलाकार थे। उनके पिता उस्ताद जाफर खां भी सितार के अच्छे ज्ञाता थे। उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया था। उनका जन्म 18 फरवरी, 1927 को मध्य प्रदेश में इंदौर के जावरा में हुआ था। वह 'जफरखानी बाज' शैली के लिए भी पहचाने जाते थे।



पिता के निधन के बाद अब्दुल हलीम जाफर खां के सामने आर्थिक समस्या खड़ी हो गई। इस कारण उनको फिल्मी क्षेत्र में जाना पड़ा। यहां उनको कामयाबी मिली, साथ की पूरे भारत में उनके सितार वादन की धूम मच गई।

आकाशवाणी के राष्ट्रीय कार्यक्रमों और अखिल भारतीय संगीत सम्मेलनों में अपने सितार वादन से उन्होंने लोगों को हैरान कर दिया था। अब्दुल हलीम जाफर खां ने चकंधुन, कल्पना, मध्यमी तथा खुसरूबानी जैसे मधुर राग भी निर्मित किए हैं। इसके अलावा उन्होंने कुछ दक्षिणी रागों को भी उत्तर भारत में लोकप्रिय बनाया। सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से कई बार विदेश भी गए थे।

# दुनिया की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति टोमिको इटूका का निधन

**टोक्यो,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। दुनिया की सबसे बुजुर्ग शख्स के रूप में पहचानी जाने वाली 116 वर्षीय टोमिको इटूका का निधन हो गया है। उनका जन्म 23 मई, 1908 को ओसाका में हुआ था। ह्योगो प्रान्त की नगर सरकार ने बताया कि इटूका का इस हफ्ते की शुरुआत में पश्चिमी जापान के आशिया शहर के एक नर्सिंग होम में निधन हो गया, जहां वह रहती थीं। क्योडो न्यूज ने यह जानकारी दी।

शनिवार को जापानी दैनिक 'द मेनिची' की रिपोर्ट के अनुसार, 'जिस शहर में वह रहती थीं, वहां के विशेष नर्सिंग होम में वह अपने पसंदीदा लैक्टिक एसिड ड्रिंक का आनंद लेती थीं और अक्सर कर्मचारियों को धन्यवाद कहती थीं।' आशिया के मेयर रयोसुके



### 1908 में हुआ था जन्म

ताकाशिमा ने कहा कि अपने लंबे जीवन के माध्यम से, उन्होंने हमें बहुत साहस और आशा दी। मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। दिसॅबर 2023 में ओसाका प्रान्त के काशीवारा में 116 वर्षीय फुसा तात्सुमी की मृत्यु के बाद इटूका जापान में सबसे बुजुर्ग जीवित शख्स बनी थी।

फुसा तात्सुमी का जन्म 25 अप्रैल, 1907 को हुआ था और उन्होंने अपने अंतिम दिन काशीवारा के एक नर्सिंग होम में बिस्तर पर बिताए थे। फुकुओका में 119 वर्षीय महिला की मृत्यु के बाद अप्रैल 2022 में तात्सुमी जापान में सबसे बुजुर्ग जीवित व्यक्ति बन गई थीं।

सितम्बर 2024 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा इटूका को दुनिया के सबसे बुजुर्ग जीवित व्यक्ति के रूप में मान्यता दी गई। उन्हें स्पेन के कैटेलोनिया के ओलोट की 117 वर्षीय मारिया ब्रान्यास मोरेरा की मृत्यु के बाद। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार मोरेरा का जन्म 4 मार्च, 1907 को हुआ था। जापान में औसत जीवन अवधि 2020 में महिलाओं के लिए 87.71 वर्ष और पुरुषों के लिए 81.56 वर्ष थी। कोरोनावायरस से बढ़ती मौतों के कारण 2021 और 2022 में औसत जीवन अवधि में कमी आई है।

# नए साल का जश्न मना एक साथ लौटे अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय

**मुंबई,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। तलाक की सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए बॉलीवुड की स्टार जोड़ी ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन अपनी बेटी आराध्या के साथ छुट्टियां मनाकर मुंबई लौट आए हैं। तीनों को एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए देखा गया। अभिषेक आगे चल रहे थे, जबकि ऐश्वर्या और आराध्या उनके पीछे चल रही थीं। उन्होंने एयरपोर्ट के बाहर खड़े फोटोग्राफर्स को 'हैप्पी न्यू ईयर' भी कहा।

अभिषेक ने जहां स्वेटशर्ट, ब्लैक पैंट और सफेद जूते पहने थे वहीं, ऐश्वर्या और आराध्या ने काले रंग के कपड़े पहने हुए थे। इस दौरान मीडिया ने उन्हें एक संयुक्त फोटो के लिए अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने खास ध्यान नहीं दिया। दोनों अपनी कार की ओर बढ़ गए। एक अन्य वीडियो में ऐश्वर्या अपनी बेटी से पूछती नजर आ रही हैं कि क्या किसी ने उसे धक्का



दिया, क्योंकि आराध्या चलते समय अचानक कूद गई थी।

अभिषेक को कार के पास दोनों का इंतजार करते हुए देखा जा सकता है। अपनी पत्नी और बेटी के बैठने के बाद, कार की आगे वाली सीट पर बैठकर वह चले जाते हैं।

दिसम्बर में इस जोड़ी ने अपनी बेटी आराध्या के स्कूल के वार्षिक समारोह में भी भाग लिया था। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कार्यक्रम के पहले दिन, अमिताभ बच्चन भी अपनी पोती का प्रदर्शन देखने के लिए शामिल हुए। अफवाहों के फैलने के बाद से यह पहली बार था जब ऐश्वर्या राय और अभिषेक को सार्वजनिक रूप से एक साथ देखा गया। दोनों के संबंध में खटास को लेकर अटकलें लगातार चल रही थीं, पिछले साल की शुरुआत में एक शादी में अलग-अलग दिखने के बाद इसे और हवा मिली। अफवाहों के ताजे मामलों ने तब जोर पकड़ा जब दुबई के एक कार्यक्रम में ऐश्वर्या का नाम 'बच्चन' उपनाम के बिना लिस्ट किया गया। अभिषेक और ऐश्वर्या की शादी 2007 में हुई थी। दोनों को नवम्बर 2011 में बेटी हुई थी।

बता दें कि हाल ही में अभिषेक बच्चन का नाम उनकी को स्टार निमरत कौर के साथ जुड़ा था। दोनों के बीच डेटिंग की अफवाह थी।

# शाहरुख व सलमान को पसंद आया फिल्म 'लवयापा' का टाइटल ट्रैक



**मुंबई,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान और दबंग स्टार सलमान खान को जुनैद खान और खुशी कपूर की आने वाली फिल्म 'लवयापा' का टाइटल ट्रैक बेहद पसंद आया है। फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट निर्मित प्रोड्यूस और अद्वैत चंदन निर्देशित फिल्म 'लवयापा' ने अपनी घोषणा के बाद से ही लोगों में काफी एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। यह फिल्म जुनैद खान और खुशी कपूर की पहली थिएटर रिलीज है। यह पहली बार है जब जुनैद रोमांटिक कॉमेडी में नजर आएंगे।

'लवयापा' का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है।इस फिल्म के टाइटल ट्रैक ने रिलीज़ होते ही दर्शकों के बीच धूम मचा दी है। गाने को जुनैद और खुशी की नई जोड़ी और इसके रोमांटिक अंदाज़ के लिए खूब सराहा जा रहा है। इसी बीच, शाहरुख़ खान और सलमान ख़ान से मिले खास कॉम्प्लिमेंट्स ने फिल्म को और चर्चा में ला दिया है। शाहरुख़ ख़ान ने सोशल मीडिया पर गाने की तारीफ करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं और लिखा, इतना प्यारा गाना है यह।जुनैद जितना जेंटल। ऑल द बेस्ट खुशी।मेरी ढेर सारा प्यार ।लवयापा कपल और टीम को। वहीं, सलमान ख़ान ने अपने सोशल मीडिया पर जुनैद ख़ान और ख़ुशी कपूर को शुभकामनाएं देते हुए लिखा, लवयापा हो गया बेस्ट ऑफ़ लक जुनैदखान ख़ुशी कपूर फिल्म लवयापा 7 फरवरी को रिलीज होगी।

# मोहनगढ़ क्षेत्र में निकला पानी सरस्वती नदी का नहीं

**जमीन से टर्सरी काल की निकल रही मिट्टी के चलते यह पानी 60 लाख वर्ष पुराना**

**जैसलमेर,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में जैसलमेर जिले के मोहनगढ़ क्षेत्र में गत दिनों निकले पानी एवं मिट्टी के संबंध में किये जा रहे अलग-अलग दावों में इसे सरस्वती का पानी बताये जाने को भूजल वैज्ञानिक सिरे से खारिज कर रहे हैं। यह बताया जा रहा है कि तेज दबाव के साथ सफेद मिट्टी भी बाहर आई है। यह मिट्टी चिकनी है। ऐसे में कई लोग इसे सरस्वती नदी का पानी बता रहे हैं, लेकिन यह पानी खारा होने से सरस्वती नदी होने के दावों को भूजल वैज्ञानिक सिरे से ही खारिज कर रहे हैं।

जैसलमेर का यह इलाका करीब 25 करोड़ वर्ष पहले टेथिस सागर का तट हुआ करता था। इसे लेकर कई वैज्ञानिक दावा करने के साथ ही शोध में जुटे हुए हैं। ऐसे में बोरवेल का खारा पानी एवं निकली सफेद चिकनी मिट्टी समुद्र के पानी के होने के दावे को और बल मिल रहा है। भूजल विशेषज्ञों के मुताबिक जमीन से टर्सरी काल की निकल रही मिट्टी के चलते यह पानी 60 लाख वर्ष पुराना होने की संभावना है। यह पानी वैदिक काल से भी अत्यंत पुराना होने की संभावना के मद्देनजर इस पर और कुंए खोदकर अध्ययन करने की आवश्यकता है । वहीं दूसरी तरफ जैसलमेर के मोहनगढ़ क्षेत्र में एक खेत मे ट्यूबवेल खुदाई के दौरान भूगर्भ से अचानक अप्रत्याशित रूप से जबरदस्त पानी निकलने के कारण ध्वस्त हुए ट्यूबवेल एवं बाद में अचानक अप्रत्याशित रूप से बंद हुए पानी के संदर्भ में बड़ोदा से बुधवार को तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) आपदा प्रबंधन दल मौके पर पहुंचा और वहां अध्ययन किया। दूसरी तरफ खुदाई के गड्ढ़े से पानी का स्तर लगातार कम हो रहा है, लेकिन उसमें भूगर्भ से अभी भी बहुत कम मात्रा में गैस निकल रही है। पानी में से गैस के बुलबुले निकलते हुए देखे जा रहे हैं। ओएनजीसी का दल ने ग्रामीणों से कहा कि ध्वस्त हुए गड्ढ़े से मशीन एवं ट्रक निकालना उचित नहीं होगा, क्योंकि वहां से इन्हें निकालने में भारी भरकम खर्च तो होगा ही शायद ट्रक एवं मशीन के दबे होने से पानी का निकलना बंद हो गया है। इन्हें बाहर निकालने के प्रयास में एक बार पुन: जबरदस्त पानी का प्रवाह वापस शुरू होने की आशंका है। उधर, ट्यूबवेल से अपने आप ही पानी बंद होने से सभी ने राहत की सांस ली, लेकिन अब राज्य सरकार ने इस प्रकार की विपरीत परिस्थितियों एवं आपदा को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच के लिए अपने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को मौके पर भेजा है। चौधरी ने जिले की उप तहसील मोहनगढ़ स्थित सुथार मण्डी के 27 बीडी क्षेत्र में किसान विक्रम सिंह के खेत में बोरवेल की खुदाई के दौरान अचानक अनियंत्रित पानी एवं गैस निकलने के बाद स्थिति का अवलोकन किया एवं वास्तविक स्थिति देखी।

# पशुओं में दर्द निवारक दवा निमोस्लाइड पर प्रतिबंध से पक्षी विशेषज्ञों में खुशी



**जैसलमेर,** 4 जनवरी (एजेंसियां)। देश में तेजी से लुप्त हो रहे दुर्लभ प्रजाति के गिद्धों की घटती संख्या को देखते हुए पशुओं के दर्द निवारक के काम आने वाली दवा निमोस्लाइड पर केंद्र सरकार की ओर से बैन लगाने के निर्णय पर पर्यावरणविदों एवं पक्षी विशेषज्ञों ने खुशी जतायी है। जैसलमेर जिले में विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों, गिद्धों, दि ग्रेट इंडियन बस्टर्ड आदि के संरक्षण एवं उन्हें बचाने में जुटी कई संस्थाओं, विभिन्न बर्ड्स प्रेमियों ने गत 30 दिसम्बर को केन्द्र सरकार द्वारा एक गजट नोटिफिकेशन जारी कर पशुओं के दर्द निवारक दवा निमोस्लाइड पर बैन लगाने के निर्णय पर हर्ष जाहिर करते हुए केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया है।

दरसअल हर साल की तरह राजस्थान में खासकर सर्दी के मौसम में जैसलमेर, बीकानेर सहित कई जिलों में शेड्यूल फर्स्ट के वन्य जीव प्राणी दुर्लभ प्रजातियों के गिद्धों का आना जारी है, लेकिन इनकी संख्या में हर वर्ष गिरावट देखी जा रही है। लगातार गिद्धों की घटती संख्या को देखते हुए वैज्ञानिक रिसर्च में सामने




- निमोस्लाइड नामक दर्द निवारक दवाई के बाद मृत पशुओं को खाने से गिद्धों की मौत
- गाय, भैंस और तमाम पशुओं को दी जाने वाली थी सस्ती दर्द निवारक

आया है कि निमोस्लाइड नामक दर्द निवारक दवाई के बाद मृत पशुओं को खाने से गिद्धों की मौत होती है। पशुओं के मृत शरीर को भोजन बनाने वाले गिद्ध इस दवा के दुष्प्रभाव की चपेट में आ रहे हैं।

वरिष्ठ पक्षी एवं पर्यावरण विशेषज्ञ राधेश्याम पेमानी ने बताया कि पशुओं में आमतौर पर निमोस्लाइड दर्द निवारक दवा का उपयोग किया जाता है, लगातार गिद्धों की घटती संख्या को देखते हुए वैज्ञानिक रिसर्च में सामने आया है कि इस दर्द निवारक दवाई के बाद मृत पशुओं को खाने से गिद्धों की मौत होती है। उन्होंने बताया कि निमोस्लाइड पी एक कॉम्बिनेशन दवा है जो दर्द से राहत देने में मदद करती है। इसका इस्तेमाल रूमेटॉइड आर्थराइटिस, एंकीलोसिंग स्पॉन्डिलाइटिस और ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसी स्थितियों में दर्द और सूजन से राहत के लिये किया जाता है। इसके पशुओं को देने के बाद मृत पशुओं को खाने से जैसलमेर के डेजर्ट नेशनल पार्क (डीएनपी), पोकरण पशु बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण में हर वर्ष प्रवास पर आने वाले हजारों गिद्धों में से बड़ी संख्या में दुर्लभ प्रजाति के गिद्धों की मृत्यु हो रही है जो कि अत्यंत चिंताजनक माना गया।

पक्षी विशेषज्ञ एवं देग राय ओरण के कॉर्डिनेटर पर्यावरणविद् सुमेर सिंह भाटी ने बताया कि जैसलमेर जिले में खासकर देगराय ओरण सहित अन्य भागों में कुल सात दुर्लभ प्रजाति के हजारों गिद्ध एक साथ नजर आते हैं, लेकिन दर्दनिवारक दवाओं के पशुओं को देने एवं उन पशुओं की मृत्यु के बाद जैसलमेर प्रवास पर आने वाले गिद्धों द्वारा भोजन के रूप खाने के बाद पिछले पांच वर्षों में सैकड़ों गिद्धों की हुई है मौत हुई है।

# महाकुंभ : भव्यता और दिव्यता से निकाली गई निरंजनी अखाड़े की पेशवाई

**महाकुंभ नगर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। तीर्थराज प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ की शुरुआत हो रही है। इसके साथ ही अखाड़ों द्वारा भव्य पेशवाई निकाली जा रही हैं। छावनी प्रवेश के साथ ही अखाड़ों के लिए भी कुंभ की औपचारिक शुरुआत हो जाती है। ऐसे ही शनिवार को निरंजनी अखाड़े की छावनी यात्रा पूरी भव्यता और दिव्यता से निकाली गई।

निरंजनी अखाड़े की छावनी यात्रा में हाथी-घोड़े और बाजे-गाजे के साथ श्रद्धालु रास्ते भर स्वागत करते रहे। इस दौरान

- अखाड़ों के साधु संत, नागा संन्यासी शाही स्नान की करेंगे तैयारी
- महामंडलेश्वर, हाथी, घोड़ा, ऊंट आदि के साथ करेंगे प्रवेश

रास्ते भर पुष्प वर्षा होती रही और अखाड़े के नागा संत शरीर पर भभूत धारण कर अस्त्र-शस्त्र लहराते हुए सबसे आगे चल रहे थे। नागा संत हाथी घोड़े और ऊंट पर सवार होकर सनातन की पताका को लहराते हुए आगे बढ़ते रहे। पेशवाई के दौरान



सबसे आगे निरंजनी अखाड़े के आराध्य भगवान कार्तिकेय की पालकी थी।

संन्यासी परंपरा के निरंजनी अखाड़े की यह शोभा यात्रा अल्लापुर में बाघंबरी मठ से शुरू होकर तमाम रास्तों से होती हुई मेला क्षेत्र में प्रवेश करेगी। इस पेशवाई में डेढ़ दर्जन से ज्यादा राज्यों की बैंड पार्टियों को बुलाया गया है। इस पेशवाई में धर्म और आध्यात्म के साथ ही कला और संस्कृति के भी अलग-अलग रंग देखने को मिले। देश के अलग-अलग हिस्सों से कलाकारों को बुलाया गया है। वहीं पेशवाई की अगुवाई अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद सरस्वती ने विशाल रथ पर सवार होकर की। इस मौके पर सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए। अखाड़े के छावनी प्रवेश का बहुत बड़ा महत्व होता है। इस अवसर पर निरंजनी अखाड़ा के सचिव रामरतन गिरी ने मीडिया से बातचीत की। रामरतन गिरी ने बताया कि सभी अखाड़ों के लिए पेशवाई उनका वैभव है। यह उनके लिए सबसे प्रमुख होती है। इस दौरान नागा संन्यासी, मठाधीश, सभी महामंडलेश्वर, हाथी, घोड़ा, ऊंट आदि के साथ प्रवेश करेंगे।

पेशवाई के बाद हमारा कुंभ शुरू हो जाता है। देश के कई जगहों से संत आए हैं। हर कोने से नागा और अन्य संत आए हैं। वहीं, धीरे-धीरे सारे अखाड़े की पेशवाई छावनी प्रवेश के बाद कुंभ मेले की शुरुआत हो जाएगी। सभी अखाड़ों के साधु संत, नागा संन्यासी शाही स्नान की तैयारी करेंगे।

# रेकी कर चोरी करने वाले दो अंतर्राज्यीय आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

## 9 लाख के आभूषण जब्त, सांकरा, पिथौरा, महासमुंद में हुई चार चोरियों का खुलाशा



**महासमुंद,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। चोरी के मामले में फिसड्डी साबित हो रही जिले की पुलिस के लिए यह राहत भारी खबर हो सकती है कि पिथौरा पुलिस ने चोरी के जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है वे पिथौरा, सांकरा व महासमुंद में चार चोरियों को अंजाम देने की बात स्वीकार करते हुए चोरियों का सामान भी बरामद करवाया है। ये आरोपी म.प्र के रहने वाले है जो खल्लारी थानाक्षेत्र के भीमखोज में अपने ससुराल आकर चोरियों की घटनाओं को अंजाम दिया था। आरोपी इतने शातिर है है कि ये बकायदा रेकी करते है और मौका मिलते ही सूने या तालाबंद मकानों में धावा बोलकर घटनाओं को अंजाम देते है। आरोपियों द्वारा स्वीकार की गई चारों चोरियों की घटनाएं एक जैसे होने के कारण पुलिस को पहले ही संदेह था कि चोरियों के पीछे किसी एक गेंग का हाथ होगा। सीसी फूटेज मिलाने और पुलिसिया पूछताछ में आरोपी टूट गए और बताया कि वे पिथौरा में ही नही बल्कि सांकरा और महासमुंद में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायायीक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। म.प्र में भी आरोपियों के खिलाफ चोरी के अनेक मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों से सोने, चांदी के आभूषण सहित नकदी 9.11 लाख रुपए और चोरी में प्रयुक्त बाइक जब्त किया है। एएसपी प्रतिभा पाण्डेय ने कोतवाली, सांकरा व पिथौरा क्षेत्रातंर्गत हुई चार चोरियों के मामले का खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि वार्ड 6 पिथौरा निवासी जिशान अहमद ने 15 दिसंबर को दिनदहाडे घर का ताला तोड़कर कर सोने चांदी के गहने सहित नकद कुल कीमत 70 हजार रुपए चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसी दिन शाम करीब साढ़े छह बजे पिथौरा निवासी श्रवण निषाद ने घर से सोने.चांदी के आभूषण कुल 55 हजार की चोरी का मामला दर्ज कराया था। इसी तरह 14 दिसंबर को सांकरा निवासी सुभाष कोटक ने 50 हजार रुपए नकदी चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। इससे पूर्व कोतवाली थानांतर्गत रमनटोला निवासी विजय वर्मा ने 12 दिसंबर की सुबह 10 से दोपहर 2 के मध्य घर से सोने.चांदी के आभूषण कीमत 3 लाख रुपए चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। एएसपी ने बताया कि उक्त चोरियों के मामले की पतासाजी के लिए चार टीमों का गठन किया गया था। इसी दौरान पिथौरा की टीम ने सीसीटीवी फुटेज में दो संदेही देख मुखबीरों को सक्रिय किया। मुखबिर से सूचना मिली कि सीसीटीवी में कैद दोनों व्यक्ति खल्लारी में रूके हैं। सूचना पर उक्त दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम.पता ग्राम चुटकीपुरा थाना गुनहा, जिला भोपाल मध्यप्रदेश निवासी गुप्ता जी पारधी 33 और वार्ड 15 सिवनी मालवा जिला होशंगाबाद मध्यप्रदेश निवासी अली कुमार राठौर 23 वर्ष बताया। हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की तो आरोपियों ने पिथौरा, सांकरा और महासमुंद कुल चार जगह चोरी करना स्वीकार किया है।

### जिले में घूम-घूमकर कर रहे थे चोरी

एएसपी श्रीमती पांडेय ने बताया कि उक्त आरोपी जिले में अलग.अलग स्थानों में घूमकर पहले रेकी कर फिर चोरी करते थे। पुलिस ने आरोपियों से एक नग सोने का मंगल सूत्र, 2 नग सोने का रानी हार, 5 नग लटकन, 2 नग सोने का कंगन, 1 नग सोने की माला,3 नग सोने की अंगूठी, 1 जोड़ी सोने का झुमका, 1 नग सोने का लॉकेट, 1 नग चांदी की करधन, 07 जोड़ी चांदी की पायल, 1 नग चांदी की बाजूबंद, 8 नग चांदी की बिछिया, 1 नग चांदी की ब्रेसलेट, 1 नग चांदी की सिक्का, 1 नग चांदी की अंगूठी सहित साढ़े चार हजार नकद कुल कीमत 9 लाख 11 हजार 500 रुपए सहित 90 हजार की बाइक बरामद की है।

# गंगरेल बांध मोह लेती है पर्यटकों का मन



**धमतरी,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के बड़े बांधों में से धमतरी जिले के गंगरेल में महानदी पर बने रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध की खूबसूरती सभी को लुभाती है। इसी वजह से लाखों लोग यहां आते हैं। महानदी अत्यंत विशाल नदी है, जिसका उद्गम धमतरी जिले के सिहावा पर्वत से होता है और यह नदी अपने उद्गम के बाद उत्तर-पूर्व दिशा में प्रवाहित होती है। इस नदी पर बड़े-बड़े बांधों का निर्माण किया गया है, जिनमें से प्रमुख हैं रुद्री बांध, गंगरेल या रविशंकर बांध और उड़ीसा में निर्मित हीराकुंड बांध है। छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा बांध गंगरेल या रविशंकर बांध इसी नदी पर निर्मित है।

यहां दर्शनीय स्थल मां अंगारमोती मंदिर के अलावा बोटिंग, मिनी गोवा, रंग-बिरंगे फूलों से सुसज्जित गार्डन पर्यटकों का मन अपनी ओर मोह लेती है। गंगरेल डैम पर खूबसूरत हट बने हुए हैं, जाहं से बांध के पास रहने और 24 घंटे उसे निहारने का आनंद भी उठाया जा सकता है। ग्राम छाती की डिगेश्वरी साहू बताती हैं कि वे अपने परिवार के साथ गंगरेल घूमने आती रहतीं हैं। यहां का शांत वातावरण, अंगारमोती का दर्शन कर उन्हें काफी अच्छा लगता है। इसके साथ ही बोटिंग, आकर्षक गार्डन और नदी को देख मन प्रफुल्लित होने लगता है। वहीं महासमुंद जिले से गंगरेल पहुंची कुमारी मोना साहू और उनके साथियों ने गंगरेल के मनोरम वातावरण, बोटिंग, विशाल नदी और अंगारमोती मां के मंदिर की काफी प्रशंसा की।

# गांधी चौक में गांधीजी की प्रतिमा का अद्भूत नजारा

## बलौदाबाजार का बहुत पुराना चौक जगमगाते हुए दिखा



**बलौदाबाजार,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। शहर का सबसे बहुत पुराना चौक और हृदय स्थल जिस चौक से कई मार्गों का आना-जाना जुड़ा हुआ है। जहां से पूर्व पश्चिम उत्तर दक्षिण चारों ओर दिशा में मार्ग जाता है जो कई स्थानों को जोड़ता है बलौदाबाजार का वीआईपी मार्केट जहां सराफा बाजार है जहां पर करोड़ों का बिजनेस दिन प्रतिदिन होता है। एक तरफसिमगा लाइन एक तरफ रायपुर लाइन एक तरफशहर की लाइन और दूसरे तरफकी सीधी तरफ बिलासपुर लाइन को भी यह रोड मिला देती है। जहां पर प्रतिवर्ष 26 जनवरी और 15 अगस्त को कांग्रेस कमेटी के द्वारा महात्मा गांधी चौक पर जिला अध्यक्ष के द्वारा तिरंगे झंडा फहराया जाता है और सन् 1951 में 29 जनवरी के दिन पंडित जगन्नाथ प्रसाद वाजपेई मालगुजार सरकीपार स्वतंत्रता सेनानी के द्वारा यह गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई और आज उसका सौंदर्यकरण नगर पालिका के द्वारा किया गया। जिससे कि आज अद्भुत नजारा और जगमगाते हुए गांधी जी दिखाई दे रहे हैं। मानो ऐसा लग रहा है कि सचमुच में गांधी जी चबूतरे के ऊपर खड़े हैं। नगर वासियों ने कहा कि यह हमारा हृदय स्थल है और हम महात्मा गांधी तो आज इस दुनिया में नहीं है लेकिन आज वह हमारी यादों में अभी भी जिंदा है और उनके द्वारा अहिंसा परमो धर्म जैसे नारे का और बातों का आज हम अनुकरण करते हैं और महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलते हुए इस प्रतिमा को देखते हुए प्रेरणा लेते रहते हैं।

नगर वासियों ने यह भी बताया कि आने वाले कुछ दिनों में गांधी जी की प्रतिमा का सौंदर्य करण का लोकार्पण भी होने को है।

# पत्नी की हत्या कर फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बालोद,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। गुरुर ब्लॉक के ग्राम सांगली (कंवर चौकी थाना क्षेत्र) में एक पति द्वारा अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी गई। पारिवारिक कलह के कारण इस घटना को अंजाम देने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तो वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति केशव चंद साहू उम्र 39 वर्ष फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इधर उनकी पत्नी ईश्वरी बाई उम्र 34 को वह कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर घर में छोड़कर चला गया था। आसपास के लोगों को जब इसकी जानकारी लगी तो तत्काल उनकी पत्नी को धमतरी अस्पताल भर्ती कराया गया। लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई। घटना सुबह पौने छह बजे की बताई जा रही है। अन्य परिजनों से पुलिस ने जब पूछताछ किया तो यह बाते सामने आई कि आरोपी पति द्वारा हत्या करने का कारण यह है कि उनकी पत्नी उसका कहना नहीं मानती थी। हमेशा अपना ही चलाती थी। इस बात को लेकर अक्सर पति-पत्नी के बीच वाद विवाद होता था। जिससे पति अपने मन में गुस्सा पाल कर रखा था। हाल ही में सनौद मेला देखने के लिए उसकी सास भी आई हुई थी। पति से पत्नी ज्यादा बातचीत नहीं करती थी। इससे भी पति को चिढ़ रहता था। शुक्रवार सुबह करीब 5-50 बजे कुछ बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ गया और देखते-देखते कुल्हाड़ी उठाकर उसने ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पास के कमरे में उनके दोनों बच्चे 14 साल की बेटी और 12 साल का बेटा मौजूद था। जो घटना को देखकर बचाव बचाव की आवाज देने लगे। जब तक कोई वहां बचाने के लिए पहुंचता आरोपी अपनी पत्नी को कई बार वार करके भाग चुका था। गंभीर अवस्था में ईश्वरी को धमतरी जिला अस्पताल भर्ती कराए थे। जहां उसकी मौत हो गई। वही एडिशनल एसपी मोनिका ठाकुर ने बताया कि आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SANGEETHA SANDEEP KUMAR W/O SANDEEP KUMAR resident of FLAT -302, MADHURISHA HEIGHTS PHASE-2, MAITRI KUNJ, RISALI BHILAI, DURG, (C.G.) PIN-490006 have changed my old name SANGEETHA SANDEEP KUMAR W/O SANDEEP KUMAR so in future I should be recognized by my new name that is SANGEETHA W/O SANDEEP KUMAR in all Government and other documents.

**SANGEETHA**
FLAT -302, MADHURISHA HEIGHTS PHASE-2, MAITRI KUNJ, RISALI BHILAI, DURG, (C.G.) PIN-490006

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PRAISY KUZHIPARAMBIL JOHN D/O JOHN KUZHIPARAMBIL ITTY resident of H.NO.-767,ADARSH NAGAR,NEAR COMMUNITY CHURCH, WARD-24, CHARODA, BHILAI, DURG, (C.G.) PIN-490025 have changed my old name PRAISY KUZHIPARAMBIL JOHN D/O JOHN KUZHIPARAMBIL ITTY so in future I should be recognized by my new name that is PRAISY ANISH W/O ANISH ALEXKUTTY in all Government and other documents.

**PRAISY ANISH**
H.NO.-767,ADARSH NAGAR,NEAR COMMUNITY CHURCH, WARD-24, CHARODA,BHILAI, DURG, (C.G) PIN-490025

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, JAGDISH KUMAR PATEL S/O CHUNILAL PATEL resident of H.NO.-12/21, WARD NO.-12, SHREE YOGESHWAR TIMBER COMPANY BAJRANG CHOWK KUMHARI DIST DURG (C.G.) have changed my old name JAGDISH KUMAR PATEL S/O CHUNILAL PATEL so in future I should be recognized by my new name that is JAGDISH PATEL S/O CHUNILAL PATEL in all Government and other documents.

**JAGDISH PATEL**
H.NO.-12/21, WARD NO.-12, SHREE YOGESHWAR TIMBER COMPANY BAJRANG CHOWK KUMHARI DIST DURG (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MAHESH MOTWANI S/O GAGAN DAS MOTWANI resident of H.NO -147 SUBHASH WARD, KANKER UTTAR BASTAR KANKER (C.G) 494334 have changed my old name MAHESH MOTWANI S/O GAGAN DAS MOTWANI so in future I should be recognized by my new name that is MAHESH KUMAR MOTWANI S/O GAGAN DAS MOTWANI in all Government and other documents.

**MAHESH KUMAR MOTWANI**
H.NO -147 SUBHASH WARD, KANKER UTTAR BASTAR KANKER (C.G) 494334

**आम सूचना**

मित्तल इंस्टिटयूट ऑफ मेडिकल साइंस (मित्तल हॉस्पिटल) के अंतर्गत हमारे अस्पताल में 31.12.2019 से पूर्व इलाज किये गए मरीजो के दस्तावेज को नष्ट किया जाना है एवं नियम के अनुसार एम.एल.सी. और डेथ फाइल को हम सुरक्षित रखेंगे।

जगह और रख-रखाव के उपलब्धता के आधार पर 01.01.2020 के बाद के दस्तावेज को सभी रिकॉर्ड को हम सुरक्षित रखेंगे। हम आपको सूचित करते है कि नष्ट करने से पहले समाचार पत्र में पब्लिक नोटिस भी जारी करेंगे।

**मित्तल इंस्टिटयूट ऑफ मेडिकल साइंस**
**डायरेक्टर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
ऑनलाईन नं. 202501211100004
अ/2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती चमेली देवांगन पति अगेश्वर देवांगन निवासी परशुराम वार्ड, तहसील- भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ0ग0) के नाम पर ग्राम हथनी प.ह.न. 40 रा0नि0म0 भाटापारा तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 336/15 रकबा 0.0111 हेक्टेयर अर्थात क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट लगान 0.03 रुपये भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1 एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सम्बन्ध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत दिनांक 17.01.2025 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**भाटापारा**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा). भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
आनलाईन नं. 202501211100002
अ/2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रेमीन यादव पति लिलाम्बर यादव निवासी संतकबिर राम वार्ड तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (00) के द्वारा ग्राम भाटापारा प.ह.न. 11 रा.नि.म. भाटापारा तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 161/4 रकबा 0.0065 हेक्टेयर अर्थात क्षेत्रफल 700 वर्गफुट लगान 0.01 रुपये भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1 एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सम्बन्ध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत 17.01.2025 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**भाटापारा**

**शपथ-पत्र नाम परिवर्तन**

मैं शपथकर्ता सकील अहमद पिता मोहम्मद इसराईल, आयु 47 वर्ष, निवासी गाँधी चौक, वार्ड-35, केम्प-2 भिलाई, तह.व जिला दुर्ग (छ.ग.) निम्नलिखित कथन सत्यता से शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि पूर्व में मेरा नाम MOHAMMAD MILAN (मोहम्मद मिलन) था, जो कि मेरे पूर्व आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों के माध्यम से बना था। जो कि गलत है। यह कि मैंने अपना नाम, पैन कार्ड, आधार कार्ड, एवं अन्य दस्तावेजों त्रुटि सुधरवाकर सही नाम SAKIL AHMAD (सकील अहमद) करवा लिया हूँ, जो कि मेरा सही एवं पूरा नाम है। यह कि MOHAMMAD MILAN (मोहम्मद मिलन) एवं SAKIL AHMAD (सकील अहमद) एक ही व्यक्ति का नाम है, अर्थात मेरा ही नाम है, किन्तु अब मेरे सभी शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम SAKIL AHMAD (सकील अहमद) है और इसी नाम से लोग मुझे जानते पहचानते एवं पुकारते हैं। यह कि, मेरे नाम एवं मेरे उपरोक्त बातों की सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान् सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करता हूँ।

**शपथ कर्ता**
**SAKIL AHMAD**
**(सकील अहमद)**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/01/वा-1/अविअ./2024
महासमुंद, दिनांक 20.12.2024
ग्राम-महासमुंद, प.ह.नं. 42
तुषार कुमार चन्द्राकर पिता उपेन्द्र चन्द्राकर निवासी ग्राम महासमुंद, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) आवेदक
विरूद्ध
छ.ग. शासन अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम-महासमुंद, प.ह.नं. 42 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक तुषार कुमार चन्द्राकर पिता उपेन्द्र चन्द्राकर निवासी ग्राम महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम महासमुंद, प.ह.नं. 42 तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 1531/12 रकबा 0.0047 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद व्यावसायिक प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन करने आवेदन पत्र दस्तावेज के प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक / आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वत: अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**महासमुंद**

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा जिला-महासमुंद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/1733/तह./वाचक/2024
बागबाहरा, दिनांक 19.12.2024
रा.मा.क्र. ब/121, वर्ष 2023-2024
ग्राम खम्हारडीह प.ह.नं. 17
तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम खम्हारडीह को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका नितेश ध्रुव पिता दीनाराम ध्रुव जाति गोंड निवासी ग्राम खम्हारमुड़ा तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पिता दीनाराम ध्रुव की जन्म/मृत्यु दिनांक 11.08.2005 को हो गई है। जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो पेशी तिथि 08.01.2025 को न्यायालीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वत: या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 19.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार**
**बागबाहरा**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम दरी प.ह.नं. 14 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है, आवेदिका श्रीमती बंसत बाई पति शिवप्रसाद जाति तेली. साकिन झुलना प.ह.नं. 13 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है, कि अपने पुत्र स्व. ललित कुमार पिता शिवप्रसाद की मृत्यु दिनांक 18/02/2013 में ग्राम दरी में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश: आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाणपत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 16/01/2025 तक अपनी आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अत: दिनांक 31/12/2024 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी कियागया।

सील **कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**नांदघाट, जिला-बेमेतरा**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम कान्हरपुर प.ह.नं. 08 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है, आवेदिका श्रीमती नर्मदा माण्डले पति राजकुमार जाति सतनामी साकिन कान्हरपुर प.ह.नं.08 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है, कि अपने पति राजकुमार माण्डले पिता हिरऊ माण्डले की मृत्यु दिनांक 13/08/2008 में ग्राम कान्हरपुर में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश: आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाणपत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 16/01/2025 तक अपनी आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अत: दिनांक 01/01/2025 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी कियागया।

सील **कार्यपालिका दण्डाधिकारी**
**नांदधाट, जिला -बेमेतरा**

**न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी साजा जिला बेमेतरा (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 202412231100131
ब/121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारिका पिता गरीबा जाति लोधी निवासी ग्राम बीजा पटवारी हल्का नंबर 06 तहसील साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ के द्वारा अपने स्वयं का जन्मदिन दिनांक 15.10.1972 को ग्राम बीजा पटवारी हल्का नंबर 06 तहसील साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ में होने के कारण पंजीयन करने हेतु जन्म प्रमाण पत्र मिलने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसे आवेदन पत्र के साथ रजिस्टार जन्म ग्राम पंचायत बीजा द्वारा अपनी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र रजिस्टार जन्म जिला बेमेतरा द्वारा जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र बैंक का खाता, शपथ पत्र ग्राम पंचायत के सरपंच का हस्ताक्षरित पंचनामा प्रस्तुत किया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का उजर अथवा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 10. 01. 2025 तक अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं।

आज दिनांक 30.12.2024 को यह उद्घघोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक30.12.2024
पेशी दिनांक 10.01.2025

सील **कार्यपालिक दंडाधिकारी**
**साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**चतुर्थ अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रायपुर (छ.ग.)**
**पीठासीन अधिकारी-अतुल कुमार श्रीवास्तव**
प्रकरण क्रमांक-274/2024
प्रोसेस क्रमांक 1874/2024
पेशी दिनांक 05.02.2025
खिलेन्द्र कुमार मांजरे व अन्य आवेदकगण
विरूद्ध
छायांक कुमार उर्फ राजा अनावेदकगण
बनाम,

छायांक कुमार उर्फ राजा पिता उत्तम कुमार, निवासी- क्वाटर नं. 7/4, सड़क 12, सेक्टर 1, भिलाई, थाना भिलाई भट्ठी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

आवेदक ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988, राशि 14,30,000/- (चौदह लाख तीस हजार रूपये) के क्षतिपूर्ति हेतु संस्थित किया है, जिसकी इस न्यायालय में पेशी तारीख 05.02.2025 को नियत है । अत आप इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट-यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 06 माह 12 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा जारी किया गया।
दिनांक 06.12.2024

**(अतुल कुमार श्रीवास्तव)**
**चतुर्थ अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा**
मुहर **अधिकरण, रायपुर (छ.ग.)**

**चतुर्थ अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रायपुर (छ.ग.)**
**पीठासीन अधिकारी-अतुल कुमार श्रीवास्तव**
प्रकरण क्रमांक-359/2023
प्रोसेस क्रमांक 1759/2024
पेशी दिनांक 09.01.2025
तेजराम आवेदक
विरूद्ध
संदीप ठाकरे व अन्य अनावेदकगण
बनाम,

संदीप ठाकरे पिता-जागेन्द्र ठाकरे उम्र-26 वर्ष निवासी वियास स्वीट रेस्टोरेन्ट, स्वर्ण जयंती चौक, थाना-छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

आवेदक ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988, राशि 23,40,000/- (तेईस लाख चालीस हजार रूपये) के क्षतिपूर्ति हेतु संस्थित किया है, जिसकी इस न्यायालय में पेशी तारीख 09.01.2025 को नियत है। अत: आप इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट-यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 13 माह 11 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा जारी किया गया।
दिनांक 12.111.2024

**(अतुल कुमार श्रीवास्तव)**
**चतुर्थ अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा**
मुहर **अधिकरण, रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा तहसील व जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्र./1978/प्र./तह./2024-2025
बेमेतरा, दिनांक 03.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम गुनरबोड़ प.ह.नं. 28 तहसील व जिला बेमेतरा को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गजेन्द्र पिता कन्हैया लाल निवासी ग्राम कोबिया तहसील व जिला बेमेतरा द्वारा ग्राम गुनरबोड़ तहसील व जिला बेमेतरा स्थित भूमि खसरा नं. 260/1, 260/2 रकबा 0.23, 0.20 हे. भूमि जो सीलिंग से प्राप्त भूमि के रूप में राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि को विक्रय किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने बाबत् आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय बेमेतरा जिला बेमेतरा के समक्ष प्रस्तुत किया है, जो कि जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. बेमेतरा जिला बेमेतरा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदित भूमि का विक्रय किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेशी दिनांक 15.01.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जांच उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार**
**बेमेतरा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोना साहू पिता सोमनलाल ग्राम निवासी तहसील बालोद जिला बालोद छ.ग. जिसके शैक्षणिक अभिलेख में मोना कुमारी पिता श्री सोमनलाल दर्ज है। पिता सोमनलाल की मृत्यु के पश्चात् ग्राम निपानी स्थित कृषि भूमि के राजस्व अभिलेख में मोना साहू का नाम संतोषी लिखा हुआ है, उक्त नाम मोना साहू एवं संतोषी साहू एक ही व्यक्ति का नाम है। अर्थात् संतोषी साहू उर्फ मोना साहू एक ही व्यक्ति है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति है। आधार कार्ड में मोना साहू दर्ज है। राजस्व अभिलेख में ग्राम निपानी तह. व जिला बालोद में भूमि ख.नं. 451/2, 0.4800, 51/4 0.2000 जिसमें मेरे पक्षकार का नाम संतोषी पिता सोमन दर्ज है, मेरे पक्षकार के नाम संतोषी उर्फ मोना साहू पिता सोमन अंकित किया जावे।
दिनांक 01.01.2025

**धर्मेन्द्र साहू**
**अधिवक्ता**
**जिला न्यायालय बालोद (छ.ग.)**
**मो.नं. 7974119365**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/तह./वा./24
सिमगा, दिनांक 27.12.2024
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-हथबंद, प.ह.नं. 20

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक दुर्गा ठाकुर पिता बृजभूषण सिंह ठाकुर निवासी ग्राम हथबंद थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी पुत्र प्रिंस ठाकुर पिता बृजभूषण सिंह ठाकुर का (जन्म) दिनांक 30/08/2011 को ग्राम हथबंद में होने पर भूलवश जन्म का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण जन्म पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 15/01/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 27/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर **कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सिमगा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/तह./वा./24
सिमगा, दिनांक 27.12.2024
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-हथबंद, प.ह.नं. 20

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक दुर्गा ठाकुर पिता बृजभूषण सिंह ठाकुर निवासी ग्राम हथबंद थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी पुत्र एवम ठाकुर पिता बृजभूषण सिंह ठाकुर का (जन्म) दिनांक 19/09/2014 को ग्राम हथबंद में होने पर भूलवश जन्म का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण जन्म पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 15/01/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 27/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर **कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सिमगा**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम अपने पक्षकार जयदीप चंद सावलानी उम्र 43 वर्ष आ. श्री रमेश कुमार सावलानी, निवासी-13/सी. नेहरू नगर पूर्व भिलाई तह.व जिला दुर्ग (छ.ग.)-490020 की ओर से अधिकृत होकर एवं उनके बताये गये अनुसार आम सूचना प्रकाशित करते है कि भूमिस्वामी जागेश्वर प्रसाद साहू उम्र 70 वर्ष आ. स्व. चैतराम साहू निवासी-ग्राम-चिखली दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो वाके मौजा-चिखली, प.ह.नं.-11/14, रा.नि.मं. दुर्ग 1, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 26 रकबा 2.1500 हेक्टेयर 5.00 एकड़ भूमि जिसकी सीमा उ.-खसरा नं.-11, द.- चिखली से नगपुरा जाने वाली मुख्य मार्ग पू. खसरा नं.-18/1, 25 एवं 33, प. एम. आर. रोड स्थित है। उसे खरीदने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है केवल पंजीयन निष्पादन कराना बाकी है।

अत: उक्त भूमि के क्रय विक्रय पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था, साहूकार, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय, निगम, धार्मिक संस्थान एवं अन्य को उजर दावा आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति हमारे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त सौदाशुदा भूमि के प्रतिफल की शेष राशि अदा कर हमारे पक्षकार अपने पक्ष में बयनामा निष्पादन कर पंजीयन करा लेवेंगे। समयावधि समाप्त होने पश्चात् की गई उजर दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा निष्पादित पंजीकृत बयनामा दस्तावेज वैध होगी।

सो सूचना जाने
स्थान- दुर्ग
दिनांक-04/01/2025

**भवदीय**
**गैंदलाल यादव / डी.आर.यादव**
**अधिवक्ता**
**ओम् सांई नमन् एसो.**
**जीवन प्लाजा काम्पलेक्स शॉप नं. 17**
**जी.ई. रोड़, गंजपारा दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.अ/6 वर्ष 2024-2025
ग्राम-गुर्रा प.ह.नं. 17

एतद व्दारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक सुधीर श्रीवास्तव पिता शंम्भुषंकर श्रीवास्तव जाति कायस्थ निवासी पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.) व्दारा ग्राम गुर्रा प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. खोखली में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 204/4. 420 रकबा क्रमशः 0.0810, 0.1340 हे. कुल खसरा नंबर 02 रकबा 0.2150 हे. लगान 7.00 रू भूमि रामदुलारी पिता बेनी मांधव के एकल नाम पर दर्ज है, जिसके मृत्यु दिनांक 07/11/2015 को फौत होने से उसके स्थान पर उसके वारिसान पुत्र सुधीर, अजय, नीरज, संजय, मनीष श्रीवास्त यो सुधा पिता बेनीमांधव के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। उक्त सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, तथा दिनांक 15/01/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

उपरोक्त भूमि के सबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 15/01/25 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: उपरोक्त ईश्तहार आज दिनांक 27.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर वा न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया है।

मुहर **तहसीलदार**
**भाटापारा**

# अपने ऐतिहासिक महत्व को समेटे बिलासपुर रेलवे स्टेशन की पुनर्विकास योजना के तहत बदल रही तस्वीर



**बिलासपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। हावड़ा – मुम्बई ट्रंक लाइन में स्थित बिलासपुर रेलवे स्टेशन, छत्तीसगढ़ राज्य के गौरव का प्रतीक है । भारतीय रेलवे के दक्षिण–पूर्व–मध्य रेलवे जोन का मुख्यालय स्टेशन बिलासपुर, अपनी ऐतिहासिक धरोहर और आधुनिक विकास की कहानी को साथ लेकर चलता है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी भी समय के साथ साथ अपने विकास को समेटे हुए है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन की स्थापना 19वीं सदी में हुई थी। यह स्टेशन न केवल क्षेत्रीय व्यापार और आवागमन का केंद्र बना, बल्कि औद्योगिक और सामाजिक विकास का भी गवाह रहा।

बंगाल – नागपुर रेलवे के दौरान लगभग वर्ष 1889 में पहली बार इस स्टेशन से गाड़ियां चलाई गईं। यह स्टेशन न सिर्फ कोल परिवहन के लिए महत्वपूर्ण केंद्र रहा है बल्कि इससे इसके आसपास क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी हमेशा काफी बल मिला है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन ने समय के साथ यात्रियों के लिए अपनी सेवाओं में निरंतर सुधार किया। विकास के इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए बिलासपुर रेलवे स्टेशन को स्टेशन पुनर्विकास योजना के अंतर्गत विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए लगभग 392 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकास परियोजना पर कार्य शुरू हो चुका है। इस योजना के तहत यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सेवाएं और सुरक्षित एवं पर्यावरण–अनुकूल परिवेश प्रदान किया जाएगा।

इसके अंतर्गत नए डिज़ाइन व आधुनिक वास्तुकला का उदाहरण, प्लेटफॉर्मों का विस्तार और यात्री सुविधाओं में वृद्धि, यात्री–अनुकूल सुविधाएँ जिसमें हाई–स्पीड वाई–फाई, बैठने की आरामदायक व्यवस्था, वातानुकूलित प्रतीक्षालय और अत्याधुनिक शौचालय, दिव्यांग फ्रेंडली विशेष सुविधाएँ उपलब्ध कराए जाएंगे।

पर्यावरण अनुकूल पहल के अंतर्गत सौर ऊर्जा का उपयोग, हरित परिवेश और ऊर्जा दक्षता पर जोर तथा सुरक्षा और डिजिटल समाधान के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, ऑटोमेटिक टिकटिंग और आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली शामिल होंगे । इसके साथ ही इस स्टेशन को व्यावसायिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें स्टेशन पर शॉपिंग और फूड कोर्ट के साथ – साथ स्थानीय सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाले क्षेत्र समाहित होंगे ।

**■ यात्री केंद्रित सुविधाओं का किया जा रहा उन्नयन एवं आधुनिकीकरण**

बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास में मुख्य रूप से आने वाले समय में दीर्घकालिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कॉँन्कोर्स में एकसाथ लगभग 800 यात्रियों के बैठने के लिए वेटिंग एरिया का प्रावधान, 1150 से अधिक वाहनों के लिए लगभग 28 हजार वर्ग मीटर पार्किंग एरिया का प्रावधान, बेहतर भीड़ प्रबंधन हेतु स्टेशन में प्रवेश एवं निकास के अलग–अलग मार्ग का प्रावधान, 03 नए फुट चौड़े ओवरब्रिज का प्रावधान किया गया है जिसमें दो स्टेशन प्रवेश के लिए तथा एक स्टेशन से निकास के लिए होगा । 6051 वर्ग मीटर का कॉँन्कोर्स का प्रावधान किया गया है, जिसमें 1700 वर्ग मीटर का कमर्शियल एरिया होगा, जिसमें व्यवसायिक प्रतिष्ठान एवं दुकाने होगी । बुजुर्गों तथा दिव्याङ्ग यात्रियों की विशेष सुविधा के लिए 30 लिफ्ट एवं 22 एस्केलेटर बनाए जाएंगे जिससे यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म जाने में आसानी होगी । पार्सल सर्विस मूवमेंट को यात्री आवागमन एरिया से अलग रखा जाएगा जिससे यात्रियों को असुविधा न हो।

पर्यावरण संरक्षण के लिए क्लीन एनर्जी के महत्व को रेखांकित करते हुए स्टेशन की छतों पर 20500 वर्ग मीटर में 1200 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जाएगा । जल संरक्षण के दृष्टिगत स्टेशन भवन के 16 पिट्स में 97 हजार लीटर क्षमता के रेन वाटर हार्वेस्टिंग व इमरजेंसी पावर बैक–अप के साथ फायर फाइटिंग स्थापित किए जाएंगे । यात्रियों को दी जाने वाली जरूरी सुविधाओं में खान–पान, पीने का पानी, एटीएम, इंटरनेट, वॉशरूम, कवर शेड, स्टैंडर्ड साइनेज तथा दिव्यांगजन फ्रेंडली सुविधाएं आदि शामिल है ।

बिलासपुर स्टेशन को विश्वस्तरीय रूप देते हुए ग्रीन स्टेशन का रूप दिया जा रहा है, जहां प्राकृतिक रौशनी और वेंटिलेशन का प्रावधान होगा । पुनर्विकास के बाद बिलासपुर स्टेशन हाईटेक यात्री सुविधाओं के साथ टेक्नोलॉजी, स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक केंद्र बनेगा । यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ–साथ रोजगार बढ़ने की व्यापक संभावना विकसित होगी जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा । यह स्टेशन इस क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों के साथ–साथ व्यापार एवं पर्यटन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी । बिलासपुर स्टेशन के पुनर्विकास का उद्देश्य बिलासपुर रेलवे स्टेशन को न केवल एक यात्रा केंद्र, बल्कि एक मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में भी विकसित करना है। यह परियोजना च्आत्मनिर्भर भारतज्ज और च्मेक इन इंडियाज्ज अभियानों को भी मजबूती प्रदान करेगी।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास इसकी गौरवशाली विरासत को सहेजते हुए इसे भविष्य के लिए तैयार करेगा। यह परियोजना स्थानीय नागरिकों, व्यापारिक समुदाय और यात्रियों के लिए अत्यधिक लाभकारी सिद्ध होगी।

# पत्रकार को जान से मारने की मिली धमकी

- गरियाबंद के वन अफसर ने दी धमकी
- अवैध वसूली का खबर किया था टेलीकास्ट



**राजिम,** 4 जनवरी (देशबंधु)। बस्तर में एक पत्रकार की हत्या के 24 घंटे भी नहीं बीते और अब राजधानी रायपुर के एक पत्रकार को गरियाबंद के वन अफसर ने प्रदेश के एक प्रमुख न्यूज चौनल के पत्रकार संदीप शुक्ला को जान से मारने की धमकी दी है। इस पत्रकार ने वन विभाग के जांच नाके में बिना जांच के गाड़ियों को पास करने के नाम पर हो रही वसूली की खबर टेलीकास्ट किया था।

बताया जा रहा है कि संदीप शुक्ला ने वन विभाग के बोराई नाका में अवैध वसूली का भंडाफोड़ किया था। जिसमें वन विभाग के चेकपोस्ट पर हर तरह के वाहनों से बिना किसी पावती या रसीद के 20 से 50 रुपए तक की वसूली की जा रही थी। जिसे मीडियाकर्मी ने अपने गुप्त कैमरे से इस अवैध गतिविधि का वीडियो बनाया और चौनल में टेलीकास्ट कर दिया। अवैध वसूली के भंडाफोड़ से नाराज होकर रेंज ऑफिसर नरेश चन्द्र देवनाग ने संदीप शुक्ला को फोन कर सीधे जान से मारने की धमकी दे डाली।

संदीप शुक्ला के अनुसार सीता नदी वन क्षेत्र के रेंज अफसर ने एक–दो बार नहीं बल्कि 6 बार फोन लगाकर जान से मारने की धमकी है। इधर मामला संज्ञान में आने के बाद वन विभाग ने जांच के निर्देश दिए हैं। विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने आदेश जारी किया है। जिसमें नरेश चन्द्र देवनाग, वनक्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी सीतानदी, उदंती–सीतानदी टायगर रिजर्व, गरियाबंद के कृत्य को अशोभनीय बताते हुए उक्त घटना की सूक्ष्मता पूर्वक जॉच कर 7 दिवस के भीतर जॉच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु उपनिदेशक उदंती– सीतानदी टायगर रिजर्व को आदेशित किया है ।अतः श्री नरेश चन्द्र देवनाग, वनक्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी सीता उदंती–सीतानदी टायगर रिजर्व, गरियाबंद को तत्काल प्रभाव से विशेष कर्तव्यस्थ धमतरी वनमंडल के पास प्रदस्थ किया है।

# जर्नलिस्ट मुकेश चंद्राकर की हत्या पर पत्रकारों में भारी आक्रोश

**रायगढ़,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुए पत्रकार की निर्मम हत्या को लेकर रायगढ़ के पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है। जिसको लेकर रायगढ़ के पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा ।और दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की।



■ दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर ,एसपी को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार की निर्मम हत्या के मामले ने राज्यभर में आक्रोश पैदा कर दिया है। रायगढ़ के पत्रकारों ने इस घटना के विरोध में एकजुट होकर अपनी नाराजगी जाहिर की और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों ने इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में पत्रकारों ने अपने कार्यक्षेत्र में सुरक्षा की मांग के साथ यह भी कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। रायगढ़ के पत्रकारों ने इस घटना को प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला करार दिया और राज्य सरकार से भी इस मामले में हस्तक्षेप की अपील की।

### हत्याकांड मामले में 4 लोगों की गिरफ्तारी

बता दें कि 1 जनवरी से बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर लापता थे। जिनका शव 3 जनवरी को एक ठेकेदार के सेफ्टिक टैंक से बरामद हुआ ।जिसके बाद पूरे प्रदेश में पत्रकार की हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे है ।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी ठेकेदार समेत 4 लोगों की गिरफ्तारी कर ली है ।यह मामला न केवल पत्रकारिता जगत बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए चिंता का विषय बन गया है।

## मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान गाड़ियों के पार्किंग के लिए रुट चार्ट जारी

**गरियाबंद**, 4 जनवरी (देशबन्धु) मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का गरियाबंद जिले में प्रवास कार्यक्रम 05 जनवरी को प्रस्तावित है। इस संबंध में मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान कार्यक्रम स्थल में शामिल होने वाले लोगों के गाड़ियों के पार्किंग के लिए रूट चार्ट जारी किया गया है। साथ ही पार्किंग स्थल बनाया गया है। राजिम तरफ से एनएच के माध्यम से आने वाली गाड़ियां मालगांव चौक से कोचवाय मोड़ तक आते हुए कोकड़ी, तवंरबाहरा के तरफ से गुरूकुल कॉलेज में पार्क होंगी। छुरा–फिंगेश्वर से आने वाली गाड़ियां भी कोकड़ी, तवंरबाहरा के तरफ से गुरूकुल कॉलेज में पार्क होंगी। इसी प्रकार मैनपुर, देवभोग एवं पारागांव तरफ की गाड़ियां देवभोग रोड़ में स्थित कन्या छात्रावास के सामने पार्क होंगी।

**NECC**

| 05.01.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 530 | 78 | 160 |
| चिल्हर | 7.00 | 100 | 180 |

डिलीवरी 545 सैकड़ा
दर्जन अंडा 85 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन– 6072/59
फोन– (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

रोहन के घर की घंटी बजी तो उसकी पत्नी ने दरवाजा खोला. दरवाजे पर एक सेल्समैन था. सेल्समैन- 'पत्नी को बेवकूफ बनाने के 101 बहाने' ये किताब ले लीजिए. आपके बहुत काम आएगी.
रोहन की पत्नी- क्या मतलब? ये मेरे किस काम की भला?
सेल्समैन- दरअसल, इसकी एक कॉपी कल आपके पति ने खरीदी थी.

# कांग्रेस ने भरी खूटपदर से हूंकार

## 14 किमी न्याय यात्रा कर कमिश्नर को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



- जगह-जगह लोगों ने किया न्याय यात्रा का स्वागत, खूटपदर से हजारों की संख्या में कांग्रेसी पहुंचे जगदलपुर
- खूटपदर में सूपरस्पेसलिटि हास्पिटल निर्माण और इस्पात संयंत्र का विनिवेशीकरण रहा प्रमुख मुद्दा

**जगदलपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के तहत नगरनार खुटपदर से जगदलपुर तक खुटपदर के कोपागुडा में सुपर स्पेशलिस्ट आसपास की मांग, एनएमडीसी विनिवेशीकरण पर रोक लगाने, एनएमडीसी प्रभावित गांवों के लोगों को सीएसआर की राशि प्रदान करने, नगरनार एनएमडीसी में स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाने व एनएमडीसी मुख्यालय जगदलपुर में लाने की पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ऐतिहासिक 13 किलोमीटर की पदयात्रा की ।खुटपदर से यात्रा निकालने से पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने खुटपदर के शीतला मारा मंदिर यात्रा की सफलता हेतु पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया व इस छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा की शुरुआत की।इस दौरान ऐतिहासिक जनसैलाब के साथ हजारों की संख्या में कांग्रेसियों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में खुटपदर से जगदलपुर की पदयात्रा कर पांच सूत्रीय मांगों की तत्काल बहाली हेतु माननीय राज्यपाल के नाम बस्तर कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया।

खुटपदर से जगदलपुर पहुंची ऐतिहासिक छत्तीसगढ़ न्याय पदयात्रा के नेतृत्वकर्ता दीपक बैज का शहर के माडिन चौंक, माडिया चौंक, कुम्हारपारा चौंक, एसबीआई चौंक और शहीद पार्क चौंक पर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि, कांग्रेस सरकार में अस्पताल के लिए जमीन आवंटन हुआ था। बस्तर में प्रस्तावित सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनना था। बस्तर के कोपागुड़ा में प्रस्तावित सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को बनाना रद्द कर दिया गया है। भाजपा सरकार नहीं चाहती बस्तर में अच्छा अस्पताल बने, अस्पताल और जमीन आवंटन को निरस्त कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा,जिस तरह से बस्तर नगरनार स्टील प्लांट में वहां के ग्रामीणों ने अपनी जमीन दी, जिसके बाद नगरनार प्लांट बना और वहां उत्पादन भी शुरू हुआ है। जब भी कोई कंपनी जमीन अधिग्रहण करती है और डीपीआर तैयार करती है तब शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था वहां के प्रभावित लोगों के लिए पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।5 साल जब हमारी सरकार थी, तब वहां कोपागुड़ा में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के लिए जमीन चयनित की गई थी प्रभावितों के लिए अस्पताल जरूरी है और इसे बनाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नगरनार स्टील प्लांट का विनिवेशीकरण घातक निर्णय है। विनिवेशीकरण जनता के हितों के खिलाफ है और इसे केवल निजीकरण की साजिश के रूप में देखा जा सकता है। राष्ट्रीय संपत्ति की लूट नगरनार जैसे नवरत्न प्लांट का विनिवेशीकरण और इसके बाद निजीकरण भाजपा सरकार और प्रबंधन की पूंजीपतियों को खुश करने की नीति को उजागर करता है। यह जनता की संपत्ति को पूंजीपतियों के हाथों सौंपने का एक घातक प्रयास है। आर्थिक अस्थिरता विनिवेशीकरण के बाद इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर समाप्त हो आएंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। वहीं बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक में पारित प्रस्ताव के तहत 22 एकड़ जमीन खूंटपदर में आबंटित की गई थी जिस पर एनएमडीसी की साफ प्रतिक्रिया आई है कि अब हम अस्पताल नहीं बनाएंगे। लगातार जनता की आवाज को अनसुना किया जा रहा है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है सीएसआर मद की राशि प्रभावित गांवों के लोगों का हक है, जिसे छीना जा रहा है सीएसआर के तहत प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए निर्धारित राशि अभी तक जारी नहीं की गई है। यह एक बड़ी विफलता है। सीएसआर फंड जारी नहीं करना प्रभावित क्षेत्रों की जनता के अधिकारों का हनन करने जैसा है। कुल मिलाकर भाजपा सरकार ने बस्तरवासियों को सिर्फ छला है, साथ ही विकास कार्य से हमेशा वंचित रखा है। सिर्फ पूंजीपतियों की सेवा में सीएसआर मद का उपयोग पूंजीपतियों के लाभ के लिए किया जा रहा है। एनएमडीसी क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार का प्रमुख स्त्रोत है मगर अब तक स्थानीय लोगों को रोजगार देने के वादे को नजरअंदाज किया गया है। स्थानीय युवाओं को रोजगार न देकर बाहरी लोगों को काम पर रखा जा रहा है। यह क्षेत्रीय जनता के साथ अन्याय है। दीपक बैज ने कहा कि रोजगार के अभाव में क्षेत्र के युवा मजबूर होकर अन्य स्थानों पर रोजगार प्राप्त करने के लिए पलायन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनएमडीसी का मुख्यालय जगदलपुर में लाया जाए, स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाए एवं उन्हें प्रशिक्षित कर रोजगार के योग्य बनाया जाए। एनएमडीसी नगरनार प्लांट का विनिवेशीकरण, अधूरा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, सीएसआर फंड का जारी ना होना और स्थानीय लोगों को रोजगार ना मिलना यह सभी क्षेत्र के विकास में बाधक है। इन सभी प्रमुख मांगो को लेकर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा द्वारा आयोजित इस खुटपदर से जगदलपुर तक की छत्तीसगढ़ न्याय पदयात्रा कर माननीय राज्यपाल के नाम बस्तर कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान राष्ट्रीय छत्तीसगढ़ सह प्रभारी सचिव संपत कुमार, जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, विधायक लखेश्वर बघेल, सावित्री मंडावी, पूर्व विधायक मोहन मरकाम, उमा शंकर शुक्ल ,रेखचंद जैन, राजमन बेजाम, विकास उपाध्याय, कोको पाढ़ी, राजीव शर्मा, आकाश शर्मा, कविता साहू सहित समस्त ब्लॉक अध्यक्षगण, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल के अध्यक्ष व कार्यकर्ता, विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्षगण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता व ग्रामीणजन मौजूद थे।

# युवा पत्रकार मुकेश को पब्लिक वॉइस ने दी श्रद्धांजलि, आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग



**जगदलपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। राजस्थानी पब्लिक वॉइस संस्था के द्वारा शनिवार के शाम 4:00 बजे बीजापुर के युवा पत्रकार स्वर्गीय मुकेश चंद्राकर को सिरहासार चौक पर स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि दी गई और उनकी हत्या में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। इस दौरान पब्लिक वॉइस के सदस्यों ने कहा कि ईश्वर पत्रकार मुकेश की आत्मा को शांति प्रदान करें व परिजनों को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करे। बीजापुर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हृदयविदारक निर्मम हत्या हुई है। युवा पत्रकार की हत्या कर निर्दयतापूर्वक शव को सैप्टिक टैंक में चुनवा दिया गया। पूरी घटना किसी भी इंसान के शरीर मे सिरहन दौड़ा देगी। रसूखदार की पकड़ का इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुकेश की लाश 2-3 दिनों बाद प्राप्त हुई। यह अत्यंत गंभीर व चिंताजनक विषय है यदि सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग पुरजोर तरीके से नही हुयी तो यह मामला भी धीरे धीरे दब जायेगा और न्याय की आस टूट जाएगी। ऐसे मामलों की पुरनावृत्ति न हो इसलिये हम सभी को आगे आना ही होगा।

# कोण्डागांव के पत्रकारों ने दी स्व. मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि




**किया मांग, हत्यारों को फांसी देने की**

**कोण्डागांव** 4 जनवरी (देशबन्धु)। बीजापुर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या ने प्रदेश भर के पत्रकारों को गहरे आक्रोश और शोक में डुबो दिया है। इस दुख में षामिल कोंडागांव जिले के पत्रकारों ने भी जय स्तंभ चौक पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की, जहां 2 मिनट का मौन रखकर शहीद पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान पत्रकारों ने मुकेश के हत्यारों को फांसी देने की मांग किया।

कोंडागांव प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकार और जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सोनपिपरे एवं चंपेश जोशी ने इस दुखद घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बीजापुर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या ने हमें स्तब्ध कर दिया है। बस्तर में पत्रकारिता हमेशा से चुनौतियों भरा रहा है, लेकिन यह घटना साबित करती है कि भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने की कीमत जान देकर चुकानी होती है।

कोंडागांव प्रेस क्लब सहित जिले भर के पत्रकारों ने इस हत्याकांड की एसआईटी से जांच कराने और हत्यारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही राज्य सरकार से बस्तर और पूरे छत्तीसगढ़ में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी करने की अपील की है। इस कठिन समय में कोंडागांव प्रेस क्लब ने मुकेश चंद्राकर के परिवार के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया है।

# अपार आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश



**कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की**

**कोण्डागांव** 4 जनवरी (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत ने 3 जनवरी को जिला कार्यालय में शिक्षा विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी प्राचार्यों को शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाने के लिए मिशन मोड में कार्य करने और विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को अपार आईडी के लाभ के बारे में जानकारी देकर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले के प्रत्येक विकास खण्ड के विद्यालयवार अपार आईडी के बनाने के प्रगति की जानकारी ली और इस कार्य में आ रही दिक्कतों से अवगत हुए। उन्होंने संबंधित प्राचार्यों को निर्देशित किया कि 15 दिवस के भीतर सभी दिक्कतों को दूर करते हुए कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने 100 से अधिक लंबित प्रकरण वाले विद्यालयों में आधार कार्ड अद्यतन एवं जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु ईडीएम और तहसीलदार को शिविर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी बीईओ को भी अपार आईडी बनाने के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परीक्षा पे चर्चा के लिए विद्यार्थियों की पंजीयन की भी समीक्षा की और पंजीयन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत पोर्टल में एंट्री की जानकारी लेते हुए कहा कि हर ग्राम पंचायतों का सर्वे कर सात दिनों में लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में भी दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों पर पूरे समर्पण के साथ ध्यान देने के निर्देश देते हुए स्कूलों के पूर्व परीक्षा परिणाम का आंकलन कर कमियों को दूर करके विद्यार्थियों को तैयारी कराना सुनिश्चित करने की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए विद्यार्थियों से उत्तर लेखन का लगातार करवाएं अभ्यास : कलेक्टर



**हरीश एस ने ली जिले के समस्त हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक**

**जगदलपुर** ,4 जनवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए विद्यार्थियों से सब्जेक्ट के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लेखन की लगातार अभ्यास जरूर करवाएं। साथ ही कमजोर बच्चों के लिए संभावित प्रश्नों की सूची तैयार कर विद्यार्थियों से इस पर लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने शनिवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित परीक्षा पर चर्चा विषय पर जिले के समस्त हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विगत वर्ष की बोर्ड परीक्षा परीणाम में कमजोर रहे शालाओं और अर्द्ध वार्षिकी परीक्षा में कम परिणाम देने वाले स्कूलों के प्राचार्य से चर्चा कर समस्याओं के कारणों को जाना, अधिकांश प्राचार्यों ने विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी बताई इस पर उन्होंने ब्लॉक के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विषयों के अच्छे शिक्षकों को कमजोर स्कूलों में सप्ताह के एक-दो दिनों के अध्यापन करवाकर विद्यार्थियों को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए प्रयास करने की आवश्यकता बताई।

कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड परीक्षा से पूर्व प्री बोर्ड परीक्षा में बच्चों को सब्जेक्ट के आधार पर बेहतर परिणाम के लिए प्री बोर्ड परीक्षा को फोकस कर तैयारी करवाएं।

इसके अलावा बैठक में कलेक्टर ने जाति प्रमाण पत्र निर्माण, अपार आईडी के क्रियान्वयन की भी समीक्षा किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, डीएमसी अखिलेश मिश्रा सहित शिक्षा विभाग समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त प्राचार्य उपस्थित थे।

# भारत स्काउट एवं गाइड ने मनाई प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती



**कोण्डागांव** 04 जनवरी (देशबन्धु)। भारत स्काउट एंड गाइड छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला संघ कोंडागांव के जिला संरक्षक एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत तथा जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार, जिला संगठन आयुक्त भीषभदेव साहू के कुशल मार्गदर्शन में शास.उ.मा.विद्यालय भंडार सिवनी में कोमल साहू एडवांस रोवर लीडर, शास.उ.मा.विद्यालय सिंघनपुर में जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्यामलाल कोर्राम, शास.प्राथ.शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में एडवांस कब मास्टर पवन कुमार साहू, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णु प्रसाद कश्यप, शिक्षिका श्रीमती संतोषी पटेल एवं शास.प्राथ.शाला देव खरगांव में शिक्षिका कुमारी राधिका दीवान के कुशल नेतृत्व में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विष्णु प्रसाद कश्यप ने शास.प्राथ.शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। इनका विवाह 1841 में महात्मा ज्योतिबा फुले से हुआ। सावित्रीबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय के प्रिंसिपल बनीं तथा महात्मा ज्योतिबा फुले महाराष्ट्र के साथ-साथ संपूर्ण भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में माना जाता था। उन्होंने महिलाओं और दलित वर्ग को शिक्षित करने में विशेष भूमिका निभाया। सावित्रीबाई फुले ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह जिया। जिसका मुख्य उद्देश्य विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं को मुक्ति दिलाना और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। सावित्रीबाई फुले जब भी स्कूल जाती थीं, तब विरोधी लोग उन्हें पत्थर मारते थे। उन पर गंदगी फेंक देते थे। उस समय बालिकाओं के लिए स्कूल खोलना पाप का काम माना जाता था। इस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी सावित्रीबाई फुले अडिग रहीं और पूरे देश की महानायिका बनीं। शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्हीं की बदौलत महिलाएं सम्मान से जीवन व्यतीत कर रही हैं। उक्त जानकारी पवन कुमार साहू जिला मीडिया प्रभारी भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव ने प्रेस को दी।

## उप्राशा डोंगरीगुडा बिंजोली में सावित्रीबाई फुले का जन्मदिवस द्वनाया गया



**कोण्डागांव** 4 जनवरी (देशबन्धु)।जिले के विकास खंड माकड़ी के अंतर्गत उच्च प्राथमिक शाला शाला डोंगरीगुडा बिंजोली में सावित्रीबाई के जन्मदिवस के अवसर पर कक्षा आठवीं की छात्रा लक्ष्मी द्वारा सावित्रीबाई फूले के वेशभूषा में सावित्रीबाई फूले के जीवन परिचय का वाचन किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेन्द्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन बताया गया कि बचपन से ही समाज सेवा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# 10वें जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान का किया स्वागत सर्व शिक्षक संघों ने



**कोण्डागांव** 04 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन सहित जिले के विभिन्न शैक्षणिक संगठनों के द्वारा डीईओ कोण्डागांव पद पर 10 वें डीईओ के रुप में आने वाली श्रीमती भारती प्रधान का स्वागत कर सौजन्य मुलाकात किए जाने के साथ ही वेतन रोकने संबंधी आदेश को निरस्त करने एवं बढ़ते ठंड के कारण शाला संचालन के समय में परिवर्तन किए जाने की मांग से अवगत कराया गया।

ॠषिदेव सिंह जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोण्डागांव ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन सहित कोंडागांव जिले के विभिन्न शैक्षणिक संगठनों के द्वारा नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान का स्वागत किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ संयुक्त कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ, छत्तीसगढ़ टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन सहित विभिन्न शैक्षिक संगठनों के प्रांतीय, जिला, ब्लॉक पदाधिकारी सहित कर्मठ सदस्यों द्वारा नव पदस्थ डीईओ का स्वागत किया। सभी संगठनों के पदाधिकारियों एवं डीईओ के मध्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं नवीन शिक्षा नीति के तहत उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर के बेहतर से बेहतर परीक्षा परिणाम देने संबंधित सकारात्मक चर्चा किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान ने सभी संगठनों से जिले में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के लिए सहयोग करने एवं संगठन द्वारा लाए गए समस्या व सुझावों के तत्काल निराकरण के लिए अपने तरफ से आश्वस्त किया। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला अध्यक्ष ॠषिदेव सिंह ने पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आपार आईडी बनाने के संदर्भ में प्रधान अध्यापक एवं सीएसी के वेतन रोकने संबधित आदेश को निरस्त करने, बढ़ते ठंड के कारण शाला संचालन समय में परिवर्तन करने की मांग रखी जिसका सभी संगठनों ने पुरजोर स्वागत करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से तत्काल इस संदर्भ में आदेश करने का निवेदन किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिला कलेक्टर के संज्ञान में लाकर तत्काल आदेश करने का भरोसा दिलाया।

नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी के स्वागत कार्यक्रम के दौरान छग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन जिला अध्यक्ष नीलकंठ शार्दुल, छग टीचर्स एसोसिएशन जिला अध्यक्ष ॠषिदेव सिंह, छग शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष निर्मल शार्दुल, छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ प्रदेश पदाधिकारी शिवराज सिंह ठाकुर, छग शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष प्रभाकर सिंह, छग वेलफेयर एसोसिएशन प्रदेश उपाध्यक्ष पवन साहू, छग राजपत्रित कर्मचारी अधिकारी जिला सचिव संजय ठाकुर सहित डीएमसी महेन्द्र नाथ पांडेय, प्रांतीय पदाधिकारी चंद्रकांत ठाकुर, डमरूधर पांडे, नरेश ठाकुर, मालती ध्रुव, शीला शार्दुल, चंद्रकिरण अवस्थी, श्रीमती कोर्राम, ज्योति टोप्पो, अशोक साहू, साधुराम मरकाम, अवध किशोर मिश्रा, लखीराम बघेल, अनुप विश्वास, सहदेव मंडावी, बृजेश तिवारी, शिवराम मंडावी, शिव तिवारी, विजय पांडे, नामदेव, रामलाल नेताम, राजेश पांडे, उग्रेश मरकाम, श्रीनिवास नायडू, बी.एस.ठाकुर, हृदय राम मंडावी, रमेश सोनपिपरे, पुरुषोत्तम दीक्षित सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अमलेश्वर में हत्या के मामले का खुलासा



**भिलाईनगर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। विगत 24 दिसम्बर को ग्राम पांहदा थाना अमलेश्वर क्षेत्रांतर्गत मेला मंडई दौरान मृतक उमेश यदु 16 साल निवासी की हत्या में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। ग्राम पांहदा का शव सोसायटी के सामने मेन रोड के किनारे लहु सुहान अवस्था में मिले शव पर थाना अमलेश्वर में धारा 194 बी एन एस एस कायम कर जाँच में लिया गया। घटना स्थल निरीक्षण, शव परीक्षण एवं शॉट पी.एम रिपोर्ट में पी.एम.कर्ता चिकित्सक द्वारा होमीसाईडल लेख करने से अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103 (1) बी एन एस पजींबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना को अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर गिरफ्तारी करने के निर्देश प्राप्त हुये थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण वेदव्रत सिरमौर, नगर पुलिस अधीक्षक पाटन हरिश पाटिल एवं उप पुलिस अधीक्षक अपराध हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में प्रभारी एसीसीयु निरीक्षक तापेश नेताम, थाना प्रभारी अमलेश्वर निरीक्षक ममता अली शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर आरापियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा तकनीकी सहायता प्राप्त कर त्रिनयन एप की मदद से आस पास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। घटना वाले दिन रात्रि करीबन 12.15 बजे एक मोटर सायकल से चार संदेही सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिये। टीम द्वारा ग्रामीणो से एवं साइबर प्रहरी ग्रुप में संदेहीयो का फोटो वायरल कर पतासाजी किया गया। इसी दौरान उक्त सयंदेहीयों के फुटेज को ग्राम झीट में पहचान कराया गया। ग्रामीण फुटेज में नवीन निवासी झीट का होना जाहिर किये। जिस आधार पर एसीसीयू टीम द्वारा उक्त संदेही का पता कर तत्काल हिरासत में लिया गया। जिससे अन्य तीन संदेहियो का पहचान कराया गया जो लोचन एंव दो अपचारी बालक होना बताया। एसीसीयू टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए चारो संदेहियो को हिरासत में लेकर पृथक पृथक पुछताछ किया गया। पुलिस ने बताया कि तब आरोपी नवीन कुमार ने अपराध कबुल करते हुए बताया कि पांहदा का मेला मडई था आरोपी अपने मोटर सायकल सीडी डिलक्स में अपने तीन अन्य साथियों के साथ मेला घुमने ग्राम पांहदा गया था। घुमते समय करीबन 10.30 बजे ग्राम पंचायत पांहदा के पास इनका गांव के कुछ लोगो के साथ शराब के नशे में वाद.विवाद हुआ था। जिसके बाद चारो आरोपी अपने गांव झीट चले गये वहां जाकर शराब का सेवन किये और बदले की भावना रखते हुए नवीन अपने घर से धार दार चाकू लेकर आया और रात्रि 12.15 बजे सोसायटी के सामने गये जिसमें से दो अपचारी बालक पानी पीने के लिए बोरिंग के पास रूके, नवीन तथा उसका साथी लोचन सोसायटी के सिडी में बैठे मृतक उमेश यदु के पास गये जहां इनके बीच फी.फायर गेम खेलने के लिए आपसी गाली.गलौज हुआ उसी दौरान आरोपी अपने पास रखे घारदार चाकू से मृतक उमेश यदु के छाती में प्राण घातक हमला किया तब दोनोअपचारी बालक दोनो आरोपियों को मोटर सायकल में बिठाकर अपने गांव भाग गये। मुख्य आरोपी नवीन घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू को ग्राम झीट के झाडियों में फेकना बताया। उक्त कार्यवाही में एसीसीयु से सउनि नरेन्द्र सिंह राजपुत, पूर्ण बहादुर, प्र.आर. मेघराज चेलक, पंकज चतुर्वेदी, आरक्षक अश्वनी यदु, चित्रसेन साह, अजय ढीमर, रोहन दुबे, जुगनु सिंह, पन्ने, तकनीकी कार्य आरक्षक विक्रांत ययु एवं थाना अमलेश्वर से एस एस आई दिनदयाल वर्मा, आरक्षक कुलेश्वर साहू, अजय सिंह, कयामुदीन की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## चरोदा निगम में हुई महापौर परिषद् की बैठक



**भिलाईनगर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई-3 चरोदा कार्यालय के कांफ्रेस हाल में एम आई सी की बैठक आहूत की गयी। जिसमें महापौर निर्मल कोसरे की अध्यक्षता में विभिन्न विषयों चर्चा के लिए परिषद् के पटल पर लाये गये। निगम सचिव अश्विनी चंद्राकर द्वारा महापौर श्री कोसरे सहित परिषद् सदस्यों को बैठक के एजेण्डे से अवगत कराया गया। यहाँ उलेखनीय है कि आज परिषद् की बैठक में मुख्य रूप से चरोदा में हाउसिंग बोर्ड को जमीन आंबटन करने को लेकर बैठक बुलायी गयी थी। विषय पर चर्चा के दौरान संभावित जमीन चयन कर हाउसिंग बोर्ड अथारिटी को उपलब्ध कराने सहमति बन गई है। जिस पर भविष्य में कार्यवाही पूरी की जायेगी। महापौर परिषद सदस्य मोहन साहू, श्रीमती दीप्ती आशीष वर्मा, श्रीमती देवकुमारी भलावी, एस.वेकंट रमना, मनोज कुमार, श्रीमती संतोषी निषाद, एम जानी, ईश्वर लाल साहू मौजूद रहे। इनके अलावा निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, निगम सचिव अश्विनी चंद्राकर, सचिवालय लिपिक मुकेश यादव तथा जनसंपर्क प्रभारी विकास त्रिपाठी ये सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बैठक में उपस्थित थे।

## संयंत्र क्यूसीएफआई ने कायम किए दो वर्ल्ड रिकॉर्ड



**भिलाईनगर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया देश में अपने क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स कन्वेंशन तथा विभिन्न क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स के प्रशिक्षण के लिए जानी जाती है। क्यूसीएफआई पूरे देश 35 चैप्टर्स के माध्यम से विभिन्न कन्वेंशन व प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरंतर आयोजन करती आ रही है। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डी के श्रीवास्तव के नेतृत्व में इस वर्ष दो वर्ल्ड रिकॉर्ड्स हेतु अमेरिकी संस्था वर्ल्ड रिकॉर्ड यूनियन को आवेदन किया गया था। जिसके तहत अमेरिका से आये वर्ल्ड रिकॉर्ड यूनियन के प्रतिनिधि क्रिस्टोफर टी क्राफ्ट ने नेशनल कन्वेंशन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के संख्या तथा क्यूसीएफआई द्वारा 1 वर्ष में दिए गए कुल प्रशिक्षण अवधि की गहन जांच की। तत्पश्चात श्री क्रिस्टोफर ने इन दोनों वर्ल्ड रिकॉर्ड की घोषणा की। ग्वालियर के आईआईआईटीएम मे आयोजित नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स के किसी भी नेशनल कन्वेंशन में सबसे बड़ी भागीदारी का एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। इसके तहत क्यूसीएफआई द्वारा ग्वालियर में आयोजित नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट कार्यक्रम में 12117 प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी दी। जो एक ही छत के नीचे सर्वाधिक भागीदारी का एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। इसी प्रकार क्यूसीएफआई द्वारा 1 वर्ष में सर्वाधिक प्रशिक्षण दिवस 5204 दिनों का एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित करने में भी कामयाबी हासिल की। क्यूसीएफआई को इन दोनों वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रमाण पत्र व मेडल ग्वालियर के आईआईआईटीएम के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री क्रिस्टोफर टी क्राफ्ट द्वारा डी के श्रीवास्तव तथा क्यूसीएफआई के प्रेसिडेंट अविनाश मिश्रा को प्रदान किया। इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट जी पी सिंह उपस्थित थे। इन दोनों वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में ईडी डी के श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। डी के श्रीवास्तव ने अब तक देश के प्रतिष्ठित 1000 से अधिक संस्थाओं के लगभग 2 लाख से अधिक कर्मचारी व अधिकारियों को प्रशिक्षित कर क्वालिटी के क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल किया है। डी के श्रीवास्तव ने 5 एस के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान को भी मजबूती प्रदान की। डी के श्रीवास्तव के कार्यकाल तथा नेतृत्व मे सर्वाधिक भागीदारी तथा सर्वाधिक प्रशिक्षण दिवस मे समग्र वृद्धि करने मे सफलता पाई है। कार्यक्रम में वाइस प्रेसिडेंट जी पी सिंह, वी के चौधरी, सुनील त्रिवेदी, पीआरओ सत्यवान नायक वर्ल्ड रिकॉर्ड के साक्षी बने।

## सिकलसेल के नियंत्रण के लिए आयुक्त ने ली बैठक



**भिलाईनगर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी से समय सीमा की बैठक में प्राप्त निर्देशानुसार भिलाई चरोदा निगम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मूल रूप से सिकलसेल, अनीमिया रोग के नियंत्रण को लेकर चर्चा की गयी। यहाँ उल्लेखनीय है कि सिकलसेल एक ऐसी बीमारी है। जिसमें स्वस्थ्य व्यक्ति की अपेक्षा रोग से ग्रस्त व्यक्ति के शरीर में खून बनने की स्थिति काफी मंद होती है। इसके अलावा संक्रमित व्यक्ति से उत्पन्न होने वाली संतान में भी ये दोष पाये जाने की प्रबल संभावना रहती है। जिला प्रशासन से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुरूप सिकलसेल बीमारी से लडने भिलाई चरोदा निगम मे भी योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही पूरी की जा रही है। सिकलसेल रोग उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग की टीम निगम के सहयोग से भिलाई 3 चरोदा क्षेत्र में छुटे हुये लोगों का टेस्ट और सर्वे करेगी। जिसके पश्चात इस रोग को फैलने से रोकने अन्य आवश्यक प्रबंध किये जायेंगे। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के अयुक्त डी. एस. राजपूत के द्वारा निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से स्थानीय चिकित्सा विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश प्रदान किये गये। आज की बैठक में निगम स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चंद्राकर, डीपीएम श्रीमती भूमिका वर्मा, सीपीएम विवेज मिंज, जिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शमीम बानों सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे

## बौद्ध महासभा ने मनाई सावित्रीबाई फुले जयंती



**भिलाईनगर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में माता सावित्रीबाई फुले की जयंती हर्षोंउल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के अतिथि लता गेडाम, रेशमा आनंद, सविता बौद्ध और अध्यक्षता सविता मेश्राम ने की। संचालन संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में माता सावित्रीबाई फुले के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के नायगांव में हुआ। देश की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारक थी। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा और साक्षरता के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाये। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के हित में कई नये रास्ते बनाए। उन्होंने अपने जीवन भर अस्पृश्यता, सती प्रथा, बाल विवाह और शिक्षा प्रणाली में सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया। महात्मा जोतिबा फुले के साथ सन 1840 में शादी हुई। सन 1848 में पहला स्कूल खोला और शिक्षिका बनी। उन्होंने सामाजिक बुराईयों, समाज में व्याप्त कुरितियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा जोर दिया। उन्हें उस दौर की पहली मराठी कवि के रूपमें भी प्रसिद्धि मिली। 10 मार्च 1897 में 66 वर्ष के आयु में उनका निधन हुआ। कार्यक्रम में अशोक शामकुवर, देवानंद मेश्राम, मूलचन्द गडपायले, भागवत बागडे, ज्ञानचंद टेम्भूरकर, आई रामटेके, प्रितेश पाटील, डीपी भोईर, वसंत नंदेश्वर, प्रदीप सोमकुवर, सुधाकर फुलमाली, कमलराज मेश्राम, केशर रामटेके, सुनंदा गजभिये, करूणा खोब्रागडे, शालू दामले, लीना वैद्य, सुरेखा साखरे, सुजाता रामटेके, अलका जनबंधु, पूनम ढोक, सुनिता सुखदेवे और समस्त उपासक उपासिकाए कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त जानकारी संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने दी।

## संडे मार्केट व बोरिया गेट को व्यवस्थित करने की मांग



**भिलाईनगर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता के नेतृत्व में सुपेला संडे बाजार व्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर को ज्ञापन दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ने कहा कि मैं स्वयं आकर स्थिति को देखुंगा और बाजार को व्यवस्थित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने बताया कि संडे बाजार अथक प्रयास से हटाया गया था मगर स्थिति फिर ज्यों की त्यों बनने लग गई है। शारदा गुप्ता ने कहां की शराब दुकान के कारण भी रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। रहती है 100 फीट की चौड़ी सड़क संडे बाजार 20 फीट में सिमट जाती है। रोज गुजर रहे हैं हजारों वाहन संडे बाजार की व्यवस्था फिर चरमरा गई है। सुपेला चौक से लेकर राजेंद्र प्रसाद चौक तक जाम की स्थिति फिर बनने लग गई है यहां से रोज हजारों गाड़ियां रोज निकलती हैं। संडे बाजार में ग्राहक गाड़ियों को सड़क पर ही पार्किंग कर रहे हैं। फल के ठेले रोड में ही खड़े रहते हैं। इस अवैध पार्किंग सड़क केवल 10 फिट ही चलने योग्य बच जाती है। यानी आवागमन के लिए सड़क बच नहीं पा रही है। हर समय जाम की स्थिति बनती जा रही है। व्यापारी अपने सामान को दिन प्रतिदिन आगे बढ़ाते जा रहे हैं। पटरी पार के लोगों के लिए यह एक ही रास्ता है जहां से लोग आईआईटी रुंगटा कॉलेज महत्वपूर्ण संस्थान में आना-जाना करते हैं और यहीं से संयंत्र कर्मी आना-जाना करते हैं और पटरी पर सेक्टर बच्चे ट्यूशन के लिए आना-जाना करते हैं पटरी पार के लोगों के लिए यही एक रास्ता है और दूसरा कोई रास्ता नहीं है इसी रोड पर शराब के दुकान है जहां से महिलाएं भी आना जाना नहीं कर सकती और जिसके कारण हमेशा जाम रहता है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### अपार आईडी बनाने के...

बात कही। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों को आवश्यकतानुसार अतिरिक्त क्लास लगाने और मेहनत एवं लगन के साथ परीक्षा की तैयारी कराते हुए अच्छे परिणाम लाने के लिए प्रयास करने निर्देशित किया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, डीएमसी महेन्द्र पाण्डेय सहित बीईओ, बीआरसी और प्राचार्य उपस्थित थे।

### उप्राशा डोंगरीगुडा बिंजोली में...

एवं नेतृत्व के गुण दिखाई देते थे, वे समाज सुधारक और शिक्षिका होने के साथ एक कवियित्री थी। उनके द्वारा महिला शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया एवं बालिकाओं के लिए विद्यालय की स्थापना एवं भारत की पहली महिला अध्यापिका होने के कारण छात्रा के द्वारा इनके बारे मे जानकारी दिया गया। जिसमें संकुल समन्यक विषम्भर बघेल, भोलानाथ सूर्यवंशी, वेद प्रकाश कवर, रविंद्र करचाम, रमाकांत मांझी, संदीप तिर्की, बसमती, दिनेश बघेल एवं समस्त बच्चे उपस्थिति थे।

## भिलाई की चैतन्य देवियों की झांकी महाकुंभ में




**भिलााईनगर,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में आयोजित विश्व के सबसे बड़े महाकुंभ में अंतर्राष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा स्वर्णिम भारत महाकुंभ का आयोजन कुंभ मेला क्षेत्र सेक्टर-7 बजरंग दास मार्ग, प्रयागराज उ.प्र. में किया जा रहा है। विश्व में एकमात्र नारी शक्ति द्वारा संचालित अंतर्राष्ट्रीय संस्था के वैश्विक स्तर पर कार्यों को देखते हुए प्रशासन ने डेढ़ एकड़ से बढ़ाकर 2 एकड़ भूमि स्वर्णिम भारत महाकुंभ के लिए आवंटित की है। महाकुंभ 2025 में भिलाई ब्रह्माकुमारीज को चैतन्य देवियों की झांकी तथा स्वर्णिम सनातन भारत दर्शन की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। इसी क्रम में आज प्रात: राजयोग सत्र के पश्चात चैतन्य दैवी झांकी मेला सामग्री एवं चित्र प्रदर्शनी, मूर्तियों के ट्रक को श्रीफल फोड़कर आशा दीदी हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। आशा दीद ने इस स्वर्णिम भारत महाकुंभ के बारे में बताया कि इसका उद्देश्य भारत को पुन: विश्व गुरु स्वर्णिम संपन्न भारत बनाना तथा पूरे विश्व में परमात्मा शिव के आगमन का संदेश देकर राजयोग मेडिटेशन द्वारा उस परम शक्ति की अनुभूति कराना है। संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में भिलाई को विश्व की भलाई करने वाले कथन से संबोधित किया जाता है, क्योंकि भिलाई आशा दीदी के नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में इसके पूर्व में संपन्न हुए प्रयागराज एवं उज्जैन महाकुंभ में भी चैतन्य देवियों की झांकी का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। ज्ञात हो कि आशा दीदीजी की अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू एवं प्रयागराज मेला प्रशासन अधिकारियों के साथ मीटिंग एवं भूमि आवंटित तक मुख्य भूमिका रही। इस स्वर्णिम भारत महाकुंभ में 40 फीट ऊंची चैतन्य देवियों की झांकी, द्वादश ज्योतिर्लिंग अमरनाथ दर्शन, सोई हुई मानवता (कुंभकरण शो) आदर्श गोकुल गांव, राजयोग अनुभूति कक्ष, अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव, शाश्वत यौगिक खेती, आत्मनिर्भर किसान, ग्राम विकास से राष्ट्र विकास, स्वर्णिम सनातन भारत दर्शन, भारत गौरव यात्रा, माइंड स्पा क्लिनिक, विज्ञान और आध्यात्म स्टाल मुख्य रहेंगे।

## प्लांट गैराज ने बीएसपी फ्लीट को मजबूत करने बढ़ाया कदम

**भिलाईनगर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। संयंत्र के प्लांट गैराज ने अपने फ्लीट (वाहन बेड़ा) में 7 नए एसएमएल पिकअप और 2 एलएंडटी व्हील लोडर जोड़कर बीएसपी की संचालन क्षमता और परिचालन दक्षता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिसका उद्घाटन कार्यपालक निदेशक प्रभारी वर्क्स अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक ऑपरेशन राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एमएंडयू बिजय कुमार बेहरा ने किया। कार्यपालक निदेशक प्रभारी वर्क्स अंजनी कुमार ने रिकॉर्ड समय में खरीद प्रक्रिया को पूरा करने के लिए परियोजना प्रबंधक. महाप्रबंधक प्लांट गैरेज बी डी बाबू, परियोजना समन्वयक महाप्रबंधक प्लांट गैरेज प्रदीप्ता भौमिक, एमएम.आईपीएम टीम, पीपी एंड ई विभाग और प्लांट गैराज विभाग की टीम द्वारा किए गए अथक प्रयासों की सराहना की है। कार्यपालक निदेशक ऑपरेशन राकेश कुमार ने कहा कि ये वाहन प्लांट लॉजिस्टिक्स प्रबंधन की क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी एम एंड यू बिजय कुमार बेहरा ने निरंतर सुधार और नवाचार के प्रति समर्पण के लिए टीम की सराहना की। मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी, महाप्रबंधक एस बालराज, महाप्रबंधक राकेश पांडे, महाप्रबंधक नबार्शी रॉय और अन्य सम्मानित अतिथियों ने इस पहल की सराहना की। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक के ज्ञानानंद, सहायक महाप्रबंधक पार्थ घोष, सहायक महाप्रबंधक पी के कांबले, वरिष्ठ प्रबंधक ललित कुमार यादव, वरिष्ठ प्रबंधक, ए डी आप्टे, वरिष्ठ प्रबंधक आशीष गुप्ता,उप प्रबंधक के एच वी प्रसाद उप प्रबंधक, बी जोशी सहायक प्रबंधक, संजय सिंह सहायक प्रबंधक, एस वी एन त्रिपाठी उपस्थित थे।

## पुरैना में उल्टी-दस्त के चार नए मरीज मिले

**भिलाईनगर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैना में आज स्वास्थ्य विभाग ने धोबी पारा जागृति चौक में सर्वेक्षण कराया, जिसमें 4 मरीजो को दस्त से पीड़ित होने पर उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैना में भर्ती कर किया गया ओर दोपहर पश्चात छुट्टी दे दी गई। वहीं उल्टी ओर दस्त दोनों से 2 मरीज पीड़ित मिले। जिन्हें भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैना में भर्ती कर उपचार किया गया है उसमें से भी एक मरीज को स्वास्थ्य लाभ होने पर छुट्टी दे दी गई है। वर्तमान में एक मरीज भर्ती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया के निर्देश पर प्रभारी बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ओर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 की टीम लगातार क्षेत्रीय मितानिनों के सहयोग से डोर टू डोर सर्वेक्षण कार्य करा रहे हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने फील्ड से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैना में उल्टी-दस्त को देखते हुए रात्रि में भी स्वास्थ्य अमले को तैनात किया है, ताकि मरीज को त्वरित उपचार तुरंत मुहैया कराई जाए। वरिष्ठ मेडिकल आफिसर डा रविशंकर सत्यार्थी के साथ सुबह पाली में तथा श्रीमती जया ठाकुर, आर एम ए के साथ रात्रि में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका व ड्रेसर व चतुर्थ श्रेणी का अमला लगाया गया है। डॉ मनोज दानी ने कहा कि स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें ओर हर उल्टी दस्त के बाद ओ आर एस घोल का उपयोग करे, ताज भोजन करें, पानी उबालकर ठंडा करके पिए। सर्वेक्षण में बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम, श्रीमती आर विश्वास, श्रीमती रामटेके, श्रीमती के एल कुमारी, श्रीमती इंद्राणी वर्मा, सरोज निषाद, रूक्मणी वर्मा श्रीमती आर रूद्रा, लता, पिंकी, नगर निगम रिसाली के शुभम, का सहयोग रहा।

## फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाईनगर** । डॉ खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई 3 के लैब टेक्नीशियन द्वारा आज सुबह कॉलेज के लैब में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुरानी भिलाई पुलिस के द्वारा सुसाइडल नोट भी बरामद किया गया है। मृतक एक्स आर्मी मैन था। पुरानी भिलाई थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि तिरुपति रामटेक 52 वर्ष निवासी पदुम नगर समय से पहले सुबह 8.30 के करीब भिलाई तीन कॉलेज पहुंच गया था। चपरासी से बोलकर लैब का दरवाजा खुलवा लिया था। करीब डेढ़ घंटे बाद जब अन्य स्टाफ ने जाकर लैब में देखा तो तिरुपति रामटेक फांसी पर लटका हुआ पाया गया। तत्काल पुलिस को सूचित किया गया पुलिस द्वारा स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया तो मृतक के पास से सुसाइडल नोट मिला। बताया जा रहा है कि सेवा से सेवानिवृत्ति के पश्चात वर्ष 2019 में असिस्टेंट लैब टेक्नीशियन के पद पर कॉलेज में ज्वाइन किया था।

## ब्लास्ट फर्नेस व सिंटर प्लांट का रिकॉर्ड उत्पादन



**भिलाईनगर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने नववर्ष के अवसर पर संयंत्र की रिकॉर्ड उत्पादन करने वाली इकाइयों ब्लास्ट फर्नेस -8, एसएमएस-3 व सिंटर प्लांट का दौरा कर रिकॉर्ड उत्पादन हेतु बधाई दी । साथ ही नए वर्ष में नई ऊर्जा के साथ आगामी वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक प्रभारी वर्क्स अंजनी कुमार तथा कार्यपालक निदेशक प्रचालन राकेश कुमार उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी श्री दासगुप्ता ने ब्लास्ट फर्नेस टीम की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें उनके अथक प्रयासों और समर्पण के लिए बधाई दी। जिसके कारण उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुईं और उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित हुए। टीम को आगे भी नए मील के पत्थर स्थापित करने के लिए प्रयास जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया जो कि संयंत्र को इस्पात उद्योग में अग्रणी बनाए रखेगा तथा उत्पादन, स्थिरता और सुरक्षा में उत्कृष्टता के नए मानक के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा। उन्होंने उत्पादन दक्षता बढ़ानेए तकनीकी आर्थिक सूचकांकों को अनुकूलित करने और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर जोर दिया। टीम एसएमएस-3 की इस उपलब्धि पर निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता कार्यपालक निदेशक प्रभारी वर्क्स अंजनी कुमार तथा कार्यपालक निदेशक प्रचालन, राकेश कुमार और मुख्य महाप्रबंधक गुणवत्ता राहुल श्रीवास्तव ने एसएमएस.3 शॉप फ्लोर का दौरा कर एसएमएस.3 टीम के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। मुख्य महाप्रबंधक संटर प्लांट्स अनूप कुमार दत्ता, एसपी.2 और एसपी.3 की टीम ने प्रबंधन के प्रति उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया, भविष्य में और भी उपलब्धियां हासिल करने का संकल्प लिया।

# एक दशक पहले मोदी ने दंतेवाड़ा में दृष्टिबाधित बालक अंजन को दिया था हौसला



दंतेवाड़ा, 4 जनवरी (देशबन्धु)। एक दशक पहले अपने दंतेवाड़ा प्रवास में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी दिव्यांग बच्चों के संस्थान सक्षम के एक छोटे से दृष्टिबाधित बच्चे की प्रतिभा से मुग्ध हो गए थे। उस बच्चे का नाम था अंजन। जब अंजन ने अपना गाना सुनाया तब प्रधानमंत्री जी इतने खुश हुए थे कि उन्होंने अपने हाथों से उसकी आवाज पर थाप दी थी और उसके बालों को सहलाया था।

देश के प्रधानमंत्री का प्रोत्साहन एक बच्चे के जीवन में कितना बदलाव ला सकता है। अंजन इसका उदाहरण है। पहले अंजन दूसरों के गीत गाता था, आज अंजन अपने गीत स्वयं लिखता है इसे कंपोज भी करता है और गाता भी है। अभी हाल ही में अंजन ने अयोध्या धाम में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के मौके पर एक गीत लिखा और उसे कंपोस भी किया है। अंजन की संगीत में रुचि को देखते हुए संस्थान में उसे आर्गन, कांगो और ढोलक का प्रशिक्षण दिया गया। दंतेवाड़ा में हर साल बारसूर महोत्सव का आयोजन किया जाता है इस बार आयोजन में अंजन अपने रामलला पर लिखे गीत की प्रस्तुति स्वयं करेगा।

अंजन अभी 11वीं कक्षा में पढ़ रहा है अब इस संस्थान में दसवीं तक की पढ़ाई संस्थान के भीतर ही होती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर संस्थान में सभी बुनियादी व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। उल्लेखनीय है कि सक्षम की व्यवस्था डीएमएफ के माध्यम से होती है। डीएमएफ की स्थापना भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कराई। उनका यह मानना था कि खनन प्रभावित इलाकों में विकास के कार्यों के लिए डीएमएफ के माध्यम से निधि स्थापित की जाए। आज अंजन जैसे बच्चों का सपना डीएमएफ के माध्यम से पूरा हो रहा है।

**आज अंजन खुद गीत लिखता है कंपोज करता है और गाता भी है**

**जब पैदा हुआ तो दादाजी ने कहा यह क्या करेगा इसको कहीं छोड़ दो**

अंजन बीजापुर के अंदरूनी नक्सल प्रभावित इलाकों का बच्चा है नक्सल समस्या की वजह से माता-पिता को गांव छोड़ना पड़ा। अंजन बचपन से ही दृष्टिबाधित है जब वह पैदा हुआ तो उसके दादाजी को बड़ी निराशा हुई और उन्होंने कहा कि इसका क्या होगा, यह क्या करेगा, इसको छोड़ दो। मां बहुत प्यार करती थी। मां ने कहा कि नहीं इसे पालेंगे। बाद में सक्षम के बारे में पता चला और सक्षम में एडमिशन दिलाया। सक्षम के टीचरों को इसके गायन की प्रतिभा और संगीत में रुचि के बारे में पता चला और अब अंजन की दुनिया ही बदल गई है। प्रधानमंत्री के साथ ही राष्ट्र पूर्व राष्टपति रामनाथ कोविंद भी अंजन की प्रतिभा से प्रभावित हो चुके हैं।

**गहरी प्रतिभा और अथाह उत्साह से सबको मिलती है प्रेरणा**

अंजन ने आज सब बच्चों के साथ लुई ब्रेल को पुष्पांजलि दी। लुई ब्रेल ऐसे व्यक्ति है जिनकी वजह से दृष्टिबाधित बच्चे भी फर्राटे से चीज पढ़ सकते हैं। सक्षम कैंपस में हेलेन केलर की तस्वीर भी है जो यह बताती है कि दुनिया की सबसे अच्छी चीजों को ना देख सकते हैं न छू सकते हैं उन्हें केवल महसूस कर सकते हैं। अंजन की प्रतिभा भी इसी तरह की है।

# पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या पर श्रद्धांजलि सभा नारायणपुर में रखी गई है व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन





बीजापुर, 4 जनवरी (देशबन्धु)। बीजापुर जिले के दबंग युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की आकस्मिक मृत्यु के पश्चात आज 4 दिसंबर को नारायणपुर जिले के जय स्तंभ चौक स्थित पुराना लोक निर्माण विश्रामगृह में एक भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस सभा में जिले भर के पत्रकार साथी जुटे और दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित की पत्रकारों ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा ज्ञापन में पत्रकारो ने मुख्यमंत्री विष्णु साय से मांग की है कि बीजापुर में स्वतंत्रत पत्रकारिता करने वाले पत्रकार चंद्राकर की हत्या के मामले में जल्द से जल्द कारवाई की जाए ज्ञापन में कहा गया है कि बीजापुर में पत्रकारों की स्वतंत्रता पर आक्रमण हो रहा है और यदि इस तरह से घटनाएं रोकथाम नहीं कही गई तो छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता के लिए या सबसे बुरा दौर साबित होगा पत्रकार साथियों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि मुकेश चंद्राकर की हत्या में शामिल हथियारों की कड़ी सजा दी जाए और उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई करते हुए उनके संपत्ति को भी कुर्क किया जाए साथी दिवंगत पत्रकार के परिवार को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी प्रदान की जाए साथ ही मुकेश चंद्राकर की शहीद का दर्जा देने की मांग की गई है ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि हत्यारों के संदिग्ध ठेकेदारों के संबंध बीजापुर के कुछ अफसरों से है और तीन दिन तक परिजनों और पत्रकारों को वास्तविकता से दूर रखा गया जिससे हत्यारों को भागने का अवसर मिला पत्रकारों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है इसके अलावा प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए एक तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की अपील की गई है पत्रकारों की इस एकजुटता और संघर्ष को देखते हुए यह मामला प्रदेशभर में सुर्खियों में बना हुआ है।

# युवा पत्रकार की निर्मम हत्या घिनौना कृत्य : रंजना साहू



धमतरी, 4 जनवरी (देशबन्धु)। बीते दिनों बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में हुए युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या एक घिनौना कृत्य है, हमारे देश में पत्रकारिता को चौथा स्तंभ माना जाता है, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता में बस्तर की आवाज मुकेश चंद्राकर निरंतर शासन प्रशासन को आईना दिखाने का कार्य कर रहे थे। उनकी हत्या पत्रकारिता की आवाज को दबाने का प्रयास है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश की कानून व्यवस्था को बिगाड़ कर भाजपा की सुशासन सरकार को बदनाम करने की साजिश रचती आई है इससे पहले भी सूरजपुर और बलौदा बाजार की घटना ने सिद्ध किया था और अब बीजापुर के पत्रकार की निर्मम हत्या, यह कांग्रेस की ओछी राजनीति को दर्शाता है, पत्रकार के द्वारा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैस के नजदीकी ठेकेदार के घोटाले को पर्दाफाश करने पर निर्माणाधीन उसी ठेकेदार के कार्यस्थल पर पत्रकार का शव मिलना निश्चित ही हत्या को अन्देशित करती है। किंतु इस निर्मम हत्या पर भी कांग्रेस ओछी राजनीति करने से चूक नहीं रही है बल्कि छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार पर बेवजह कानून व्यवस्था के नाम पर जुगलबाजी कर रही है। रंजना साहू ने युवा पत्रकार को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना कि है कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर को अपने चरणों में स्थान दें।

# जेएनवी में नव वर्ष मिलन समारोह

लवन, 4 जनवरी (देशबन्धु)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन बलौदाबाजार में 3 जनवरी को शाम 4 बजे से देर रात्रि तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया समारोह के मुख्य अतिथि अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य जी सी दास एवं अध्यक्षता प्रबंधक दिलीप साहू एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पी आर बंजारे लवन, महाविद्यालय के प्राचार्य एस के भट्ट ,अध्यापक अजय मिश्रा के रहे नववर्ष मिलन समारोह के प्रारंभ में




सर्वप्रथम जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के प्राचार्य बी गिरिजा ने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि को शाल श्रीफल से सम्मानित कर स्वागत किये। नव वर्ष मिलन समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में नवोदय विद्यालय के छात्र हेमंत साहू सागर निराला नयन गायकवाड भारत जायसवाल गौरव टंडन शुभम टंडन अनुराग खटकड़ दीपिका साहू हीरा साहू योगेश ओंकार सुजल बंजारे राहुल ध्रुव शुभम वर्मा सौरभ साहू संजय दिनेश कपिल छात्रों में उमेश्वरी ध्रुव बिंदु कुर्रे लखनी साहू मनीष साहू दीक्षा भारद्वाज स्नेहा अन्य ईशा नेहा खुशी देविका आदि अनेक छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य ,नाटक , प्रवचन,भावआदि कार्यक्रम में भाग लेकर नवोदय विद्यालय के 350 छात्र एवं लगभग 50 शिक्षक शिक्षकों के उपस्थिति में प्रस्तुति दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम को अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह परंपरा नवोदय विद्यालय के लिए गर्व की बात है यहां के छात्र हमेशा होनहार ही होते हैं यहां शिक्षा के साथ खेल और उनके कला को उजागर करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं यह बहुत बड़ी खुशी की बात है नव वर्ष मिलन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य के साथ मंदोदरी सेठ जीपी साहू, राजेंद्र शिका प्रशांत गायकवाड, प्रदीप कुमार, राकेश सिंह कृष्ण कुमार, सत्येंद्र कुमार पांडे, राघवेंद्र,दिनेश सर आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

# प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई




खरोरा, 4 जनवरी (देशबन्धु)। रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती का आयोजन किया गया। आज 3 जनवरी का दिन देश की महिलाओं के विकास की यात्रा में बेहद महत्वपूर्ण दिन है। आज 3 जनवरी को भारत में महिला शिक्षा की अगुआ सावित्रीबाई फुले का जन्म हुआ था। आज ही के दिन 1831 में देश की पहली महिला टीचर सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा के नायगांव में एक किसान परिवार में हुआ था। इस दौरान 60 छात्राओं को सम्मानित किया गया। तथा स्कूल छात्रो द्वारा विविध प्रकार की प्रतियोगिता का आयेजन हुआ मुख्य शिक्षिका वैशाली गोस्वामी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले साक्षात शिक्षा की देवी हैं। खेल प्रशिक्षक मदन प्रकाश सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले के प्रयासों द्वारा ही आज महिलाएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा के प्रबंधक राघवेन्द्र गोस्वामी ने विचार रखें। ममता भारद्वाज, पिंकी पटेल, दीपा देवांगन, ललिता यादव, प्रदीप देवांगन, फातिमा खान, रितेश श्रीवास्तव का सहयोग रहा।

# छात्राओं को साइकिल की सुविधा सराहनीय कार्य : बार्ले



पलारी, 4 जनवरी (देशबन्धु) विकास खंड पलारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में विगत दिवस शासन के सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी के 60 बालिकाओं को सायकल वितरण शाला विकास समिति के अध्यक्ष साधराम बार्ले के करकमलों से किया गया ।बार्ले जी ने शासन की इस महती योजना का प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे हमारे बेटियों को शाला जाने में सुविधा होगी और आगे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से लाल कुमार यादव कुंवर रजक सुंदर फेकर प्राचार्य टीआर ध्रुव मनोज वर्मा देवेंद्र लहरे योगेश्वरी धुरंधर महेश्वरी वर्मा गीता श्रेय रविशंकर साहू ललित वर्मा कविता साहू आदि उपस्थित थे।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए आरक्षण की संशोधित समय सारणी जारी

गरियाबंद, 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के पदो के आरक्षण के लिए संशोधित समय-सारणी जारी की गई है। इसके तहत ग्राम पंचायतो के सरपंच, पंच पदो के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आबंटन आरक्षण की कार्यवाही 8 जनवरी को जिले के सभी जनपद पंचायतों में सुबह 10 बजे की जायेगी। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य, जनपद के अध्यक्ष एवं सदस्य के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आबंटन आरक्षण की कार्यवाही 09 जनवरी को जिला मुख्यालय में वन विभाग ऑक्शन हॉल में स्वयं विहित प्राधिकारी कलेक्टर जिला गरियाबंद द्वारा जिले के आम नागरिकों की उपस्थिति में की जायेगी। आरक्षण की प्रक्रिया प्रात: 10:30 बजे से प्रारंभ होगी।

- **ग्राम पंचायतों एवं प्रवर्गवार स्थान के आरक्षण की कार्रवाई 8 को**
- **जिपं सदस्य, जनपद के अध्यक्ष एवं सदस्य के आरक्षण की कार्रवाई 9 को**

इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच, जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं जनपद निर्वाचन क्षेत्र तथा जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही हेतु आम सूचना जारी कर दी है। उन्होंने निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ नियमानुसार आरक्षण की कार्यवाही सम्पन्न कराने के निर्देश दिये है। आरक्षण संबंधी सम्पूर्ण कार्यवाही का समय - समय पर जनसाधारण की जानकारी के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आम सूचना समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालयों, तहसील कार्यालयों, जनपद कार्यालयों, ग्राम पंचायत कार्यालयों एवं ग्राम पंचायत के सहज दृश्य स्थलों पर चस्पा कराने एवं इस संबंध में मुनादी कराने हेतु समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आम सूचना अनुसार ग्राम पंचायतों के सरपंच पद एवं पंच पदो के आरक्षण की कार्यवाही के लिए संबंधित अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को लॉट निकालने के लिए विनिर्दिष्ट अधिकारी प्राधिकृत किया गया है। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत गरियाबंद के लिए राकेश गोलछा, जनपद पंचायत छुरा के लिए रामसिंह सोरी, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के लिए विशाल महाराणा, जनपद पंचायत मैनपुर के लिए पंकज डाहिरे तथा जनपद पंचायत देवभोग के लिए तुलसीदास मरकाम विनिर्दिष्ट अधिकारी होंगे। पंचायतों के लिए आरक्षण बाबत् लॉट निकालने की कार्यवाही सभी जनपद मुख्यालयों में की जायेगी। इसके तहत सामुदायिक भवन जनपद पंचायत गरियाबंद, जनपद पंचायत सभाकक्ष छुरा, जनपद पंचायत सभाकक्ष फिंगेश्वर, जनपद पंचायत सभाकक्ष मैनपुर एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर देवभोग में प्रात: 10 बजे से आरक्षण लॉट निकालने की कार्यवाही की जायेगी।




जगदलपुर। पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्यारों को फांसी देने की मांग को लेकर जगदलपुर में पत्रकारों व समाज सेवियों ने निकाला कैंडल मार्च।

# प्रत्येक सोमवार जिला कार्यालय के आस्था हाल में आयोजित किया जाएगा कलेक्टर जनदर्शन

जगदलपुर, 4 जनवरी (देशबन्धु)। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर हरिस एस द्वारा आम जनता की समस्याओं का निराकरण करने हेतु प्रत्येक सोमवार जिला कार्यालय के आस्था हॉल में सुबह 10-30 बजे से शाम 4 बजे तक कलेक्टर जनदर्शन आयोजित किया जायेगा। इसमें सर्व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा समस्त विभागों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण हेतु प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को जिला कार्यालय के आस्था हॉल में सुबह 10-30 बजे से अधिकारी-कर्मचारी जनदर्शन आयोजित किया जायेगा ।

# पत्रकार की हत्या के विरोध में नगर बंद आज

पिथौरा, 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन पिथौरा द्वारा बीजापुर में युट्यूबर पत्रकार की हत्या के विरोध में आज नगर बंद का आव्हान किया गया है जिसका व्यापारी एकता मंच ने समर्थन करते अपनी प्रतिष्ठान बंद रहने का निर्णय लिया है। स्थानीय विश्राम गृह में आज जिला अध्यक्ष बलराज नायडू ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साव के नेतृत्व में पत्रकार संघ की आवश्यक बैठक रखी गई जहां दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की निंदा की गई, हत्या के विरोध में पत्रकारों ने मुँह में काली पट्टी लगा मौन प्रदर्शन किया। इस पर पत्रकारव साहित्यकार संतोष गुप्ता ने पत्रकार की निर्मम हत्या के दोषियों पर कड़ी कार्वाही की मांग करते पत्रकारों की सुरक्षा कानून को गंभीरता से पालन करने की बात शासन से कही आगे उन्होंने कहा कि पत्रकार शासन प्रशासन, जनता की समस्याओं को अपनी लेखनी से अवगत करा समस्याओं का समाधान करते हैं इस दौरान पत्रकारों को कठिन दौर से गुजरना पड़ता है। उन्होंने शासन से कहा कि पत्रकार अपनी लेखनी और वाणी से युगान्तकारी परिवर्तन करने की क्षमता रखते है जिनकी सुरक्षा पर ध्यान की आवश्यकता है पत्रकार की हत्या, जानलेवा हमला करने वालों पर कठोर कार्वाही होनी चाहिये जिससे घटना की पुनरावृत्ति ना हो।



**व्यापारी एकता मंच का मिला समर्थन**

आज बंद को लेकर व्यापारी एकता मंच के अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों की आवश्यक बैठक रखी गई जहाँ पत्रकार की हत्या के विरोध में बंद का समर्थन किया गया । आज पत्रकार संघ नगर में व्यपारियों के पास घुम घुम कर बंद का समर्थन माँगा ।पत्रकार संघ , व्यापारी संघ द्वारा दिवंगत पत्रकार को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

# जिला अंत्यावसायी समिति से ऋण हेतु आवेदन आमंत्रित

कोण्डागांव, 4 जनवरी (देशबन्धु)। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, कोण्डागांव द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए बैंक प्रवर्तित योजना, अंत्योदय स्वरोजगार योजना अनुसूचित जाति एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत ऋण आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अंत्योदय स्वरोजगार योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के 71 लाभार्थी और आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु 106 लाभार्थी को लाभ पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। यह योजना अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के युवाओं के लिए स्वरोजगार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। योजनान्तर्गत बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किए जाने पर प्रत्येक लाभार्थी को 10 हजार रूपए का अनुदान दिया जाएगा। और इस योजना का लाभ बेरोजगार युवक-युवतियां और स्व सहायता समूह उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए आयु सीमा 18 से 50 वर्ष एवं लाभार्थी का वार्षिक आय की सीमा ग्रामीण क्षेत्र और और शहरी क्षेत्र के लिए 1 लाख पचास हजार तक निर्धारित है। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (तहसीलदार द्वारा प्रमाणित) शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, राशन कार्ड/मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड और पैन कार्ड। इच्छुक उम्मीदवार जिला कलेक्टर कार्यालय के प्रथम तल के कक्ष क्रमांक-80 जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, कोण्डागाँव से ऋण आवेदन पत्र नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, कोण्डागाँव से संपर्क करें।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव आयोजित



कोण्डागांव, 4 जनवरी (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण जिला कोण्डागांव एवं नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 3 जनवरी को बड़ेकनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम कोण्डागांव में किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण एवं विधायक कोण्डागांव सुश्री लता उसेण्डी ने युवा उत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान दीपेश आरोरा उपाध्यक्ष छ.ग.प्रदेश आर्चरी एसोशिएसन, सुश्री सोनामनी पोयाम पार्षद उपस्थित रहे। युवा उत्सव में लोक नृत्य (दलीय) में हेमचंद नेताम एवं साथी फरसगांव, लोक नृत्य (एकल) में नारायण सोरी, लोक गीत (दलीय) में पार्वती सलाम एवं साथी फरसगांव, लोक गीत (एकल) में वर्षा नेताम, केशकाल, कहानी लेखन में रेशमा मण्डावी, विश्रामपुरी, चित्र कला में अर्जुन मरकाम बड़ेराजपुर, वक्तृत्व कला में प्रज्ञा कुर्रे, कोण्डागांव, कविता में उज्जवल पुरी गोस्वामी, बड़ेराजपुर, हस्तशिल्प में प्रदीप कुमार सागर, कृषि उत्पाद, रॉक बैंड में सत्यम एवं साथी बड़ेराजपुर, विज्ञान मेला एकल में खिरेन्द्र सेठिया एवं विज्ञान मेला सामूहिक में बिरेन्द्र यादव प्रथम स्थान रहे। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। समस्त विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# कलेक्टर ने 10वीं व 12वीं के छात्रों की परीक्षा तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक ली



दंतेवाड़ा, 4 जनवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में आगामी 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षा के के परिप्रेक्ष्य में छात्रों की परीक्षा तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक ली गई। बैठक में जिले के अधिकारी, सभी बीईओ, एबीईओ, बीआरसी और प्राचार्य उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिया कि प्रत्येक स्कूल के सभी छात्रों को परीक्षा में शामिल होना सुनिश्चित करने के साथ-साथ और उनकी तैयारी इस प्रकार कराई जाए किअधिक से अधिक छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हों। उन्होंने शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त करने और अधिक से अधिक छात्रों के मेरिट सूची में स्थान सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करने हेतु निर्देशित किया।

इसके अलावा बैठक में परीक्षा से संबंधित योजनाओं और बच्चों को प्रोत्साहित करने के विभिन्न उपायों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस कार्य में पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जिला शिक्षा अधिकारी एसके अबंम्स्त, डीएमसी श्री हरीश गौतम, सभी एपीसी, शिक्षा सलाह कार प्रणीत सिम्हा, प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उल्टा पुल्टा

चिंटू को अपनी एक्स गर्ल फ्रेंड की शादी का कार्ड मिला.
मिंटू- भाई, बुरा तो लग रहा होगा.
चिंटू- हां यार, तकलीफ तो हो रही है.
मिंटू- जाएगा?
चिंटू-जाऊंगा जरूर ...मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह.

# भाजपा के नए जिला अध्यक्षों का ऐलान कल

## धरमलाल कौशिक, शिवरतन शर्मा, विक्रम उसेंडी, नारायण चंदेल को मिल सकता है मौका






**रायपुर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा सभी 33 जिलों के नए जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा तीन.चार दिनों में हो जाएगी। इसके बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। बता दें कि भाजपा का देशभर में संगठन चुनाव चल रहा है।

छत्तीसगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। बताया जाता है कि जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा के बाद ही नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। चुनाव प्रभारी कब छत्तीसगढ़ आएंगे अभी तय नहीं हुआ है।

**नामों पर लग चुकी है अंतिम मुहर**

प्रदेश भाजपा में बूथ कमेटियों के बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव हो चुका है। अब जिलाध्यक्ष बनाए जाने हैं। पिछले दिनों इसे लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन सहित वरिष्ठ नेताओं ने जिलों से आए नामों की समीक्षा करने के तीन.तीन नामों का पैनल बैनाकर केंद्रीय नेतृत्व के पास मंजूरी के लिए भेजा गया था। सूत्र बताते हैं कि जहां जिलाध्यक्षों के नामों पर अंतिम मुहर लगाई गई। 6 जनवरी तक जिला अध्यक्षों की सूची जारी हो सकती है।



**प्रदेश अध्यक्ष के लिए इन नामों की चर्चा**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के लिए भी वरिष्ठ नेताओं के नामों की चर्चा तेज है। जिसमें धरमलाल कौशिक शिवरतन शर्मा, विक्रम उसेंडी, नारायण चंदेल सहित अन्य नाम शामिल हैं। बताया जाता है कि भाजपा नए प्रदेश अध्यक्ष किसी ओबीसी वर्ग के वरिष्ठ नेता को ही बना सकती है।

**चुनाव अधिकारियों को सौंपा जाएगा लिफाफा**

जानकारी के मुताबिक दिल्ली से बंद लिफाफें में नाम आने के बाद सभी जिलों के चुनाव अधिकारियों को लिफाफा सौंपा जाएगा। चुनाव अधिकारी अपने.अपने जिलों में जाएंगे और सबके सामने लिफाफा खोला जाएगा। जिसमें जिनका नाम होगाए उनको प्रक्रिया के तहत नामांकन भरवाया जाएगा। नामांकन के बाद अगले दिन एक नामांकन होने पर उनको निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया जाएगा।

# रविशंकर यूनिवर्सिटी के हॉस्टल से गायब छात्रा मथुरा में मिली

**रायपुर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। रायपुर के पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी के हॉस्टल से गायब हुई छात्रा 25 दिन बाद मथुरा से मिली है। पुलिस ने छात्रा को एक आश्रम से बरामद किया है।

- परिचितों के तानों से नाराज होकर आश्रम चली गई
- 25 दिन बाद पुलिस को सफलता



बताया जा रहा है कि वह परिचितों के तानों से नाराज होकर हॉस्टल छोड़कर भाग गई थी। हॉस्टल से भागने के बाद छात्रा कुछ दिन मथुरा में भटकने के बाद वहां के एक आश्रम में पहुंची। आश्रम प्रबंधन को उसका हाव.भाव ठीक नहीं लगा तो उन्होंने स्थानीय पुलिस स्टेशन में इसकी सूचना दी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने सरस्वती नगर पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद रायपुर से महिला पुलिस कर्मियों के साथ टीम को रवाना किया गया और लड़की को परिजनों के सुपुर्द किया।

**पूरा मामला**

जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ की रहने वाली हेमलता वर्मा ;25 साल पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय में स्टूडेंट है। वो एमएमसी फाइनल ईयर में पढ़ाई कर रही है। 7 दिसंबर को उसकी घर में अंतिम बातचीत हुई थी। इसके बाद से तीन दिनों तक उसका कोई कॉल नहीं आया। पिता भोजराम वर्मा को चिंता हुई तो वह यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल पहुंचे। स्टाफने उन्हें बाहर बैठाया और हेमलता को बुलाने के लिए उसके कमरे पर गए लेकिन रूम पर ताला लगा हुआ था। 25 दिनों तक पुलिस और परिजन उसकी तलाश करते रहें।

**कमरे में ताला लगाकर चाबी अंदर फेंकी**

हॉस्टल के एक कमरे में वो अकेले रहती थी। उसने ताला लगाकर चाबी अंदर ही फेंक दी थी। घरवालों को वार्डन से बातचीत में पता चला कि हेमलता अपनी मां का स्वास्थ्य खराब होना बताकर वह हॉस्टल से निकली थी। हालांकि परिजनों का कहना है कि बाद में वार्डन अपनी बात से पलट गई। पिता भोजराम सरस्वती इसके बाद नगर पुलिस स्टेशन पहुंचे और गुमशुदगी की शिकायत की थी।

**फोन फॉर्मेट कर कमरे में छोड़ा**

पुलिस शिकायत मिलने पर हॉस्टल के कमरे का ताला तोड़कर अंदर घुसी। रूम में ही हेमलता का मोबाइल फोन रखा हुआ था। जांच करने पर फोन फॉर्मेट मिला। इसके चलते पुलिस को फौरन कोई भी कॉल डिटेल या मैसेज नहीं मिल पाया है। आसपास पूछताछ में पता चला कि उसे अंतिम बार 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे के करीब देखा गया था। वह कहीं जा रही थी। हेमलता का पावर का चश्मा भी कमरे के अंदर ही मिला है।

**विधायक धरने पर बैठी थी**

इस मामले के सामने आने के बाद डोंगरगढ़ की विधायक हर्षिता बघेल भी परिजनों के साथ सरस्वती नगर पुलिस थाने में धरने पर बैठ गई थी। जिसके बाद पुलिस ने तेजी से एक्शन लेते हुए लड़की को खोज निकाला।

# महादेव सट्टा के प्रमोटर्स सौरभ और रवि पर 1 फरवरी को सुनवाई

**रायपुर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। महादेव सट्टा के प्रमोटर्स सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल की हाजरी माफी के लिए लगाए गए आवेदन पर 1 फरवरी को सुनवाई होगी। ईडी के स्पेशल कोर्ट में सौरभ और रवि के अधिवक्ता की ओर से आवेदन लगाया गया था।



इसमें बताया गया था कि उनके पक्षकारों को कोर्ट में स्थाई रूप से गैर हाजिरी की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है। इसके लिए ईडी द्वारा प्रत्यर्पण के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा गया है। इसी तरह सट्टा प्रकरण में जेल भेजे गए गिरीश तलरेजा और सूरज चोखानी की ओर से आवेदन लगाया गया है। इसमें ईडी से प्रकरण के संबंध में जानकारी मांगी गई है। इस पर 13 जनवरी को सुनवाई होगी। दरअसल पिछले साल 2024 में महादेव ऑनलाइन सट्टा एप के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल को दुबई में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में देखा गया था। जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई। बताया जा रहा था कि दोनों अपने परिवार के साथ कथा में दिखे थे।

# छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी अधिवेशन कल रायपुर में

**रायपुर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी अधिवेशन 6 जनवरी को राजधानी रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में होने जा रहा है।

अधिवेशन की शुरुआत दोपहर 1 बजे होगी। उप मुख्यमंत्री (नगरीय निकाय) अरुण साव मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि वन, सहकारिता एवं रायपुर जिले के प्रभारी मन्त्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा एवं अन्य पिछड़ा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं संरक्षक राकेश चंद्राकर होंगे। रायपुर नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ की कार्यकारी समिति के सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से 6 जनवरी को आयोजित इस अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

मुकेश हत्याकांड

# राजभवन तक शांति मार्च, अधिकारियों के रवैये से पत्रकारो में नाराजगी, प्रेस क्लब के बाहर दिया धरना



**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। बीजापुर के पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की नृशंस हत्या के विरोध में शनिवार को पत्रकारों ने रायपुर प्रेस क्लब के बाहर धरना दिया और राजभवन तक शांति मार्च निकाला। हालांकि राजभवन के रवैये से पत्रकारों में भारी नाराजगी देखी गई।

राजभवन तक शांति मार्च करते हुए पहुंचे पत्रकार उस वक्त नाराज हो गए जब जिला प्रशासन और पुलिस के कुछ अधिकारियों ने पत्रकारों को बीच रास्ते में ही रोक दिया और राजभवन के बाहरी गेट को भी बंद कर दिया। पत्रकार, राजभवन के भीतर जाकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपना चाहते थे, मगर राजभवन से कुछ दूरी पर ही इस कदर रोके जाने का सभी ने विरोध किया। काफी देर तक पत्रकार भीतर जाने दिए जाने की मांग करते रहे, मगर अधिकारियों ने उन्हें जाने नहीं दिया। अधिकारियों के इस रवैया से आहत रायपुर प्रेस क्लब के महासचिव डॉ. वैभव सिंह पांडेय ने गेट के बाहर ही ज्ञापन पढ़कर सभी को सुनाया। जिसमें राज्यपाल से पूरे मामले में हस्तक्षेप करते हुए कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके बाद पत्रकारों ने तयशुदा कार्यक्रम के तहत डॉ. भीमराव अंबडेकर चौक पहुंचे और डॉ. आंबेडकर की मूर्ति के समक्ष पत्रकार साथी मुकेश को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखा। रायपुर प्रेस क्लब ने निर्णय लिया है कि न्याय के लिए अन्याय के विरुद्ध लड़ाई जारी रहेगी. पत्रकारों ने राज्य सरकार से छत्तीसगढ़ में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। इस धारना और शांति मार्च में बड़ी संख्या में रायपुर के पत्रकार शामिल हुए।

# पांच साल के कार्यकाल में काफी उपलब्धियां : एजाज ढेबर

**रायपुर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। 5 साल का कार्यकाल पूरा होने पर महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि मेरे खाते में उपलब्धियां काफ़ी हैं। स्वच्छता रैकिंग में रायपुर शहर काफी ऊपर 6 वें रैकिंग में आया। पीलिया एवं मलेरियां जैसी बीमारियों पर नियंत्रण रहा। शहर में पहली बार आवारा कुत्तों के रहवास के लिये सोनडोंगरी में 50 लाख की लागत से डॉग शेल्टर का निर्माण किया गया। दिल्ली के बाद इस तरह का डॉग शेल्टर का निर्माण करने वाला रायपुर दूसरा शहर है।



महापौर की हैसियत से आज अंतिम पत्रकार वार्ता में एजाज ढेबर ने कहा कि बूढ़ातालाब विवेकानंद सरोवर के सौंदर्यीकरण हेतु प्रथम चरण में 5 करोड़ की लागत से कार्य योजना को पूरा किया गया। रायपुर शहर में यातायात सुविधाओं को उन्नत बनाने हेतु राशि लगभग 1 करोड़ 38 लाख रूपये की लागत से शहर के आसपास कुल 160 सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है। ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन हेतु नगर निगम द्वारा ग्राम सकरी में 70 एकड़ की भूमि का चयन कर कचरा डंपिंग यार्ड प्रारंभ किया गया। साथ ही पूरे शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। फलस्वरूप स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में पूरे भारत वर्ष में रायपुर नगर को स्वच्छता में 6वां स्थान प्राप्त हुआ। शहर में स्थित विभिन्न प्रमुख बाजारों में जवाहर बाजार परिसर का लगभग 20 करोड़ 70 लाख रूपये की लागत से कायाकल्प कर वहां के व्यापारियों को व्यवस्थापित किया गया। भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड का लगभग 50 करोड़ रूपये की लागत से 25 एकड़ भूमि पर निर्माण पूर्ण हो चुका है।

नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के संयुक्त तत्वाधान से सिटी कोतवाली थाना स्मार्ट पुलिस स्टेशन का निर्माण कार्य 6 करोड़ की लागत से पूर्ण किया गया।

ढेबर ने कहा कि तुहर सरकार तुहर द्वार एवं मोर महापौर मोर द्वार के माध्यम से लगातार दो वर्षों तक रायपुर शहर के 70 वार्डों में 35 दिनों तक शिविर लगाकर अंतिम व्यक्ति तक शासन की सुविधाओं का लाभ पहुंचाया गया।

रायपुर शहर में पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर में 6 मंजिला मल्टीस्टोरी पार्किंग का निर्माण कार्य लगभग 25 करोड़ रूपये की लागत से किया गया। नगर निगम मुख्यालय का नामकरण महात्मा गांधी सदन के रूप में किया गया। साथ ही महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित की गई है। एवं प्रतिदिन प्रातः 10.30 से 11 बजे तक रघुपति राघव राजा राम की धुन प्रत्येक तल में गूंजती है।

# बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की बहाली करें सरकार : डॉ महंत

## मुख्यमंत्री को नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने लिखा पत्र

**रायपुर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बी.एड. प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों की सेवाओं के निरंतरता के संबंध मे पत्र लिखते हुए कहा है कि, राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग में कार्यरत बी.एड.प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षक जिनकी संख्या 2897 है, जिन्हे विगत दिनों सरकार ने नौकरी से निकाल दिया है। बी.एड. प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों की समस्या इनके आश्रितों से जुड़ी आजीविका से संबंधित है, और अभी भी सरकार के पास मौका है कि, रिक्त पद के विरुद्ध इन्हें नौकरी दी जा सकती है।



नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने बताया कि, बी.एड. प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने मेरे समक्ष उपस्थित होकर आवेदन पत्र दिया है। जिसमे सरकार को उस पर विचार हेतु मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है कि इन पदों पर इन शिक्षकों को समायोजित किया जा सकता है। सरकार इनके मामले में तत्काल निर्णय लेकर इनका समायोजन करे।

# जस्टिस सप्रे की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा बैठक

**रायपुर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता तथा मुख्य सचिव अमिताभ जैन की उपस्थिति में न्यू सर्किट हाउस रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य के सडक सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) के अध्यक्ष संजय शर्मा द्वारा समग्र सड़क सुरक्षा परिदृश्य, सडक दुर्घटनाओं के कारण, नियंत्रण के उपाय-लक्ष्य, सडक सुरक्षा अंकेक्षण तथा प्रवर्तन, अंभियांत्रिकीय, शिक्षा, आकस्मिक उपचार आदि की भावी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।

अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी श्री सप्रे ने बैठक में ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हाकन के पश्चात् यथा शीघ्र सुधारात्मक उपायों, घायलों की त्वरित उपचार देने, विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की समुचित जानकारी एवं नियम तोड़ने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों तथा जनसामान्य को सुरक्षा के लिए वाहन चालन के दौरान सीटबेल्ट, हेलमेट की अनिवार्यता को बढ़ावा देने को कहा। श्री सप्रे ने नागरिकों को जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आपातकालीन उपचार एवं ट्रामा केयर के लिये विशेष पहल करके सड़क दुर्घटना में मृत्युदर में कमी की जा सकती है।

# दीपआशा 10 साल की हो गई वन विभाग जांच नहीं करा पाया कि वन भैंसा है या मुर्रा भैंसा

**रायपुर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। वन विभाग ने 10 साल पहले विश्व की पहली वन भैंसा का क्लोन पैदा करने का दावा कर सुर्खियां बटोरी थी। परन्तु दीपआशा मुर्रा भैंसा निकल गई, हुबहू मुर्रा भैंसा दिखती है। दीपआशा वन भैंसा है या मुर्रा भैंसा ? आज तक वन विभाग इसकी डीएनए जांच नहीं करा पाया।



दीपआशा का जन्म उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की वन भैंसा आशा के सोमेटिक सेल कल्चर से और दिल्ली के बूचड़खाने की देसी भैंस के अंडाशय से क्लोन की तकनीकी से 12 दिसंबर 2014 को नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टिट्यूट करनाल में हुआ था। क्लोनिंग में लगभग रुपए एक करोड़ का खर्च आया।

करनाल से 28 अगस्त 2018 को दीपआशा जंगल सफारी नया रायपुर लाई गई। उसके लिए लगभग रुपए ढाई करोड़ का बाड़ा बनवाया गया।

जन्म से 4 साल बाद 11 दिसंबर 2018 मुख्य वन्य जीव संरक्षण (वन्यप्राणी) रायपुर की अध्यक्षता में बैठक में निर्णय लिया गया कि दीपआशा का डीएनए टेस्ट सीसीएमबी हैदराबाद और व्हाइट लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया देहरादून से कराया जाए।

दिसंबर 2018 में निर्णय लेने के ढाई साल बाद सीसीएमबी हैदराबाद सैंपल भेजा और अंतिम स्मरण पत्र जनवरी 2023 में देखकर भूल गए। वन्य जीव प्रेमियों के दबाव के चलते दोबारा 20 नवंबर 2024 को स्मरण पत्र भेजा।

दिसंबर 2018 की बैठक के 5 साल बाद डीएनए टेस्ट के लिए सैंपल व्हाइट लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया देहरादून भेजा परन्तु कोई स्मरण पत्र नहीं भेजा। वन्य जीव प्रेमियों के दबाव के चलते दोबारा 20 नवंबर2024 को स्मरण पत्र भेजा। डीएनए टेस्ट का अनुमानित चार्ज पंद्रह हजार होता है। दोनों संस्थाओ को टेस्ट की भुगतान की राशि आज तक नहीं दी गई है।

**शासन को भी जवाब नहीं दे रहे अधिकारी**

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग, प्रधान मुख्य जीव संरक्षक (वन्यजीव) से दीपआशा के संबंद में सितम्बर 2021 से स्टेटस रिपोर्ट मांग रहा है, कई स्मरण पत्र जारी हो चुके हैं। जुलाई 2024 में सात दिनों में रिपोर्ट मांगी गई थी परन्तु रिपोर्ट आज तक नहीं दी गई है।

**क्या फर्क है असम से ले गए वन भैंसे में और दीपआशा में**

वन विभाग असम से दो वन भैंसा 2020 में और चार वन भैंसा 2023 में छत्तीसगढ़ लाया। दोनों ही बार में 10 दिनों में डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट प्राप्त कर ली। दीपआशा वन भैंसा है या मुर्रा भैंसा यह दस साल में भी नहीं पता लगा पाए।

# राजधानी के 15 प्रमुख चौक-चौराहों में ट्रैफिक होगा दुरूस्त

## व्यस्तम मार्गों से अतिक्रमण हटाकर बढ़ाई चौड़ाई, वीआईपी रोड के पेड़ों की हुई छटाई, मार्गों को अवरूद्ध करने वाले बिजली के पोल की शिफ्टिंग का कार्य जारी

**रायपुर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर आमजनों को राहत देने राजधानी में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में शहर के 15 प्रमुख चौक-चौराहों का चिंहाकन किया गया है। जहां पर ट्रैफिक को दुरूस्त करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही व्यस्तम मार्गों से अतिक्रमण को हटाने की कार्वाई शुरू कर दी गई है। सड़कों के किनारे लगे बोर्ड को हटाकर उन सभी मार्गों को चौड़ा किया जा रहा है और सड़कों के किनारे लगे बिजली पोल से बाधित होने वाले सड़कों का चिंहाकन कर पोल को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा उन मार्गों की चैड़ाई भी बढ़ाई जा रही है। इससे आने वाले दिनों में निश्चित तौर सड़कों में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी और सड़कों की चौड़ाई बढ़ने से यातायात भी सुगम होगा।






नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सिंह के निर्देश पर वीआईपी रोड के सड़कों के किनारे लगे पेड़ों की छटाई की जा रही है। इसके लिए नगर निगम और वन विभाग की टीम का गठन किया गया है। संयुक्त टीम वीआईपी रोड के अलावा प्रमुख जिन भी मार्गों में वृक्षों की वजह से यातायात संचालन में बाधा आ रही है, उन वृक्षों की छटाई करेगी। रायपुरा ओव्हर ब्रिज के नीचे वाली सड़कों में यातायात बाधित न हो, इसके लिए बोर्ड्स को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही उन मार्गों को चौड़ा किया जा रहा है। शंकर नगर क्षेत्र में सड़कों के किनारे लगे बिजली के पोल को हटाकर शिफ्ट किया जा रहा है। इसके बाद उन मार्गों को भी चौड़ा किया जाएगा।

- कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में प्रहरी अभियान में आई तेजी

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर रायपुर शहर की ट्रैफिक की समस्या को दूर करने के लिए प्रहरी टीम का गठन किया गया है। यह टीम प्रत्येक मार्गों में पहुंचकर यातायात को दुरूस्त करने का कार्य कर रही है। साथ ही 3 जनवरी को कलेक्टर ने ट्रैफिक संचालन को बेहतर करने के लिए समीक्षा बैठक ली थी। कलेक्टर ने यातायात दुरूस्त करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

### छग संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक आज

**महासमुंद,** 4 जनवरी। छग संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक 5 जनवरी को दोपहर 2 बजे राम-जानकी मंदिर खैरझिटी में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे करेंगे। जानकारी देते हुए जिला संगठन व प्रभारी अशोक कश्यप ने बताया कि बैठक में सीएम, जिलाधीश के समक्ष विशाल प्रदर्शन की रणनीति पर चर्चा किया जाएगा।



# मोदी की गारंटी कब पूरा करेंगे मुख्यमंत्री : नामदेव

## केन्द्र के देय तिथि से 3 फीसदी डीएडीआर जारी करने की मांग

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने केन्द्र द्वारा देय तिथि से 3 फीसदी बकाया डीए डीआर के आदेश जारी करने मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को एक्स मे पोस्ट कर उनसे पूछा है कि विधान सभा चुनाव के दौरान जारी घोषणा पत्र के मोदी की गारंटी में इसे शामिल कर वायदा किया है परंतु पूरा साल बीतने के बाद भी सरकार ने इस पर चुप्पी साध रखी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा है आखिर च्मोदी की गारंटीज्ज को कब पूरा करेंगे।

जारी विज्ञप्ति में आगे बताया गया है कि भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनने के बाद राज्य में सभी कर्मचारी संघ और पेंशनर संगठन ने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, वित्त सचिव से भेंट कर सरकार को लगातार याद दिला रहे हैं, परंतु सरकार जिम्मेदार लोग जानबूझकर मोदी की गारंटी की इस बिंदु को अनदेखा कर रहे हैं।

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के नेता क्रमश: वीरेन्द्र नामदेव, जे पी मिश्रा, द्रोपदी यादव, पूरन सिंह पटेल, अनिल गोल्हानी, बी एस दसमेर, बी के वर्मा, आर एन टाटी, राकेश जैन, आई सी श्रीवास्तव, कसीमुद्दीन, दिनेश उपाध्याय आदि ने छत्तीसगढ़ सरकार से मोदी की गारंटी को पूरा करने केंद्र के समान जुलाई 24 से 3त्न डीए डीआर के भुगतान करने हेतु तुरन्त आदेश जारी करने मांग की है।

## नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर 5 व 6 जनवरी को सुयश हॉस्पिटल, रायपुर में

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। कीर्तिशेष स्वर्गीय कन्हैयालाल गंगवाल की स्मृति में भारतीय जैन संघटना द्वारा आयोजित नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का आयोजन रविवार 5 जनवरी एवं सोमवार 6 जनवरी को सुयश हॉस्पिटल, कोटा रोड गुड़ियारी रायपुर मे आयोजित होने जा रहा है। अमेरिका से आ रहे डॉक्टर लैरी एवं उनकी टीम द्वारा कटे फटे होंठ एवं तालू, पलकों की विकृति, चेहरे के दाग धब्बे की प्लास्टिक सर्जरी यहां नि:शुल्क की जाएगी। शिविर हेतु रजिस्ट्रेशन एवं जांच रविवार 5 जनवरी को प्रात: 9 बजे से12ऽ बजे तक किया जाना सुनिश्चित हुआ है जिसमें मरीजों को जांच के लिए खाली पेट आना अनिवार्य है। भारतीय जैन संघटना के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष विजय गंगवाल व प्रदेश महासचिव सीए विकास गोलछा ने जानकारी देते हुए बताया सुयश हॉस्पिटल इस शिविर में ऑपरेशन थियेटर देकर सहयोग प्रदान कर रहा है प्रबंधन समिति में बीजेएस समता एवं चौबे कॉलोनी शाखा अग्रणी भूमिका में रहेगा।

**अमेरिका के डॉक्टर लैरी व उनकी टीम कटे फटे होंठ पलकों की करेगी सर्जरी**

### समिति गठन का सहायक शिक्षकों ने विरोध किया- आज से भूख हड़ताल करेंगे

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बीएड प्रशिक्षित शिक्षक अपनी एक सूत्रीय मांग समायोजन के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन पर है??। सरकार द्वारा उनकी समायोजन की मांग के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित करने का सहायक शिक्षकों ने विरोध किया है और आज रविवार से भूख हड़ताल करेंगे। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने बताया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में अनेकों कमेटी का गठन हुआ। डीएन तिवारी कमेटी, सरजीयस मिंज कमेटी, इंदिरा मिश्रा कमेटी, एम के राउत कमेटी, स्कूल सफाई कर्मचारी, मध्यान भोजन रसोईया कर्मचारी के लिए भी कमेटी का गठन हुआ किसी कमेटी का कोई निर्णय सामने नहीं आया। लिपिक की वेतन की संगति के लिए गठित न तिवारी कमेटी जिसने कर्मचारियों के पक्ष में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था उसे प्रतिवेदन के ऊपर मिंज कमेटी का गठन किया गया।

# प्रदेश में अब तक 97.60 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक लगभग 97.60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 19.34 लाख किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 21 हजार 040 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी।

- 19.34 लाख किसानों को धान खरीदी के एवज में 21 हजार करोड़ से अधिक का भुगतान
- धान खरीदी के साथ-साथ तेजी से हो रहा धान का उठाव
- अब तक 65.80 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी

प्रदेश के समस्त पंजीकृत कृषकों को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान विक्रय हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाईन एप्प (टोकन तुंहर हांथ) एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी 2025 तक के लिए उपलब्ध कराया गया है। किसान सुविधा अनुसार तिथी का चयन कर नियमानुसार धान विक्रय कर सकते है।

धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। धान उठाव के लिए लगभग 65.80 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध अब तक 39 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.59 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 03 जनवरी 2025 को 66392 किसानों से 3.25 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 83 हजार 299 टोकन जारी किए गए थे।

## राष्ट्र स्तरीय सतनामी परिचय सम्मेलन के लिए आज से पंजीयन

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजधानी रायपुर के 'शहीद स्मारक भवन' में 2 फरवरी (रविवार) को सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का राष्ट्र स्तरीय 9वें. वर्ष का विशाल परिचय सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। जिसमें देश भर से प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ती है जिसे देखते हुए प्रतिभागी की सुविधा के लिए 5 जनवरी (रविवार) से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन अग्रिम पंजीयन की सुविधा शुरू कर दी गई है। आयोजन समिति अध्यक्ष के अध्यक्ष के.पी. खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि प्रतिभागी या उनके परिजन दो रंगीन पासपोर्ट फोटो के साथ न्यु राजेंद्रनगर स्थित 'गुरु घासीदास अकादमी भवन' में प्रतिदिन सुबह 11 से 5 बजे के बीच अपना अग्रिम पंजीयन करवा सकते हैं। कार्यक्रम दिवस 2 फरवरी को छ.ग. के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों में निवासरत तथा बड़े-बड़े महानगरों व विदेशों में कार्यरत सतनामी समाज के नवयुगल प्रतिभागी अपने भावी जीवन साथी की तलाश में राजधानी पहुंचेंगे उनके लिए घर बैठे आनलाईन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस बार कार्यक्रम में बड़े एलईडी. स्क्रीन पर लाइव प्रसारण देखने की सुविधा मिलेगी।सम्मेलन में विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला/ पुरुषों को भी स्थान दिया जाएगा। सम्मेलन के बाद सभी प्रतिभागियों को वैवाहिक पत्रिका 'बंधन' नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए मो.न.91111-84000 पर संपर्क किया जा सकता है।

# पत्रकार की हत्या का आरोपी सुरेश चंद्रकार भाजपा प्रवेश कर चुका है

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला का कहना है कि दंतेवाड़ा के पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्या का आरोपी सुरेश चंद्रकार भाजपा प्रवेश कर चुका है। बीजापुर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ भी उसकी फोटो है। बीजापुर के पूर्व भाजपा अध्यक्ष जी. वेंकट बस्तर जिले के तीन जिले का भाजपा प्रभारी भी है। उन्होंने माला पहनाकर सुरेश चंद्रकार का भाजपा प्रवेश कराया था। वह 10 दिन पूर्व सीएम हाउस भी गया था।सीएम हाउस का सीसीटीवी फुटेज भी सार्वजनिक किया जाए। सीएम हाउस के आगंतुको की 15 दिनों की सूची सार्वजनिक किया जाये।



**अपनी अक्षमता छुपाने गृहमंत्री कांग्रेस पर आरोप लगाना बंद करे**

राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि अपराधी, अपराधी होता है, अपराध जिसने किया है उसके ऊपर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिये। चाहे वह कांग्रेसी हो, या भाजपाई हो, या अन्य दल का सदस्य।स्व. मुकेश चंद्राकर ने ठेकेदार सुरेश चंद्रकार के जिस भ्रष्टाचार को उजागर किया उस पर चर्चा क्यों नहीं हो रहा है? 120 करोड़ की सड़क के ठेके में 90 प्रतिशत अग्रिम भुगतान बिना मंत्री, बिना सत्ता में बैठे हुए लोगों के संरक्षण के संभव है क्या? किसको ठेकेदार का संरक्षण था, उन सत्तारूढ़ दल के लोगों पर कार्यवाही कब होगी ?इस भ्रष्टाचार में कौन-कौन संलिप्त है? इसकी जांच की बात क्यों नहीं किया गृहमंत्री ने?

कांग्रेस मांग करती है कि पत्रकार स्व. मुकेश चंद्राकर के परिजनों को 1 करोड़ की नगद सहायता एवं सरकारी नौकरी दी जाये।

## बृजमोहन अग्रवाल करेंगे नेशनल पावन लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग चैम्पियन शिप का पुरस्कार वितरण



**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन ऑफ छग एवं ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम के तत्वाधान में आयोजित नेशनल पावर लिफ्टिंग और स्टेट बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप का आयोजन बूढ़ेश्वर मंदिर भवन बूढ़ा तालाब के सामने किया गया है। वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन ऑफ छग के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि कल नेशनल पावर फिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का पुरस्कार वितरण रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। विशेष अतिथि संजय शर्मा और शिवमोहन शुक्ला के साथ हरिवल्लभ अग्रवाल एवं रेलवे के प्रकाश राव होंगे। बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता विभिन्न वजन वर्गों के आधार पर होगा बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता में चयनित बॉडी बिल्डर इंदौर में आयोजित मि. इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।

### भोथली में हुआ पौधारोपण

**कुरूद,** 4 जनवरी (देशबंधु)ग्राम भोथली में नवनिर्मित भोथलेश्वर महादेव शिव मंदिर प्रांगण में शिवगंगा तालाब के किनारे शिव भक्तों द्वारा नए फुलवारी का निर्माण किया गया जिसमें अनेकों प्रकार के 50 से अधिक पौधों का रोपण किया गया।

## निधन

### चंद्रप्रभा दीवान



**रायपुर,** 4 जनवरी। श्रीमती चंद्रप्रभा दीवान (उम्र 80 वर्ष) अभनपुर-संकरी वाले का शनिवार 4 जनवरी की सुबह निधन हो गया। अंतिम यात्रा निवास स्थान ई-21, राधास्वामी नगर (प्रोफेसर कालोनी) रायपुर से निकाली गई और अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में हुआ। वे सुदेशधर दीवान की माता थीं।

### टेटकी बाई कन्नौजे



**बलौदाबाजार,** 4 जनवरी। शहर के लवन रोड निवासी टेटकी बाई कन्नौजे (65) का शुक्रवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें समाजजन सहित शहरवासी बडी संख्या में शामिल थे। वे केजू कन्नौजे की धर्मपत्नि तथा पवन, नरेश एवं दिनेश कन्नौजे की माता थी।

### चेतनलाल वर्मा



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 4 जनवरी। ग्राम अमेरा निवासी चेतन लाल वर्मा का निधन बुधवार को हो गया। उनके निधन पर परिजन आत्मियजन ग्रामवासी शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वे अनिता वर्मा के पति व शशिकांत, सुर्यकांत के पिता थे।

### नरोत्तम उपाध्याय



**रायपुर,** 4 जनवरी। आमापारा निवासी नरोतम उपाध्याय (कन्हार मलपुरी वाले) का 4 जनवरी को सुबह 7 बजे निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार महादेव धाट मुक्तिधाम मे किया गया। शोकाकुल- युगल किशोर, दिनेश, संजय (पुत्र)।

### शादरा बेन राठौड़



**रायपुर,** 4 जनवरी। देवेंद्र नगर निवासी श्रीमती शारदाबेन राठौड़ का निधन 4 जनवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वह श्री रमणीक लाल राठौड़ की पत्नी, श्री विवेक राठौड़ की माता एवं देव और रीति राठौड़ की दादी थी।

## वन अधिकार अधिनियम के बेहतर क्रियान्वयन विषय पर कार्यशाला कल

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। आदिम जाति विकास विभाग द्वारा 'धरती आबा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत वन अधिकार अधिनियम 2006 के बेहतर क्रियान्वयन विषय पर संबंधित विभागों एवं अशासकीय संस्थानों के मध्य परिचर्चा-परामर्श हेतु एफईएस एवं एटीआरईई संस्था के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला न्यू सर्किट हाऊस, सिविल लाईन्स, रायपुर में होगा। आदिम जाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने पत्र जारी कर सभी जिलों के सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग जिला परियोजना समन्वयक के साथ कार्यशाला में उपस्थित रहने को कहा है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 02 अक्टूबर 2024 को धरती आवा- जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान अंतर्गत 17 मंत्रालयों के सहयोग से भारत सरकार की 25 योजनाओं को सुसंगत तरीके से धरातल पर उतारना है जिसमें वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन अंतर्गत मुख्य रूप से निश्चित समयावधि में वन अधिकारों की मान्यता की प्रकिया को पूर्ण किया जाना है। विभिन्न मंत्रालयों (जनजातीय कार्य मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, मतस्य विभाग, पशुपालन विभाग इत्यादि) के योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से वननिवासी जनजातीय परिवारों के सतत आजीविका की सुरक्षा, परस्थितिकीय संतुलन हेतु वनों की सुरक्षा, संवर्धन, संरक्षण एवं प्रबंधन इत्यादि जैसे लक्ष्यों की प्राप्ति शामिल है।

**अधिकारों की मान्यता, वनों का प्रबंधन एवं संरक्षण तथा अभिसरण से आजीविका संवर्धन सहित विभिन्न विषयों पर होगी परिचर्चा**

वन अधिकार अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन में हमारा राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। राज्य में अब तक 4 लाख 79 हजार 502 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एवं सामुदायिक वन संसाधन के अंतर्गत 4377 वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं। सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्य ग्रामसभाओं में सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन हेतु सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के गठन की कार्यवाही की जा रही है। अब तक 2081 सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति का गठन किया जा चुका है। वन अधिकार अधिनियम, 2006 अंतर्गत अधिकारों की मान्यता, वनों का प्रबंधन एवं संरक्षण, अभिसरण से आजीविका संवर्धन आदि संपूर्ण कार्यों के बेहतर कियान्वयन हेतु संबंधित शासकीय विभागों तथा अशासकीय संस्थानों की सतत् भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है।

# अब प्रदेश में पत्रकार भी सुरक्षित नहीं : सज्जाद खान

## अपराधों पर अंकुश लगाने सीए और गृहमंत्री से आग्रह



**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी की जनहित एवं समाजिक संस्था अवाम ए हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी के संस्थापक मोहम्मद सज्जाद राजेन्द्र कुमार शर्मा अनिल शुक्ल जाकिर हुसैन महावीर जैन कुलविंदर सिंह जुबैर ख़ान प्रीति जैन राजकुमार साहू एवं संस्था के सदस्यों ने राजधानी सहित पूरे प्रदेश में बढ़ते हुए अपराध हत्या बलात्कार लूट महिलाओं के साथ जघन्य अपराधों की लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसके मुख्य कारण नशीली मादक पदार्थ शराब जैसी चीजों से अधिक अपराध उत्पन्न हुए हैं। इसके चलते आम जनजीवन प्रभावित हो रहें हैं। शहर एवं प्रदेश में आम आदमी अपने आपको भय का वातावरण महसूस कर रहा है। संस्थापक मोहम्मद सज्जाद ने माननीय मुख्यमंत्री माननीय गृह मंत्री शासन एवं प्रशासन से अनुरोध करती है। की राजधानी सहित पूरे प्रदेश भयमुक्त हो और अपराधों पर नियंत्रण हों बढ़ते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग करती हैं तभी आदर्श राज्य की कल्पना करना उचित होगा।

## सजा श्याम बाबा का दरबार, आज बहेगी भक्तिमय भजनों की गंगा



**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। श्रीरामनाथ भीमसेन भवन समता कालोनी में श्री श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा श्री श्याम खाटू वाले का श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया है। जहां रंग बिरंगी वंदनवारों से श्याम बाबा का दरबार सज गया है। रविवार 5 जनवरी की सुबह जैसे ही खाटू वाले श्री श्याम बाबा का अखंड ज्योत प्रज्जवलित होगा, इसकी शुरुआत हो जायेगी। पश्चात सुबह 11 बजे से अनवरत भजनों की गंगा प्रवाहित होगी जो देर रात तक श्रद्धालुओं को आनंदित करेगी। भजनामृत के लिए राष्ट्रीय स्तर के भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। जिसमें प्रमुख रुप से साक्षी अग्रवाल, अंकिता शर्मा, संदीप अग्रवाल, राहुल सांवरा, सुरेश राजस्थानी, प्रियांशु मित्तल, टीनू शर्मा एवं वरुण शर्मा शामिल हो रहे हैं।

## मद्रासी रेस्टोरेंट ने पेश किया न्यू ईयर ऑफर

### 8 सौ रुपए में चिकन बकेट बिरयानी के साथ मुफ्त उपहार




**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। मद्रासी रेस्टोरेंट, जो 1943 से ग्राहकों को बेहतरीन स्वाद का अनुभव करा रहा है, ने नए साल के अवसर पर एक खास ऑफर लॉन्च किया है। इस ऑफर के तहत ग्राहक मात्र 800 रुपये में 'चिकन बकेट बिरयानी' खरीद सकते हैं, जो 4 से 5 व्यक्तियों के लिए पर्याप्त है।

उपरोक्त जानकारी मद्रासी ग्रुप के डायरेक्टर शफीक भाई ने दी. उन्होंने बताया कि इस विशेष ऑफर के साथ ग्राहकों को शानदार उपहार भी मिलेंगे।एक पूर्ण तंदूरी चिकन, या अलफहम चिकन, या बारबेक्यू चिकन में से किसी एक का विकल्प। एक 750 मिली लीटर कोल्ड ड्रिंक (पेप्सी) और चार एग पीस। यह ऑफर 12 जनवरी 2025 तक मान्य है और मद्रासी रेस्टोरेंट की सभी ब्रांच- मद्रासी ग्रिल (मरीन ड्राइव के सामने), मद्रासी बाइट्स (जीवन बीमा मार्ग, पंडरी), मद्रासी हाईवे (भाटागांव सिग्नल के पास, नये बस स्टैंड के पास) तथा मद्रासी फ्राइड चिकन (राजकुमार कॉलेज के सामने, जी.ई. रोड) पर उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि मद्रासी रेस्टोरेंट ने अपने स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए एक खास पहचान बनाई है। नए साल के इस खास ऑफर का लाभ उठाकर रायपुरियंस अपने परिवार और दोस्तों के साथ जश्न मना सकते हैं।

# सर्द रात में कुमारी सावित्री का गर्मजोशी भरा मंचन

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। मैं चमारों की गली तक ले चलूँगा आपको अदम गोंड़वी की इन पंक्तियों को चरितार्थ करती रायपुर इप्टा इन दिनों अपने रंगकर्म को उन्हीं गलियों में रहने वाले लोगों के बीच ले जा रही है जहां संस्कृति के नाम पर सत्ता और व्यवस्था अवतारवाद का यशोगान करवाती है या अश्लील नाच गाना। भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा), रायपुर, इनके बीच कैसे जनता के सवाल उठाये जायें उसी प्रयास में अपने नाटक कुमारी सावित्री का मंचन करती है। मौका था 3 जनवरी क्रांति ज्योति माता सावित्री बाई फूले के जन्म का मुबारक दिन। गांड़ा महासभा (गांड़ा समुदाय की केंद्रीय संस्था) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जब रायपुर इप्टा का नाटक कुमारी सावित्री मंचित होता है तो दर्शकों की ताली और वाहवाही बरबस निकलने लगती है। यह ताली और वाहवाही क्षणिक नहीं पूरे मंचन के दौरान सभागार में गूंजते रही। इससे कलाकारों का उत्साह दोगुना हो गया। सारे कलाकार नाटक के उद्देश्य और संवादों को दर्शकों तक पहुंचाने में खुद को झोंक देते हैं।

नाटक की केंद्रीय पात्र कुमारी मंच पर प्रवेश करते ही अपने संवादों और अभिनय से दर्शकों को अपने से जोड़ लेती है। यह जुड़ाव नाटक के अंत तक बना रहता है। इस जुड़ाव में ढ़ील की कोई गुंजाइश नहीं। कचरा बीनकर खुद का और अपने बच्चों का पेट पालती कुमारी हर दिन भोर से ही अपने काम पर निकल जाती है। भारी बारिश, कड़ाके की सर्दी और भीषण गर्मी भी उसे अपने काम से नहीं रोक पाती है। यह उसकी मजबूती भी है और मजबूरी भी। इसी तरह उसका जीवन आभाव में बीत रहा है। उसे खुद के शोषण का पता ही नहीं है, जैसा कि आमतौर पर होता है।



एक जगह बाबा साहेब कुमारी से कहते हैं - मैंने बौद्ध धर्म इसलिए ही अपनाया था कि पाखंड से दूर हो सकूं। पाखंड छोड़ो कुमारी। अब कुमारी पाखंड मुक्त है। बाबा साहेब आम्बेड़कर उसके अवचेतन में बस गये हैं। नाटक के अंतिम दृश्य में बाबा सहेब दलितों पर होने वाले अत्यचार से दु:खी हैं। वह दर्शकों से कहते हैं - हमारे दो दुश्मन हैं एक ब्राम्हणवाद और दूसरा पूंजीवाद। लेकिन आज हमारी लड़ाई पूंजीवाद से छूटते जा रही है। नतीजतन जतिवाद और भी ज़्यादा मजबूत होता जा रहा है। पूंजीवाद पे हमले के बिना जति का विनाश नहीं होगा। मेरे प्यारों तुम में बहुत शक्ति है। बस तुम एक हो जाओ। जीत तुम्हारे क़दमों में होगी। संविधान के घोर विरोधी संसद में बैठे हैं। इनसे देश बचाना होगा। उठो संविधान बचाने, उठो देश बचाने।

इस नाट्य प्रस्तुति में रायपुर और बिलासपुर के संभागायुक्त श्री महादेव कावरे, आईएएस दिलीप वासनीकर, जनसम्पर्क विभाग के अपर संचालक आलोक देव, सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव श्री देव लाल भारती, सावित्री बाई फूले एजुकेशन एकेडमी के निदेशिका अंजू मेश्राम, सृष्टि कॉलेज ऑफ नर्सिंग के निदेशक डॉ गोविंद चौहान, गांड़ा महासभा संयोजक डॉ रघुचंद निहाल, अध्यक्ष नारायण बाघ, डमरूधर दीप, बंटी निहाल, वरिष्ठ पत्रकार शेख इस्माइल, जितेंद्र सोनकर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रमेश सुखदेवे, डॉ स्नेहलता हुमने, वरिष्ठ रंग निर्देशक श्री निसार अली, वरिष्ठ श्रमिक नेता साथी धर्मराज महापात्र, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव पवन सक्सेना, एडवोकेट भंजन जांगड़े सामाजिक कार्यकर्ता सुरेखा जांगड़े, संजीव खुदशाह, जितेंद्र सिंहरौल, अनिल बनज, आशिया जी, श्री रतन गोंडाने, श्रीमती रेखा गोंडाने, रंजनदेव, अनिल कोरी, शरद ऊके, सुनीला ऊके, दीपक बसोड़, बेनीराम गायकवाड़, भोजराज गौरखेड़े, दीपक बोरकर, जी एस मेश्राम, विजय गजघाटे, गांड़ा समाज की महिलाएँ एवं बच्चे और शहर के गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे। इन सभी साथियों के प्रति इप्टा रायपुर बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता है।

# बिन विश्वास भक्ति संभव नहीं, और जीवन में सफल भी नहीं हो सकोगे : रमेश भाई ओझा



**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। इस संसार में सिवाय परमात्मा के और कुछ नहीं हैं, लेकिन अज्ञानरूपी अंधकार के चलते जब तक जीव भास रहा है, भय बने रहता है। अशांति भी रहेगी और जब तक अशांति हैं सुख नहीं हो सकता। भागवत संसार के भय को मिटाने वाले हैं, भक्ति को बढ़ाने वाले हैं। जिसने तत्व को जान लिया-ज्ञान हो गया और ज्ञान से विवेक आ गया तो भय भी मिट जायेगा। बिन विश्वास भक्ति संभव नहीं। अपने आप को भगवान के प्रति समर्पित कर दो। नेत्र और श्रोत ऐसे दो प्रमुख द्वार हैं जिससे परमात्मा हममें प्रवेश करते हैं। श्रीमद्भागवत में जो 12 स्कंद हैं वही भगवान के 12 अंग है। संसार में सुख दिखाई देता है, होता नहीं है। आनंद तुम्हारे अंदर है बाहर क्यो खोजते हो ? जिसे तुमने सुख माना है यदि वही सुख होता तो अब क्यो रो रहे हो ?

**भागवत कथा संसार से भय मिटाने और प्रकाश करने वाला ग्रंथ**

जैनम मानस भवन में श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन श्री रमेशभाई ओझा ने बताया कि वेद व्यास जी ने श्रीमद्भागवत को सूर्य और दीपक दोनों की उपमा दी है। दिन में जिस प्रकार सूर्य प्रकाश आलोकित करते हैं वैसे ही रात में दीपक भी अपना कार्य दायित्व निभाते हैं। भा का अर्थ दीप्ति अर्थात प्रकाश है। संसार जब तक मोह निशा में सोए रहता है तब तक स्वपन देखता है और जैसे ही सूरज निकलता है तो लोग जाग जाते हैं और मोह रात्रि समाप्त हो जाती है। रात में जिस प्रकार रास्ते में पड़ी रस्सी का सर्प होने का भास होता है,लेकिन जैसे ही कोई प्रकाश पड़ता है पता चलता है कि वह रस्सी है तो भ्रमरूपी भय मिट जाता है। ठीक उसी प्रकार जब तक अज्ञान के अंधकार के चलते संसार भास रहा है तब तक भय बने रहेगा। जीवन अशांत रहेगा और सुख भी नहीं मिलेगा। भले ही महलों में रहते हो जब तक जीवन में शांति नहीं हैं सुखी भी नहीं हो सकते। इसलिए कहा गया है श्रीमद्भागवत भक्ति को बढ़ाने वाला, भगवान श्रीकृष्ण को प्रसन्न करने वाला और संसार से भय को मिटाने वाला है।

वेद संवत है भागवत नाम का पुराण। जिसमें वेद संबंधित बात है उसी को मौलिक कहेंगे। मनोरंजन कराने वाली कथाओं से प्रकाश नहीं होगा। पुरातन होते हुए भी यह पुराण नूतन है,जिस प्रकार गंगा का पानी कभी पुरानी नहीं होती है। भले ही देश काल के संदर्भ पुराण वर्तमान की चर्चा कराता है। आचार्यों का आधार लेकर जो इसका आनंद उठाता है, इससे सुंदर ग्रंथ कोई और हो ही नहीं सकता। श्रीमद्भागवत ग्रंथों में राजा है, पाप रूपी मृग भागवत कथा सुनकर भाग जाते हैं। आदिनारायण भगवान ने ब्रम्हाजी, ब्रम्हाजी ने नारद, नारद ने वेदव्यास और वेदव्यास ने इसे विस्तारित करते हुए सुकदेव और सुकदेव ने राजा परिक्षित और आखिर में उन्होने सप्तऋशियों को भागवत की कथा सुनायी है।

नेत्र और श्रोत से दो प्रमुख द्वार हैं जिससे परमात्मा हममें प्रवेश करते हैं। पाप और पुण्य का प्रवेश यहीं से होता है। अच्छा और बुरा इसी से सुनते और देखते हैं। परमात्मा भी इन्ही दोनों द्वार से प्रवेश करते हैं। इसलिए कल्याण कार्य हो वही सुने और वही देखें। मंदिर में जाओ दर्शन करो, कथा में जाओ श्रवण करो।

# मेकाहारा से बच्चा चुराकर भागी महिला ट्रेन में पकड़ी गई





**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। अंबेडकर अस्पताल मेकाहारा से एक महिला द्वारा नवजात बच्चा चोरी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी महिला बच्चे को लेकर ट्रेन से भागने की कोशिश कर रही थी लेकिन सीसीटीवी फुटेज और सुरक्षाकर्मियों की सतर्कता की वजह से उसे पकड़ा गया। यह घटना अंबेडकर अस्पताल के बच्चों के वार्ड में हुई जहां संदिग्ध महिला ने वार्ड में घुसकर बच्चा उठाया और तुरंत रेलवे स्टेशन की ओर भाग निकली। अस्पताल में जब यह खबर फैली तो हड़कंप मच गया। तत्काल अस्पताल प्रशासन ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर महिला की पहचान की और पुलिस को सूचना दी।

## सीसीटीवी फुटेज से बचाव अभियान

सीसीटीवी में महिला की गतिविधियां रिकॉर्ड हो चुकी थीं जिसके आधार पर अस्पताल के सुरक्षा विभाग और पुलिस ने मिलकर रायपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर बचाव अभियान चलाया। महिला ट्रेन से भागने की कोशिश कर रही थी लेकिन सुरक्षाकर्मियों और पुलिस ने चलती ट्रेन की चेनपुलिंग कर उसे रोका और महिला को गिरफ्तार कर लिया।

**सुरक्षा टीम की अहम भूमिका:** इस बचाव अभियान में अस्पताल के सुरक्षा सुपरवाइजर सूरज राजपूत और राउंडर अज़हर खान ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पुलिस के साथ मिलकर तेजी से कार्य किया और बच्चे को सुरक्षित बचा लिया। महिला को गिरफ्तार कर मौदहापारा थाने में सौंप दिया गया ह जहां उससे पूछताछ जारी है।

## सतर्कता ने बचाई मासूम की जान

इस घटना ने अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था की अहमियत को रेखांकित किया है। समय पर की गई सतर्कता और सीसीटीवी के इस्तेमाल से एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस अब इस महिला के खिलाफउचित कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# पति ही निकला कातिल

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। नए साल 2025 में जनवरी में एक हत्या हो गई। जिले के ग्राम सांगली में पत्नी ने पति को चाय नहीं देने की बात कही। यह विवाद इतना बढ़ा कि नाराज पति ने अपनी पत्नी को कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। आरोपी पति ने थाने में सरेंडर कर दिया। रायपुर में राजेंद्र नगर इलाके हुई युवती की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। इसमें उसका पति ही शामिल था। आरोपी ने कुछ माह पहले उससे लव मैरिज किया था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

**लव मैरिज के बाद पत्नी की कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार**

**हत्या करने वाला पति गिरफ्तार:** पुलिस के मुताबिक 31 अक्टूबर को कलर्स मॉल के पास निर्माणाधीन भवन में एक युवती की सड़ीगली लाश मिली थी। राजेंद्र नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। इस दौरान युवती की पहचान सुनीता ध्रुव के रूप में हुई। पुलिस ने सुनीता के परिजनों से पूछताछ कीए तो उन्होंने खुलासा किया कि सुनीता ने पिथौरा के रामेश्वर दीवान से लव मैरिज किया था। दोनों परिवार से अलग रहते थे। घटना के बाद से रामेश्वर गायब था। पुलिस ने उसे पिथौरा से धरदबोचा। उससे पूछताछ की गई तो उसने पैसों को लेकर हुए विवाद के बाद सुनीता की हत्या करने का खुलासा किया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# चाकू लहराकर लोगो को डराने धमकाते युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। आज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि रामकुण्ड शाकम्भरी मंदिर सत्यम नेताम पिता केशव नेताम नामक व्यक्ति सार्वजनिक जगह पर चाकू लहराकर लोगो को डरा धमका रहा है। सूचना पर तत्काल थाना आजाद चौक से टायगर वन स्टाफआरक्षक भोजराज सोनवानी थाना आजाद चौक के द्वारा घेराबंदी कर आरोपी सत्यम नेताम पिता केशव नेताम उम्र 23 साल पता रामकुंड रायपुर को पकड़ा गया तथा उसके कब्जे से बटनदार चाकू जप्त कर करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट कायम कर गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया।

# धनेली डबल मर्डर, संदेही ने पहले हत्या करना कबूला फिर कर दिया इंकार

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। रायपुर.बिलासपुर रोड पर धनेली में मां.बेटी की हत्या मामले में पुलिस ने आसपास के आधा दर्जन युवकों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया है। उनसे सख्ती से पूछताछ की। इस दौरान एक युवक ने हत्या करना कबूल किया। उसने पूरी घटना भी बताई कि कैसे उसने दोनों का मर्डर किया लेकिन शुक्रवार सुबह वह अपने बयान से पलट गया। उसने हत्या करने से इंकार कर दिया। वह अब बयान दे रहा है कि डरकर उसने हत्या करना कुबूल किया था। उसके बयान बदलने से पुलिस की जांच उलझ गई है। पुलिस अब नए सिरे से हत्यारे की तलाश कर रही है। पुलिस को शक है कि अवैध संबंध में महिला और उसकी बेटी की हत्या की गई है। प्रारंभिक जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। शॉर्ट पीएम में खुलासा हुआ है कि 13 साल की नाबालिग को गला घोटकर मारा गया है। पुलिस ने बताया कि 45 साल की महिला अपनी 13 साल की बच्ची के साथ रहती थी। पति की 7 साल पहले मौत हो चुकी है। कुछ लोगों का अक्सर हमीदा के घर आना.जाना था। इसमें आसपास के युवक भी शामिल है। उन युवकों की पहचान होने पर संदेह के आधार पर उन्हें हिरासत में लिया गया है।

**इससे उलझ गई पुलिस की जांच**

फ्लिहाल उन्हीं से पूछताछ चल रही है। पुलिस का दावा है कि हत्याकांड में 2 से ज्यादा आरोपी शामिल हैं। उन्होंने हत्या के पहले पूरी प्लानिंग की। उसके बाद एक.एक कर दोनों को मारा। महिला को मारकर उसकी लाश घर पर ही छोड़ दी गयी थीए जबकि नाबालिग की हत्या कर उसका शव घर से दूर नाली में फेंका गया।

# घर से जेवर और भीड़भाड़ स्थान से पांच बाइक पार

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। चोरों में सूने पर से जेवर और सरेराह भीड़ भाड़ वाले स्थानों से पांच बाईक पार कर दिए। टिकरापारा के बृज नगर निवासी मुरलीधर साहू के सूने मकान ने सेंधमारी हो गई। 2.3 की दरम्यानी रात चोर पर में लगा ताला तोड़कर भीतर कमरे में आलमारी से 40 हजार के जेवर 5हजार नगद के ले भागे। इधर मेकहारा के मर्चुरी और मेन गेट के पास से चोर टाटीबंध निवासी छोटे लाल सिंह की एक्टिवा सीजी 04. टीके 1420 देवेंद्र नगर निवासी डॉ आशीष साहू की बुलेट वीजी 04 एनएच 8227 ले थाने इसी यह ने निला न्यायालय के पंडरी रोल गेट से गुर्वन्नश साहू की हीरा स्प्लटर सीजी 04 सीक्यू 1775 कोतवाली इलाके के पचपेड़ी नाका निजत धरिद्र कोचिंग सेंटर ती पार्किंग से हरनिया निवासी ओम चंद्राकर की एक्टिवा सीजी 04 एमजेत 9877 मंदिर हसौद के ग्राम नकटा मौड़ स्थित शराब दुकान से मनीष साहू की हीरो तीजक्स सीजी 04 सीजी 1029 चोरी कर ली गई।

# सेक्सटॉर्शन के डर से युवक ने गवां दिए ढाई लाख रुपए

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। रायपुर में टिकरापारा इलाके में एक युवक सेक्सटॉर्शन का शिकार हो गया। उसने एक वीडियो कॉल अटेंड किया था। कॉल करते ही उसे एक युवती अश्लील हरकते हुए नजर आई। इसके कुछ सेकंड बाद साइबर ठगों ने युवक के वॉट्सऐप में उसकी अश्लील फोटो भेजा और उस फोटो को सोशल मीडिया पर वॉयरल करने की धमकी देकर ढाई लाख रुपए वसूल लिया। इसकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

**सोशल मीडिया पर वायरल करने की देते हैं धमकी**

## वीडियो कॉल पर बन गया अश्लील वीडियो

पुलिस के मुताबिक विक्रम के पास अज्ञात मोबाइल नंबर से वीडियो कॉल आया। युवक ने उस कॉल को रिसीव किया। इससे दूसरी ओर से एक युवती हश्लील करते हुए दिखी। इसके कुछ देर बाद युवक ने कॉल को डिसकनेक्ट कर दिया। इसके बाद ठगों ने युवक के चेहरे वाली अश्लील फोटो बना लिया और उसे वॉट्सऐप कर दिया। इसके बाद उस फोटो को सोशल मीडिया वायरल करने की धमकी देने लगे।

वायरल करने से रोकने के लिए पैसों की मांग करने लगे। डरकर युवक ने उनके बताए हुए बैंक खातों ढाई लाख रुपए जमा किया। इसके बाद पुलिस की धमकी देकर 50 हजार रुपए की मांग करने लगे। इससे परेशान होकर युवक ने टिकरापारा थाने में शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफअपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# गुरु गोविंद सिंह जयंती पर राजधानी में निकला नगर कीर्तन

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर आज राजधानी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर गुरुनानक नगर गुरूद्वारे से नगर कीर्तन निकाला गया। इस दौरान सिक्ख समाज के साथ हर धर्म के लोगों ने गुरुग्रंथ साहब पर मत्था टेक कर प्रदेश के खुशहाली के लिए कामना की। इसके साथ ही गुरु का अटूट लंगर हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ग्रैंड ग्रुप के चेयरमैन गुरुचरण सिंह होरा ने परिवार सहित पंज प्यारे का स्वागत करते हुए लोगों को प्रकाश पर्व की बधाई दी।

**ग्रैंड ग्रुप के चेयरमैन होरा ने पंज प्यारे का किया स्वागत**

प्रकाश पर्व के इस अवसर पर ग्रैंड परिवार ने तेलीबांधा गुरूद्वारे के सामने नगर कीर्तन के दौरान पंज प्यारे का स्वागत किया।



नगर कीर्तन में शामिल तमाम श्रद्धालुओं को ग्रैंड ग्रुप के चेयरमैन गुरु चरण सिंह होरा व छग. होटल एण्ड रेस्टोरेंट संघ के अध्यक्ष तरणजीत होरा ने लंगर में प्रसादी वितरण किया।

नगर कीर्तन के दौरान राजधानी का समूचा सिक्ख समाज पंज प्यारे के स्वागत के लिए उमड़ पड़ा। इस दौरान गुरु चरण सिंह होरा ने कहा कि आज प्रकाश पर्व है जिसे हम बड़े उत्साह के साथ मना रहे हैं, हमने लंगर की भी व्यवस्था की है ताकि यहां आए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कमी ना हो, श्री होरा ने देशवासी और प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। इस पावन पर्व पर नगर कीर्तन में सिख समाज के युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए श्री गुरु गोविंद सिंह के बलिदान को याद किया।

गुरु गोविंद सिंह सिखों के 10वें गुरु थे। हर साल सिख समुदाय के साथ अन्य लोग भी उनकी जयंती मनाते हैं। गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के अवसर पर देश भर के गुरुद्वारे सजे होते हैं। इस दौरान गुरुद्वारों की भव्यता देखते ही बनती है। इस दिन गुरुद्वारों में लंगर भी बांटे जाते हैं। गुरु गोविंद सिंह जी ने सिख धर्म को मजबूती प्रदान की साथ ही लोगों को सच्चाई और धर्म के रास्ते पर चलने के लिए भी प्रेरित किया था।

# छत्तीसगढ़ के प्रभतेज सिंह भाटिया होंगे बीसीसीआई के नए कोषाध्यक्ष

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ सीएससीएस का प्रतिनिधित्व कर चुके प्रभतेज सिंह भाटिया को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में बड़ी जिम्मेदारी मिलने जा रही है। प्रभतेज सिंह भाटिया बीसीसीआई के नए कोषाध्यक्ष बनने जा रहे हैं। शनिवार 4 जनवरी इस पद के लिए आवेदन की आखिरी तारीख थी जिसमें एक मात्र आवेदन प्रभतेज सिंह भाटिया की ओर से आया है। ऐसे में 12 जनवरी को मुंबई में होने वाली बैठक में प्रभतेज को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नए कोषाध्यक्ष के लिए निर्विरोध चुना जाना तय है। इसी दिन औपचारिक रूप से बीसीसीआई के नए कोषाध्यक्ष की घोषणा भी की जाएगी। यह पहली बार है जब सीएससीएस का कोई प्रतिनिधि बीसीसीआई में इतनी बड़ी जिम्मेदारी निभाएगा। बता दें कि बीसीसीआई का नया कोषाध्यक्ष बनने के बाद प्रभतेज सिंह भाटिया सितंबर 2025 तक अपना पद संभालेंगेए इसके बाद वे फिर से चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार प्रत्येक अधिकारी का कार्यकाल तीन वर्षों का होता है और वे लगातार तीन बार इस पद पर रह सकते हैं। प्रत्येक कार्यकाल के बीच तीन वर्षों का अनिवार्य कूलिंग.ऑफपीरियड भी होता है।

**12 जनवरी को मुंबई में होगा औपचारिक ऐलान**



**कौन हैं प्रभतेज सिंह भाटिया**

साल 1991 में रायपुर में जन्मे प्रभतेज सिंह भाटिया राज्य के दिग्गज उद्योगपति और समाजसेवी बलदेव सिंह भाटिया के बेटे हैं। दोनों में ही क्रिकेट के प्रति काफी जूनून है यही वजह है कि उन्होंने राज्य क्रिकेट को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। प्रभतेज सिंह के पिता बलदेव सिंह भी छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। प्रभतेज ने अपनी स्कूली शिक्षा शिमला से प्राप्त की। इसके बाद यूनाइटेड किंगडम स्थित यूनिवर्सिटी ऑफएक्सेटर से इकोनॉमिक्स ऑनर्स में फाइनेंस का कोर्स किया है।

# केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के भूमि रिकॉर्ड डिजिटलीकरण प्रयासों को सराहा

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण और आधुनिकीकरण के लिए किए गए प्रयासों की केंद्र सरकार ने सराहना की है। छत्तीसगढ़ सरकार की पहल और इसके दूरगामी सकारात्मक प्रभावों को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्य को 225 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की है। छत्तीसगढ़ सरकार को भूमि रजिस्ट्री प्रक्रिया को ऑनलाइन करने और इसे भूमि रिकॉर्ड से जोड़ने के लिए 150 करोड़ रुपये तथा विरासत रजिस्ट्री को डिजिटल कर आम जनता के लिए सर्च सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 75 करोड़ रुपये दिए गए हैं।



**राज्य को 225 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य में भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण कार्य की सराहना और इसके लिए दी गई प्रोत्साहन राशि हमारे लिए उत्साहवर्धक है। यह राशि हमारे डिजिटलीकरण प्रयासों को और तेज करेगी, जिससे नागरिकों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सकेगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण के तहत भू-आधार (विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या) जारी करने, कैडेस्ट्रल नक्शों का सर्वेक्षण और डिजिटलीकरण तथा कृषक रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। इससे किसानों को बैंकिंग सेवा, ऋण और सरकारी योजनाओं का सहजता से लाभ मिलेगा। शहरी क्षेत्रों में ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए जीआईएस मैपिंग के माध्यम से भूमि रिकॉर्ड डिजिटलीकरण किया जा रहा है। यह प्रक्रिया शहरी नियोजन में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के साथ ही मास्टर प्लान तैयार करने में सहायता करेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भूमि रिकॉर्ड डिजिटलीकरण परियोजना छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और शहरी नागरिकों को सशक्त बनाने के साथ ही राज्य में विकास कार्यों को नई दिशा प्रदान करेगी। केंद्र सरकार द्वारा मिली यह सराहना राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और इस प्रोत्साहन राशि का उपयोग नागरिकों के जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाने में किया जाएगा।

# निर्माणाधीन कैलाश मानसरोवर के सम्मुख सरोवर में लेसर शो होगा : सुधांशु महाराज

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। विश्व जागृति मिशन मंडल के संस्थापक सुधांशु महाराज आज रायपुर के परसदा स्थित ब्रह्म लोक आश्रम में निर्माणाधीन श्री कैलाश मानसरोवर के निर्माण कार्यो का अवलोकन किया। इन्होंने उपस्थित पधाधिकारियों से कहा कि कैलाश मानसरोवर के सम्मुख सरोवर का निर्माण किया जायेगा और उसमे लेसर शो के माध्यम से विभिन्न सनातन संस्कृति की कथाओ को प्रस्तुत किया जायेगा।



**परसदा स्थित ब्रह्मलोक आश्रम का किया अवलोकन**

उन्होने कहा आज उन्हे अच्छा लग रहा की युवा वर्ग सनातन धर्म के बारे मे अधिक से अधिक जानकारी चाहते है और उन्हे सही जानकारी उपलब्ध कराना आज की जरूरत है। इस अवसर पर विश्व जागृति मिशन रायपुर मण्डल के अध्यक्ष सुनील सचदेव, मीडिया प्रभारी अश्विनी विग, विनोद अग्रवाल, विनोद शर्मा, विनोद दुलहनी, सुशील शर्मा, मिलंकान्त अग्रवाल, नवीन विज आदि उपस्थित थे।

# साइनाइड पिलाकर युवक की हत्या, अपराध पंजीबद्ध

**रायपुर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी से लगे सकरी में एक युवक की गंगाजल ने साइनाइड पिलाकर हत्या कर दी गई। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। अभनपुर पुलिस के मुताबिक सकरी निवासी खुशवंत साहू ;37 ने एक वर्ष पहले 27 जनवरी को यह वारदात की थी। उसने खोरपा निवासी नरेंद्र साहू ;37 को उस दिन गंगाजल में साइनाइड मिलाकर पिलाया था। और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही थी। लाश की पीएम रिपोर्ट में साइनाइड पीने से मौत का खुलासा हुआ था। पुलिस ने कल रात हत्या का मामला दर्ज किया। मृतक के परिजन राधेश्याम साहू की रिपोर्ट पर खुशवंत साहू पर मामला दर्ज किया गया है।

**उल्टा पुल्टा**

चिंटू को अपनी एक्स गर्ल फ्रेंड की शादी का कार्ड मिला.
मिंटू- भाई, बुरा तो लग रहा होगा.
चिंटू- हां यार, तकलीफ तो हो रही है.
मिंटू- जाएगा?
चिंटू-जाऊंगा जरूर ...मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह.

# दुर्ग जिला भाजपा के नए अध्यक्ष की आज घोषणा

## सुरेन्द्र कौशिक के अलावा कांतिलाल जैन, कांतिलाल बोथरा प्रमुख संभावित नाम

दुर्ग, 4 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय इकाई की अनुशंसा के बाद भाजपा संगठन चुनाव के अंतर्गत प्रदेश के सभी भाजपा संगठन जिलों के अध्यक्षों की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है जिसमें दुर्ग संगठन जिला भी शामिल है। कल 5 जनवरी को दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में दोपहर 2 बजे संगठन जिला चुनाव अधिकारी भूपेन्द्र सवन्नी व जिला चुनाव पर्यवेक्षक अनुराग सिंह देव के समन्वय पश्चात सांसदों, विधायकों एवं मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में जिला भाजपा के नये अध्यक्षों के नाम की घोषणा की जायेगी। नए मंडल अध्यक्षों का भी स्वागत किया जायेगा।

दुर्ग जिला भाजपा संगठन के सहनिर्वाचन अधिकारी उषा टावरी एवं सुरेन्द्र कौशिक ने यह जानकारी देते हुए सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की है। आज इस परिप्रेक्ष्य में दिनभर जिला भाजपा कार्यालय में यह चर्चा का विषय रहा कि अगला जिला अध्यक्ष कौन होगा ? देशबन्धु के सूत्रों के अनुसार सुरेन्द्र कौशिक का नाम लगभग तय माना जा रहा है। इनके अलावा जो नाम सर्वाधिक चर्चा में है उनमें कांतिलाल बोथरा व कांतिलाल जैन गोलू का नाम है। जिले में भाजपा के भीतर जो राजनीतिक समीकरण है उसमें सांसद विजय बघेल विधायक गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर एवं ईश्वर साहू सभी पिछड़ा वर्ग से ही है। इस समीकरण को देखते हुए पिछड़ा वर्ग का ही पलड़ा भारी नजर आ रहा है। इस दृष्टि से भी सुरेन्द्र कौशिक का नाम सुर्खियों में है। श्री कौशिक वर्तमान में जिला भाजपा के महामंत्री होने के साथ ही दुर्ग के ही निवासी है।

दुर्ग जिले में भाजपा की राजनीति एक समय में सर्ववर्ण समाज पर ही केन्द्रित रही है। जिला भाजपा अध्यक्ष के रूप में कल्याण सिंह अग्रवाल, ताराचंद जैन, हेमचंद यादव, नंदू परिहार के ईर्द गिर्द ही संगठन की राजनीति चलती रही है। इसके बाद पिछड़ा वर्ग से थानूराम साहू अध्यक्ष बनाये गये । श्री साहू के अलावा पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू को अध्यक्ष पद सौंपा गया । अब तक एक मात्र महिला अध्यक्ष उषा टावरी भी इस पद पर रही है। उनके बाद पूर्व महापौर डॉ. एस.के.तमेर व जितेन्द्र वर्मा ने अध्यक्ष का दायित्व सम्हाला। वर्तमान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा का कार्यकाल पूरा होने पर नये चुनाव कराये जा रहे है।

कल नये अध्यक्ष के नाम की घोषणा के लिये जिला भाजपा कार्यालय के दूसरी मंजिल में दिनभर इंतजाम किया जाता रहा। सैकड़ों की संख्या में कुर्सी लगाई गई है। मंच सज्जा की जा रही है। नये अध्यक्ष के स्वागत के लिये आतिशबाजी फटाके वाले बैंड वालों को भी आर्डर दिये गये है। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# केंद्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री के ग्राम नगपुरा में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी शुरू

**दुर्ग**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। केन्द्रीय मंत्री ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रस्तावित दुर्ग प्रवास कार्यक्रम के सन्दर्भ में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने ग्राम नगपुरा के कार्यक्रम स्थल में आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया।



कलेक्टर सुश्री चौधरी ने नगपुरा स्थित कार्यक्रम स्थल अंतर्गत आत्मानंद स्कूल प्रांगण नगपुराए हेलीपेड स्थलए पार्किंग स्थल एवं रेस्ट हॉउस नगपुरा का अवलोकन किया एवं आवश्यक सभी सुविधाओं हेतु सम्बंधित विभाग प्रमुख अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में डोम निर्माण, बैठक व्यवस्था, पेय जल, विभागीय प्रदर्शनी स्टॉल, वाहन पार्किंग ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# स्व सहायता समूह की महिलाओं ने पकड़ी आत्मनिर्भर बनने की नई राह



**दुर्ग**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा के वार्ड नंबर 40 गनियारी पटेल पारा की महिलाओं ने जय माँ शाकाम्भरी स्व सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की राह पकड़ ली। समूह में पन्द्रह महिला सदस्य है। महिला समूह के सदस्यों ने शुरूआत से ही स्वंय की सहायता हेतु बचत कर अपने समूह को सशक्त बनाने का प्रण लिया था। महिलाएं अपनी मेहनत और लगन से आत्मनिर्भर बन चुकी है। प्रारंभ में महिलाओं ने प्रति सदस्य 100 रूपए के आधार पर 1500 रूपए हर महीने बैंक में जमा करना प्रारंभ कियाए जिसके उपरांत समूह को केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत 10 हजार रूपए आवर्ति निधि प्रदान की ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# ई-कामर्स के जबर्दस्त विस्तार से बाजार को मिली एक नई सेवा : डॉ. रक्षासिंह

**दुर्ग**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। अर्थशास्त्र विभाग में व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विष्वविद्यालय अमरकंटक से डॉ. रक्षा सिंह विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक अर्थषास्त्र विभाग में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही।




कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने की, प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की उपयोगिता व छात्रों की सक्रिय भागीदारिता की अपेक्षा की। विभागाध्यक्ष डॉ. के. पद्मावती ने अपने स्वागत भाषण में डॉ. रक्षा सिंह का परिचय दिया कार्यक्रम की अगली कड़ी में डॉ. अंशुमाला चंदनगर के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

डॉ. रक्षा सिंह ने ई-कॉमर्स त्वरित वाणिज्य के विषय में विस्तार का उल्लेख कर बिलकिंट को कम समय में मार्केट (ऑन लाइन सर्विस) में जगह बनाने में मिली सफलता पर चर्चा की। सेवा कम्पनियों ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# ब्रम्हाकुमारीज द्वारा चलाया जा रहा है 21 दिवसीय योग साधना शिविर

**दुर्ग**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर बघेरा में 21 दिवसीय विशेष योग तपस्या कार्यक्रम चलाया जा रहा है जो 21 जनवरी तक चलेगा। इसी तरह राजऋषि केलाबाड़ी आर्यनगर, सिंधिंया नगर स्थित ब्रम्हाकुमारी के केन्द्रों में योग तपस्या के कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इस कार्यक्रम को वचन, मेरा घर टाइटिल दी गई है।



उल्लेखनीय है कि प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक आधार स्तंभ दादा लेखराज ने इस योग संस्था की स्थापना की थी। उन्होंने 18 जनवरी 1969 में देह त्याग किया था। इसके बाद से ही ब्रम्हाकुमारी संस्था द्वारा अव्यक्ति मास रूप में मनाया जाता है। इसी दृष्टि से संस्था द्वारा प्रतिवर्ष जनवरी माह से योग तपस्या का अभ्यास कराया जाता है।

# 4 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी

**दुर्ग**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। जिले के 87 सहकारी समितियों के अंतर्गत 102 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 85023 किसानों से 4,08,202.80 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

> ■ **धान का उठाव 1,85,92.31 मीट्रिक टन**

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024.25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी तक किया जाएगा। धान उठाव के लिए 3,48,751.84 मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है। अब तक 1,85,929.31 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

# छत्तीसगढ़ मंच ने की शिवनाथ तट पर लक्ष्मण झूला की मांग

**दुर्ग**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर शिवनाथ नदी के महमरा तट पर लक्ष्मण झूला लगाने व सौंदर्यीकरण कार्य कराने की मांग की है। श्री राजपूत ने बताया कि पिछली सरकार में तत्कालीन विधायक अरूण वोरा के माध्यम से जल संसाधन विभाग छ.ग. द्वारा 30 करोड़ रूपये स्वीकृत ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# श्यामबाबा की ऐतिहासिक निशान ध्वज यात्रा का जगह-जगह स्वागत

**दुर्ग**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी दुर्ग में पहली बार आज निशान यात्रा निकाली गयी जिसे लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। निशान यात्रा श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर गंजपारा से कादम्बरी नगर स्थित श्री श्याम मंदिर तक निकाली गई। निशान यात्रा के पहले



दुर्गा मंदिर में बाबा श्याम की ज्योत ली गयी एवं पूजा अर्चना करके श्याम बाबा की महाआरती की गयीए तथा पुष्पांजलि कराई गयी।

आयोजन समिति के प्रमुख योगेन्द्र शर्मा बटी ने बताया कि निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्याम ध्वज लेकर शामिल हुए और पदयात्रा की। शहर में जगह जगह लोगों ने पदयात्रियों का स्वागत किया। श्री श्याम मंदिर में निशान चढ़ाते हुए भक्तों ने श्याम बाबा के दर्शन ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# चरोदा निगम में हुई महापौर परिषद् की बैठक



**भिलाईनगर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई-3 चरोदा कार्यालय के कांफ्रेस हाल में एम आई सी की बैठक आहूत की गयी। जिसमें महापौर निर्मल कोसरे की अध्यक्षता में विभिन्न विषयों चर्चा के लिए परिषद् के पटल पर लाये गये। निगम सचिव अश्विनी चंद्राकर द्वारा महापौर श्री कोसरे सहित परिषद् सदस्यों को बैठक के एजेण्डे से अवगत कराया गया। यहाँ उलेखनीय है कि आज परिषद् की बैठक में मुख्य रूप से चरोदा में हाउसिंग बोर्ड को जमीन आंबटन करने को लेकर बैठक बुलायी गयी थी। विषय पर चर्चा के दौरान संभावित जमीन चयन कर हाउसिंग बोर्ड अथारिटी को उपलब्ध कराने सहमति बन गई है। जिस पर भविष्य में कार्यवाही पूरी की जायेगी। महापौर परिषद सदस्य मोहन साहू, श्रीमती दीप्ती आशीष वर्मा, श्रीमती देवकुमारी भलावी, एस.वेकंट रमना, मनोज कुमार, श्रीमती संतोषी निषाद, एम जानी, ईश्वर लाल साहू मौजूद रहे। इनके अलावा निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, निगम सचिव अश्विनी चंद्राकर, सचिवालय लिपिक मुकेश यादव तथा जनसंपर्क प्रभारी विकास त्रिपाठी ये सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बैठक में उपस्थित थे।

# अमलेश्वर में हत्या के मामले का खुलासा



**भिलाईनगर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। विगत 24 दिसम्बर को ग्राम पांहदा थाना अमलेश्वर क्षेत्रांतर्गत मेला मंडई दौरान मृतक उमेश यदु 16 साल निवासी की हत्या में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। ग्राम पांहदा का शव सोसायटी के सामने मेन रोड के किनारे लहु सुहान अवस्था में मिले शव पर थाना अमलेश्वर में धारा 194 बी एन एस एस कायम कर जाँच में लिया गया। घटना स्थल निरीक्षण, शव परीक्षण एवं शॉट पी.एम रिपोर्ट में पी.एम.कर्ता चिकित्सक द्वारा होमीसाईडल लेख करने से अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103 (1) बी एन एस पर्जीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना को अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर गिरफ्तारी करने के निर्देश प्राप्त हुये थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण वेदव्रत सिरमौर, नगर पुलिस अधीक्षक पाटन हरिश पाटिल एवं उप पुलिस अधीक्षक अपराध हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में प्रभारी एसीसीयु निरीक्षक तापेश नेताम, थाना प्रभारी अमलेश्वर निरीक्षक ममता अली शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर आरापियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा तकनीकी सहायता प्राप्त कर त्रिनयन एप की मदद से आस पास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। घटना वाले दिन रात्रि करीबन 12.15 बजे एक मोटर सायकल से चार संदेही सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिये। टीम द्वारा ग्रामीणो से एवं साइबर प्रहरी ग्रुप में संदेहीयो का फोटो वायरल कर पतासाजी किया गया। इसी दौरान उक्त सयंदेहीयों के फुटेज को ग्राम झीट में पहचान कराया गया। ग्रामीण फुटेज में नवीन निवासी झीट का होना जाहिर किये। जिस आधार पर एसीसीयू टीम द्वारा उक्त संदेही का पता कर तत्काल हिरासत में लिया गया। जिससे अन्य तीन संदेहियो का पहचान कराया गया जो लोचन एंव दो अपचारी बालक होना बताया। एसीसीयू टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए चारो संदेहियो को हिरासत में लेकर पृथक पृथक पुछताछ किया गया। पुलिस ने बताया कि तब आरोपी नवीन कुमार ने अपराध कबुल करते हुए बताया कि पांहदा का मेला मडई था आरोपी अपने मोटर सायकल सीडी डिलक्स में अपने तीन अन्य साथियों के साथ मेला घुमने ग्राम पांहदा गया था। घुमते समय करीबन 10.30 बजे ग्राम पंचायत पांहदा के पास इनका गांव के कुछ लोगो के साथ शराब के नशे में वाद.विवाद हुआ था। जिसके बाद चारो आरोपी अपने गांव झीट चले गये वहां जाकर शराब का सेवन किये और बदले की भावना रखते हुए नवीन अपने घर से धार दार चाकू लेकर आया और रात्रि 12.15 बजे सोसायटी के सामने गये जिसमें से दो अपचारी बालक पानी पीने के लिए बोरिंग के पास रूके, नवीन तथा उसका साथी लोचन सोसायटी के सिडी में बैठे मृतक उमेश यदु के पास गये जहां इनके बीच फ्री.फायर गेम खेलने के लिए आपसी गाली.गलौज हुआ उसी दौरान आरोपी अपने पास रखे धारदार चाकू से मृतक उमेश यदु के छाती में प्राण घातक हमला किया तब दोनोअपचारी बालक दोनो आरोपियों को मोटर सायकल में बिठाकर अपने गांव भाग गये। मुख्य आरोपी नवीन घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू को ग्राम झीट के झाडियों में फेकना बताया। उक्त कार्यवाही में एसीसीयु से सउनि नरेन्द्र सिंह राजपुत, पूर्ण बहादुर, प्र.आर. मेघराज चेलक, पंकज चतुर्वेदी, आरक्षक अश्वनी यदु, चित्रसेन साह, अजय ढीमर, रोहन दुबे, जुगनु सिंह, पन्ने, तकनीकी कार्य आरक्षक विक्रांत ययु एवं थाना अमलेश्वर से एस एस आई दिनदयाल वर्मा, आरक्षक कुलेश्वर साहू, अजय सिंह, कयामुदीन की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# संयंत्र क्यूसीएफआई ने कायम किए दो वर्ल्ड रिकॉर्ड



**भिलाईनगर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया देश में अपने क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स कन्वेंशन तथा विभिन्न क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स के प्रशिक्षण के लिए जानी जाती है। क्यूसीएफआई पूरे देश 35 चैप्टर्स के माध्यम से विभिन्न कन्वेंशन व प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरंतर आयोजन करती आ रही है। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डी के श्रीवास्तव के नेतृत्व में इस वर्ष दो वर्ल्ड रिकॉर्ड्स हेतु अमेरिकी संस्था वर्ल्ड रिकॉर्ड यूनियन को आवेदन किया गया था। जिसके तहत अमेरिका से आये वर्ल्ड रिकॉर्ड यूनियन के प्रतिनिधि क्रिस्टोफर टी क्राफ्ट ने नेशनल कन्वेंशन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के संख्या तथा क्यूसीएफआई द्वारा 1 वर्ष में दिए गए कुल प्रशिक्षण अवधि की गहन जांच की। तत्पश्चात श्री क्रिस्टोफर ने इन दोनों वर्ल्ड रिकॉर्ड की घोषणा की। ग्वालियर के आईआईआईटीएम मे आयोजित नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स के किसी भी नेशनल कन्वेंशन में सबसे बड़ी भागीदारी का एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। इसके तहत क्यूसीएफआई द्वारा ग्वालियर में आयोजित नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट कार्यक्रम में 12117 प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी दी। जो एक ही छत के नीचे सर्वाधिक भागीदारी का एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। इसी प्रकार क्यूसीएफआई द्वारा 1 वर्ष में सर्वाधिक प्रशिक्षण दिवस 5204 दिनों का एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित करने में भी कामयाबी हासिल की। क्यूसीएफआई को इन दोनों वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रमाण पत्र व मेडल ग्वालियर के आईआईआईटीएम के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री क्रिस्टोफर टी क्राफ्ट द्वारा डी के श्रीवास्तव तथा क्यूसीएफआई के प्रेसिडेंट अविनाश मिश्रा को प्रदान किया। इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट जी पी सिंह उपस्थित थे। इन दोनों वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में ईडी डी के श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। डी के श्रीवास्तव ने अब तक देश के प्रतिष्ठित 1000 से अधिक संस्थाओं के लगभग 2 लाख से अधिक कर्मचारी व अधिकारियों को प्रशिक्षित कर क्वालिटी के क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल किया है। डी के श्रीवास्तव ने 5 एस के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान को भी मजबूती प्रदान की। डी के श्रीवास्तव के कार्यकाल तथा नेतृत्व मे सर्वाधिक भागीदारी तथा सर्वाधिक प्रशिक्षण दिवस मे समग्र वृद्धि करने मे सफलता पाई है। कार्यक्रम में वाइस प्रेसिडेंट जी पी सिंह, वी के चौधरी, सुनील त्रिवेदी, पीआरओ सत्यवान नायक वर्ल्ड रिकॉर्ड के साक्षी बने।

# सिकलसेल के नियंत्रण के लिए आयुक्त ने ली बैठक



**भिलाईनगर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी से समय सीमा की बैठक में प्राप्त निर्देशानुसार भिलाई चरोदा निगम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मूल रूप से सिकलसेल, अनीमिया रोग के नियंत्रण को लेकर चर्चा की गयी। यहाँ उल्लेखनीय है कि सिकलसेल एक ऐसी बीमारी है। जिसमें स्वस्थ्य व्यक्ति की अपेक्षा रोग से ग्रस्त व्यक्ति के शरीर में खून बनने की स्थिति काफी मंद होती है। इसके अलावा संक्रमित व्यक्ति से उत्पन्न होने वाली संतान में भी ये दोष पाये जाने की प्रबल संभावना रहती है। जिला प्रशासन से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुरूप सिकलसेल बीमारी से लडने भिलाई चरोदा निगम मे भी योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही पूरी की जा रही है। सिकलसेल रोग उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग की टीम निगम के सहयोग से भिलाई 3 चरोदा क्षेत्र में छुटे हुये लोगों का टेस्ट और सर्वे करेगी। जिसके पश्चात इस रोग को फैलने से रोकने अन्य आवश्यक प्रबंध किये जायेंगे। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के अयुक्त डी. एस. राजपूत के द्वारा निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से स्थानीय चिकित्सा विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश प्रदान किये गये। आज की बैठक में निगम स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चंद्राकर, डीपीएम श्रीमती भूमिका वर्मा, सीपीएम विवेज मिंज, जिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शमीम बानों सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे

# बौद्ध महासभा ने मनाई सावित्रीबाई फुले जयंती



**भिलाईनगर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में माता सावित्रीबाई फुले की जयंती हर्षोंउल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के अतिथि लता गेडाम, रेशमा आनंद, सविता बौद्ध और अध्यक्षता सविता मेश्राम ने की। संचालन संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में माता सावित्रीबाई फुले के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के नायगांव में हुआ। देश की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारक थी। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा और साक्षरता के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाये। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के हित में कई नये रास्ते बनाए। उन्होंने अपने जीवन भर अस्पृश्यता, सती प्रथा, बाल विवाह और शिक्षा प्रणाली में सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया। महात्मा जोतिबा फुले के साथ सन 1840 में शादी हुई। सन 1848 में पहला स्कूल खोला और शिक्षिका बनी। उन्होंने सामाजिक बुराईयों, समाज में व्याप्त कुरितियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा जोर दिया। उन्हें उस दौर की पहली मराठी कवि के रूपमें भी प्रसिद्धि मिली। 10 मार्च 1897 में 66 वर्ष के आयु में उनका निधन हुआ। कार्यक्रम में अशोक शामकुवर, देवानंद मेश्राम, मूलचन्द गडपायले, भागवत बागडे, ज्ञानचंद टेम्भूरकर, आई रामटेके, प्रितेश पाटील, डीपी भोईर, वसंत नंदेश्वर, प्रदीप सोमकुवर, सुधाकर फुलमाली, कमलराज मेश्राम, केशर रामटेके, सुनंदा गजभिये, करूणा खोब्रागडे, शालू दामले, लीना वैद्य, सुरेखा साखरे, सुजाता रामटेके, अलका जनबंधु, पूनम ढोक, सुनिता सुखदेवे और समस्त उपासक उपासिकाए कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त जानकारी संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने दी।

# संडे मार्केट व बोरिया गेट को व्यवस्थित करने की मांग



**भिलाईनगर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता के नेतृत्व में सुपेला संडे बाजार व्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर को ज्ञापन दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ने कहा कि मैं स्वयं आकर स्थिति को देखुंगा और बाजार को व्यवस्थित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने बताया कि संडे बाजार अथक प्रयास से हटाया गया था मगर स्थिति फिर ज्यों की त्यों बनने लग गई है। शारदा गुप्ता ने कहां की शराब दुकान के कारण भी रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। रहती है 100 फीट की चौड़ी सड़क संडे बाजार 20 फीट में सिमट जाती है। रोज गुजर रहे हैं हजारों वाहन संडे बाजार की व्यवस्था फिर चरमरा गई है। सुपेला चौक से लेकर राजेंद्र प्रसाद चौक तक जाम की स्थिति फिर बनने लग गई है यहां से रोज हजारों गाड़ियां रोज निकलती हैं। संडे बाजार में ग्राहक गाड़ियों को सड़क पर ही पार्किंग कर रहे हैं। फल के ठेले रोड में ही खड़े रहते हैं। इस अवैध पार्किंग सड़क केवल 10 फिट ही चलने योग्य बच जाती है। यानी आवागमन के लिए सड़क बच नहीं पा रही है। हर समय जाम की स्थिति बनती जा रही है। व्यापारी अपने सामान को दिन प्रतिदिन आगे बढ़ाते जा रहे हैं। पटरी पार के लोगों के लिए यह एक ही रास्ता है जहां से लोग आईआईटी रुंगटा कॉलेज महत्वपूर्ण संस्थान में आना-जाना करते हैं और यहीं से संयंत्र कर्मी आना-जाना करते हैं और पटरी पर सेक्टर बच्चे ट्यूशन के लिए आना-जाना करते हैं पटरी पार के लोगों के लिए यही एक रास्ता है और दूसरा कोई रास्ता नहीं है इसी रोड पर शराब के दुकान है जहां से महिलाएं भी आना जाना नहीं कर सकती और जिसके कारण हमेशा जाम रहता है। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने इस रोड पर फ्लाईओवर की भी मांग की थी मगर प्रशासन ने फ्लाईओवर को अनसुना करते हुए अंडर ब्रिज को प्राथमिकता दी। रोज जाम से लोग हलकान हैं। पुलिस को ट्रैफिक को कंट्रोल करना चाहिए ट्रैफिक कंट्रोल ना करते हुए वसूली पर ज्यादा ध्यान दे रही है सड़क के दोनों तरफ दुकान है दिन प्रतिदिन वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है मगर रोड उसी गति से छोटे होते जा रहे हैं पूर्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह जी के अथक प्रयास से उनकी संकल्प से संडे बाजार को व्यवस्थित किया गया था मगर फिर से अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलंद हैं। पूर्व में ही जनहित संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन करके इस रोड को जाम से मुक्ति दिलाया था।

### बोरिया गेट में भी जाम की स्थिति

हरिशंकर चतुर्वेदी ने कहा कि बोरिया गेट में भी जाम की स्थिति रहती है ट्रैकों को व्यवस्थित नहीं खड़ा किया जाता है। जिसके कारण संयंत्र के कर्मचारियों को भारी सुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस विषय को भी लेकर शीघ्र चर्चा की जाएगी शीघ्र ही कलेक्टर एसपी से मिलकर जनता की समस्याओं से रूबरू कराया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, हरिशंकर चतुर्वेदी, विशालदीप नायर, निशु पांडे, मदन सेन, पारस जंघेल, बंटी नाहर, विजय गुप्ता, श्रीनिवास मिश्रा उपस्थित थे ।

# भिलाई की चैतन्य देवियों की झांकी महाकुंभ में




**भिलााईनगर,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में आयोजित विश्व के सबसे बड़े महाकुंभ में अंतर्राष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा स्वर्णिम भारत महाकुंभ का आयोजन कुंभ मेला क्षेत्र सेक्टर-7 बजरंग दास मार्ग, प्रयागराज उ.प्र. में किया जा रहा है। विश्व में एकमात्र नारी शक्ति द्वारा संचालित अंतर्राष्ट्रीय संस्था के वैश्विक स्तर पर कार्यों को देखते हुए प्रशासन ने डेढ़ एकड़ से बढ़ाकर 2 एकड़ भूमि स्वर्णिम भारत महाकुंभ के लिए आवंटित की है। महाकुंभ 2025 में भिलाई ब्रह्माकुमारीज को चैतन्य देवियों की झांकी तथा स्वर्णिम सनातन भारत दर्शन की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। इसी क्रम में आज प्रात: राजयोग सत्र के पश्चात चैतन्य दैवी झांकी मेला सामग्री एवं चित्र प्रदर्शनी, मूर्तियों के ट्रक को श्रीफल फोड़कर आशा दीदी हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। आशा दीद ने इस स्वर्णिम भारत महाकुंभ के बारे में बताया कि इसका उद्देश्य भारत को पुन: विश्व गुरु स्वर्णिम संपन्न भारत बनाना तथा पूरे विश्व में परमात्मा शिव के आगमन का संदेश देकर राजयोग मेडिटेशन द्वारा उस परम शक्ति की अनुभूति कराना है। संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में भिलाई को विश्व की भलाई करने वाले कथन से संबोधित किया जाता है, क्योंकि भिलाई आशा दीदी के नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में इसके पूर्व में संपन्न हुए प्रयागराज एवं उज्जैन महाकुंभ में भी चैतन्य देवियों की झांकी का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। ज्ञात हो कि आशा दीदीजी की अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू एवं प्रयागराज मेला प्रशासन अधिकारियों के साथ मीटिंग एवं भूमि आवंटित तक मुख्य भूमिका रही। इस स्वर्णिम भारत महाकुंभ में 40 फीट ऊंची चैतन्य देवियों की झांकी, द्वादश ज्योतिर्लिंग अमरनाथ दर्शन, सोई हुई मानवता (कुंभकरण शो) आदर्श गोकुल गांव, राजयोग अनुभूति कक्ष, अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव, शाश्वत यौगिक खेती, आत्मनिर्भर किसान, ग्राम विकास से राष्ट्र विकास, स्वर्णिम सनातन भारत दर्शन, भारत गौरव यात्रा, माइंड स्पा क्लिनिक, विज्ञान और आध्यात्म स्टाल मुख्य रहेंगे।

# प्लांट गैराज ने बीएसपी फ्लीट को मजबूत करने बढ़ाया कदम

**भिलाईनगर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। संयंत्र के प्लांट गैराज ने अपने फ्लीट (वाहन बेड़ा) में 7 नए एसएमएल पिकअप और 2 एलएंडटी व्हील लोडर जोड़कर बीएसपी की संचालन क्षमता और परिचालन दक्षता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिसका उद्घाटन कार्यपालक निदेशक प्रभारी वर्क्स अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक ऑपरेशन राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एमएंडयू बिजय कुमार बेहरा ने किया। कार्यपालक निदेशक प्रभारी वर्क्स अंजनी कुमार ने रिकॉर्ड समय में खरीद प्रक्रिया को पूरा करने के लिए परियोजना प्रबंधक. महाप्रबंधक प्लांट गैरेज बी डी बाबू, परियोजना समन्वयक महाप्रबंधक प्लांट गैरेज प्रदीप्ता भौमिक, एमएम.आईपीएम टीम, पीपी एंड ई विभाग और प्लांट गैराज विभाग की टीम द्वारा किए गए अथक प्रयासों की सराहना की है। कार्यपालक निदेशक ऑपरेशन राकेश कुमार ने कहा कि ये वाहन प्लांट लॉजिस्टिक्स प्रबंधन की क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी एम एंड यू बिजय कुमार बेहरा ने निरंतर सुधार और नवाचार के प्रति समर्पण के लिए टीम की सराहना की। मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी, महाप्रबंधक एस बालराज, महाप्रबंधक राकेश पांडे, महाप्रबंधक नबार्शी रॉय और अन्य सम्मानित अतिथियों ने इस पहल की सराहना की। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक के ज्ञानानंद, सहायक महाप्रबंधक पार्थ घोष, सहायक महाप्रबंधक पी के कांबले, वरिष्ठ प्रबंधक ललित कुमार यादव, वरिष्ठ प्रबंधक, ए डी आप्टे, वरिष्ठ प्रबंधक आशीष गुप्ता,उप प्रबंधक के एच वी प्रसाद उप प्रबंधक, बी जोशी सहायक प्रबंधक, संजय सिंह सहायक प्रबंधक, एस वी एन त्रिपाठी उपस्थित थे।


# पुरैना में उल्टी-दस्त के चार नए मरीज मिले

**भिलाईनगर,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैना में आज स्वास्थ्य विभाग ने धोबी पारा जागृति चौक में सर्वेक्षण कराया, जिसमें 4 मरीजो को दस्त से पीड़ित होने पर उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैना में भर्ती कर किया गया ओर दोपहर पश्चात छुट्टी दे दी गई। वहीं उल्टी ओर दस्त दोनों से 2 मरीज पीड़ित मिले। जिन्हें भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैना में भर्ती कर उपचार किया गया है उसमें से भी एक मरीज को स्वास्थ्य लाभ होने पर छुट्टी दे दी गई है। वर्तमान में एक मरीज भर्ती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया के निर्देश पर प्रभारी बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ओर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 की टीम लगातार क्षेत्रीय मितानिनों के सहयोग से डोर टू डोर सर्वेक्षण कार्य करा रहे हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने फील्ड से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैना में उल्टी-दस्त को देखते हुए रात्रि में भी स्वास्थ्य अमले को तैनात किया है, ताकि मरीज को त्वरित उपचार तुरंत मुहैया कराई जाए। वरिष्ठ मेडिकल आफिसर डा रविशंकर सत्यार्थी के साथ सुबह पाली में तथा श्रीमती जया ठाकुर, आर एम ए के साथ रात्रि में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका व ड्रेसर व चतुर्थ श्रेणी का अमला लगाया गया है। डॉ मनोज दानी ने कहा कि स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें ओर हर उल्टी दस्त के बाद ओ आर एस घोल का उपयोग करे, ताज भोजन करें, पानी उबालकर ठंडा करके पिए। सर्वेक्षण में बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम, श्रीमती आर विश्वास, श्रीमती रामटेके, श्रीमती के एल कुमारी, श्रीमती इंद्राणी वर्मा, सरोज निषाद, रूक्मणी वर्मा श्रीमती आर रूद्रा, लता, पिंकी, नगर निगम रिसाली के शुभम, का सहयोग रहा।

# फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाईनगर** । डॉ खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई 3 के लैब टेक्नीशियन द्वारा आज सुबह कॉलेज के लैब में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुरानी भिलाई पुलिस के द्वारा सुसाइडल नोट भी बरामद किया गया है। मृतक एक्स आर्मी मैन था। पुरानी भिलाई थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि तिरुपति रामटेक 52 वर्ष निवासी पदुम नगर समय से पहले सुबह 8.30 के करीब भिलाई तीन कॉलेज पहुंच गया था। चपरासी से बोलकर लैब का दरवाजा खुलवा लिया था। करीब डेढ़ घंटे बाद जब अन्य स्टाफ ने जाकर लैब में देखा तो तिरुपति रामटेक फांसी पर लटका हुआ पाया गया। तत्काल पुलिस को सूचित किया गया पुलिस द्वारा स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया तो मृतक के पास से सुसाइडल नोट मिला। बताया जा रहा है कि सेवा से सेवानिवृत्ति के पश्चात वर्ष 2019 में असिस्टेंट लैब टेक्नीशियन के पद पर कॉलेज में ज्वाइन किया था।

# ब्लास्ट फर्नेस व सिंटर प्लांट का रिकॉर्ड उत्पादन




**भिलाईनगर**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने नववर्ष के अवसर पर संयंत्र की रिकॉर्ड उत्पादन करने वाली इकाइयों ब्लास्ट फर्नेस -8, एसएमएस-3 व सिंटर प्लांट का दौरा कर रिकॉर्ड उत्पादन हेतु बधाई दी । साथ ही नए वर्ष में नई ऊर्जा के साथ आगामी वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक प्रभारी वर्क्स अंजनी कुमार तथा कार्यपालक निदेशक प्रचालन राकेश कुमार उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी श्री दासगुप्ता ने ब्लास्ट फर्नेस टीम की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें उनके अथक प्रयासों और समर्पण के लिए बधाई दी। जिसके कारण उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुईं और उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित हुए। टीम को आगे भी नए मील के पत्थर स्थापित करने के लिए प्रयास जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया जो कि संयंत्र को इस्पात उद्योग में अग्रणी बनाए रखेगा तथा उत्पादन, स्थिरता और सुरक्षा में उत्कृष्टता के नए मानक के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा। उन्होंने उत्पादन दक्षता बढ़ानेए तकनीकी आर्थिक सूचकांकों को अनुकूलित करने और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर जोर दिया। टीम एसएमएस-3 की इस उपलब्धि पर निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता कार्यपालक निदेशक प्रभारी वर्क्स अंजनी कुमार तथा कार्यपालक निदेशक प्रचालन, राकेश कुमार और मुख्य महाप्रबंधक गुणवत्ता राहुल श्रीवास्तव ने एसएमएस.3 शॉप फ्लोर का दौरा कर एसएमएस.3 टीम के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। मुख्य महाप्रबंधक संटर प्लांट्स अनूप कुमार दत्ता, एसपी.2 और एसपी.3 की टीम ने प्रबंधन के प्रति उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया, भविष्य में और भी उपलब्धियां हासिल करने का संकल्प लिया।

## जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्रचार्य महाराज के शिष्य करेंगे आज रक्तदान

**दुर्ग,** 4 जनवरी। प्रत्येक वर्ष जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्रचार्य महाराज के आव्हान पर पूरे भारत में 1 लाख यूनिट रक्त जमा किया जाना है। इसी कड़ी में रविवार 5 जनवरी को ब्लड बैंक, जिला चिकित्सालय दुर्ग में सुबह 8 बजे से 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।



# कारेसरा में दो पक्षों में हुए विवाद के दौरान हत्या मामले में पुलिस टीम की कार्रवाई

**बेमेतरा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। 3 जनवरी को प्रार्थी सौरभ साहू पिता शत्रुहन साहू उम्र 25 साल साकिन वार्ड नं. 11 कारेसरा थाना व जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज से करीबन 15 दिन पूर्व मेरे पिताजी शत्रुहन साहू का गांव के टोपसिंह वर्मा के साथ शराब पीने एवं पीलाने की बात पर से विवाद हुए थे, इसी बात पर से मेरे पिताजी ने दिनांक 02.01.2025 को शाम के समय टोपसिंह का नाम लेकर गाली दे रहा था तब उसका भाई हिरू वर्मा आकर वाद विवाद झगड़ा लड़ाई करने लगा, तब अपने पिताजी को अपने घर ले आया, आज दिनांक 03.01.2025 को सुबह करीबन 09ः30 बजे मेरे पिताजी कहीं से घुमकर घर आया और मुझे बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास टोपसिंह वर्मा बल्ली से मेरे सीना में मारा है, उसके बाद सुबह करीबन 10 बजे मेरे पिताजी शत्रुहन साहू, बहन श्रीमति पुष्पा साहू, दादी श्रीमति दुरपति बाई घर के सामने खड़े थे उसी समय टोपसिंह वर्मा, उसका भाई हीरा लाल उर्फ हिरू वर्मा, कल्याण वर्मा, सोमनाथ वर्मा, तीजू वर्मा, भरत वर्मा, रामायण वर्मा, रानी वर्मा, टोप सिंह की दीदी श्रीमति जमुना वर्मा, हिरू की पत्नि दुलौरिन वर्मा, सभी एक राय होकर मेरे घर के पास आये और टोप सिंह वर्मा ने मुझे बोला कि कल तुम मेरे भाई हिरू वर्मा को क्यों मारे हो तब बोला कि मैं नही मारा हूं, यह स्वयं हमारे पास आकर वाद विवाद किया है, इतने में सभी मुझे मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मुझे, मेरे पिताजी एवं बहन पुष्पा को डण्डा व हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं, उसके बाद मेरे पिताजी जान बचाने के लिये घर अंदर घुसने लगा तो टोपसिंह वर्मा, हिरू वर्मा, कल्याण वर्मा एवं तीजू वर्मा पिताजी को पकड़कर खिचते हुए घर से बाहर लेकर आये और टोप सिंह वर्मा अपने हाथ में रखे धारदार चाकू से पिताजी के बाएं पसली में तीन चार बार मारकर गम्भीर चोट पहुंचाया है, एवं रानी वर्मा डण्डा से तथा हीरा लाल उर्फ हिरू वर्मा, कल्याण वर्मा, सोमनाथ वर्मा, तीजू वर्मा, भरत वर्मा, रामायण वर्मा, श्रीमति जमुना वर्मा, दुलौरिन वर्मा हाथ मुक्का से पिताजी को एवं मुझे तथा बीच बचाव करने आयी मेरी बहन को मारपीट किये हैं, पिताजी को चाकू से बाएं पसली एवं डण्डा व हाथ मुक्का से मारपीट करने से उसके सीना एवं शरीर में अन्य जगह गम्भीर चोट आने से उपचार हेतु जिला अस्पताल बेमेतरा



**पुरानी रंजिश की बातों को लेकर अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करना एवं चाकू से मारकर हत्या करने के मामले में 10 आरोपीगण गिरफ्तार**

लेकर आये तो डाक्टर साहब द्वारा पिताजी को मृत घोषित कर दिया है, आरोपीगणो द्वारा पुरानी रंजिश की बातों को लेकर अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करना एवं प्रार्थी के पिता शत्रुहन साहू को चाकु से मारकर हत्या करने कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 296, 351 (2), 115(2), 103 (1), 191(3) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतर रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी कमल नारायण शर्मा के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू एवं थाना स्टॉफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

प्रकरण में विवेचना दौरान आरोपी 1. टोप सिंह ऊर्फ तोप सिंह वर्मा पिता शिव प्रसाद वर्मा उम्र 38 साल, 2. हीरालाल ऊर्फ हीरू वर्मा पिता शिव प्रसाद वर्मा उम्र 36 साल, 3. रामायण वर्मा पिता नंद कुमार वर्मा उम्र 24 साल,4. भरत ऊर्फ भारत वर्मा पिता नंदकुमार वर्मा उम्र 22 साल, 5. तीजू वर्मा पिता नंदकुमार वर्मा उम्र 26 साल, 6. सोमनाथ वर्मा पिता टोप सिंह ऊर्फ तोप सिंह वर्मा उम्र 19 साल, 7. कल्याण वर्मा पिता शिव प्रसाद वर्मा उम्र 34 साल, 8. श्रीमती दुलौरीन वर्मा पति हीरा ऊर्फ हीरू वर्मा उम्र 35 साल सभी साकिनान कारेसरा थाना व जिला बेमेतरा, 9. कु. रानी ऊर्फ ठगेश्वरी वर्मा पिता स्व. रामकुमार वर्मा उम्र 19 साल, 10. श्रीमती जमना बाई वर्मा पति स्व. रामकुमार वर्मा उम्र 42 साल दोनो साकिन मोहबा बाजार टाटीबंद रायपुर रेल्वे लाईन थाना आमानाका जिला रायपुर को आज दिनांक 04.01.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, सउनि उदल राम टांडेकर, दीनानाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, हेमंत साहू, रघुराज यदु, महिला प्रधान आरक्षक बालमती, महिला आरक्षक रामबती, आरक्षक मनीष मिश्रा, राहुल यादव, रामगोपाल निषाद, रवि साहू, देवेन्द्र साहू, चुरावन पाल एवं अन्य थाना स्टाफ शामिल रहे।

## गुरु घासीदास ने भेद-भाव का प्रबल विरोध कर मनखे-मनखे एक समान का उपदेश दिया : दीपेश साहू



**बेमेतरा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। विधायक दीपेश साहू विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तिलई में आयोजित बाबा गुरु घांसी दास जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजक समिति द्वारा विधायक दीपेश साहू सहित अतिथियों का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सतनामी समाज के लोगों के द्वारा पुष्प हार भेटकर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक साहू बाबा गुरु घांसी दास मंदिर एवं जैतखाम में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को बाबा गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने ऊंच-नीच, भेद-भाव, छूआछूत का प्रबल विरोध किया, मनखे-मनखे एक समान का उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप 70 लाख से ज्यादा महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण की पारिश्रमिक दर बढ़ाकर 5500 रूपए किया गया है। प्रति एकड़ 21 चिंटल तथा 3100 रूपए प्रति चिंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। यूपीएससी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए दिल्ली के ट्रायबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या बढ़ाई गई है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को पढ़ाई और बेहतर शिक्षा का लाभ मिल सकेद्य कार्यक्रम में पोषण वर्मा, यशवंत वर्मा, भोजेंद्र वर्मा,त्रिलोचन साहू, दिनेश कुर्रे हरिचंद देवांगन, गीताबाई सरपंच,रविवर्मा बिसनाथ साहु ,संकर यादव, रामकुमार कुर्रे सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता सतनामी समाज के सामाजिक बंधु एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

## युवा पत्रकार की निर्मम हत्या घिनौना कृत्य : रंजना साहू



**धमतरी,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। बीते दिनों बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में हुए युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या एक घिनौना कृत्य है, हमारे देश में पत्रकारिता को चौथा स्तंभ माना जाता है, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता में बस्तर की आवाज मुकेश चंद्राकर निरंतर शासन प्रशासन को आईना दिखाने का कार्य कर रहे थे। उनकी हत्या पत्रकारिता की आवाज को दबाने का प्रयास है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश की कानून व्यवस्था को बिगाड़ कर भाजपा की सुशासन सरकार को बदनाम करने की साजिश रचती आई है इससे पहले भी सूरजपुर और बलौदा बाजार की घटना ने सिद्ध किया था और अब बीजापुर के पत्रकार की निर्मम हत्या, यह कांग्रेस की ओछी राजनीति को दर्शाता है, पत्रकार के द्वारा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैस के नजदीकी ठेकेदार के घोटाले को पर्दाफाश करने पर निर्माणाधीन उसी ठेकेदार के कार्यस्थल पर पत्रकार का शव मिलना निश्चित ही हत्या को अन्देशित करती है। किंतु इस निर्मम हत्या पर भी कांग्रेस ओछी राजनीति करने से चूक नहीं रही है बल्कि छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार पर बेवजह कानून व्यवस्था के नाम पर जुगलबाजी कर रही है। रंजना साहू ने युवा पत्रकार को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना कि है कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर को अपने चरणों में स्थान दें।

## 11वीं, 12वीं के छात्रों को महाविद्यालय के अध्यापकों ने उच्च शिक्षा हेतु किया प्रेरित



**दुर्ग,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय जेवरा . सिरसा में एक प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व से अवगत कराना, उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करना और उनके शैक्षिक और कैरियर लक्ष्यों को स्पष्ट करना था। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सहायक अध्यापक डॉक्टर सीतेश्वरी चंद्राकर, डॉक्टर कुसुमांजलि देशमुख और डॉक्टर बृजलता शर्मा ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर कुसुमांजलि देशमुख के संबोधन से हुई उन्होंने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम, शोध कार्यों, शैक्षणिक उपलब्धियां और महाविद्यालय में प्रदान किए जाने वाले अन्य शैक्षणिक व व्यक्तिगत विकास के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने यह भी बताया कि महाविद्यालय में अध्ययन से न केवल छात्रों के व्यक्तित्व का विकास होता है वरन् यह समाज और देश के विकास में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि कई बार छात्र पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं जिससे उनके जीवन और कैरियर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### दुर्ग में टस्कर हेल्थ केयर सेंटर की ब्रांच का आज शुभारंभ

**दुर्ग,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। दुर्ग जिले का पहला टस्कर हेल्थ केयर मॉल द्वारा जिले में सबसे सस्ते दामों में मेडीसीन डाक्टर सुविधा पैथोलाजी लैब सुविधा 24 घंटे दवाई की घर पहुंच सेवा प्रदान की जायेगी। भारत का पहला टस्कर हेल्थ केयर माल के नाम से दुर्ग में ओम परिसर चौक, गंगौत्री हास्पिटल के सामने एलोपेथी आयुर्वेदिक होम्योपैथी सभी दवाईयां 15 से 85 तक छूट में में मिलेगी। साथ ही 24 घंटे घर पहुंच सेवा दी जाएगी। यहां पर एक रूपया फीस में एमबीबीएस डॉ. की सुविधा तथा सबसे कम कीमत में पैथलेब की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगी। कल 5 जनवरी को प्रात: 11 बजे विधायक गजेन्द्र यादव के द्वारा उद्घाटन किया जायेगा। टस्कर हेल्थ केयर सेंटर पूरे भारत में 212 शहरों में व छत्तीसगढ़ में रायपुर, राजनांदगांव, के बाद दुर्ग में तीसरा सेंटर होगा। यह जानकारी स्थानीय संचालक राहुल परिहार ने दी।

## प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई



**खरोरा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती का आयोजन किया गया। आज 3 जनवरी का दिन देश की महिलाओं के विकास की यात्रा में बेहद महत्वपूर्ण दिन है। आज 3 जनवरी को भारत में महिला शिक्षा की अगुआ सावित्रीबाई फुले का जन्म हुआ था। आज ही के दिन 1831 में देश की पहली महिला टीचर सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा के नायगांव में एक किसान परिवार में हुआ था। इस दौरान 60 छात्राओं को सम्मानित किया गया। तथा स्कूल छात्रो द्वारा विविध प्रकार की प्रतियोगिता का आयेजन हुआ मुख्य शिक्षिका वैशाली गोस्वामी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले साक्षात शिक्षा की देवी हैं। खेल प्रशिक्षक मदन प्रकाश सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले के प्रयासों द्वारा ही आज महिलाएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा के प्रबंधक राघवेन्द्र गोस्वामी ने विचार रखें। ममता भारद्वाज, पिंकी पटेल, दीपा देवांगन, ललिता यादव, प्रदीप देवांगन, फातिमा खान, रितेश श्रीवास्तव का सहयोग रहा।

### भोथली में हुआ पौधारोपण

**कुरूद,** 4 जनवरी (देशबंधु)ग्राम भोथली में नवनिर्मित भोथलेश्वर महादेव शिव मंदिर प्रांगण में शिवगंगा तालाब के किनारे शिव भक्तों द्वारा नए फुलवारी का निर्माण किया गया जिसमें अनेकों प्रकार के 50 से अधिक पौधों का रोपण किया गया।

## निधन

### चंद्रप्रभा दीवान



**रायपुर,** 4 जनवरी। श्रीमती चंद्रप्रभा दीवान (उम्र 80 वर्ष) अभनपुर-संकरी वाले का शनिवार 4 जनवरी की सुबह निधन हो गया। अंतिम यात्रा निवास स्थान ई-21, राधास्वामी नगर (प्रोफेसर कालोनी) रायपुर से निकाली गई और अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में हुआ। वे सुदेशधर दीवान की माता थीं।

### टेटकी बाई कन्नौजे



**बलौदाबाजार,** 4 जनवरी। शहर के लवन रोड निवासी टेटकी बाई कन्नौजे (65) का शुक्रवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें समाजजन सहित शहरवासी बडी संख्या में शामिल थे। वे केजू कन्नौजे की धर्मपत्नि तथा पवन, नरेश एवं दिनेश कन्नौजे की माता थी।

### चेतनलाल वर्मा



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 4 जनवरी। ग्राम अमेरा निवासी चेतन लाल वर्मा का निधन बुधवार को हो गया। उनके निधन पर परिजन आत्मियजन ग्रामवासी शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वे अनिता वर्मा के पति व शशिकांत, सुर्यकांत के पिता थे।

### नरोत्तम उपाध्याय



**रायपुर,** 4 जनवरी। आमापारा निवासी नरोतम उपाध्याय ( कन्हार मलपुरी वाले ) का 4 जनवरी को सुबह 7 बजे निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार महादेव धाट मुक्तिधाम मे किया गया। शोकाकुल- युगल किशोर, दिनेश, संजय (पुत्र)।

### शादरा बेन राठौड़



**रायपुर,** 4 जनवरी। देवेंद्र नगर निवासी श्रीमती शारदाबेन राठौड़ का निधन 4 जनवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वह श्री रमणीक लाल राठौड़ की पत्नी, श्री विवेक राठौड़ की माता एवं देव और रीति राठौड़ की दादी थी।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए आरक्षण की संशोधित समय सारणी जारी

**गरियाबंद,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के पदो के आरक्षण के लिए संशोधित समय-सारणी जारी की गई है। इसके तहत ग्राम पंचायतो के सरपंच, पंच पदो के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आबंटन आरक्षण की कार्यवाही 8 जनवरी को जिले के सभी जनपद पंचायतों में सुबह 10 बजे की जायेगी। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य, जनपद के अध्यक्ष एवं सदस्य के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आबंटन आरक्षण की कार्यवाही 09 जनवरी को जिला मुख्यालय में वन विभाग ऑक्शन हॉल में स्वयं विहित प्राधिकारी कलेक्टर जिला गरियाबंद द्वारा जिले के आम नागरिकों की उपस्थिति में की जायेगी। आरक्षण की प्रक्रिया प्रात: 10:30 बजे से प्रारंभ होगी।

- ग्राम पंचायतों एवं प्रवर्गवार स्थान के आरक्षण की कार्रवाई 8 को
- जिपं सदस्य, जनपद के अध्यक्ष एवं सदस्य के आरक्षण की कार्रवाई 9 को

इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच, जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं जनपद निर्वाचन क्षेत्र तथा जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही हेतु आम सूचना जारी कर दी है। उन्होंने निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ नियमानुसार आरक्षण की कार्यवाही सम्पन्न कराने के निर्देश दिये है। आरक्षण संबंधी सम्पूर्ण कार्यवाही का समय - समय पर जनसाधारण की जानकारी के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आम सूचना समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालयों, तहसील कार्यालयों, जनपद कार्यालयों, ग्राम पंचायत कार्यालयों एवं ग्राम पंचायत के सहज दृश्य स्थलों पर चस्पा कराने एवं इस संबंध में मुनादी कराने हेतु समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आम सूचना अनुसार ग्राम पंचायतों के सरपंच पद एवं पंच पदो के आरक्षण की कार्यवाही के लिए संबंधित अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को लॉट निकालने के लिए विनिर्दिष्ट अधिकारी प्राधिकृत किया गया है। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत गरियाबंद के लिए राकेश गोलछा, जनपद पंचायत छुरा के लिए रामसिंह सोरी, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के लिए विशाल महाराणा, जनपद पंचायत मैनपुर के लिए पंकज डाहिरे तथा जनपद पंचायत देवभोग के लिए तुलसीदास मरकाम विनिर्दिष्ट अधिकारी होंगे। पंचायतों के लिए आरक्षण बाबत् लॉट निकालने की कार्यवाही सभी जनपद मुख्यालयों में की जायेगी। इसके तहत सामुदायिक भवन जनपद पंचायत गरियाबंद, जनपद पंचायत सभाकक्ष छुरा, जनपद पंचायत सभाकक्ष फिंगेश्वर, जनपद पंचायत सभाकक्ष मैनपुर एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर देवभोग में प्रात: 10 बजे से आरक्षण लॉट निकालने की कार्यवाही की जायेगी।

## बस्तर में हुए हत्या पत्रकार मुकेश चंद्राकर को प्रेस क्लब पलारी के पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि



**पलारी,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। बस्तर क्षेत्र के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। इस दु:खद घटना के बाद प्रेस क्लब पलारी के पत्रकारों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों ने कहा कि मुकेश चंद्राकर एक समर्पित और ईमानदार पत्रकार थे, जिन्होंने समाज की आवाज को उठाने में अपनी जान की आहुति दी। प्रेस क्लब पलारी के पत्रकारों ने उनके कार्यों को याद करते हुए उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और आश्वासन दिया कि पत्रकारिता का यह सफर जारी रहेगा। इस मौके पर सभी पत्रकारों ने मौन धारण कर मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में सभी पत्रकार शहीद भगत सिंह के स्मारक के सामने एकत्र हुए, जिनके चेहरों पर शोक और गहरी संवेदनाएं स्पष्ट दिखाई दे रही थीं। सभी पत्रकारों ने केंडल जलाकर मृतक के प्रति सम्मान व्यक्त किया । उक्त कार्यक्रम में शेखर वर्मा रज्जाक खान मिथलेश शुक्ला,हेमकुमार साहू, मुकेश झा,यमलोक साहू, तोमन साहू, पनमेश्वर साहू, फागुराम सेन, मिलेश यादव सहित पत्रकार साथी उपस्थित हुए।

## प्रादेशिकी का शेष...

### दुर्ग जिला भाजपा के...

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्ये, अपनी टीम के साथ कल होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूपरेखा देते रहे। आवश्यक दस्तावेज भी तैयार किये जाते रहे। कल नये जिला भाजपा अध्यक्ष के साथ ही नये मंडल अध्यक्षों के भी स्वागत की तैयारियां की जाती रहीं।

### केंद्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री के...

स्थल, हैलीपेड स्थल आदि के संबंध में समुचित प्रबंधन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को समन्वय बनाकर समय पर कार्य करने कहा। निरीक्षण के दौरान एडीएम अरविंद एक्का, एएसपी सुखनंदन राठौर और अभिषेक झाए जिला पंचायत दुर्ग के सीईओ बजरंग दुबे एवं सभी संबंधित विभागों के विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भी इनके दुर्ग जिला प्रवास का कार्यक्रम बना था। तैयारियां भी शुरू कर दी गई थी मगर पूर्व प्रधानमंभी डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। अब फिर से एक बार केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह का कार्यक्रम ग्राम नगपुरा दुर्ग जिला के प्रवास का बना है। इसे देखते हुए प्रशासक स्तर पर तैयारियां भी शुरू कर दी गई है मगर अभी कार्यक्रम की तारीख स्पष्ट नहीं की गई है।

### स्व सहायता समूह की ...

गई। समूह की महिलाओं ने संकलित जमा राशि से और बैंक लिंकेज के माध्यम से एचडीएफसी बैंक भिलाई.3 से 50 हजार रूपए ऋण प्राप्त करके 40 डिसमिल जमीन में सब्जी उत्पादन का कार्य प्रारंभ किये। समूह की महिलाएं उत्पादित सब्जी को गांव के सप्ताहिकी और आस-पास के बाजारों में बेचकर 15 से 18 हजार रूपए तक की आदमनी अर्जित करने लगे हैं। सब्जी की खेती से समूह की महिलाओं को रोजगार मिला है। साथ ही बैंक ऋण चुकाते हुए उनकी इस उपलब्धि से समूह आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो गया है।

### ई-कामर्स के जबर्दस्त विस्तार...

की आर्थिक रणनीति पर चर्चा करते हुए रेडबस जेप्टो आदि के उदा. द्वारा जिससे विषय बेहद रोचक एवं व्यवहारिक हो गया। वर्तमान समय में सेवा कम्पनियां समय की बचत, कम लागत व दूरी आदि के साथ व्यापार की मात्रा को बढ़ाने में प्रयासरत है।

कार्यक्रम में डॉ. जिज्ञासा पांडे, तरूण कुमार साहू , मनीषा भीमते, चांदनी मंडले एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन अर्थशास्त्र परिषद के अध्यक्ष एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र श्री हर्ष कुमार नायर ने किया।

### छत्तीसगढ़ मंच ने की ...

किये गये थे किंतु इस कार्य को मूर्तरूप नहीं दिया जा सका।

श्री राजपूत ने बताया कि छत्तीसगढ़ मंच द्वारा विगत कई वर्षो से यह मांग शासन से की जाती रही है। वर्तमान में शिवनाथ नदी के रमणीय तट पर पर्यटन व मनोरंजन के कोई साधन नहीं है। श्री राजपूत के साथ ही छत्तीसगढ़ मंच के तुलसी सोनी, दिनेश जैन, गुलाब चौहान, रमन सिंह, त्रिलोक सोनी, युनूस चौहान, संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी, बाबू भाई, जवाहर राजपूत, ललित वर्मा सहित अन्य लोगों ने भी विधायक श्री यादव से मिलकर लक्ष्मण झूला लगाने की मांग की है।

### श्यामबाबा की ऐतिहासिक...


किए। दुर्ग में पहली बार 11 सौ धर्मप्रेमियों की निशान यात्रा को देखने एवं फूलों की वर्षा करने अलग अलग स्थानों में धर्मप्रेमी जमा हुए, इस निशान यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज निशान लेकर श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए। साथ ही श्री श्याम की आकर्षक झांकी भी निशान यात्रा में निकाली गई।

पद यात्रा कर निशान चढ़ाने को लेकर मान्यता यह रही है कि श्री श्याम बाबा के महाबलिदान शीश दान के लिए उन्हें निशान चढ़ाया जाता है। यह उनकी विजय का प्रतीक है, जिसमें उन्होंने धर्म की जीत के लिए दान में अपना शीश ही भगवान श्री कृष्ण को दे दिया था। सभी भक्त श्याम मंदिरों में अपनी मन्नाते मांगते हुए निशान चढ़ाते हैं। जगह जगह निशान यात्रा का स्वागत किया गयाए आतिशबाजी की गई।

यात्रा दुर्गा मंदिर से शनिचरी बाजार, गांधी चौकए सदर बाजार, मोती काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्किट, स्टेशन रोड, धमधा ओवर ब्रिज के ऊपर से कादम्बरी नगर श्री श्याम मंदिर पहुँची, जहाँ बाबा की नजर उतार कर स्वागत किया गया।

यात्रा में अरुण वोरा रामफल शर्मा अशोक राठी पायल जैन देवनारायण चंद्राकर नारायण खेतान प्रीति राजगढ़िया सिंपल राठी, अनिता अग्रवाल राजेन्द्र शर्मा संजय शर्मा प्रमोद जोशी सुरेश शर्मा राहुल शर्मा लक्की अग्रवाल राजेश शर्मा मनीष सेन किरण सेन मनोज गुप्ता सुरेश गुप्ता पिंकी गुप्ता चेतन जैन दिनेश शर्मा सतबीर शर्मा ललित शर्मा राकेश रामलोचन तिवारी प्रकाश टावरी गोविंद गुप्ता रूपल गुप्ता विमलेश रूंगटा मुकेश अग्रवाल विक्की मित्तल प्रकाश सिन्हा सरिता गोयल वंदना गुप्ता संजना पोद्दार श्रवण अग्रवाल मनीषा अग्रवाल राहुल अग्रवाल किशोर रूंगटा रितेश सेन राजेश शर्मा सोनल सेन मोहित पुरोहित रिषी गुप्ता कृतज्ञ शर्मा अनमोल पांडेय नमन खंडेलवाल सुयश श्रेयष गुप्ता प्रतीक अग्रवाल एवं हजारों श्याम प्रेमी उपस्थित हुए।

## अन्तर्राज्यीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कुरूद,** 4 जनवरी (देशबंधु)। बैडमिंटन बॉयस क्लब कुरूद के तत्वाधान में आयोजित अन्तर्राज्यीय ओपन और वेटरन्स टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट के प्रथम दिन 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 16 मैच खेले गए व ओपन केटिगिरी में भी 16 मैच खेले गए। इस प्रतियोगिता में आंध्रप्रदेश, ओड़िशा , प बंगाल व छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी भाग लिए है। आज लीग मैच हुए कल चाटर सेमिफाइनल व फ़ाइनल मैच खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों, जैसे ओडिशा, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है।

प्रतियोगिता में ओपन मेन्स डबल में प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय 21 हजार, तृतीय 11 हजार, वेटरन्स डबल 40 प्लस में प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय 21 हजार, तृतीय 11 हजार रुपये का ईनाम रखा गया है। प्रतियोगिता 4 और 5 जनवरी को सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक चलेगी।दोनों कैटिगिरी मिलाकर कुल 70 मैच खेले जाएंगे। प्रवेश शुल्क 700 रूपए निर्धारित है। प्रत्येक मैच योनेक्स मैविस 350 शटल से खेला जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम 32-32 टीमों को प्राथमिकता दी जाएगी। कल कार्यक्रम का समापन एवं पुरस्कार वितरण कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

# जिले में पर्यटन विकास की संभावना और प्रयास: गिधवा-परसदा पक्षी विहार





**बेमेतरा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। बेमेतरा का पर्यटन परिदृश्य - बेमेतरा जिला अपनी समृद्ध कृषि परंपरा के लिए प्रसिद्ध है, खासतौर पर धान, दाल और तैलीय फसलों के उत्पादन के लिए। बेमेतरा जिला छत्तीसगढ़ राज्य का एक नवीन गठित जिला है जिसका गठन 1 जनवरी 2012 को दुर्ग जिले के विभाजन के पश्चात हुआ है। यह दुर्ग जिले के उत्तरी किनारे पर स्थित है।

हालांकि, यहां पर्यटन को लेकर खास पहचान नहीं रही है। इसके बावजूद, गिधवा और परसदा गांवों के पक्षी विहार ने इस जिले को एक नई पहचान दी है। इन गांवों में सर्दियों के मौसम में देश-विदेश से प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है, जो इसे पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बनाता है।

### गिधवा-परसदा पक्षी विहार- प्रवासी पक्षियों का स्वर्ग

सर्दियों के मौसम में लगभग 150 प्रजातियों के प्रवासी पक्षी अफ्रीका, मंगोलिया, बर्मा, बांग्लादेश और हिमालय क्षेत्र से यहां पहुंचते हैं। साथ ही, लगभग 50 उड़ान पक्षियों का भी यहाँ नियमित आगमन होता है। पक्षियों को यहां के जलाशयों की जैव विविधता, मछलियां, और नम भूमि आकर्षित करती हैं।

गिधवा में 100 एकड़ और परसदा में 125 एकड़ का जलाशय है, जो पक्षियों के लिए अनुकूल पर्यावास प्रदान करता है। यहां गैडवाल, नॉर्थन पिनटेल, रेड-क्रेस्टेड पोचार्ड, कॉमन पोचार्ड, मार्श सैंडपाइपर, कॉमन ग्रीन शेंक और कॉमन रेड शेंक जैसे पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की जाती है।

### पक्षी महोत्सव और नवाचार

वर्ष 2021 में, गिधवा और परसदा में छत्तीसगढ़ का पहला पक्षी महोत्सव आयोजित किया गया था। यह आयोजन पर्यावरण और जैव विविधता संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय और बाहरी सैलानियों को आकर्षित करने में सफल रहा।

वन विभाग ने नवधा ग्राम में पक्षी विज्ञान केंद्र की स्थापना की है। यहां पक्षियों के संरक्षण और अध्ययन के लिए विशेष प्रबंधन किया गया है। विभाग ने पांच कर्मचारियों को राजस्थान की भरतपुर वर्ड सेंचुरी से प्रशिक्षण दिलाया और आधुनिक दूरबीन उपलब्ध कराई। दूरबीन की सहायता से कर्मचारी पक्षियों की गतिविधियों पर नजर रखते है। सैलानी भी इसकी सहायता से दूर पक्षियों का नजारा लेते है।

### पर्यटन विकास की चुनौतियाँ और संभावनाएँ

हालांकि गिधवा-परसदा पक्षी विहार पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है, लेकिन यहाँ ठहरने और अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। वन विभाग और स्थानीय प्रशासन ठहरने, चाय-पानी और विश्राम जैसी सुविधाओं को विकसित करने के लिए प्रयासरत हैं।

### आगे की राह

स्थानीय प्रशासन और वन विभाग के समन्वित प्रयासों से गिधवा-परसदा पक्षी विहार को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के पूरे प्रयास किए जा रहे है ।इसके साथ ही, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के लिए स्थायी पर्यटन को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

### निष्कर्ष

बेमेतरा जिले का गिधवा-परसदा पक्षी विहार पर्यटकों और पक्षी प्रेमियों के लिए अनमोल स्थान है। यह न केवल जिले की पहचान बना सकता है, बल्कि पर्यटन के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ कर सकता है। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से विकास और संरक्षण प्रयासों की आवश्यकता है।

# हमर स्वस्थ लइका अभियान के तहत बालसमुंद मे हुआ सुपोषण चौपाल का आयोजन

**बेमेतरा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन मे बेमेतरा जिले में कुपोषण को लेकर महिला एवं बाल विकास द्वारा हमर स्वास्थ्य लइका अभियान शुरू किया गया है इसी कडी में परियोजना बेमेतरा अंतर्गत आने वाले बालसमुंद पंचायत मे आज सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया जहा तीन गर्भवतियों का गोद भराई एवं दो बच्चों का अन्नप्राशन कराकर उपस्थित महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों के पालकों, सरपंच, उपसरपंच, पंच तथा अन्य जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और समूह कि महिलाओं को सुपोषण चौपाल के महत्व को विस्तार से बताया गया 7 चौपाल मे बताया गया कि 06 माह तक बच्चे को केवल स्तनपान, 06 माह पूर्व शुरुवात में घर में बने भोजन को मसलकर खिलाना तथा जब बच्चा खाने लग जाये तो थोड़ा थोड़ा, बार बार खिलाना, एवं गर्भवती महिलाओं को नियमित वजन करना, टीकाकरण, टीएचआर का सही उपयोग, आयरन, कैल्सियम का सेवन एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना से प्राप्त राशि का अपने पोषण एवं स्वस्थ पर उपयोग करने का सही सलाह दिया गया एवं चर्चा कि गई 7 कुपोषण की जड़ बाल विवाह को रोकने की रणनीति बनाई गई, एक स्वस्थ बालक के विकास पर विस्तृत ,चर्चा की गई। विकास के चरण के बारे में बताया गया।



पोषण के पाँच सुत्र - प्रथम 1000 दिन विटामिन ए से भरपूर भोजन, आयरन ,कैल्शियम से भरपूर भोजन, व्यक्तिगत साफसफाई एवं आस पास के पर्यावरण की ,साफ् सफाई, दस्त होने पर ओआरएस एवं जिंक की दवाई । शिशुवती महिलाओं से स्तनपान पर चर्चा की गई।

हाथ धुलाई पर चर्चा कर , हाथ धोने की सही विधि करके दिखाई गई। कार्यकर्ता, मितानित को नियमित रूप से गृह भेट कर व्यवहार परिवर्तन करने को कहा गया।

स्थानिय भोजन अनाज, मुनगा, बथुआ भाजी लाल भाजी पालक भाजी का प्रयोग नियमित रूप में करने को कहा गया।

07 कुपोषित बच्चों का वजन एवं लंबाई/ ऊंचाई लिया गया ल ग्राम बालसमुंद की समस्त कार्यकर्ताओं को मिशन 100 के तहत पृथक से रजिस्टर तैयार कराया गया

एवं उक्त जानकारी ग्राम बावा मोहतरा, परियोजना बेमेतरा के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के हितग्राही के यहां कुपोषित बच्चों के गृह भेंट कर उनके पलकों को पोषण युक्त भोजन करने हेतु बताया गया जैसे स्थानीय मूंगा भाजी बथुआ भाजी दूध अंडा केला चना गुड़ पोइ भाजी खिलाने के लिए प्रेरित किया गया 7 उक्त कार्यक्रम में पर्यवेक्षक बालसमुन्द श्रीमती रुखमणि ध्रुव एवं मास्टर ट्रेनर सीता चंद्रवंशी, क्रेश कार्यकर्ता सती सेन एवं पूर्णिमा के द्वारा हितग्राहियों से कुपोषण मुक्त पंचायत बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

# जामडी पाटेश्वर धाम के संत राम बालक दास का तर्रा में भव्य स्वागत

**थानखम्हरिया,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। मां कौशल्या मंदिर निर्माण के लिए जनभागीदारी और सहयोग जुटाने हेतु जामड़ी पाटेश्वर धाम से आए संत श्री राम बालक दास जी का ग्राम तर्रा में भव्य स्वागत किया गया। इस पावन अवसर पर ग्रामीणों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और मंदिर निर्माण में यथासंभव सहयोग की घोषणा की।



महिला समिति की भूमिका सराहनीय- कार्यक्रम में महिला समिति की अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण ने संत श्री राम बालक दास जी की आरती उतारी और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महिला समिति की सदस्याओं में थनवारीन श्रीमती उषा चंद्राकर, धनेश्वरी चंद्राकर, रेवती चंद्राकर, रोहिणी चंद्राकर, श्रीमती जामवंती यदु, श्रीमती तारिणी चंद्राकर, महासमुंद की श्रीमती लता साहू, गीताबाई, और अन्य ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में लोहर सिंह, लवकुश चंद्राकर, श्रीमती गौरी चंद्राकर, कुथरेल के अनुराग चंद्राकर, अनुपम चंद्राकर, खिलावन चंद्राकर, सियाराम चंद्राकर, मोहित चंद्राकर, यशवंत आडिल, करगा के साथ अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे ।संत श्री राम बालक दास जी ने अपने प्रवचनों में ग्रामीणों को मंदिर निर्माण के महत्व से अवगत कराया और इस पवित्र कार्य में अधिक से अधिक जनभागीदारी की अपील की। कार्यक्रम का संचालन नरसी चंद्राकर (तर्रा) ने कुशलतापूर्वक किया। अंत में सभी ग्रामीणों ने संत श्री राम बालक दास जी का आशीर्वाद प्राप्त कर उनके इस पावन उद्देश्य में सहयोग करने का संकल्प लिया।

# स्वास्थ्य सेवा में लेफ्टिनेंट के पद पर अब बालोद की बेटी देगी सेना के अस्पताल में सेवा, भाजपाइयों ने किया सम्मान

**बालोद,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। बालोद जिले के अंतर्गत बालोद विकासखंड के ग्राम जमरूवा में पली बढ़ी बेटी कुमारी वीणा साहू अब लेफ्टिनेंट के पद पर सेना के अस्पताल में अपनी सेवा देगी। माता पिता के सपनो को पूरा करने वाली कुमारी वीणा साहू का भाजपा बालोद मंडल के कार्यकर्ताओं ने आज उनके निवास में जाकर सम्मान किया। इस अवसर पर अपने सम्मान से अभिभूत होकर वीणा साहू ने बताया कि उनकी प्राथमिक शिक्षा ग्राम हतौद के सरस्वती शिशु मंदिर से दसवीं तक पढ़ाई की देश सेवा का जज्बा बचपन से था उन्होंने नर्सिंग की पढ़ाई दुर्ग शंकराचाय कालेज से की और सेना के अस्पताल में उनका चयन हुआ और लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुई वर्तमान में उनकी तैनाती हरियाणा के अम्बाला में कार्यरत है। उन्होंने बताया कि उनकी बड़ी बहन कुमारी हुलसी साहू एवं छोटी बहन कुमारी लीना साहू भी सेना में जाने हर स्तर पर तैयारी में लगी हुई है। पांच बहनों और एक भाइयों में दूसरे नंबर की वीणा साहू के इस गौरवशाली सेवा पर भाजपाईयो ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके निवास में जाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद कमलेश सोनी मंडल, अध्यक्ष अमित चोपड़ा, पार्षद राजू पटेल, पूर्व पार्षद दीपक देवांगन, रविप्रकाश पांडेय, पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन, पंकज आहूजा, अजय बाफना, चिंताराम साहू, एवन साहू कमल बजाज आदि उपस्थित थे।



# ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

**थानखम्हरिया,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार दो लोगों की मौत थानखम्हरिया। थानखम्हरिया थाना क्षेत्र के ग्राम भरमपुरी के पास ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 जनवरी को ग्राम साजन निवासी बलदाऊ लोधी ( 70 वर्ष ) तथा जितेन्द्र गोंड़ ( 19 वर्ष ) धान बेचने के बाद दोपहर में ग्राम दर्री से बाइक से अपने ग्राम साजन जा रहे थे कि रास्ते में ग्राम भरमपुरी के पास मोड़ में ट्रैक्टर से टकरा गये। ट्रैक्टर चालक लल्लू प्रजापति ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी जिससे बाइक में बैठे दोनों लोगों को गंभीर चोटें आयी। गंभीर हालत में इन्हें थानखम्हरिया के सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया गया जहॉ पर डॉ. दोनों को मृत घोषित कर दिया। जितेन्द्र कक्षा 11 वीं का विद्यार्थी था। पुलिस ने प्रार्थी की सूचना पर मर्ग कायम कर लिया है।



# पत्रकार मुकेश चंद्राकार को दी गयी श्रद्धाजली



**परपोडी,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। नगर पंचायत परपोडी के लाल राजेन्द्र सिंह खेल मैदान मे आज शाम को बस्तर के बिजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या हुई है जिस पर आज नगर के पत्रकार एंव गण माम्य नागरिक खेल प्रेमियो के द्वारा उन्हे भावपूर्ण श्रद्धाजंली अर्पित किया गया जिला पंचायत प्रतिनिधि हिरालाल साहु जी , मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा , सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष राजेश दुबे , महामंत्री सतिश जैन , युवा मोर्चा अध्यक्ष भोज सिन्हा , पिछडा वर्ग मडंल अध्यक्ष संतोष वर्मा , किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेंमत कौशल , युवा मोर्चा महामंत्री उमेश सिन्हा, पुर्व एल्डरमेन मदन देवागन , राजकुमार साहु , सद्दाम खान , धन्नजय ताम्रकार , अशोक पाल , तारनदास मानिकपुरी , एंव क्रिकेट कल्ब के समस्त सदस्य गण , बाहर से आये हुवे सदस्य गण सभी ने नम आखो से शहिद पत्रकार मुकेश चंद्राकर को दो मिनट रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के ईश्वर से प्राथना की ।

# इंदिरा आवास के नागरिकों ने घरों में नल का कनेक्शन लगाने के लिए जिलाधीश के नाम सौंपा ज्ञापन



■ पानी भरने में होती है काफी परेशानी

■ जिला बनने के बाद भी नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का नहीं मिल रहा लाभ

**खैरागढ़,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। खैरागढ़ को जिला बने आज 3 वर्ष होने को है। पर भी आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। जैसे पानी सड़क बिजली जैसे महत्वपूर्व चीजों से इंदिरा आवास के नागरिकों को वंचित रखा गया है। 2 जनवरी 2025 को इंदिरा आवास के नागरिकों ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के नाम अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन ने वार्डवासियों ने साफ लिखा है। इंदिरा आवास वार्ड क्रमांक 20 खम्हारिया सिविल के अंतर्गत आता है। वार्डवासियों ने ज्ञापन में लिखा है कि 1 बोर होने के कारण आम नागरिकों को पानी भरने में काफी समस्याओं का सामना करना पढ़ता है। वहीं बोर की दूरी अधिक होने के कारण लोगों को पानी भरने में काफी समस्या उठानी पढ़ती है। इंदिरा आवास के नागरिकों ने कलेक्टर से मांग की है। निवासरत लोगों के मकानों में नल का कनेक्शन जल्द से जल्द दिया जाए जिससे इंदिरा आवास के नागरिकों को समस्याओं का सामना करना ना पड़े जिला प्रशासन इन गंभीर विषयों पर क्या एक्शन लेता है कि नहीं देखने योग्य होगा इस दौरान विमल बोरकर, राज श्री यादव, साधना बोरकर, सीमा देवांगन, प्रियंका सोनी, रेणुका सोनी, मंगल रजक सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

# 12 लाख नगद, 92 ब्लैंक चेक, 12 मोटरसाइकिलें, 1 कार और 1 ट्रैक्टर जब्त, सूदखोर भागवत साहू गिरफ्तार

**कवर्धा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। कबीरधाम पुलिस ने सूदखोरी के कुचक्र में फंसे पीड़ितों को न्याय दिलाने और समाज से इस कुप्रथा को समाप्त करने की दिशा में सशक्त कार्रवाई की है। पुलिस ने सूदखोरी के मामलों में संलिप्त एक आरोपी भागवत साहू, पिता गोवर्धन साहू, निवासी मजगांव थाना कवर्धा को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में आरोपी की संपत्तियों और अवैध दस्तावेजों को जब्त कर सूदखोरी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया गया।



भागवत साहू वर्षों से पीड़ितों को मोटे ब्याज पर कर्ज देकर उनके साथ आर्थिक शोषण करता था। कर्ज न चुकाने पर वह पीड़ितों की मोटरसाइकिल, कार, ट्रैक्टर, और अन्य कीमती संपत्तियां जबरन गिरवी रखवाकर उनका विक्रय इकरारनामा करवा लेता था इस प्रकार से उन्हें मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित करता था। उसकी गतिविधियों से दर्जनों परिवार बर्बादी के कगार पर पहुंच चुके थे।

जप्त सामग्री: सूदखोरी के रैकेट को ध्वस्त करते हुए पुलिस ने निम्नलिखित सामग्री जब्त की 12 लाख नगद, 92 ब्लैंक चेक (पीड़ितों के हस्ताक्षरित), 12 मोटरसाइकिलें,1 कार, 1 ट्रैक्टर (ट्राली सहित) गाड़ियों के पंजीयन दस्तावेज और अन्य संपत्ति कागजात अपराध क्रमांक- 03/2025 धारा 308(2) बीएनएस एवं धारा 4 छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 04/2025धारा 308(2) बीएनएस एवं धारा 4 छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनियम।

# सडक सुरक्षा माह के चौथे दिन 75 ई रिक्शा चालको को यूनिक आईडी नंबर का किया वितरण

**खैरागढ़,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के परिपत्र के माध्यम से एसपी त्रिलोक बंसल के निर्देश एवं एएसपी नितेश कुमार गौतम के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी लालचंद मोहले खैरागढ़ व यातायात प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह के नेतृत्व में आम नागरिको को सडक सुरक्षा की गंभीरता और चुनौती के बारे में जागरूक करने के लिए सडक सुरक्षा 35वा माह 2025 का आयोजन 1जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक यातायात पुलिस केसीजी के द्वारा किया जा रहा है। सडक सुरक्षा माह के चौथे दिन यातायात पुलिस केसीजी के द्वारा फतेह सिंह मैदान में 75 ई रिक्शा चालको को युनिक आईडी (गोल नंबर) वितरण कर अतिरिक्त पहिया (स्टेपनी) फ्लैक्स लगाया सर्वप्रथम शिविर में आए ई रिक्शा चालको का रजिस्ट्रेशन कर वाहन के संपूर्ण कागजात लायसेंस चेक कर आईडी नंबर वितरण किया गया निरीक्षक शक्ति सिंह प्रभारी यातायात खैरागढ़ द्वारा सभी ई रिक्शा चालको को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए निर्देश दिये कि वाहन चलाते समय शराब का सेवन कदापि न करे, रात्रि के समय हेडलाईट चालू कर वाहन चलाये, नाबालिक को वाहन चलाने न दे, वर्दीधारण कर वाहन चलाये, सवारी उतारने चढाने के समय बीच सडक पर वाहन न रोकने की समझाईश दी गई। वाहन ओवरटेक करते समय हमें किन बातो का ध्यान रखना चाहिए जिससे हम सडक दुर्घटना से बच सके एवं यूनिक कोड़ वितरण से ई रिक्शा चालकों, नेक चालकों की आसानी से पहचान की जा सकेगी एक माह के इस आयोजन में जिला केसीजी मे व्यापक स्तर पर नित नए आयोजन कर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा



■ यातायात विभाग द्वारा लोगो को दी जा रही समझाइश

# भाजपा नेता श्याम जायसवाल बीएसपी महाप्रबंधक को 20 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

■ नागरिकों के हित में बीएसपी सदैव कार्य करने में रहता तत्पर: महाप्रबंधक

**दल्लीराजहरा,**4 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा युवा नेता श्याम जायसवाल ने माइंस ऑफिस में मुलाकात कर बीएसपी मुख्य महाप्रबंधक आर. बी गहरवार को 20 सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर दल्लीराजहरा की जनता को हो रही परेशानियों का हवाला देकर तत्काल सभी मांग को पूरा करने का आग्रह किया है। जिस पर मुख्य महाप्रबंधक गहरवार ने कहा कि दल्लीराजहरा के नागरिकों को हित में बीएसपी सदैव कार्य करने को तत्पर रहता है। और आपके मांग पत्र पर शीघ्र फैसला करके उचित कदम उठाएंगे। नागरिकों सभी जरूरी सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। युवा नेता श्याम जायसवाल ने 20 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। वह इस प्रकार है। 1. नगर के टाउनशिप सहित नगर के समस्त बीएसपी रोड जर्जर हो चुके हैं। इनके डामरीकरण शिघ्र किया जाये। 2. टाउनशिप में सभी जर्जर बिल्डिंग को तोड़ पुनः निर्माण किया जाये। 3. टाउनशिप में हर स्ट्रीट व सड़क किनारे अत्यधिक गाजर घास उग आये है। इनको शीघ्र साफ किया जाये। 4. टाउनशिप के हर रोड पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हेतु हाईमास्क लाइट लगाया जाये। 5. बीएसपी चाटर में 8 घण्टे में पानी देने तीनो शिफ्ट में व्यवस्था कराया जाये। 6. टाउनशिप के अंदर सभी नालियों की हर 15 दिन में पूर्ण सफाई की व्यवस्था बनाई जाये। 7. कैम्प एरिया के बीएसपी सड़कों का डामरीकरण किया जाये। 8. सिंगल चाटर जो 3हस्त्र पार्टी को दिया गया हैं। उसका भी मरम्मत कराया जाये। 9.बीएसपी चाटर 3हस्त्र पार्टी को देने के नियम को सरल कर लिए जाने वाले डिपॉजिट की राशि 1 लाख किया जाये।10.बीएसपी के समस्त कॉम्लेक्स को वर्तमान मालिकों के नाम पर ट्रांसफर किया जाये। 11 . सप्तगिरी पार्क के अंदर सभी जगह सीसी टीवी कैमरे लगाये जाये। 12. सप्तगिरी पार्क के अंदर के ही सी सड़क जर्जर हो चुके है। उसके स्थान पर पेवर ब्लॉक लगाया जाये। 13. सप्तगिरी पार्क के अंदर योग व प्रयाण के लिये बने चबूतरे की मरमत किया जाये। 14. सप्तगिरि पार्क के अंदर पर्याप्त लाईट हर जगह लगाया जाये। 15. सप्तगिरी पार्क के अंदर गाजर घास की कटाई करवाया जाये। 16. सप्तगिरी पार्क के अंदर खरगोश , कबूतर , मुर्गो आदि के व्यवस्थित तरीके से रख उन्हें जनता को दिखने के लिये सामने जाली के जगह काँच के ग्लास लगाये जाये। 17. सप्तगिरी पार्क की साफ सफाई व देखरेख हेतु कम से कम 20 कर्मचारियों की नियुक्ति 2 शिफ्ट में किया जाये। 18. सप्तगिरी पार्क के अंदर कम से कम तीन स्थानों पर शौचालय की व्यवस्था की जाये। 19. सप्तगिरी पार्क के अंदर ओपन जिम का निर्माण किया जाये। 20. सप्तगिरी पार्क के अंदर बने तालाब को गहरीकरण कर नौका विहार पुनः शुरू किया जाये।



# नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के लिए मतपत्रों के मुद्रण के लिए निविदाएं आमंत्रित

**खैरागढ़,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में वर्ष 2024-25 में होने वाले नगरीय निकायों (नगर पालिका) और पंचायत चुनावों के लिए मतपत्रों के मुद्रण के लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई है। इसके लिए निविदा फार्म जिसका मूल्य 100 रुपए है, कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में शुक्रवार 10 जनवरी 2025 को दोपहर 3 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन दोपहर 4 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निविदाएँ, कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई निर्धारित प्रारूप में ही स्वीकार की जाएगी जो पूर्णतः भरा हुआ हो तथा आवश्यक दस्तावेज एवं दर पृथक-पृथक लिफाफो में रखा गया हो। मुद्रण के लिए कागज भी कलेक्टर कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा निविदाएं से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# अभाविप के खुले अधिवेशन में गरजे छात्र

## शिक्षा मंत्री की मांग के साथ महिला सुरक्षा, जनजाति गौरव, छात्र संघ चुनाव, भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाए




**राजनांदगांव**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की 57वा प्रदेश अधिवेशन के दूसरे दिन नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिस स्थान पर शोभायात्रा का समापन हुआ उसे स्थान पर अधिवेशन के प्रक्रिया के निमित्त खुला अधिवेशन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर से पधारे छात्र नेताओं ने कुछ गंभीर विषयों पर भाषण दिया।

खुला अधिवेशन की मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्रीय छात्रा प्रमुख वसुंधरा सिंह ने कहा कि यह वर्ष देवी अहिल्याबाई होल्कर को स्मरण करने वाला वर्ष है। लक्ष्मीबाई केलकर, सावित्रीबाई फुले जैसे वीरांगनाओं को भूलाया नहीं जा सकता, उनका स्मरण करके ही उनका असली श्रद्धांजलि दी जा सकती है। जब पूरा देश मासिक धर्म के बारे में चर्चा करने से बचता था उसे समय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रितु मध्य अभियान के माध्यम से चर्चा प्रारंभ किया उसके समाधान के दिशा में कार्य करना प्रारंभ किया। संदेश खली की घटना, कोलकाता के मेडिकल कॉलेज के बलात्कार की घटना के बाद अभाविप ने बंगाल के अंदर मिशन साहसी चलाने का कार्य प्रारंभ किया है। लव जिहाद से लेकर समाज की बुराइयों के खिलाफ लड़ते-लड़ते छात्रों के बीच लगातार काम करता है।

अभाविप के प्रदेश मंत्री श्री यज्ञदत्त वर्मा ने कहा शिक्षा को अनाथ अगर किसी ने बनाया तो वर्तमान प्रदेश सरकार ने बनाया है, पिछले 6 महीना से एक शिक्षा मंत्री तक प्रदेश की सरकार ने नियुक्त नहीं किया है। आज शिक्षा मंत्री के लिए पूरा प्रदेश तरस रहा है। पीएससी घोटाला के खिलाफ अभाविप ने सरकार को घेरा, टामन सिंह सोनवानी के साथ सभी आरोपी आज गिरफ्तार हैं। पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार की फर्जी डिग्री के आरोप पर अभाविप हटा करके रहेगी शिक्षा जगत को नहीं बचाया तो छत्तीसगढ़ के युवा बर्बाद हो जाएंगे। गुरु घासीदास केंद्र विश्वविद्यालय को विश्व को हटाना पड़ेगा यह संकल्प अभाविप ने लिया है।

प्रदेश सह मंत्री अनंत सोनी ने कहां की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लाठी डंडों वाला नहीं भारत माता की जय करने वाला संगठन है। छात्र संघ चुनाव से सरकार डरती है चुनाव होगा तो सरकार की पोल खुल जाएगा। क्या विधानसभा लोकसभा में के चुनाव के दौरान अराजकता नहीं फैलती जो छात्र संघ चुनाव के दौरान फैलती है।

गुरुघासी दास केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष आराध्य तिवारी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अपना प्रदेश नया आयाम गढ़ रहा है, केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति को भ्रष्टाचार के इनाम से नवाजा जाना चाहिए, जन भागीदारी शुल्क को भी खाने का काम इस प्रदेश में चल रहा है। पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार की फर्जी डिग्री हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी के कुलपति को भ्रष्टाचार की वजह से हटाया जाना इस चीज का प्रमाण है कि प्रदेश के शैक्षणिक जगत में बहुत भारी भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शैलेश ध्रुव ने कहा कि जनजाति समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है बिरसा मुंडा की कहानी सुनकर हम युवा ऊर्जा से भर जाते हैं। पहले स्वतंत्रता सेनानी वीर नारायण सिंह का बलिदान को भूलाया नहीं जा सकता।

तिल्दा जिला के जिला संयोजक अंजलि गिरी गोस्वामी ने महिला सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए यह कहा कि महिला सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की हर जगह पहुंचे यह संभव नहीं है, समाज की मानसिकता को बदलना पड़ेगा और यह समाज की मानसिकता का ही विषय है हमें अपने बेटियों को हर गुण सीखने के साथ-साथ आत्मसुरक्षा के गुण में सीखने पड़ेंगे। सभी क्षेत्र में महिलाएं आगे हैं उसके बाद भी अगर ऐसी घटनाएं हो रही है तो यह चिंता नहीं है ऐसी घटनाओं को आखिर रोकेगा कौन।

रायपुर महानगर के मंत्री प्रथम फूटाने ने कहा कि यह वह भारत है जो पूरे विश्व को शून्य देने का कार्य किया, यह वह भारत है जो पूरे विश्व को आयुर्वेद की शक्ति का स्मरण कराया। भारत की अर्थव्यवस्था आज पूरे विश्व पर पांचवी स्थान पर है जो कि अपने आप में अतुलनीय है। इतिहास से सीखते हुए भविष्य का निर्माण करने वाला है भारत निश्चित रूप से विश्व गुरु भारत बनेगा।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिले विवेक मोनू भंडारी



**डोंगरगढ़**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। जिलस्तु एसोसिएशन ऑफ राजनांदगांव खेल संघ के जिलाध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा जी से मुलाकात कर बधाई दी। साथ राजनांदगांव सहित डोंगरगढ़ में खेल की संभावनाओ को देखते हुए चर्चा के दौरान खिलाड़ियों को लगातार होने वाली परेशानियों से रुबरु कराया साथ ही डोंगरगढ़ शहर में जिलस्तु इंडोर स्टेडियम व हाल की मांग की जिससे प्रतिभावान खिलाड़ियों को लगातार अपने अभ्यास में होने वाली दिक्कतों से छुटकारा मिल पाएगा और निःचित ही डोंगरगढ़ सहित आसपास के खिलाड़ियों द्वारा देश दुनिया में राजनांदगांव जिले सहित छत्तीसगढ़ का नाम रौशन हो पायेगा। श्री भंडारी ने आगे अपनी बात रखते हुए आगे कहाँ की खिलाड़ियों की प्रदेश में भाजपा की सरकार आने पर जो सुविधाओं में इजाफा हुआ है,खेल अलंकरण की फिर से शुरुआत हो सकी है जिससे खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है जिस पर प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा जल्द ही निर्णय लेने की बात कही गई। साथ ही उपस्थित भाजपा नेता योगेश सत्री अग्रवाल द्वारा उपमुख्यमंत्री को माँ बम्लेश्वरी देवी जी की चुनरी भेट कर माता जी का फोटो प्रदान किया गया और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जी को जल्द ही डोंगरगढ़ पधारने व प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त कर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक आसानी तक पहुँचाए जाने की बात कही।

## मक्काटोला में आज मानस सम्मेलन कल मंडई मेला का आयोजन

**डोंगरगढ़**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। जय मां कारीपाठ मानस महोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में आज 05 जनवरी रविवार को मानस सम्मेलन एवं 6 जनवरी दिन सोमवार को मंडई मेला का कार्यक्रम ग्राम पंचायत मक्काटोला में रखा गया है। जिसमें मंडई के उपलक्ष में रात्रि में सांस्कृतिक लोक कला मंच धरोहर महादेव हिरवानी का कार्यक्रम होना है। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने कार्यक्रम में उपस्थित होने क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है। रामायण का सभी कार्यक्रम यूट्यूब चैनल श्रद्धा भक्ति के माध्यम से लाइव प्रसारण किया जाएगा।

## आम निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

**खैरागढ़**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार नगर पालिकाओं और त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के नगर पंचयात छुईखदान व गंडई के 30 वार्डों और जनपद पंचायत खैरागढ़ व छुईखदान के 221 ग्राम पंचायतों में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर लिया गया है। प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार नगर पंचायत छुईखदान और गंडई के 30 वार्डों में कुल 15888 मतदाता हैं जिसमें 7660 पुरुष व 8228 महिला शामिल है। नगर पंचायत छुईखदान के 15 वार्ड में कुल 5790 है जिसमें 2747 पुरुष व 3043 महिला है। इसी तरह नगर पंचायत गंडई के 15 वार्डों में कुल 10098 मतदाता हैं जिसमें 4913 पुरुष व 5185 महिला मतदाता शामिल है। इसके अलावा जिले के जनपद पंचायत खैरागढ़ और छुईखदान के 221 ग्राम पंचायतों में प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशन के बाद कुल 260306 मतदाता हैं जिसमें 131154 पुरुष व 129152 महिला शामिल है। जनपद पंचायत खैरागढ़ की बात की जाए तो 114 ग्राम पंचायतों में कुल 137095 मतदाता है जिसमें 69456 पुरुष व 67639 महिला शामिल है। इसी तरह जनपद पंचायत छुईखदान की बात की जाए तो 107 ग्राम पंचायतों में कुल 123211 मतदाता है जिसमें 61698 पुरुष व 61513 महिला शामिल है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 31 दिसंबर को किया गया। इसी तरह निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराना, दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी 2025 सोमवार 3 बजे तक, दावे/आपत्तियों का निपटारा 9 जनवरी 2025 गुरुवार को किया जाएगा। नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी तय की गई है। ऐसे युवा मतदाता जिन्होंने 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, वह भी मतदाता बनने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर सकेंगे।

# कलेक्टर ने ली प्राचार्यों की मैराथन बैठक

- जिले में बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर करने एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर एवं सकारात्मक करने के लिए की गई गहन चर्चा
- कक्षा के माहौल को बेहतर करने एवं बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने के दिए निर्देश
- राज्य के लोक शिक्षण संचालनालय से आए अधिकारियों की रही सहभागिता जिले द्वारा बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए बनाये गये प्रश्न बैंक का किया वितरण




**राजनांदगांव**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। जिले में बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर करने एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर एवं सकारात्मक करने के लिए आज कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में डॉ .बलदेव प्रसाद मिश्र हायर सेकेंडरी स्कूल बसंतपुर में जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में राज्य के लोक शिक्षण संचालनालय के अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे तथा संयुक्त संचालक श्री आरएल ठाकुर तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों में सहायक संचालक, जिला परियोजना अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, सहायक कार्यक्रम समन्वयक की उपस्थिति में आज इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से बात की गई। बैठक में जिले में विभागीय कार्य को त्वरित गति एवं तत्परता से करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने अपने अनुभव से कक्षा के माहौल को बेहतर करने एवं शिक्षकों के मध्य आपसी सामंजस्य बढ़ाने, बच्चों को समान रूप से अवसर देने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर और बेहतर तरीके से करने का निर्देश दिए। उन्होंने प्राचार्यों से उनके अनुभव सुने तथा परीक्षा परिणाम को बेहतर करने के लिए उनके सुझाव जाने। उन्होंने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए प्राचार्यों को निर्देश दिए। इस दौरान जिले के विभिन्न प्राचार्यों के द्वारा अपने अनुभव एवं बातें साझा की गई। इस अवसर पर जिले द्वारा बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए बनाये गये प्रश्न बैंक का वितरण किया गया। सभी से यह उम्मीद की गई कि इन प्रश्न बैंकों के माध्यम से पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों को मदद मिलेगी और इसका बेहतर लाभ मिलेगा। ज्यादा से ज्यादा बच्चों का परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके इसके लिए सुझाव दिए गए।

लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के अपर संचालक डॉ. योगेश शिवहरे ने कहा कि हमारे प्रयास और मानसिकता बच्चों की परीक्षा के लिए परिणाममूलक होना चाहिए। हमकों सब के सहयोग और टीम भावना के साथ स्कूल में काम करने की आवश्यकता है। जिससे परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके एवं बच्चे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अच्छा स्थान प्राप्त कर सकें। साथ ही उन्होंने जिले में किये जा रहे परीक्षा परिणाम को बेहतर करने के लिए प्रश्न बैंक निर्माण एवं कोचिंग संचालन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासो से जिले के बच्चों को बेहतर एवं अच्छा लाभ मिल सकेगा। संयुक्त संचालक दुर्ग श्री आरएल ठाकुर ने विस्तार से मूलभूत जानकारी के साथ जमीनी स्तर पर जाकर दिक्कतों को दूर करते हुए पढ़ाई का माहौल बेहतर करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल में वातावरण पढ़ाई के प्रति बेहतर होना चाहिए। स्कूल से पालकों को जोड़ने की आवश्यकता है। बच्चों की तैयारी के लिए बच्चों की लगातार उपस्थिति बेहतर रहे, जिससे सभी बच्चों को जिले की कार्ययोजना का परीक्षा परिणाम को बेहतर करने का लाभ मिल सके।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर विस्तार से सभी प्राचार्य से चर्चा की। उन्होंने सभी प्राचार्य से जिले स्तर पर किए जा रहे हैं तैयारियों को बेहतर करने के लिए कहा। उन्होंने जिले एवं विकासखंड में आयोजित किए जाने वाले बोर्ड परीक्षा हेतु कोचिंग, परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न बैंक का निर्माण एवं शासन की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों जिसमें अपार आईडी का निर्माण, जाति प्रमाण पत्र, तथा परीक्षा पर चर्चा एवं विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर बात की। उन्होंने सभी से कार्य को त्वरित एवं पूर्ण मनोयोग से करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहरे, सहायक संचालक श्रीमती संगीता राव, श्रीमती रश्मि सिंह, सहायक संचालक श्री आदित्य खरे द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया और विभाग की योजनाओं की जानकारी के माध्यम से जिले की स्थिति को बेहतर किए जाने का सभी से आग्रह किया गया।

## बुद्ध विहार में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनी



**कुम्हारी**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा शाखा कुम्हारी के तत्वावधान में पंचशील बुद्ध विहार शिवनगर कुम्हारी में क्रांति-ज्योति एवं भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम उपासिका सावित्री बाई सहारे के नेतृत्व में बुद्धवंदना व पंचशील ग्रहण की गई। उपस्थित महिलाओं ने सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी की अध्यक्ष प्रेमलता डोंगरे ने कहा-ज्सावित्री बाई फूले एक महान समाज सुधारक और भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर बालिकाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना। उस समय दलित महिलाओं और बालिकाओं को विद्यालय में पढ़ाने का प्रचलन नहीं था। कुछ लोगों ने दलित बालिकाओं को पढ़ाने का विरोध किया। उनकी साड़ी पर गोबर फेंका गया। धमकी दी गई। लेकिन उन्होंने बालिकाओं को पढ़ाना जारी रखा। इस तरह आधुनिक भारत में दलित बालिकाओं को शिक्षित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

उपासिका दुर्गा वाहने ने सावित्रीबाई फुले का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया। सावित्रीबाई फुले की जयंती में महासभा के पदाधिकारीगण, सदस्यगण महिलाएं शामिल थी। सचिव अत्रु शिवनकर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## मिट्टी तेल डालकर माचिस से आग लगाकर हत्या करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। प्रार्थी चैतराम सेन उम्र 43 साल साकिन बैजलपुर हाल पता कोबिया बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 31/12/2024 के सुबह करीबन 05.30 बजे चचेरा भाई ने इसे फोन करके बताया कि आपके पिता द्वारिका जले हुए हालत में गंभीर अवस्था में आंगन में पड़ा है, कि सूचना मिलने पर अपने गांव बैजलपुर जाकर देखा तो पिताजी घर आंगन में जले हुए हालत में कराहते हुए पड़ा था तब 108 एम्बुलेंस वाहन को बुलाये, उसके बाद पिताजी से घटना के बारे में पूछा तो पिताजी ने बताया कि रोशन साहू बहू के साथ बातचीत एवं हमेशा हमारे घर आना जाना करता है जिसे मना करने के बाद भी दिनांक 30/12/2024 के रात्रि करीबन 09.00 बजे हमारे घर आया था जिसे हमारे घर से निकलते हुए देखने पर वह बहू से पूछा कि मना करने के बाद भी रोशन साहू हमारे घर क्यों आया था। इसी बात पर से बहू के साथ वाद विवाद हुए हैं जिससे बहू अपनी मां एवं भाई को बैजलपुर बुलाकर अपने लड़का को साथ लेकर अपने मायके चली गयी है। तुम्हारी मां एक सप्ताह पूर्व से अपनी बहन के घर गयी है। रात में अकेला घर में सोया था, तब रात्रि करीबन 01.00 बजे पेशाब करने के लिए उठकर घर के आंगन में बने बाथरूम में जा रहा था, घर के आंगन में लाईट जल रहा था। तब वह देखा कि घर के आंगन परछी में गांव के रोशन साहू छुपकर बैठा था जो मुझे देखकर प्लास्टिक डिब्बा में रखे मिट्टी तेल को मेरे ऊपर डालकर माचिस से जलाकर भाग गया, बताने पर मुझे घटना की जानकारी हुआ तब वह अपने पिताजी द्वारिका सेन को 108 एम्बुलेंस के आने पर ईलाज के लिए अपने परिजनों के साथ जिला अस्पताल बेमेतरा लेकर आया। मेरे पिताजी आग से बहुत अधिक जल जाने के कारण डाक्टर साहब द्वारा तत्काल रिफर करने पर 108 एम्बुलेंस से अस्पताल रायपुर ले जाकर ईलाज के लिए भर्ती किये थे कि दिनांक 01/01/2025 के रात्रि करीबन 01.00 बजे ईलाज के दौरान पिता द्वारिका सेन की मृत्यु हो गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू एवं थाना स्टॉफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

## सी.सी.रोड के भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल हुई शामिल



**डोंगरगढ़**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। विधानसभा के ग्राम पंचायत उर्ईबवरी में सी.सी.रोड के भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल सम्मिलित हुई। भूमि पूजन में उपस्थित समस्त ग्रामीणों में बहुत ही खुसी का माहौल बना हुआ है। विधायक ने कहा कि मुझे बहुत अच्छे से याद है कि आप सभी ने मुझे इस रोड की मांग पिछले मंच में मांग रखे थे जिसका भूमि पूजन किये है। यह विकास कार्य ये अकेले मेरा या सरपँच का नही है ये हमारे समस्त ग्रामीण पंच सरपँच सभी के मेहनत और लगन से संभव हो पाया है। उक्त कार्यक्रम में गोपाल साहू, सरपँच उर्ईबवरी, मुकेश नाथ योगी ,गोविंद धुर्वे ,समयलाल धुर्वे ,तोपसिंग वर्मा ,यादव गंधर्व ,सविता बाई एवं समस्त कार्यकर्ता और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## द एसोसियेशन आफ वी क्लब्स आफ इंडिया की अधिकारिक यात्रा

**डोंगरगढ़**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। समाजसेवी संस्था द एसोसियेशन आफ वी क्लब्स आफ इंडिया के अंतर्गत डोंगरगढ़ नगर की समाजसेवी संस्था वी क्लब्स माँ बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ की अधिकारिक यात्रा दिनाँक 5 जनवरी 2025 को डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारियों के आतिथ्य मे संपन्न होने जा रही है। जिसमे मुख्य अतिथि वी क्लब डिस्ट्रिक्ट 323 ब्3 की डि.प्रे वी अनिता फरमानिया जी एवं एरिया 2 से एरिया आफिसर वी अलका अग्रवाल रहेंगी साथ मे विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट 323ब्3 की चार्टर फाउंडर प्रेसीडेंट वी अनिता अग्रवाल ,डि. कैबिनेट सचिव सेवागतिविधि वी माधुरी पंडा एवं डि सह पी आर ओ वी सरोज अग्रवाल की उपस्थिति आयोजन को गौरव प्रदान करेगी। आयोजक वी क्लब माँ बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ की अध्यक्ष वी उषाकिरण शाह एवं उनकी टीम रहेंगी।

## त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारियों यथास्थिति पंच/सरपंच/ जनपद पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के सदस्यों के पदों हेतु आरक्षण समय सारणी

**बेमेतरा**, 4 जनवरी (देशबन्धु) ।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रणबीर शर्मा ने त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारियों यथास्थिति पंच/सरपंच/ जनपद पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के सदस्यों के पदों हेतु आरक्षण कि कार्यवाही करने समय-सारणी के संबंध में निर्देशित किया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 हेतु छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्यों, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के सदस्यों का प्रवर्गवार आरक्षण किया जाना है। ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्यों, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के सदस्यों पदो के आरक्षण की कार्यवाही हेतु आम सूचना आपको उपलब्ध करायी गई है 7

इसी क्रम मे जिला पंचायत के सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/आरक्षण संबंधी कार्यवाही जिला पंचायत सभाकक्ष मे 09 जनवरी 2025 दिन गुरुवार को दोपहर 12.30 बजे से किया जायेगा 7

इसी प्रकार जिले के जनपद पंचायत के अध्यक्ष पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/आरक्षण संबंधी कार्यवाही जिला पंचायत सभाकक्ष बेमेतरा मे 09 जनवरी 2025 दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा 7

इसी प्रकार ग्राम पंचायत के पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/आरक्षण संबंधी कार्यवाही जनपद पंचायत सभाकक्ष बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा मे दिनांक 09 जनवरी 2025 दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा 7

जिले के जनपद पंचायत के सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/आरक्षण संबंधी कार्यवाही जनपद पंचायत सभाकक्ष बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा मे दिनांक 08 जनवरी 2025 दिन बुधवार को दोपहर 2 बजे से किया जायेगा 7

जिले के ग्राम पंचायत के सरपंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/आरक्षण संबंधी कार्यवाही जनपद पंचायत सभाकक्ष बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा मे दिनांक 8 जनवरी 2025 दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा 7

उल्टा पुल्टा

रोहन के घर की घंटी बजी तो उसकी पत्नी ने दरवाजा खोला. दरवाजे पर एक सेल्समैन था. सेल्समैन- 'पत्नी को बेवकूफ बनाने के 101 बहाने' ये किताब ले लीजिए. आपके बहुत काम आएगी.
रोहन की पत्नी- क्या मतलब? ये मेरे किस काम की भला?
सेल्समैन- दरअसल, इसकी एक कॉपी कल आपके पति ने खरीदी थी.

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

**नवापारा-राजिम,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ, उसका पैर फैक्चर हुआ है। बताया जा रहा है कि धान से लदे ट्रक ने बाइक सवार

**एक घायल, गुस्साए लोगों ने किया हंगामा**

युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर स्थिति तनाव पूर्ण हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शांत कराया। धटना नवापारा क्षेत्र के ग्राम नवागांव (ल) की है। मिली जानकारी अनुसार बीती रात्रि करीब 9 बजे तेज रफ्तार बाइक सवार को धान से भरे ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना इतना जबरदस्त था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों में चालक



की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि ग्राम जौंदी के रहने वाला दीनबंधु पिता गैंदराम साहू (25 वर्ष) अपने दोस्त शेखर पिता परमेश्वर साहू (25 वर्ष) के साथ किसी काम से नवापारा आए थे। रात करीब 9 बजे दोनों घर जौंदी लौट रहे थे। नवागांव के पास पहुंचे थे कि धान से लोड ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दीनबंधु साहू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शेखर साहू का पैर फैक्चर हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वहीं नवापारा थाना प्रभारी जितेंद्र एसैय्या भी घटना स्थल पहुंचे। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को समझाइस देकर शांत कराया।

**आरोपी चालक गिरफ्तार**

थाना प्रभारी जितेंद्र एसैय्या ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है। वहीं एक युवक घायल हुआ है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# राइस मिलरों ने अपनी मांगों की स्वीकृति पर छग सरकार के प्रति जताया आभार

**बलौदाबाजार,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश राइस मिलर समन्वय समिति की मांग को प्रदेश शासन के मुखिया विष्णु देव साय की केबिनेट ने स्वीकृति प्रदान करने पर पूरे छत्तीसगढ़ के राइस मिलरों में खुशी व उत्साह का वातावरण



बन गया है। ज्ञात हो कि मिलर का खरीफ वर्ष 22-23 की द्वितीय प्रोत्साहन राशि व एस एल सी से परिवहन राशी मिलर को प्रदाय के लिए मिलर की समन्वय समिति ने शासन के समक्ष अपनी मांग रखी थी। जिस पर मंत्रीमंडल ने स्वीकृति प्रदान कर मिलर को आर्थिक हताशा व निराशा से निकाल कर उत्साह का संचार पैदा कर दिया।

**नगर में आतिशबाजी कर मनाई खुशी**

मिलरों ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव, विजय शर्मा, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व सभी केबिनेट मंत्रीयों सहित राइस मिलर के हितार्थ निर्मित प्रदेश राइस मिलर समन्वय समिति के सभी सदस्यों का ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित किया किया है। इस अवसर पर संजू पटेल के नेतृत्व में मिलरों ने बलौदाबाजार के मुख्य चौराहे पर बेहतरीन आतिशबाजी कर व आमजनों को मिठाई वितरण कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित व्यवसाई व राइस मिलर संजय पटेल (संजू), देवेन्द्र भृगु, नरेश भट्टर, सपन केसरवानी, तरुण केसरवानी, अतुल सोलंकी, राजेश केड़िया, दिनदयाल अग्रवाल, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# विधायक-कलेक्टर ने सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों का लिया जायजा

**महासमुंद,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार 6 जनवरी को महासमुंद में प्रस्तावित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में आएंगे। इस संबंध में शनिवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा महासमुंद मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। इसके साथ ही हेलीपैड पर की जा रही तैयारियों का भी निरीक्षण किया। विधायक श्री सिन्हा ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियां का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मंच व्यवस्था के साथ विशिष्ट व्यक्तियों और गणमान्य नागरिकों प्रवेश द्वार और निकासी द्वार की जगह का भी अवलोकन किया। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था के लिए भी दिशा.निर्देश दिए। अन्य आवश्यक तैयारी करने के निर्देश सभी विभागों को दिए गए। इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष पवन पटेल, स्थानीय जनप्रतिनिधि और जिला पंचायत सीइओ एस आलोक मौजूद रहे।



# पूर्व विधायक चोपड़ा ने पीड़ित किसानों की बात सुनी

**महासमुंद,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा और साथियों द्वारा शुक्रवार सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय परिसर में राजस्व विभाग के छोटे बड़े प्रकरणों के समस्याओं से पीड़ित लोगों और किसानों की बात सुनी। डॉ चोपड़ा ने लोगों के प्रकरणों को अवलोकन करने के पश्चात् एसडीएम और तहसीलदार से मिलकर चर्चा करना चाहा परन्तु हमेशा की तरह एसडीएम कार्यालय से नदारद रहे। एसडीएम के अनुपस्थित होने पर कार्यकर्ताओं द्वारा एसडीएम को फोन किया गया पर उन्होंने रिसीव नहीं किया, जिनकी पेशी थी वह अधिकारी के न रहने के कारण भटकते रह गए, जिससे पेशी में आए हुए सभी लोगों का कार्य बाधित हुआ। बता दें कि राजस्व मंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा भी



निर्देश दे दिया है कि लोगों को व्यर्थ घुमाने के बजाय उनके प्रकरणों का निराकरण जल्द से जल्द करें किसी व्यक्ति के शासकीय कार्य को निराकरण करने में उनकी मदद करें। सभी के निर्देशों के बाद भी यह सोचनीय विषय है कि राजस्व विभाग के अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे है। डॉ चोपड़ा ने बताया कि एसडीएम के अनुपस्थित होने के कारण उनसे चर्चा नहीं हो पाई, जिसके बाद तहसीलदार से मिलकर चर्चा की और जल्द से जल्द प्रकरणों के निराकरण के लिए कहा। साथ ही पुराने लंबित प्रकरणों के निराकरण स्थिति की जानकारी ली। जिस पर तहसीलदार ने कहा कि पुराने प्रकरणों में कुछ प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है, और बचें प्रकरणों पर आगे की कार्यवाही की जा रही है। डॉ चोपड़ा ने कहा कलेक्टर द्वारा जल्द से जल्द प्रकरणों के निराकरण का निर्देश दिए जाने के बाद भी अभी तक सभी पुराने लंबित प्रकरणों का निराकरण नहीं किया गया है, मात्र कुछ ही लोगों के प्रकरणों का निराकरण किया गया है जबकि सभी मामलों का निराकरण अभी तक हो जाना चाहिए था परन्तु अब तक मामले लंबित ही पड़े हुए हैं। लोगों ने कहा कि जल्द से हमारे प्रकरणों का निराकरण नहीं किया गया तो मकर संक्रांति के आसपास पैदल यात्रा कर मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री के समक्ष शिकायत की बात कही।

# एशिया का प्रथम स्वचलित सायफन स्पिल-वे मुरूमसिल्ली बांध पर्यटन का केंद्र

**धमतरी,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। मुरूमसिल्ली जलाशय महानदी संकुल (काम्पलेक्स) का यह सबसे पुराना महत्वपूर्ण जलाशय हैं। मुरूमसिल्ली जलाशय महानदी की सहायक नदी सिलियारी नदी पर धमतरी जिला मुख्यालय से 28 किमी. दक्षिण में मुरूमसिल्ली गांव के पास बनाया गया हैं। इस जलाशय में अतिरिक्त जल निकास हेतु अपने आप चलने वाला विशेष एवं अद्वितीय स्पिलवे साइफन सिस्टम का निर्माण किया गया, जो कि उस समय की गहन अध्ययन एवं रूपांकन की सूझ-बूझ दर्शाता हैं।

इस तरह का स्वचालित सायफन स्पिल-वे का निर्माण एशिया का प्रथम निर्माण था। अत: आटोमेटिक स्पिल-वे सायफन का निर्माण एक विशिष्टता लिये



हुये है। जिसको सिविल इंजीनियरिंग की पुस्तक ''ऑटोमेटिक स्पिलवे सायफन ऑफ मुरूमसिल्ली डैम डिजाईन इन टेक्सट बुक इन सिविल इंजीनियरिंग (इरीगेशन इंजीनियरिंग सायफन वियर्स एंड लॉक्स राईटर बाय सर्ज लेलीयाव्स्की) में अध्ययन हेतु उल्लेखित किया गया है।

इस तरह का यह स्पिल-वे भारत वर्ष में अद्वितीय है। सायफन स्पिल-वे का रूपांकन भी उस समय की गहन अध्ययन व सूझ-बूझ दर्शाता है। बांध के बन जाने के साथ विभिन्न सायफन चलाने की व्यवस्था की गयी है। सायफन स्वत: ही चलने लगते है। मुख्य सायफन के साथ-साथ बेवी सायफन लगे हुये है, जैसे-जैसे जल स्तर बांध में बढ़ता है, वृहदस्तर बेवी सायफन चलना प्रारंभ होते हैं। जल स्तर बढ़ने पर बेवी सायफन प्राइमिंग कर देते है व मुख्य सायफन चलने लगते हैं। सन् 1978-79 में महानदी परियोजना अंतर्गत रविशंकर जलाशय के निर्माण के बाद मुरूमसिल्ली जलाशय का पूरक जलाशय के रूप में प्रयोग किया जाने लगा।

# श्री फाउंडेशन ट्रस्ट ने पथरचुवा, फुंडरडीह में निर्माण कार्य हेतु किया भूमिपूजन

**बलौदाबाजार,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। श्री फाउंडेशन ट्रस्ट, श्री सीमेंट प्लांट खपराडीह द्वारा ग्रामीण विकास कार्यों के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में 4 जनवरी को ग्राम पथरचुवा में महामाया मंदिर का अहाता निर्माण और ग्राम फूंडरडीह में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमि पूजन अनिल कुमार पाठक महाप्रबंधक मानव संसाधन द्वारा किया गया। वहीं ग्राम पथरचुवा के सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा द्वारा सी एसआर के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए संयंत्र प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सीएसआर के अधिकारी कर्मचारियों के अलावा ग्रामींणजन एवं संयंत्र प्रबंधन की ओर से रामायण मिश्रा, अशोक कुमार वर्मा, विजय अनंत और बिरेंद्र बघेल उपस्थित थे।




# अवैध गांजा परिवहन करने वाले दो आरोपी को 12-12 वर्ष का सश्रम कारावास

**बलौदाबाजार,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। विशेष सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस बलौदाबाजार द्वारा 95.36 किलोग्राम गांजा का परिवहन करने वाले आरोपी गण को 12-12 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक एक लाख रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया।

जानकारी के अनुसार आरोपी पोषण सिंह पिता परमोधी सिंह उम्र 25 वर्ष ग्राम पपरोड़ी थाना जैतहरी जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश एवं भूपेंद्र सिंह राजपूत पिता स्वर्गीय दिलीप सिंह राजपूत उम्र 37 वर्ष ग्राम पिपरिया थाना पिपरिया जिला नर्मदा पुरम मध्य प्रदेश द्वारा 10 जनवरी 2024 को 12:15 बजे मारुति स्विफ्ट डिजायर क्रमांक एमपी 04 जेड के 1348 में 95.36 किलोग्राम गांजा का अवैध परिवहन करते हुए पुलिस द्वारा एनडीपीएस अधिनियम के तहत आवश्यक कार्यवाही कर गिरफ्तार कर अभियोग पत्र माननीय विशेष सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस बलौदाबाजार पीठासीन अधिकारी श्री राकेश कुमार वर्मा के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा प्रकरण में विचरण किया गया जिसमें अभियोजन के द्वारा 6 गवाहों का परीक्षण कराया गया। माननीय न्यायालय द्वारा गवाहों का सूक्ष्मअवलोकन करते हुए एवं बचाव पक्ष तथा अतिरिक्त लोक अभियोजक संतोष कुमार कनौजे के तर्कों को सुनने के पश्चात 2 जनवरी 2025 को ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या मामले में भारी रोष

**धमतरी,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या मामले में प्रदेश भर में पत्रकार जगत में जमकर रोष है। जगह-जगह प्रदर्शन

**मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर की कड़ी कार्यवाही की मांग**

करके ज्ञापन दिया जा रहा है। धमतरी में भी पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा को ज्ञापन देकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

दिए ज्ञापन में बताया कि मुकेश चंद्राकर



के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिया जाए, साथ ही फांसी की सजा भी होनी चाहिए। सरकार से मांग है कि पत्रकार सुरक्षा कानून को कड़ाई से लागू किया जाए। हत्यारों की संपत्ति जब्त कर सरकारी संपत्ति घोषित करे। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए सहायता राशि व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए। इसके अलावा धमतरी में भी पत्रकारों को सुरक्षा की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में अरुण चौधरी, प्रेम मगेंद्र, विशाल ठाकुर, राममिलन साहू, अजय देवांगन, भूपेंद्र पटवा, डॉ भूपेंद्र साहू, राजेश चावला, शैलेंद्र नाग, प्रदीप पांडे, हेमलाल साहू, हरेंद्र मर्मेद्र, आशीष बंगानी, विजय साहू, पवन साहू, माधवेंद्र हिरवानी, सत्येंद्र शर्मा, दादू सिन्हा, सौम्या यादव, अभिषेक मिश्रा, दिलीप देवांगन, पूनम शुक्ला, योगेश साहू, चुनेश साहू, शमशाद खान आदि शामिल रहे।

# कार्यपालन अभियंता टीसी वर्मा की हुई भावभीनी विदाई

**बलौदाबाजार,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। लोक निर्माण विभाग में लंबे समय से पदस्थ कार्यपालन अभियंता टीकम चंद वर्मा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के बाद शासकीय सेवा से निवृत्त हो गये। लोक निर्माण विभाग के कार्यालय परिसर में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में विभाग की ओर से श्री वर्मा को भावभीनी बिदाई दी गई। राज्य सरकार के निर्देशानुसार उनके विभिन्न स्वत्वों की स्वीकृति पत्र की प्रति भी सौंपी गई। विभाग की ओर से वर्तमान कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा ने उनका शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया एवं उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई।



श्री शर्मा ने कहा कार्य के प्रति वर्मा जी का ललक काबिले ए तारीफहै उनकी जितनी प्रशंसा की जाएं वह कम है। उम्र की इस दौर में वे हमेशा हंसते हुए जूझकर कार्य करते रहे है. जो हम सब के साथ ही नए अधिकारियों के लिए प्रेरणादायक है। उनके योगदान एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। इसके साथ ही मुझे बताया गया कि यहां बलौदाबाजार में महज 20 दिनों में नवीन मंडी परिसर को 500 बिस्तर कोविड हॉस्पिटल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका श्री वर्मा ने अदा की थी। उक्त हॉस्पिटल दूसरी कोविड लहर के दौरान यह कोविड हॉस्पिटल से हजारों लोगों का जान बचायी गई थी। इसके लिए उन्हें सदैव याद किए जाएंगे। सेवानिवृत्त श्री वर्मा ने विदाई सम्बोधन में अपनी सेवा काल के महत्वपूर्ण संस्मरण सुनाये और शासकीय सेवाकाल के सफलतापूर्ण संपन्न होने पर सभी सहयोगी

**महज 20 दिनों में मंडी परिसर को 500 बिस्तर कोविड हॉस्पिटल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका**

अधिकारी एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री वर्मा ने कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग बलौदाबाजार (16 अगस्त 2019 से 4 दिसंबर 2024) उपअभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग महासमुंद (22 फरवरी 1988 से 1 अक्टूबर 2004) अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग संभाग धमतरी (1 अगस्त 2014 से 25 अगस्त 2017) इसके बाद 16 अगस्त 2019 से कार्यपालन अभियंता बलौदाबाजार के रुप में अपनी सेवाएं देते हुए अधिवार्षिकी आयु आज पूर्ण की। इस तरह उन्होने लगभग लोक निर्माण विभाग में 36 वर्ष की सेवा पूर्ण की हैं। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी मदन लाल नायक, प्रबोध कुमार गुप्ता, आर. के.साहू, राम कुमार बंसारे, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी बिलाईगढ, आर.एस. खोब्रागढे, संभागीय लेखाधिकारी उपअभियंता विभाकर जोशी, भरत देवांगन, श्रीमती रीना कोरी, उपअभियंता, श्रीमती असीम प्रभा पैकरा, उपअभियंता एवं समस्त उपअभियंता एवं छोटेलाल पैकरा, मानचित्रकार, बृजलाल दिवाकर, वरिष्ठ लेखा लिपिक, योगेन्द्र वर्मा, सहायक ग्रेड-02, गोविंद सिंह ठाकुर, सहायक मानचित्रकार, कमलेश कुमार साहू, सहायक ग्रेड-02 तथा समस्त ठेकेदार लोक निर्माण विभाग संभाग बलौदाबाजार सहित अन्य विभागों के कर्मचारी अधिकारी गण मौजूद थे।

# भक्त माता राजिम जयंती समारोह महोत्सव स्थल त्रिवेणी संगम स्थल राजिम धाम में ही आयोजित होगा

**राजिम,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ एवं राजिम भक्तिन माता समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 7 जनवरी भक्त माता राजिम जयंती समारोह महोत्सव स्थल त्रिवेणी संगम स्थल राजिम धाम मेंआयोजित है आज समारोह की तैयारी का जायजा लेने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू प्रदेश उपाध्यक्ष रघुनंदन साहू किसान नेता वेगेंद्र साहू समिति के महामंत्री रामकुमार साहू कार्यक्रम स्थल में पैदल चलकर निरीक्षण किये कार्यक्रम स्थल में बेरी कटिंग के लिए गड्ढा खुदाई एवं बैठने के लिए नदी को समतल किया जा रहा है। जिसे चलकर पदाधिकारीयो ने निरीक्षण किया साथ ही नदी स्थल में ही समारोह में शामिल होने के लिए आए लाखों स्वजनों के लिए भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की जा रही है और भोजन प्रसादी की व्यवस्था प्रभारी तोरण साहू गुरुर से भी भंडारा के संबंध में चर्चा किये भोजन प्रसादी के प्रभावित तोरण साहू ने बताया कि जहां पर आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए विशाल पंडाल की व्यवस्था की जा रही है और सभी को खुशी टेबल में बिठाकर खाना खिलाया जाएगा और इस कार्य में प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारी राजिम भक्तिन माता समिति के पदाधिकारी एवं जिला साहू संघ के पदाधिकारी सहयोग कर रहे हैं।



## मामा भांचा में मड़ई आज

**महासमुंद/बागबाहरा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग 5 जनवरी रविवार को ग्राम मामा भांचा में मडई मेला का आयोजन रखा गया है। सुबह 10 बजे सेनकपाट सिरपुर के राऊत नाचा कार्यक्रम होगा। रात्रि में जय मामाभांचा नाच पार्टी ग्राम खोकसा का कार्यक्रम होगा। उक्त जानकारी टिकेश साहू ने दी है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के आरक्षण की कार्यवाही 8, 9 और 10 जनवरी को होगा

**बिलाईगढ़,** 4 जनवरी(देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिए सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में प्रवर्गवार एवं महिलाओं के आरक्षण हेतु 8, 9 और 10 जनवरी 2025 को कलेक्टर कार्यालय व ब्लॉक कार्यालयों के सभाकक्ष में कार्यवाही निर्धारित है, जिसमें जिला पंचायत के सदस्य, तीनों जनपद पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य एवं तीनों ब्लॉक सारंगढ़, बिलाईगढ़ और बरमकेला के ग्राम पंचायत के सरपंच व पंच के पद शामिल हैं। इस आशय की आम सूचना कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ से जारी किया गया है।



# मढ़ी के गौरी गणेश कंपनी में ग्रामीणों ने बोला हल्ला कहा- आवागमन के लिए रास्ता नहीं देंगे

■ ग्रामीणों के समर्थन में धरना स्थल पहुंची पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा



**खरोरा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। ग्राम मढ़ी में बन रहे गौरी गणेश इस्पात संयंत्र में विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। कंपनी का काम शुरू हो चुका है। जिसके बाद एक बार फिर कंपनी विरोधी सुर गूंजने लगा है। गुरुवार को स्थानीय लोगों ने मेनगेट और रास्तें को लेकर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में गांव के लोगों ने मेनगेट को बंद करने के लिए हंगामा किया। जनप्रतिनिधियों की मौजूदी में निर्णय लिया गया कि गांव वाले चर्चा कर इस मामले पर विचार करेंगे।

उल्लेखनीय है कि, मढ़ी में स्थापित हो रहे गौरी गणेश कंपनी को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा ठंडा नहीं हो पा रहा है। गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में मढ़ी के लोगों ने मेनगेट के सामने जमकर हल्ला बोला। स्थानीय लोगों का कहना है कि, कंपनी को मेनगेट को बदलना चाहिए। क्योंकि यह घनी आबादी के करीब है। जिस जगह पर मेनगेट बनाया गया है वह बस्ती से लगा हुआ है साथ ही जिस जगह से आवागमन कर रहे हैं वह भूमि शासकीय भूमि है। इसलिए कंपनी को हम गाड़ी निकालने और आवागमन के लिए रास्ता नहीं देंगे। जबकि कंपनी प्रबंधन द्वारा यहां पर गेट का निर्माण करवाया गया है, इसलिए वह यहीं से रास्ता मांग रहा है। ग्रामीण कह रहे हैं कि, बस्ती के तरफ रास्ता नहीं देंगे। शुरू में भी बोला गया था लेकिन कंपनी प्रबंधन मामने को तैयार नहीं हुए। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए मामले को जल्द हल करने के लिए कहा। पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा,जिला ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में पहुंचे भाजपा व कांग्रेस के नेताओं ने लोगों को समझाबुझाकर एकमत से निर्णय लेने और दस सदस्यीय टीम गठित कर मामले पर चर्चा कर उचित निर्णय लेने के लिए कहा। बता दें कि, कंपनी से लगा हुआ बाहर के हिस्से पर विवाद हो रहा है। यहीं से कंपनी का वाहन आना-जाना कर रहे हैं जिस पर ग्रामीण आपत्ति जता रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं। इधर, ग्रामीण आगे भी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने की बात कह रहे है। कंपनी के मेन गेट पर भारी संख्या में पहुंचे मढ़ी के लोगों ने स्थानियों को काम पर नहीं रखने और वादों के अनुरूप काम नहीं देने का भी आरोप लगाया। स्थानीय लोगो का आरोप है कि, कंपनी बाहरी लोगों को काम पर रख रहा है जबकि कंपनी से लगे गांवों के युवकों को काम नहीं दे रहा है। प्रदर्शन के मद्देनजर सिलयारी-धरसींवा पुलिस सहित आसपास थाने से भी पुलिस बल बुलाया गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और पंडाल लगाकर धरना दिए।

# शराब पीकर वाहन चालन के 6 मामले में न्यायालय ने लगाया 60000 का अर्थदण्ड



**बलौदा बाजार,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने हेतु ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जब्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा सिमगा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 6 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया था। पुलिस द्वारा इन सभी 6 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए इनके वाहन जब्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें न्यायालय द्वारा 6 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक.पृथक 10000.10000 रुपये अर्थदंड का आदेश दिया गया है।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में एक दिवसीय नगरी कार्यक्रम आयोजित किया गया

**खरोरा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में 2 जनवरी को एक दिवसीय नगरी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मंजूलेता देवांगन, विशिष्ट अतिथि श्रीमती नीलू वर्मा तथा श्रीमान भारत लाल वर्मा जी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



मेंढक दौड़ - तेजस्वी निषाद, निखिल पटेल, अक्षर दौड़- रजत मांडे, चित्रांश मंडलेश्वर, शब्द दौड़- युवराज धीवर, गौरव साहू, त्रिटंगी दौड़- नकुल वर्मा, हर्षित धीवर, फुगड़ी - छाया साहू, निशा सेन, दौड़- आर्या देवांगन टेकेश्वरी, टायर दौड़- आशीष गेण्डरे, खोयस देवांगन

इसके पश्चात शिशु वाटिका के 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं तथा हमारे सहयोगियों के प्रदर्शनी का माताओं तथा अभिभावकों द्वारा अवलोकन किया गया। भोजन के पश्चात समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती कविता वर्मा, विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती शिमला देवांगन श्रीमती राजेश्वरी देवांगन तथा अध्यक्षता करते श्रीमान अश्वनी पाटकर (प्राचार्य) उपस्थित रहे रंगमंचीय कार्यक्रम में भैया बहनों द्वारा शिशु गीत पारंपरिक गीत तथा वेशभूषा में प्रस्तुतीकरण किया गया तथा माताओं का भजन प्रतियोगिता रखा गया जिसमें प्रथम स्थान पर श्रीमती पूजा मारकंडे द्वितीय स्थान पर श्रीमती डुकेश्वरी वर्मा रही।

स्थान प्राप्त करने वाले सभी भैया बहनों को विद्यालय के प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया, इस प्रकार शिशु नगरी कार्यक्रम में 200 भैया बहन तथा 50 माताएं एवं अभिभावक बंधु उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा उद्बोधन में कहां गया कि इस प्रकार का कार्यक्रम समय-समय पर विद्यालय स्तर पर भैया बहनों के विकास के लिए करना चाहिए। कार्यक्रम में शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती दम्यतिन डड़सेना तथा समस्त आचार्य बंधु भगिनी का सहयोग रहा।

अंतिम में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा आभार व्यक्त कर शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कांडसर में पुलिस और नक्सलियो के बीच बड़ी मुठभेड़ में एक नक्सली की मौत, दो घायल

**गरियाबंद,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। नए साल के तीसरे ही दिन (शुक्रवार को) गरियाबंद जिले के कांडसर में पुलिस और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में पुलिस ने एक नक्सली को मार गिराया है। इसके अलावा दो नक्सली गंभीर रूप से घायल हुए है। एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होने बताया कि मौके से पुलिस ने तीन सिंगल शॉट हथियार, विस्फोटक सामग्री एवं अन्य नक्सल सामग्री भी बरामद किया है। घटना के बाद जंगल क्षेत्र में सर्चिंग तेज कर दी है। घने जंगल का सहारा लेकर नक्सली भाग निकले। अच्छी बात ये है कि मुठभेड़ के बाद पुलिस के सभी जवान सुरक्षित है। खबर लिखे जाने तक नक्सली की पहचान नही हुई है। जानकारी के मुताबिक शव को पुलिस अपने साथ ले आई है।



एसपी ने बताया कि नक्सली मूवमेंट की सूचना पर शुक्रवार सुबह ही गरियाबंद जिला बल एसओजी, नुआपड़ा, 65 और 211 वाहिनी सीआरपीएफ एवं 207 कोबरा की संयुक्त टीम गश्त पर रवाना हुई थी। सुबह सात बजे के करीब सुरक्षा बल और नक्सली के बीच कांडसर पहाड़ी में मूठभेड़ शुरू हुई। पुलिस ने नक्सलियों पर कई राउंड फायरिंग की। जिसमें एक नक्सली को मार गिराया। जो कि उदंती एरिया कमिटी का सदस्य है। पुलिस ने उसका शव भी बरामद कर लिया है। इसके अलावा दो अन्य नक्सली गंभीर रूप से घायल हुए है। एसपी ने बताया कि आपरेशन में छत्तीसगढ और ओडिशा दो राज्यो के संयुक्त पुलिस टीम ने शामिल रही। उन्होने संभावना जताई कि बस्तर में दबाव के चलते वहां के नक्सली इस ओर रूख किया है।

ज्ञात हो कि घटना जिले के इंदागांव थाना क्षेत्र में हुई हैं। यह क्षेत्र घना जंगल और ओडिशा से लगा हुआ है। अब तक नक्सली इसे अपने कारीडोर के रूप में उपयोग करते आए है। यहां उदंती एरिया कमिटी सक्रिय है। दल में 20 से 25 नक्सलियों के शामिल होने की खबर है। नए एसपी आने के बाद नक्सली मोर्च में पुलिस पहले से अधिक सक्रिय होकर काम रही है। यही कारण है कि दो दिन पहले भाी पुलिस ने एक आईडी बम डिफ्यूज किया था।

# जिला पुलिस द्वारा 35वां सड़क सुरक्षा माह का किया जायेगा आयोजन

■ 4 से 31 जनवरी तक होंगे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम

**बलौदा बाजार,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। जिला में 35वां सड़क सुरक्षा माह 2025 कार्यक्रम का आयोजन यातायात पुलिस द्वारा 4 से 31 जनवरी तक किया जायेगा। इस दौरान यातायात पुलिस की अलग.अलग टीमों द्वारा प्रति दिवस भीड़.भाड़ वाले चौक.चौराहोंए स्थानों में पाम्पलेटए लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में समझाईश दिया जायेगा। साथ ही स्कूलों में स्लोगनए चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को यातायात नियमों एवं सजगता आदि की जानकारी प्रदान की जायेगी। इसके अतिरिक्त भारी वाहनए बसए ऑटो चालकों के लिए नेत्र जांचए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया जायेगा। पूरे माह यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को प्रोत्साहित किया जायेगा तथा नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों को समझाईश दिया जायेगा। वहीं हाईवे के किनारे बसे गांव के सरपंचों एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का यातायात जागरूकता के संबंध में सभा आयोजित कर जिला सीमा के अंतर्गत चलने वाले मध्यम एवं भारी वाहनों को गति सीमा 40 किलोमीटर प्रति घंटा रखने हेतु अनुरोध पत्र प्रेषित किया जायेगा।

## त्रिस्तरीय पंचायत प्रवर्गवार आरक्षण की कार्रवाई 8 को

**बलौदा बाजार,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के प्रावधानों के अनुसार जिले के जिला पंचायत सदस्यए जनपद पंचायत अध्यक्षए जनपद सदस्यए सरपंच के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटनए आरक्षण की कार्रवाई 8 जनवरी को सम्पन्न होगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य हेतु 8 जनवरी को प्रातरू 11 बजे से एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष हेतु अपरान्ह 1 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष बलौदा बाजार में प्रवर्गवार स्थान आवंटनए आरक्षण की कार्रवाई सम्पन्न होगी। इसी तरह जनपद पंचायत सदस्य हेतु 8 जनवरी को प्रातरू 11 बजे से जनपद पंचायत बलौदाबाजारए अपरान्ह 12 बजे से जनपद पंचायत कसडोल और पलारीए अपरान्ह 1 बजे से जनपद पंचायत भाटापारा और सिमगा हेतु प्रवर्गवार एवं महिलाओ के प्रवर्गवार स्थान आरक्षण की कार्रवाई जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में सम्पन्न होगी। सरपंच पद के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटनए आरक्षण की कार्रवाई सबंधित जनपद पंचायत सभाकक्ष में 8 जनवरी को प्रातरू 10 बजे से शुरू होगी। इसी तरह पंच पद के लिए आरक्षण की कार्रवाई सबंधित जनपद पंचायत सभाकक्ष में 9 जनवरी को प्रातरू 10 बजे से शुरू होगी।

# नगर पंचायत बिलाईगढ़ में एकदिवसीय राम-राम भजन का आयोजन

**बिलाईगढ़** 4 जनवरी(देशबन्धु)। नगर बिलाईगढ़ के बंगला भाठा मोहल्ला में राधाकृष्ण सिंघानिया एवं उसके परिवार द्वारा वर्ष 2024 के समापन एवं वर्ष 2025 के शुभआगमन पर विश्वकल्याण एवं भारत सहित विश्व में सुख शांति की स्थापना हेतु एकदिवसीय राम राम भजन का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में ग्राम खुरसूला से शिवराम जायसवाल थबाई जायसवाल, रामनारायण जायसवाल, धाराशीव से दरसराम कर्ष लीलाराम पटेल डोकरीबाई साहू लीलाबाई पटेल, ग्राम रिकोटार से जयराम, पुनीराम जायसवाल रामसेवक साहू शिवलाल देवनारायण भरतलाल मदनलाल साहू भानुराम सुंदरलाल रमाबाई जायसवाल प्रेमबाई पटेल नोनीबाई राम कुमारी राधाबाई जायसवाल, बेलटिकरी से नीलकंठ जायसवाल, पचरी से रामनाथ साहू रामदुलार साहू कैथा से फिरतराम साहू, कुम्हारी से उमाशंकर पटेल, पंडरीपानी से पुनीराम साहू रामलाल साहू बहरताराम विश्वकर्मा पूरगांव से सीताराम जायसवाल सेवानिवृत्त प्रधानपाठक मुकुंदराम जायसवाल शिक्षक सीताराम राकेश बलभद्र जायसवाल ग्राम बांसउरकुली से ट्रांस महानदी क्षेत्र के प्रमुख रामायणी भाई श्याम सुंदर पटेल ने उपस्थित होकर राम-राम भजन का गायन सुमधुर संगीत में किये। भारत सहित पूरे विश्व में सुख शांति के स्थापना के लिए उपस्थित सभी लोगों ने पूजा प्रार्थना किया ।भोजन भंडारा एवं पूजा प्रार्थना में लगने वाले सामान अन्य खर्चा का पूरी व्यवस्था समाजसेवी सेठ राधाकृष्ण सिंघानिया एवं उनके परिवार द्वारा किया गया।



# अखंड ब्राह्मण समाज पलारी उत्तर का चुनाव संपन्न

**पलारी** 4 जनवरी (देशबन्धु) अखंड ब्राह्मण समाज पलारी उत्तर ब्लॉग से मध्य पलारी तक चुनाव 2 जनवरी को संपन्न हुआ। पलारी तहसील के पास शिक्षा सदन में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अखंड ब्राह्मण समाज पलारी उत्तर से वीर नारायण उपाध्याय अमेरा अध्यक्ष व कार्यकारिणी अध्यक्ष संतोष दुबे छेरकापुर व उपाध्यक्ष पदमाकर मिश्रा कोसमंदी व सचिव तोषन चौबे ठेलकी व कोषाध्यक्ष प्रितम पांडे अमेरा चुने गए है । सभी चुने गए प्रत्याशीयों ने ब्राह्मण समाज को आभार व्यक्त किया व अपने जिम्मेदारी को बखूबी निभाने का संकल्प लिया। ब्राह्मण समाज प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी व उपाध्यक्ष अनिरुद्ध मिश्रा व कोषाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा व यूवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राहुल पांडे व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष यशप्रभा पांडे व रमाशंकर मिश्रा, अजय दुबे, पदमाकर मिश्रा, विनय शर्मा, सुमित तिवारी आदि विप्र समाज के लोग उपस्थित थे।



# सायबर जागरूकता बढ़ाने के लिए साइबर वालेंटियर की हुई कार्यशाला

■ साइबर पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत 73 वालंटियर हुए शामिल

**बलौदा बाजार,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। पुलिस कार्यालय सभा कक्ष बलौदाबाजार में साइबर वॉलिंटियर्स का एक दिवसीय जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सायबर वालेंटियर्स के दायित्वों के बारे में चर्चा किया गया। उन्होंने कहा कि साइबर वालेंटियर साइबर सुरक्षा में सहायताए साइबर हमलों की रोकथामए साइबर अपराध की रिपोर्टिंग में जहां पुलिस की सहायता करेंगे वहीं सामुदायिक सहायता के अंतर्गत साइबर सुरक्षा शिक्षा सामुदायिक कार्यक्रम में भी अपनी सहभागिता देंगे।

उपस्थित साइबर वॉलिंटियर्स को वर्तमान परिदृश्य में बढते सायबर अपराध के विभिन्न तरीकों क्रेडिट कार्ड फ्राडए बैंकिंगए इनवेस्टमेंटए क्रिप्टों करेंसी फ्राडए आईडेंटिटी फैक्टए फेक प्रोफाईलए सोशल मिडिया फ्राडए ईमेल फ्राडए वेबसाईट क्लोनिंगए फोन फ्राड के संदर्भ में साइबर वालेंटियर के माध्यम से लोगों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचने तथा इसकी रोकथाम हेतु आमजनों के मध्य आवश्यक सुझाव मजबूत पासवर्ड उपयोग करनेए अपनी जानकारी किसी के साथ भी साझा नहीं करनेए अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करनेए अपने डिवाइस और ब्राउजर को अद्यतन रखने तथा आनलाईन लेनदेन के समय सावधानी बरतने हेतु सुझाव देते हुए इसका प्रचार.प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सायबर वालंटियर को जैकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# गरियाबंद के मरौदा बांध में एनडीआरएफ और नगर सेना ने की मॉक-ड्रिल- बाढ़ के हालातों में पानी में फंसे लोगों को बचाया, घायलों तक पहुंचाई राहत

**गरियाबंद,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के पास ग्राम मरौदा स्थित डैम पर बाढ़ में राहत और बचाव को लेकर एनडीआरएफ और नगर सैनिक बाढ़ बचाव दल की टीम द्वारा शुक्रवार को संयुक्त मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल में तीन गांव के पानी से घिरे होने पर ग्रामीणों को बचाने और नाव पलटने से कुछ लोगों के डूबने पर उन्हें बचाने और इलाज देने का अभ्यास किया। एनडीआरएफ और नगर सैनिक की टीम ने बाढ़ आधारित आपातकाल जैसे हालात होने पर किये जाने वाले बचाव, राहत कार्यों और भविष्य में इस प्रकार की आपदाओं की परिस्थिति में नागरिक और प्रशासन के साथ मिलकर किस प्रकार बाढ़ के संकटकालीन स्थिति से किस तरह निपटे इसके बारे में ग्रामीणों को भी जागरूक किया।



इस दौरान एनडीआरफ 03 बटालियन उप कमांडेड पवन जोशी नगर सैनिक प्रमुख पुष्पराज सिंह, अपर कलेक्टर राकेश, गोलछा,तहसीलदार मयंक अग्रवाल सहित एनडीआरएफ और बाढ़ बचाव दल के कैडेट एनसीसी एनएसएस स्काउट गाइड के बच्चे भी मौजूद रहे।

उप कमांडेड पवन जोशी ने बताया कि 03 एनडीआरएफ के निर्देशानुसार अभ्यास किया गया है। इस दौरान टीम ने बाढ़ से बचाव संबंधी उपकरणों एवं भिन्न-भिन्न प्रकार के तरीकों से बाढ़ आपातकाल में फंसे लोगों को बचाने का प्रदर्शन किया। अभ्यास में बाढ़ व घायल लोगों को स्टेबल किया। बाढ़ में फंसे लोगों को राहत एवं बचाव करके बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि अभ्यास का उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में राहत बचाव कार्यों के साथ ही टीम के तुरंत कार्रवाई और विभिन्न विभागों के तालमेल की भी जांच करना था।

नगर सेना प्रमुख पुष्पराज सिंह ने बताया एनडीआरएफ की टीम और नगर सैनिक बाढ़ बचाव दल की संयुक्त टीम ने बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न होने पर किए जाने वाले राहत बचाव कार्यों का मॉक ड्रिल का सफल प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बारीकी से आपातकाल की स्थिति में किस प्रकार स्वयं को एवं अन्य लोगों को बचाया जा सकता है इसकी जानकारी ली। इस दौरान फायर ब्रिगेड, जिला प्रशासन ग्राम पंचायत सहित कई विभागों के अधिकारी स्कूली बच्चे और भारी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। साथ ही अधिकारियों ने एनडीआरएफ की टीम के प्रदर्शन की प्रशंसा की।

# महाविद्यालय में शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित

**सरायपाली,** 4 जनवरी ( देशबन्धु )स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में प्रभारी प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में, पालक शिक्षक समिति की संयोजक एवं विभागाध्यक्ष(रसायनशास्त्र) श्रीमती शब्या पटेल के मार्गदर्शन में शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित की गयी जिसमें छात्र-छात्राओं की कक्षा में उपस्थिति, अकादमिक प्रगति, सेमेस्टर परीक्षा शेड्यूल, विभागीय संसाधनों, ग्रंथालय एवं बुक बैंक योजना के संबंध में चर्चा की गयी। स्वागत भाषण संयोजक श्रीमती शब्या पटेल ने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उपलब्ध संसाधनों,परीक्षा परिणाम के साथ शिक्षक पालक समिति बैठक के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी दी गई, प्रभारी प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने कहा कि छात्र-छात्राओं को संस्कार युक्त बनाने में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पालकों की ओर से प्रदीप दास एवं श्रीमती दीप्ती मरी दास द्वारा अपने विचार एवं सुझाव रखे गए। अभिभावकों की ओर से महाविद्यालय में एम एससी (गणित) एवं छात्राओं के लिए गर्ल्स कामन रूम के लिए मांग रखी गई। इस बैठक में अभिभावकों के साथ यूं.के.बरिहा(विभागाध्यक्ष-राजनीति विज्ञान) एम.एन.सिदार(विभागाध्यक्ष-भूगोल) श्रीमती प्राची गुप्ता(विभागाध्यक्ष-वाणिज्य) के.एस.पटेल(विभागाध्यक्ष-जंतुविज्ञान), रसायनशास्त्र विभाग में पदस्थ अनिल गुप्ता, जयप्रकाश सिंह वाणिज्य विभाग से भुवनेश्वर नंद, पालक शिक्षक समिति सदस्य डॉ. जी.पी.पटेल अनिल ताण्डी एवं सत्यप्रकाश खड़बंधे उपस्थित थे

## वटगन में अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**पलारी** 4 जनवरी (देशबन्धु)। ऑपरेशन विश्वासज्ज के तहत थाना पलारी पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 02.01.2025 को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम वटगन में घेराबंदी कर, अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?2700 कीमत मूल्य का 09 लीटर हांथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी राजू मीरी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 02/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## छग संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक आज

**महासमुंद,** 4 जनवरी। छग संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक 5 जनवरी को दोपहर 2 बजे राम-जानकी मंदिर खैरझिटी में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे करेंगे। जानकारी देते हुए जिला संगठन व प्रभारी अशोक कश्यप ने बताया कि बैठक में सीएम, जिलाधीश के समक्ष विशाल प्रदर्शन की रणनीति पर चर्चा किया जाएगा।



# 338 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण-भूमिपूजन

**गरियाबंद,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पांच जनवरी को जिला गरियाबंद प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री साय जिले को विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो की सौगात देंगे। मुख्य कार्यक्रम 5 जनवरी 2025 को पुलिस परेड ग्राउंड गरियाबंद में आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री साय 338 करोड़ रूपए से अधिक के 193 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन करेंगे। इनमें 219.03 करोड़ रूपए के 149 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 119.77 करोड़ रूपए के 44 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। साथ ही विभागीय स्टॉलो का निरीक्षण कर हितग्राहियो को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करेंगे।



## आज पुलिस परेड ग्राउंड गरियाबंद में होगा कार्यक्रम का आयोजन

मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा किये जाने वाले मुख्य लोकार्पण कार्यो में देवभोग - अमलीपदर - उरमाल मार्ग लम्बाई 23 किलोमीटर का 36 करोड़ 84 लाख रूपये की लागत से चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं उन्नयन कार्य। राजिम - पोखरा मार्ग का 24 करोड़ 5 लाख रूपये की लागत से उन्नयन कार्य लम्बाई 20 किलोमीटर, गरियाबंद जिले के बारदुला- नगरी- कांकेर- भानुप्रतापपुर - मानपुर मार्ग 47.60 किलोमीटर का 18 करोड़ 9 लाख रूपये की लागत से उन्नयन कार्य, नगर पंचायत राजिम अंतर्गत 14 करोड़ रूपये की लागत से सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट स्थापना एवं मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम उरमाल में 2 करोड़ 56 लाख रूपये की लागत से बने 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र शामिल है। इसी प्रकार मुख्य भूमि पूजन कार्यो में 70 करोड़ की लागत से कोपरा - पोखरा 25 किलोमीटर मार्ग का उन्नयन कार्य, ग्राम पंचायत कोमा से ग्राम पीपरछेड़ी तक 4 करोड़ 43 लाख रूपये की लागत से पहुंच मार्ग का भूमि पूजन, गरियाबंद जिले के सिकासार जलाशय के जीर्णोद्धार हेतु 10 करोड़ 20 लाख रूपये की लागत का भूमि पूजन, गरियाबंद विकासखंड के जड़जड़ा तटबंध निर्माण के लिए 4 करोड़ 65 लाख रूपये की लागत का भूमि पूजन, प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत ग्राम धवलपुर, जिडार, जुगाड़ एवं पीपरछेड़ी में विशेष पिछड़ी जनजाति विद्यार्थियों के लिए 10 करोड़ की लागत से छात्रावास का भूमि पूजन कार्य शामिल है। इसी प्रकार शासकीय कन्या महाविद्यालय गरियाबंद मे 4 करोड़ 66 लाख रूपये की लागत से भवन निर्माण शामिल है।

## कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी, अवैध धान पर लगातार कार्रवाई

**बिलाईगढ़,** 3 जनवरी(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की शुरुआत होने के साथ ही सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला विकास खण्ड मे कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन एवं एसडीएम प्रखर चंद्राकर के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी बरमकेला अलर्ट मोड पर है। मंडी बोर्ड जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के मंडी सचिव चेतन कुमार जयसवाल एवं मंडी उपनिरीक्षक जे.पी.नंदे द्वारा अवैध रुप से भंडारे व्यापारी से आज दिनांक 03.01.2025 को गोपी अग्रवाल ट्रेडर्स बरमकेला के गोदाम में अवैध रूप से रखा हुआ धान 265 कट्टा 106 चिंटल एवं नीरज अग्रवाल ब्यापारी दर्रा भांठा बरमकेला के गोदाम में अवैध रूप से रखा हुआ धान 120 कट्टा 48 चिंटल गोदाम में अवैध रूप से भंडारण कर रखे गए धान को जब्त किया है। जिसे मंडी अधिनियम के तहत जप्ती प्रकरण बनाया गया है। वैध दस्तावेज के संग्रहित जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। धान की अवैध व्यापार को अंकुश लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई की जा रही है।



# टूरीझर के डीजे डांस स्पर्धा में हमर छत्तीसगढ़ साजापाली प्रथम व आरएन ग्रुप सम्हर द्वितीय रहा

**बागबाहरा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम टूरीझर (डोकरपाली) में मड़ई मेला एवं भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामवासियों द्वारा किया गया था। जिसमें दूरदराज समेत आसपास के गांवों के हजारों लोग इस मड़ई मेला का खूब आनंद लिया। वहीं रात्रि में रात्रिकालीन डी जे डांस प्रतियोगिता का कार्यक्रम भी रखा गया था। जिसमें अनेक प्रतिभागी इस डीजे डांस प्रतियोगिता में भाग लिया। बस्तर, सारंगढ़, जांजगीर-चांपा, महासमुंद और अन्य जिले से कलाकार इस स्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचे थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में खिलेश्वरी धनंजय साहू सभापति जनपद पंचायत बागबाहरा थी। अध्यक्षता ग्राम पंचायत डोकरपाली की सरपंच नीराबाई हीरा सिंह दीवान ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में मनीष अग्रवाल, हेमसिंह नायक जनपद सदस्य, भुवन लाल साहू अध्यक्ष साहू समाज तेंदूकोना परिक्षेत्र, विनोद दीवान, हीरा सिंह दीवान, हेमंत साहू उप सरपंच, टेमन दीवान पूर्व सरपंच, राम नारायण साहू शिक्षक, भूषण साहू शिक्षक, कौशल साहू, निजाम कन्हारपुरिया, राम सिंह साहू, नरसिंह साहू, चैतराम साहू आदि अतिथि उपस्थित थे। जनपद सदस्य श्रीमती खिलेश्वरी साहू ने कहा कि यहां मड़ई मेला का आयोजन विगत 3 वर्षों से किया जा रहा है। जिसमें धान कटाई मिसाई के बाद सभी किसान भाईयों में खुशी होती है। जिसके कारण मड़ई मेला का आयोजन किया जाता है। तथा मड़ई मेला छत्तीसगढ़ के पारम्परिक, सांस्कृतिक एवं प्राचीन धरोहर से जुड़े हुए हैं। जिसे एकता के प्रतीक माना जाता है। यहाँ भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों के जाने माने प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा कलाओं का रंगारंग प्रदर्शन किया गया। जिससे हमारे छत्तीसगढ़ का नाम रौशन हुआ है। यह कार्यक्रम कलाकारों के लिए एक ऐसा मंच है, जिसमें आगे चलकर छत्तीसगढ़ में बड़े नाम रोशन कर सकते हैं।



डीजे डांस प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य में विजेता टीम प्रथम पुरस्कार 12 हजार रुपए हमर छत्तीसगढ़ साजापाली, द्वितीय 10 हजार रुपए आर एन ग्रुप सम्हर, तृतीय 7 हजार रुपए स्वरागिनी ग्रुप रतनपुर, चतुर्थ 5 हजार रुपए प्रतिमा डांस जांजगीर, पंचम 4 हजार रुपए एसके बसना, युगल नृत्य के विजेता प्रथम पुरस्कार 4 हजार श्याम खुशबू महासमुंद, द्वितीय 3 हजार पवन हीना रायपुर, तृतीय डेढ़ हजार आर्यन रायपुर, चतुर्थ 1 हजार कौशल लक्ष्मी विजेता कलाकार को नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं एकल नृत्य में प्रथम विजेता पुरस्कार ढाई हजार सूरज निषाद झलप, द्वितीय 2 हजार जीवन साहू सिंघनपुर, तृतीय डेढ़ हजार अंजलि दीवान रायपुर एवं चतुर्थ 1 हजार रुपए विक्की बादशाह रायपुर को मुख्य अतिथि रूपनारायण साहू ने उन्हें नगद राशि प्रदान कर मंच में पुरस्कृत किया। जिससे कलाकारों के हौसले बुलंद हो गए। अध्यक्षता भुवन साहू ने किया। वहीं विशेष अतिथि के रूप में हृदय राम साहू, नोहर दीवान, रेखराम कुलदीप, तिलक साहू, डोमेश्वर साहू, कौशिक पारधी, मेघराज चक्रधारी, ईश्वर साहू, ताराचंद साहू, विष्णु साहू आदि थे। यहां आयोजित राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता एवं मड़ई मेला आयोजन के संरक्षक जितेंद्र साहू, हृदय राम साहू अध्यक्ष, खिलेश्वर साहू उपाध्यक्ष, हेमंत दीवान कोषाध्यक्ष, कुंज लाल पटेल सचिव, कन्हैया यादव, रूपराम साहू, यशवंत साहू खिलेश साहू, भीखम, डेमन दीवान, मनीष दीवान, भारत साहू, शोभित निषाद, लखन लाल यादव, कोमल यादव, ईश्वर पारथी सहित सदस्यगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# युवा पत्रकार की निर्मम हत्या घिनौना कृत्य : रंजना साहू



**धमतरी,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। बीते दिनों बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में हुए युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या एक घिनौना कृत्य है, हमारे देश में पत्रकारिता को चौथा स्तंभ माना जाता है, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता में बस्तर की आवाज मुकेश चंद्राकर निरंतर शासन प्रशासन को आईना दिखाने का कार्य कर रहे थे। उनकी हत्या पत्रकारिता की आवाज को दबाने का प्रयास है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश की कानून व्यवस्था को बिगाड़ कर भाजपा की सुशासन सरकार को बदनाम करने की साजिश रचती आई है इससे पहले भी सूरजपुर और बलौदा बाजार की घटना ने सिद्ध किया था और अब बीजापुर के पत्रकार की निर्मम हत्या, यह कांग्रेस की ओछी राजनीति को दर्शाता है, पत्रकार के द्वारा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैस के नजदीकी ठेकेदार के घोटाले को पर्दाफाश करने पर निर्माणाधीन उसी ठेकेदार के कार्यस्थल पर पत्रकार का शव मिलना निश्चित ही हत्या को अन्देशित करती है। किंतु इस निर्मम हत्या पर भी कांग्रेस ओछी राजनीति करने से चूक नहीं रही है बल्कि छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार पर बेवजह कानून व्यवस्था के नाम पर जुगलबाजी कर रही है। रंजना साहू ने युवा पत्रकार को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना कि है कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर को अपने चरणों में स्थान दें।

# जेएनवी में नव वर्ष मिलन समारोह

**लवन**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन बलौदाबाजार में 3 जनवरी को शाम 4 बजे से देर रात्रि तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया समारोह के मुख्य अतिथि अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य जी सी दास एवं अध्यक्षता प्रबंधक दिलीप साहू एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पी आर बंजारे लवन, महाविद्यालय के प्राचार्य एस के भट्ट, अध्यापक अजय मिश्रा के रहे नववर्ष मिलन समारोह के प्रारंभ में सर्वप्रथम जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के प्राचार्य बी गिरिजा ने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि को शाल श्रीफल से सम्मानित कर स्वागत किये। नव वर्ष मिलन समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में नवोदय विद्यालय के छात्र हेमंत साहू सागर निराला नयन गायकवाड भारत जायसवाल गौरव टंडन शुभम टंडन अनुराग खटकड़ दीपिका साहू हीरा साहू योगेश ओंकार सुजल बंजारे राहुल ध्रुव शुभम वर्मा सौरभ साहू संजय दिनेश कपिल छात्रों में उमेश्वरी ध्रुव बिंदु कुर्रे लखनी साहू मनीष साहू दीक्षा भारद्वाज स्नेहा अन्य ईशा नेहा खुशी देविका आदि अनेक छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, नाटक, प्रवचन, भावआदि कार्यक्रम में भाग लेकर नवोदय विद्यालय के 350 छात्र एवं लगभग 50 शिक्षक शिक्षकों के उपस्थिति में प्रस्तुति दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम को अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह परंपरा नवोदय विद्यालय के लिए गर्व की बात है यहां के छात्र हमेशा होनहार ही होते हैं यहां शिक्षा के साथ खेल और उनके कला को उजागर करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं यह बहुत बड़ी खुशी की बात है नव वर्ष मिलन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य के साथ मंदोदरी सेठ जीपी साहू, राजेंद्र शिका प्रशांत गायकवाड, प्रदीप कुमार, राकेश सिंह कृष्ण कुमार, सत्येंद्र कुमार पांडे, राघवेंद्र, दिनेश सर आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।




# प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

**खरोरा**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती का आयोजन किया गया। आज 3 जनवरी का दिन देश की महिलाओं के विकास की यात्रा में बेहद महत्वपूर्ण दिन है। आज 3 जनवरी को भारत में महिला शिक्षा की अगुआ सावित्रीबाई फुले का जन्म हुआ था। आज ही के दिन 1831 में देश की पहली महिला टीचर सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा के नायगांव में एक किसान परिवार में हुआ था। इस दौरान 60 छात्राओं को सम्मानित किया गया। तथा स्कूल छात्रो द्वारा विविध प्रकार की प्रतियोगिता का आयेजन हुआ मुख्य शिक्षिका वैशाली गोस्वामी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले साक्षात शिक्षा की देवी हैं। खेल प्रशिक्षक मदन प्रकाश सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले के प्रयासों द्वारा ही आज महिलाएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा के प्रबंधक राघवेन्द्र गोस्वामी ने विचार रखें। ममता भारद्वाज, पिंकी पटेल, दीपा देवांगन, ललिता यादव, प्रदीप देवांगन, फातिमा खान, रितेश श्रीवास्तव का सहयोग रहा।



## भोथली में हुआ पौधारोपण

**कुरूद,** 4 जनवरी (देशबंधु)ग्राम भोथली में नवनिर्मित भोथलेश्वर महादेव शिव मंदिर प्रांगण में शिवगंगा तालाब के किनारे शिव भक्तों द्वारा नए फुलवारी का निर्माण किया गया जिसमें अनेकों प्रकार के 50 से अधिक पौधों का रोपण किया गया।

## निधन

### चंद्रप्रभा दीवान

**रायपुर**, 4 जनवरी। श्रीमती चंद्रप्रभा दीवान (उम्र 80 वर्ष) अभनपुर-संकरी वाले का शनिवार 4 जनवरी की सुबह निधन हो गया। अंतिम यात्रा निवास स्थान ई-21, राधास्वामी नगर (प्रोफेसर कालोनी) रायपुर से निकाली गई और अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में हुआ। वे सुदेशधर दीवान की माता थीं।



### टेटकी बाई कन्नौजे

**बलौदाबाजार**, 4 जनवरी। शहर के लवन रोड निवासी टेटकी बाई कन्नौजे (65) का शुक्रवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें समाजजन सहित शहरवासी बडी संख्या में शामिल थे। वे केजू कन्नौजे की धर्मपत्नि तथा पवन, नरेश एवं दिनेश कन्नौजे की माता थी।



### चेतनलाल वर्मा

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 4 जनवरी। ग्राम अमेरा निवासी चेतन लाल वर्मा का निधन बुधवार को हो गया। उनके निधन पर परिजन आत्मियजन ग्रामवासी शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वे अनिता वर्मा के पति व शशिकांत, सुर्यकांत के पिता थे।



### नरोत्तम उपाध्याय

**रायपुर,** 4 जनवरी। आमापारा निवासी नरोतम उपाध्याय (कन्हार मलपुरी वाले) का 4 जनवरी को सुबह 7 बजे निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार महादेव धाट मुक्तिधाम मे किया गया। शोकाकुल- युगल किशोर, दिनेश, संजय (पुत्र)।



### शादरा बेन राठौड़

**रायपुर,** 4 जनवरी। देवेंद्र नगर निवासी श्रीमती शारदाबेन राठौड़ का निधन 4 जनवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वह श्री रमणीक लाल राठौड़ की पत्नी, श्री विवेक राठौड़ की माता एवं देव और रीति राठौड़ की दादी थी।



# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए आरक्षण की संशोधित समय सारणी जारी

**गरियाबंद,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के पदो के आरक्षण के लिए संशोधित समय-सारणी जारी की गई है। इसके तहत ग्राम पंचायतो के सरपंच, पंच पदो के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आबंटन आरक्षण की कार्यवाही 8 जनवरी को जिले के सभी जनपद पंचायतों में सुबह 10 बजे की जायेगी। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य, जनपद के अध्यक्ष एवं सदस्य के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आबंटन आरक्षण की कार्यवाही 09 जनवरी को जिला मुख्यालय में वन विभाग ऑक्शन हॉल में स्वयं विहित प्राधिकारी कलेक्टर जिला गरियाबंद द्वारा जिले के आम नागरिकों की उपस्थिति में की जायेगी। आरक्षण की प्रक्रिया प्रात: 10:30 बजे से प्रारंभ होगी।

- ग्राम पंचायतों एवं प्रवर्गवार स्थान के आरक्षण की कार्रवाई 8 को
- जिपं सदस्य, जनपद के अध्यक्ष एवं सदस्य के आरक्षण की कार्रवाई 9 को

इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच, जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं जनपद निर्वाचन क्षेत्र तथा जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही हेतु आम सूचना जारी कर दी है। उन्होंने निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ नियमानुसार आरक्षण की कार्यवाही सम्पन्न कराने के निर्देश दिये है। आरक्षण संबंधी सम्पूर्ण कार्यवाही का समय - समय पर जनसाधारण की जानकारी के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आम सूचना समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालयों, तहसील कार्यालयों, जनपद कार्यालयों, ग्राम पंचायत कार्यालयों एवं ग्राम पंचायत के सहज दृश्य स्थलों पर चस्पा कराने एवं इस संबंध में मुनादी कराने हेतु समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आम सूचना अनुसार ग्राम पंचायतों के सरपंच पद एवं पंच पदो के आरक्षण की कार्यवाही के लिए संबंधित अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को लॉट निकालने के लिए विनिर्दिष्ट अधिकारी प्राधिकृत किया गया है। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत गरियाबंद के लिए राकेश गोलछा, जनपद पंचायत छुरा के लिए रामसिंह सोरी, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के लिए विशाल महाराणा, जनपद पंचायत मैनपुर के लिए पंकज डाहिरे तथा जनपद पंचायत देवभोग के लिए तुलसीदास मरकाम विनिर्दिष्ट अधिकारी होंगे। पंचायतों के लिए आरक्षण बाबत् लॉट निकालने की कार्यवाही सभी जनपद मुख्यालयों में की जायेगी। इसके तहत सामुदायिक भवन जनपद पंचायत गरियाबंद, जनपद पंचायत सभाकक्ष छुरा, जनपद पंचायत सभाकक्ष फिंगेश्वर, जनपद पंचायत सभाकक्ष मैनपुर एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर देवभोग में प्रात: 10 बजे से आरक्षण लॉट निकालने की कार्यवाही की जायेगी।

# बस्तर में हुए हत्या पत्रकार मुकेश चंद्राकर को प्रेस क्लब पलारी के पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**पलारी,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। बस्तर क्षेत्र के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। इस दु:खद घटना के बाद प्रेस क्लब पलारी के पत्रकारों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों ने कहा कि मुकेश चंद्राकर एक समर्पित और ईमानदार पत्रकार थे, जिन्होंने समाज की आवाज को उठाने में अपनी जान की आहुति दी। प्रेस क्लब पलारी के पत्रकारों ने उनके कार्यों को याद करते हुए उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और आश्वासन दिया कि पत्रकारिता का यह सफर जारी रहेगा। इस मौके पर सभी पत्रकारों ने मौन धारण कर मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में सभी पत्रकार शहीद भगत सिंह के स्मारक के सामने एकत्र हुए, जिनके चेहरों पर शोक और गहरी संवेदनाएं स्पष्ट दिखाई दे रही थीं। सभी पत्रकारों ने केंडल जलाकर मृतक के प्रति सम्मान व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में शेखर वर्मा रज्जाक खान मिथलेश शुक्ला, हेमकुमार साहू, मुकेश झा, यमलोक साहू, तोमन साहू, पनमेश्वर साहू, फागुराम सेन, मिलेश यादव सहित पत्रकार साथी उपस्थित हुए।



## प्रादेशिकी का शेष...

### राइस मिलरो ने अपनी ...

संजय अग्रवाल, संदीप केड़िया, राजनारायण केसरवानी, ईश्वरचंद अग्रवाल, निथीस वर्मा आनंद सोलंकी व अन्य राइस मिलर्स साथीगण मौजूद रहे। प्रतिष्ठित व्यवसाई व राइस मिलर संजय पटेल (संजू) ने कहा है कि मिलरों का खरीफ वर्ष 22-23 की द्वितीय प्रोत्साहन राशि व एस एल सी से परिवहन राशी देने की पहल करते हुए मुख्यमंत्री ने राइस मिलर्स के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिसके लिए मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री सहित मंत्री मंडल व प्रदेश राइस मिलर समन्वय समिति के सभी सदस्यों के प्रति हम हृदय से धन्यवाद देते है।

### अवैध गांजा परिवहन करने ...

आरोपीगण को धारा 20 (इ)(पप)(ब) एनडीपीएस अधिनियम के तहत दोष सिद्ध पाते हुए12-12 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1-1 लाख रुपए अर्थ दंड से माननीय विशेष सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस बलौदाबाजार पीठासीन अधिकारी श्री राकेश कुमार वर्मा द्वारा दंडित किया गया।जिसमें शासन की ओर से श्री संतोष कुमार कनौजे अतिरिक्त लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई।


# पत्रकार की हत्या के विरोध में नगर बंद आज

**पिथौरा**, 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन पिथौरा द्वारा बीजापुर में युट्यूबर पत्रकार की हत्या के विरोध में आज नगर बंद का आव्हान किया गया है जिसका व्यापारी एकता मंच ने समर्थन करते अपनी प्रतिष्ठान बंद रहने का निर्णय लिया है। स्थानीय विश्राम गृह में आज जिला अध्यक्ष बलराज नायडू ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साव के नेतृत्व में पत्रकार संघ की आवश्यक बैठक रखी गई जहां दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की निंदा की गई, हत्या के विरोध में पत्रकारों ने मुँह में काली पट्टी लगा मौन प्रदर्शन किया। इस पर पत्रकार व साहित्यकार संतोष गुप्ता ने पत्रकार की निर्मम हत्या के दोषियों पर कड़ी कार्रवाही की मांग करते पत्रकारों की सुरक्षा कानून को गंभीरता से पालन करने की बात शासन से कही आगे उन्होंने कहा कि पत्रकार शासन प्रशासन, जनता की समस्याओं को अपनी लेखनी से अवगत करा समस्याओं का समाधान करते हैं इस दौरान पत्रकारों को कठिन दौर से गुजरना पड़ता है। उन्होंने शासन से कहा कि पत्रकार अपनी लेखनी और वाणी से युगान्तकारी परिवर्तन करने की क्षमता रखते है जिनकी सुरक्षा पर ध्यान की आवश्यकता है पत्रकार की हत्या, जानलेवा हमला करने वालों पर कठोर कार्रवाही होनी चाहिये जिससे घटना की पुनरावृत्ति ना हो। आज बंद को लेकर व्यापारी एकता मंच के अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों की आवश्यक बैठक रखी गई जहाँ पत्रकार की हत्या के विरोध में बंद का समर्थन किया गया। आज पत्रकार संघ नगर में व्यापारियों के पास घुम घुम कर बंद का समर्थन माँगा। पत्रकार संघ, व्यापारी संघ द्वारा दिवंगत पत्रकार को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।



## व्यापारी एकता मंच का मिला समर्थन

# अन्तर्राज्यीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कुरूद,** 4 जनवरी (देशबंधु)। बैडमिंटन बॉयस क्लब कुरूद के तत्वाधान में आयोजित अन्तर्राज्यीय ओपन और वेटरन्स टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट के प्रथम दिन 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 16 मैच खेले गए व ओपन केटिगिरी में भी 16 मैच खेले गए। इस प्रतियोगिता में आंध्रप्रदेश, ओड़िशा, प बंगाल व छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी भाग लिए है। आज लीग मैच हुए कल चाटर सेमिफाइनल व फ़ाइनल मैच खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों, जैसे ओडिशा, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है।

प्रतियोगिता में ओपन मेन्स डबल में प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय 21 हजार, तृतीय 11 हजार, वेटरन्स डबल 40 प्लस में प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय 21 हजार, तृतीय 11 हजार रुपये का ईनाम रखा गया है। प्रतियोगिता 4 और 5 जनवरी को सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक चलेगी।दोनों कैटिगिरी मिलाकर कुल 70 मैच खेले जाएंगे। प्रवेश शुल्क 700 रूपए निर्धारित है। प्रत्येक मैच योनेक्स मैविस 350 शटल से खेला जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम 32-32 टीमों को प्राथमिकता दी जाएगी। कल कार्यक्रम का समापन एवं पुरस्कार वितरण कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

# नवीन मेला मैदान में अवैध रूप से बांस-बल्ली गड़ाकर किए कब्जा को स्थानीय प्रशासन ने तोड़ा

## मुख्यमंत्री के द्वारा मंत्रालय में लिए बैठक का असर दूसरे दिन ही देखने को मिला

**राजिम,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। शनिवार को सुबह 11ः00 बजे से स्थानीय प्रशासनिक अमला नवीन मेला मैदान में अवैध रूप से बांस बल्ली गड़ाकर कब्जा किए हुए स्थल को मुक्त करा रहे थे। शाम 4ः00 बजे समाचार लिखे जाने तक जेसीबी मशीन से सीमेंट और ईंट के बने पक्की दीवाल को तोड़ा जा रहा था। इनके साथ बांस बल्ली को मजदूर निकाल कर छोटा हाथी वाहन में डाल रहे थे। इस दौरान राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार डिंपल ध्रुव के साथ ही पुलिस बल मौजूद थे। नगर पंचायत के अमला भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राजिम विधायक रोहित साहू मंत्रालय महानदी भवन स्थित बैठक कक्ष में शुक्रवार को राजिम कुंभ कल्प की तैयारी को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। जानकारी के मुताबिक राजिम कुंभ कल्प के संपूर्ण आयोजन के लिए पर्यटन विभाग को नोडल बनाया गया है। 15 दिनों तक चलने वाले इस मेले में पिछले वर्ष की भांति साधु संतों का विराट समागम होगा। मांघी पुन्नी स्नान, शाही स्नान, जानकी जयंती के अवसर पर संत समागम का विशेष रूप से आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन



सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही मेला, मड़ई, मीना बाजार और विभागीय प्रदर्शनी भी कुंभ कल्प का विशेष आकर्षण होगा। उस बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, धर्मस्व सचिव अन्बलगन पी., संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य, आईजी रायपुर अमरेश मिश्रा, गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी गण मौजूद थे। जिसमें नवीन मेला मैदान के लिए चयनित स्थल में मेला संपन्न किए जाने के संबंध में आवश्यक चर्चा हुई थी। उनके दूसरे दिन ही असर देखने को मिला और मेला मैदान में दिनभर प्रशासनिक अमला के द्वारा कार्रवाई करते हुए देखे गए।

**कहां पर आरक्षित हुआ है नवीन मेला मैदान :** भगवान राजिवलोचन मंदिर से नदी मार्ग से होते हुए महज आधा किलोमीटर की दूरी पर नवीन मेला मैदान चौबेबांधा राजिम की सीमा पर स्थित है। मैदान आरक्षित किया जा चुका है। हालांकि पूरी मैदान ऊपर नीचे हैं जिसको प्लेन करने में समय लग सकता है। बताना होगा कि जितनी जल्दी हो सकें नदी के तट से होकर सड़क बना दिया जाए तो दूरी मात्र आधा किलोमीटर की ही रह जाएगी और सरलता से लोग नवीन मेला मैदान पहुंच सकते हैं। दूसरी ओर मुख्य रोड से आना चाहे तो सड़क अत्यंत जर्जर है। इसे चौड़ी और चिकनी बनाने में समय लग सकता है वैसे भी मेला इस बार 12 फरवरी से शुरू है। अब गिनती के दिन ही रह गए हैं इतने कम दिनों में नवीन मेला मैदान कैसे तैयार होगा यह बहुत बड़ा प्रश्न खड़ा होता जा रहा है। लोगों का कहना है कि पिछले पांच सालों से नवीन मेला मैदान में मेला करने की बात हो रही थी लेकिन अभी तक सिर्फ बात तक ही सीमित थे। अब मुख्यमंत्री के द्वारा मीटिंग करने पर कुछ हलचल हुई है।

**क्या-क्या बना व बनाए जा रहे हैं नवीन मेला मैदान में :** नवीन मेला मैदान के कान्हा उद्यान में पौधे पेड़ बनने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विद्युत अधो संरचना के तहत छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रिक्ट कंपनी लिमिटेड 33/11 केव्ही उपकेंद्र बनकर लगभग तैयार हैं। नदी के तट पर मुख्य रूप से तीन घाट बनाए गए हैं। जिनमें से आरती घाट, शाही स्नान घाट और आम श्रद्धालुओं के स्नान करने का घाट तैयार है। अब घाट से लगा हुआ और सिढ़ी लंबे चौड़े आकार में बनाने का कार्य जारी है। बिजली विभाग के द्वारा विद्युत खंबे गडाकर तार खींचा गया है। मैदान में छः सात की संख्या में और विद्युत पोल पड़े हुए थे। वर्तमान में अभी तक बस इतना ही काम हो पाया है या फिर हो रहे हैं। नवीन मेला मैदान में कुंभ कल्प मेला होने की दशा में सबसे पहले सड़क को दुरुस्त करना पड़ेगा। उसके बाद जरूरी सारे कार्य को करने में जिस विभाग का काम है उसे अभी से ही भीड़ना पड़ेगा तब कहीं कुछ प्रगति दिख पाएगी।

# विधायक इंद्र साव ने किया विद्यालय में बने अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण

**भाटापारा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने ग्राम खपरी (एस) के विद्यालय परिसर में बने अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण करते हुए कहा कि इस कक्ष के निर्माण होने के बाद छात्रों को पढ़ाई करने के लिए ना केवल अतिरिक्त कक्ष मिला बल्कि उनका पूरा ध्यान पढ़ाई तक ही केंदित रहेगा।



विधायक इंद्र साव ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के लिए सबसे बड़ी जरूरत स्वच्छंदता होती है, जब तक बच्चों को वो माहौल नहीं मिल पाता बच्चों का ध्यान पढ़ाई में पूरी तरह नहीं लगता। विद्यालय विद्या का मंदिर होता है। विद्या ही विकास का मूलमंत्र है। उन्होंने विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले छात्रों से आह्वान किया कि वह आज के इस प्रतिस्पर्धा युग में अपने को मांसिक रुप से तैयार रखे ताकि वे अपनी शाला के साथ साथ अपने परिजनों का नाम भी रोशन कर सके। विधायक श्री साव ने कहा कि मनुष्य के विकास के लिए व्यक्ति का शिक्षित होना आवश्यक है। इसके साथ ही जीवन में आगे बढ़ने तथा शिखर को स्पर्श करने के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी बहुत जरूरी है।संस्कारी व्यक्ति जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख।को सहन कर सकता है।

इसके पूर्व विधायक का ग्राम खपरी (एस) पहुंचने पर संस्था के प्रधान पाठक, समन्वयक, सहित शिक्षक गणों ने स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ईश्वर सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद नानू सोनी, सत्यजीत शेंडे, सरपंच सुनील चौधरी, उपसरपंच खुमेश साहू, विद्यालय विधायक प्रतिनिधि लिलेश्वरी साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, पंचगण हरी ध्रुव, सियाराम साहू, रेवा साहू, अशोक पर्वत, भागवत साहू, राजेन्द्र पर्वत, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, ग्रामवासियों सहित स्कूल स्टॉफ एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।

## तैलिक साहू महासभा राष्ट्रीय अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्ति होने पर दी बधाई



**राजिम,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। डॉ नारायण साहू अधिष्ठाता, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा राष्ट्रीय अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्ति होने पर राजिम भक्तिन माता समिति की ओर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिए। डॉ नारायण साहू को बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू रघुनंदन साहू राजिम भक्तिन माता समित के अध्यक्ष लाल साहू संरक्षक बोधन साहू महामंत्री रामकुमार साहू डॉक्टर दिलीप साहू उपाध्यक्ष नूतन साहू कोषाध्यक्ष भोला साहू महासचिव श्याम साहू संगठन मंत्री डॉ ओंकार साहू घनश्याम वंदना साहू बलराम साहू खोमन साहू सोहन साहू साहू सीजन पत्रिका के संपादक माखन सह संपादक सुंदर साहूने बधाई दिया है।

# शीतला मातादेवालय फोकटपारा भाटापारा का मड़ई मेला सम्पन्न

**भाटापारा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। श्री शिवलाल यादव पूर्व प्राचार्य धार्मिक सामाजिक सर्वधर्म प्रेमी ने जानकारी प्रदान किये कि श्री शीतला मातादेवालय पंचायती मंदिर फोकटपारा भाटापारा का मड़ई मेला 2025 सर्वधर्म प्रेमीयों रमेश यादव नृत्य दल डोंगरिया, पंचु, खगेन्द्र पार्षद, बलभद्र प्रसाद यादव नृत्य दल पटपर, पुनित राम यादव नृत्य दल मूढ़ीपार, बैगा मनहरण वर्मा, साधराम, आजुराम, लेखु ध्रुव, नैतिक खुटे, महिला सेवा समिति प्रमुख श्रीमती अनामिका झा, सुनिता केशरवानी, सरोज यादव, रत्ना दीक्षित, मंजु पाण्डेय पटपर फोकटपारा, पेन्शनर एशोसिएशन श्री एम.आर. उपाध्याय, यू.आर. वर्मा, यू.आर. साहू, शिवकुमार राजपूत शिवलाल यादव, शीतला माता भक्त लाला जैन, मेहता जी, जीवराखन ठाकुर, श्रीमती



आशा यादव, साहू बहन जी भाटापारा, सैकड़ो शीतला मां भक्त गणो, हजारों हिन्दु, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, जैन, बौद्ध, पारसी दानदाताओं अनुभाग अधिकारी राजस्व पूलिस मुख्य नगर पालिका अधिकारी कर्मचारियों के प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष उपस्थिति व सहयोग से धूमधाम से सम्पन्न हुआ कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन शिवलाल यादव अध्यक्ष सर्वधर्म प्रेमी, रमेश डोंगरिया बैगा साधराम ध्रुव मनहरण वर्मा बबलु ध्रुव ने किया कार्यक्रम के अंत में काजु किसमिस छुहारा नारियल रेवड़ी लायची दाना मुर्रा मीठा लाई का प्रसाद वितरण टीका भेट कर शीतला मां प्रसाद भोजन कराया गया कार्यक्रम में भाटापारा के सभी दुकानदारों व्यापारियों पत्रकारों का सहयोग प्राप्त हुआ।

# शिक्षा में सुधार लाने हेतु बालक, पालक व शिक्षकों की तालमेल जरूरी

**बागबाहरा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। स्कूली शिक्षा में समुदाय के महत्व को कम नहीं आंका जा सकता। समुदाय के बिना किसी भी शाला का प्रबंधन और विकास संभव ही नहीं है। बालक, पालक, शिक्षक ये तीनों जब तक एक दूसरे के साथ आपसी तालमेल न रखें तो शिक्षा का प्रचार प्रसार असंभव है। इसी तारतम्य में ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन टाऊन हॉल बागबाहरा में किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला से पधारे कमल नारायण चंद्राकर जिला समन्वयक समग्र शिक्षा, विद्या साहू एपीसी, राजस्व विभाग से जुगल किशोर पटेल तहसीलदार बागबाहरा, हरीश कांत ध्रुव तहसीलदार कोमाखान, के के वर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा, रामता मन्नाडे सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा, डॉ विजय शर्मा शिक्षाविद एवं नवाचारी शिक्षकों की उपस्थिति तथा भूपेश्वरी साहू विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



सर्वप्रथम सरस्वती वंदना से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के स्वागत के साथ उद्बोधन की कड़ी में बारी-बारी से समस्त वक्ताओं ने शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु प्रयास, जाति प्रमाण पत्र कैसे आवेदन करें इस पर पालकों से चर्चा, अपार आईडी में आने वाले समस्याओं से कैसे निपटे इस पर चर्चा, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में अधिक से अधिक शिक्षकों एवं बच्चों का पंजीयन कैसे करें। इस पर चर्चा आदि विषयों को समाहित करते हुए विकासखंड के विभिन्न शालाओं से पहुंचे पालकों एवं माताओ का उन्मुखीकरण किया गया। तत्पश्चात शासन के जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाएं जो शिक्षा विभाग में संचालित हैं के बारे में संकुल समन्वयको द्वारा वाचन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विशेष शिक्षिका रेखा चौहान, समन्वयक विद्या प्रसाद चंद्राकर, रामाधीन यादव, गैंदलाल यादव, मोहिंदर पाड़ें, गजानन दीवान, देवलाल सिन्हा, ठाकुर राम साहू, पवन साहू, केवल राम सिन्हा, अनिल पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत एवं संयुक्त संचालक नंदू सिन्हा की उपस्थिति में समापन की घोषणा हुई। इसके पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आने वाले परीक्षा के लिए बच्चों को कैसे तैयार करें। भयमुक्त वातावरण में बच्चों को पढ़ाने हेतु कैसे प्रेरित करें। इस पर सविस्तार चर्चा की गई। पश्चात पीएलसी के नवाचारी शिक्षक रिंकल बग्गा, दौलत राम दीवान, पुष्कर पटेल, रहमान भाई और सक्रिय समन्वयकों को सम्मानित किया गया। कार्यशाला में लगभग 200 लोग उपस्थित थे। सामुदायिक सहभागिता की यह कार्यशाला निश्चित रूप से बच्चों के सर्वांगीण विकास की दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक विजय कुमार साहू ने किया।

# मां अनुपूर्णा प्रसादी सेवा संस्था कसडोल द्वारा असहाय लोगों को मिल रहा भोजन






**कसडोल/बलौदाबाजार,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में शासन प्रशासन जरूरत मन्द और अहसास लोगो को हर सम्भव मदद करने एक के बाद एक कई पहल कर रहा बावजुद सक्षम और कुछ नया कर दिखाने की जुनून में बलौदाबाजार जिला के कसडोल नगर के 16 युवाओं सहित 4 महिलाओं की नेक पहल भुखे, असहाय और हर जरूरत मन्द लोगो को स्वादिष्ट भर पेट भोजन निःशुल्क देने का संकल्प कर नए साल 2025 के 1 जनवरी से प्रारंभ किया गया। समिति का नाम मां अन्यपूर्णा प्रसादी सेवा के रूप से संचालित किया गया हैं।

**संस्था के इस प्रयास का सभी कर रहे है प्रशंसा**

संघ के सदस्यों ने बातचीत में बताया निःशुल्क भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी संघ के सभी 16 सदस्यों का हैं। साथ ही संघ में 4 महिलाओं का खाना बनाने और अन्य कामो में विशेष सहयोग मिल रहा इसके अलावा किसी से कोई चंदा या सहयोग नही लिया जाएगा लेकिन अगर कोई चाहे तो माँ अन्यपूर्णा प्रसादी संघ में आर्थिक-शारिरिक सहयोग कर सकते हैं। संघ द्वारा संचालित निःशुल्क भोजन व्यवस्था का पुरे नगर में चर्चा का विषय बना है। भोजन करने आए सुनील यादव ने कहा संघ द्वारा संचालित मां अन्यपूर्णा के नाम से संचालित निःशुल्क भोजन काफी स्वादिष्ट है। उन्होंने नेक कार्य के लिए संघ के सभी सदस्यों को बधाई दिये। एक जनवरी 2025 से प्रारम्भ निःशुल्क भोजन धीरे धीरे हर जरूरत मन्दो के लिए वरदान सा लगने लगा है। मां अन्यपूर्णा प्रसादी भोजन मिलने का समय वर्तमान में सुनिश्चित है जो दोपहर 12 से 2 बजे तक रखा गया है। संघ के सदस्य रामफल साहू ने बताया अभी वर्तमान में प्रतिदिन भोजन प्रसादी मां अन्यपूर्णा का लाभ लगभग 50 से 80 लोग ले रहे भविष्य में जनसख्या निश्चित ही बढ़ेगा हम सभी बड़े उत्साहित है।

संघ में प्रमुख रूप से हेमलाल साहू, नरसिंग साहू, रामफल साहू, राज सोनी, धनंजय साहू, विमल दास वैष्णव, गिरधर साहू, ऋषि कुमार, किशोर साहू, कमल साहू, रामू, दाऊराम, ईश्वर, लालू, राहुल, देवेन्द्र एवं सुभाष आदि है। वही महिलाओं में धनेश्वरी साहू, मालती राव, कुसुम राव सहित मीना राव है।

# समाज का सजक प्रहरी बना पत्रकार, अब सुरक्षित नहीं रहा : सत्यनारायण पटेल

**भाटापारा,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। पत्रकारों के हितों के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द से जल्द लागू कर दिया जाना चाहिए। आए दिन प्रदेश सहित पूरे देश में पत्रकारों के साथ बदसलूकी, मारपीट यहां तक की उसकी निर्मम हत्या कर दी जा रही है। सरकार चाहे जिसकी हो लेकिन सच्चाई की आवाज उठाने वाले कि यदि खुद की ही सुरक्षा न हो तो लोगों की हित के लिए क्या लड़ाई लड़ेगा।



उक्त कथन ग्लोबल जर्नलिस्ट एंड मीडिया संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण (सत्तू) पटेल ने बहुत ही दुखित मन से कहा। आगे उन्होंने कहा पत्रकारों का भविष्य अंधकार में है एवं पूरे देश में राजनीति हावी है। एक राजनेता जिसे दुनिया भर की सुरक्षा दिया जाता है लेकिन सच्चाई की आवाज उठाने वाले, देश के हित में काम करने वाले, छोटी-छोटी मुद्दाओं को छोटे-छोटे लोगों तक पहुंचाने वाले निस्वार्थ रूप से बिना वेतन के अपना फर्ज निभाने वाले एक पत्रकार को देश में किसी भी प्रकार का ना कोई सुरक्षा है और ना ही उसका भविष्य को संवारने वाला ऐसी कोई सरकारी योजना सरकार के पास है। बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर अब हमारे बीच नहीं रहे, पर उनका परिवार इस दुनिया में है। क्या सरकार उसकी परवरिश की जवाबदारी ले पाएगी ? इसी बीच एक खबर और आ रही है प्रदेश की राजधानी रायपुर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष को भी एक वन विभाग के अधिकारी द्वारा जान से मारने की 8 से 10 बार धमकी दी गई है।प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुकी है और प्रदेश के नेता गण अपने आप में मस्त है।हमारे संगठन ग्लोबल जर्नलिस्ट एंड मीडिया संघ छत्तीसगढ़ की तरफ से उक्त कृतियों का घोर निंदा करती है, एवं राज्य में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग करती है, ताकि आम जनता सुरक्षा की सांस ले सके। वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र गिनौर ने भी अपना विचार साझा करते हुए कहा की समाज की विसंगतियों को सामने लाने की पत्रकारों ने जब-जब कोशिश की तब-तब उन्हें प्रताड़ित किया गया उनके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज किए गए। पत्रकारों की निर्मम हत्या भी होती रही। बस्तर क्षेत्र के पत्रकार दोहरे संघर्ष से जूझते काम कर रहें हैं। बीजापुर के पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की निर्मम हत्या में ऐसे लोग शामिल लगते हैं जो समाज में खुलेआम हरकतें कर रहें हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है।

# पीएम आवास योजना से हितग्राहियों को किफायती दरों पर निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने जिला प्रशासन की पहल

**बलौदाबाजार,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने आज पीएम आवास योजना ग्रामीण से लाभांवित हितग्राहियों को किफायती दरों पर निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने हेतु छ.ग. चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों एवं जिले के सीमेंट विकेताओं के साथ विशेष बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में छ.ग. राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में जरूरतमंद हितग्राहियों को किफायती दरों पर निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण उठाए गये कदम एवं निर्माण सामग्रियों की दरों में कमी लाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एक जनकल्याणकारी योजना है एवं हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निर्माण सामग्री किफायती दरों पर उपलब्ध हो. ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम आवास हितग्राही अपना घर का निर्माण कार्य आसानी से पूरा कर सकें। यह कदम राज्य सरकार की गरीब परिवारों को पक्का मकान मुहैया कराने में मदद मिलेगा। सभी व्यापारियों के द्वारा प्रशासन की



**छग चेंबर ऑफकॉमर्स एवं जिले के सीमेंट विकेताओं के साथ बैठक**

इस पहल का स्वागत करते हुए सहमति व्यक्त की। सभी ने एक सुर में उचित दरों पर निर्माण सामग्री की उपलब्ध कराने की हामी भरा। उन्होने भरोसा दिलाया की सिमेंट एवं छड़ की आपूर्ति निर्बाध रूप से की जायेगी।

जिला बलौदाबाजार भाटापारा में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 25 में 23 हजार 21 आवास स्वीकृत हुए है। सभी स्वीकृत आवासो को तेजी से निर्माण कराया जा रहा है। जिसमे से हितग्राहियों द्वारा आज दिनांक तक 243 आवास को समय सीमा के भीतर 90 दिन में ही पूर्ण कर लिए गए है जो कि बड़ी उपलब्धि है। स्वीकृत आवास के कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल द्वारा प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए समीक्षा की जाती है। प्रतिदिन एक घंटा मैदानी अमला एवं जनपद पंचायत सीईओ तकनीकी सहायकों, आवासों मित्रों से वन टू वन रूबरू होकर निर्माण कार्यों में तेजी लाने का प्रयास किया जाता है। इसके साथ ही यदि किसी स्थल में कोई परेशानी हो तो उसकी भी पहचान कर तत्काल समस्या का निराकरण किया जाता।

# 1008 मंगल जल कलश यात्रा के साथ 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का होगा आज शुभारंभ

**नवापारा राजिम,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। गायत्री परिवार रायपुर जिला के सभी कार्यकर्ता आर एस एस की टीम समस्त नगरवासी एवं शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चार दिवसीय 108 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का शुभारंभ रविवार को मंगल जल कलश यात्रा के साथ होगा।भव्य कलश यात्रा दोपहर 12ः00 बजे से नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगी।यह कलश यात्रा सर्वप्रथम यज्ञशाला से होते हुए शीतला पारा, काली मंदिर, कर्मा मंदिर, बस स्टैंड से सदर रोड होते हुए गंज रोड की ओर प्रस्थान होगी।इस कलश यात्रा में करीब 15 से 20 हजार मातृशक्तियां इस कलश यात्रा में शामिल होंगे। इस कलश यात्रा में भव्यता के साथ यादव भाईयो का राऊत नाचा का भी झांकियां देखने को मिलेगा। इसी क्रम में शाम को युग संदेश कार्यक्रम होगा।गायत्री शक्तिपीठ नवापारा के कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले दो माह से गायत्री परिजनों द्वारा घर-घर कलश वितरण, दीप यज्ञ, प्रभात फेरी के माध्यम से नवापारा शहर और आसपास के गांवों में किए गए प्रचार प्रसार का परिणाम था।कि महिलाओं-बालिकाओं के अपार समूह ने मंगल कलश यात्रा में भागीदारी निभाई जाएगी। इस कलश यात्रा को पुरे नगर में भ्रमण कराया जाएगा।





**चार दिवसीय 108 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का होगा भव्य आयोजन**

कलश यात्रा के दौरान नवापारा नगर पुरा गायत्रीमय नजर आया। कलशयात्रा के प्रभारी ने बताया कि नवापारा शहर में भव्य एवं विशाल मंगल कलश यात्रा का आगे लगभग 1किमी की दुरी सेअंतिम छोर हाई स्कूल मैदान तक रहा। नगर के धर्मप्रेमी स्थानीय व्यापारियों व अन्य वर्गों के साथ-साथ समाज प्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों ने भी इस कलश यात्रा में अपनी सेवाएं दे रहे है। सभी समाज के वरिष्ठों ने जगह-जगह पर स्वागत करने के लिए फूलों की व्यवस्था किए हुए हैं।गायत्री परिवार के सभी वरिष्ठ परिजन एवं मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुदर्शन वर्मा, लच्छू राम निषाद, अशोक शर्मा इनके द्वारा कलश यात्रा का पुजन कर शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली ने कलश पूजन के बाद यज्ञशाला में स्थापित करवाए गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों द्वारा माता बहनों की आरती उतारी गई एवं महाप्रसाद काआयोजन हुआ।

## हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का हुआ पाठ



**राजिम,** 4 जनवरी (देशबन्धु)। शहर के गोवर्धन चौक स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार को संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। मानस के सभी चौपाई को पढ़ा गया। तथा खिचड़ी का प्रसाद भी बांटा गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण हनुमान जी का दर्शन पूजन करने के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।